ओ३म्

क्रान्तिकारी सतगुरु

ਸਤਿਗੁਰੂ ਜਗਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁਸਤਕਾਲਯ
ਪੁਸਤਕ ਨੰ:..................
ਅਲਮਾਰੀ ....
ਸ੍ਰੀ ਭੈਣੀ ਸਾਹਿਬ

लेखक

संत निधान सिंह "आलिम"

★

प्रकाशक—नाम धारी संगत—दिल्ली

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com



Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-library

Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-library has been created with the approval and personal blessings of Sri Satguru Uday Singh Ji. You can easily access the wealth of teaching, learning and research materials on Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-library online, which until now have only been available to a handful of scholars and researchers.

This new Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-library allows school children, students, researchers and armchair scholars anywhere in the world at any time to study and learn from the original documents.

As well as opening access to our historical pieces of world heritage, digitisation ensures the long-term protection and conservation of these fragile treasures. This is a significant milestone in the development of the Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-Library, but it is just a first step on a long road.

Please join with us in this remarkable transformation of the Library. You can share your books, magazines, pamphlets, photos, music, videos etc. This will ensure they are preserved for generations to come. Each item will be fully acknowledged.

To continue this work, we need your help

Your generous contribution and help will ensure that an ever-growing number of the Library's collections are conserved and digitised, and are made available to students, scholars, and readers the world over. The Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-Library collection is growing day by day and some rare and priceless books/magazines/manuscripts and other items have already been digitised.

We would like to thank all the contributors who have kindly provided items from their collections. This is appreciated by us now and many readers in the future.

Contact Details

For further information - please contact

Email: NamdhariElibrary@gmail.com

kirpal singh chana

क्रान्तिकारी सतिगुरु



श्री सतिगुरु राम सिंह जी।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

ਸਤਿਗੁਰੂ ਜਗਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁਸਤਕਾਲਯ
ਪੁਸਤਕ ਨੰ.:..........
ਅਲਮਾਰੀ ....
ਸ੍ਰੀ ਭੈਣੀ ਸਾਹਿਬ

समर्पण

उन देश भक्तों, गुरु-सिखों तथा सन्तों महा-
त्माओं के नाम जिनको अपने धर्म, जाति
तथा देश की स्वतंत्रता के लिये अपने
जीवन ही नहीं वरन् अपने सर्वस्व
बलिदान कर देने वाले महान्
व्यक्तियों की ऐतिहासिक घट-
नाओं के पढ़ने का शौक
है, और जिनकी आंखें
उस विप्लवी सद्गुरु
के दर्शन करने के
लिए उत्सुक हो
रही हैं ।

"आलिम"

—:o:—

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

FOREWORD.

—:-o-:—

India is justifiably proud of Gandhiji and his work for the moral and political uplift of India. He has changed not only the policy and programme of the Indian National Congress and given it a new life pulsating with power and courage, he has changed the whole face of Indian politics making the freedom of India a moral and political issue of the first magnitude in the international arena The little man with a frail body whom even a girl could lift high on her shoulders has raised India higher than it ever was during the last one hundred years.

But, as Gandhiji has often admitted, he has built on the foundations laid before him by his predecessors, like Tilak, Gokhale, Surendranath Banerjee, Pherozeshah Mehta and Dadabhai Narozjee. Much of his politics are derived from them. His original contribution to the Indian Politics is the revolutionary urge, the creation of self-confidence, and readiness for direct action and the spirit of self-sacrifice that direct action entails

In this field too, though not so well known, he had predecessors, like Syed Ahmad Brelvi, Nanafernavis, Sitabai of Jhansi and greatest of them all, Maharaja Baba Ram Singhji of Bhaini Saheb. It is a pity that though we know so much of our great men who trod the common path of constitutional politics like those mentioned above, so little is known of the revolutionaries who really put new

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

life in the dead bones of Indian politics. The reason is not difficult to understand. The Government of the day, our foreign masters, could tolerate even encouraged, politicians whose efforts were directed towards the beaten track of ordinary reforms and improvements ; but those who wanted to overthrow the whole might of the foreign rule could not be allowed to be remembered as heroes or even Indian patriots. Not only they were persecuted, even those who admired them and their work were treated as insurgents and rebellions.

It is only recently that we could talk of Baba Ram Singhji with some freedom and devotion. Till yesterday his name was taboo and the community of his ardent followers, the Namdharis, were treated as criminals. The law and the police were against them, and they were hunted and hounded from house to house and from village to village like members of a criminal tribe. Under the circumstances if the people did not know much about Ram Singh Ji and his work, it is not difficult to understand.

We are really grateful to Sant Nidhan Singh 'Alam' of the Namdhari Darbar, who has given us the life sketch of one of the greatest Indians of modern times. It is the first serious attempt to give us a coherent narrative, supported by documentary evidence, of the life of a man who had in him the courage, the imagination, and the capacity for organisation which only rare persons are endowed. We find in this biography working, not only the religious zeal and moral earnestness of a Gandhi, but also the bold practical and adventurous spirit of Netaji.

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

After reading this sketch of Baba Ram Singh Ji's life, one could easily say that both Gandhiji and Netaji, though both built in different moulds, got inspiration for their lifework, consciously or unconsciously from the life of this great Punjabi Hero. We see here the germs of efforts at the moral uplift of the masses, the creation of the spirit of self-confidence and self-sacrifice the setting up of a parallel Government with a view to oust the foreign domination, the adoption of the cult of swadeshi to free ourselves from economic serfdom, definace and disobedience of laws that restricted our liberties, and so many other items of national programme that sound so modern and effective in these days when preaching ution has been legalised.

Indians have yet to attain full freedom. The British have promised to "quit India" but they are ot to be pushed out of their comfortable seats. The study of Babaji's life fills us with inspiration, how to do that work successfully and with confidence. With this idea in mind I commend Alamji's book to all lovers of liberty, to all those who are xious to see their country free.

.) Sardul Singh Caveeshar.

1, January, 1947.

ਸਤਿਗੁਰੂ ਜਗਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁਸਤਕਾਲਯ
ਪੁਸਤਕ ਨੰ.:..............
ਅਲਮਾਰੀ ....

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

प्रस्तावना

भारतवर्ष का गांधीजी और उनके उस कार्य पर उचित गर्व है जो उन्होंने भारत को राजनैतिक तथा आत्मिक रुप में उन्नत करने के लिए किया है। उन्होंने न केवल इंडियन नेशनल कांग्रेस की नीति और प्रोग्रामको ही बदला व इसे शक्ति तथा उत्साह पूर्ण जीवन प्रदान किया बल्कि इसके राजनीतिक प्रवाह को उलट कर इसकी स्वतंत्रता को अतंर्राष्ट्रिय अखाडे में नैतिक व सदाचारक रुप से महान् व प्रथम प्रश्न बना दिया है। इस दुबले पतले व्यक्ति ने जिसे एक छोटी सी लड़की भी कंधों पर उठा सकती है भारत वर्ष को गत शताब्दी की अपेक्षा अधिक उन्नत कर दिया है।

गांधी जी ने स्वयं माना है कि उन्होंने अपने काम को उसी नींव पर खडा किया है जो उनके पूर्वज नेताओं तिलक, गोखले, सुरेन्द्र नाथ बैनरजी, फीरोज शाह मेहता और दादा भाईनौरोजी ने डाली थी। गांधी जी की राजनीति का अधिकांश उसी पर आधारित है। भारतीय राजनीति को गांधीजी की देन क्रांतिकारी भाव, आत्म विश्वास, सीधी टक्कर लेने की दिलेरी तथा उसके लिए स्वयं बलिदान देने की उमगं है। इस क्षेत्र में भी गांधी जी के पूर्वजों में यद्यपि लोग उनसे भलि भांति परिचित नहीं, सैय्यद अहमदशाह ब्रेलवी, नाना फरनवीस, झांसी की रानीसीता बाई वर्व श्रेष्ट महाराज बावा राम सिंह जी जैसे महापुरुष ही थे। यह दुख की बात है कि हम उपरोक्त व्यक्तियों में से वैधानिक पथ पर चलने वालों को तो जानते हैं, किन्तु उन क्रांतिवादियों से जिन्होंने भारतीय राजनीति की निर्जीव हड्डियों

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

में प्राण सँचालन का काम किया अधिक अनभिज्ञ हैं। इसका कारण जानना कठिन नहीं है। उस समय की सरकार व विदेशी हाकिमोंने साधारण सुधार व उन्नति के मार्ग पर चलने वाले राजनीतिज्ञों के साथ न केवल नर्म सलूक ही किया किन्तु उन्हें सुविधाएं भी दीं, परन्तु विदेशी साम्राज्य की सम्पूर्ण शक्ति को जड़ से उखाड़ फेंकने पर तुले हुए क्रांतिकारी नेताओं को सरकार की ओर से यह आज्ञा नहीं मिल सकती थी कि उन्हें देशके बहादुरों व क़ोमी जवानों के नाम से पुकारा जाता, उन्हें न केवल दंड और यातनायें ही दी गई, उनकी प्रशँसा करने वालों से भी विद्रोहियों का सा व्यवहार किया गया।

हम अभी अभी थोडे समय से ही बाबा रामसिंह जी के बारे में कुछ स्वतन्त्रता और भक्ति से वार्तालाप करने लगे हैं। अभी कल तक तो उनका नाम लेने पर भी प्रतिबन्ध था, उनके अनन्य भक्तों (नामधारी सिखों) के साथ अपराधियों जैसा बर्ताव होता था, कानून और पुलिस उनके विरुद्ध थी। अपराधी व्यक्तियों की भांति घर घर व गांव गांव उन्हें ढूडँ ढूडँकर सताया जाता था। इस दशा में यदि जनता बाबा रामसिंह जी और उनके कार्यों से अपरिचित हैं तो उसका समझना कठिन नहीं।

हम नामधारी दरबार के प्रधान सँत निधान सिंह 'आलिम' के कृतज्ञ हैं जिन्होंने वर्तमान काल के महान् नेताओं में से एक महापुरुषका जीवन चरित्र उपस्थित किया है। यह प्रथम पुरुषार्थ है जिससे उन महापुरुषों का जीवन चरित्र सरकारी बयानों तथा विश्वस्त सूत्रों के आधार पर खींचा गया है जो अपने अंदर

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

बहादुरी, दूरदर्शिता, सगँठन शक्ति आदि गुण'रखते थे जो साधारण जनता में बहुत कम पाये जाते हैं। हम इस जीवनी में न केवल गांधी'जी के धार्मिक उत्साह और नैतिक बल को ही पाते हैं वरन् नेता जी की व्यवहारिता, वीरता और जोखमों से भरी हुई जिन्दगी की भी झलकियां दिखाई देती हैं।

बाबा जी के जीवन चरित्र के अध्ययन से भी सुगमता से कहा जासकता है कि गांधी जी और नेताजी दोनोंने यद्यपि विभिन्न ढंग से उन्नति की तो भी ज्ञान या अज्ञानता में उन्होंने अपने जीवन कार्यों में पजांब क इस महान् वीर (Hero) के जीवन से ही प्रकाश प्राप्त किया। हम इस जीवनी में सदाचार की उन्नति, आत्म बलिदान, आत्म विश्वास (विदेशी सरकार को उखाड़ फेंकने के विचार से) समान्तर सरकार बनाने, आर्थिक आधिपत्य से मुक्तहोने, स्वदेशी शासन की ओर से स्वतन्त्रता बाधक कानूनों का प्रतिरोध तथा राष्ट्रीय कार्यवाही के अनेक अँगों के परिमाणु देखते हैं जिन्हें वर्तमान काल में कानूनी जान लिया गया है।

भारतियों को अभी पूर्ण स्वतन्त्रता लेना बाकी है। अंग्रेज ने भारत छोड़ने का निश्चय कर लिया है किन्तु अभी उन्हें हमें वहां की तमाम सुखदायी गद्दियों से हटाना है। बाबा जी का जीवन हमें इस कार्य को विश्वास पूर्वक पूरा करने को प्रोत्साहित करता है। इस विचार से मैं स्वतन्त्रता के प्रेमियों को और उन सब को जो देश स्वतन्त्र देखने के इच्छुक हैं, 'आलिम' जी की पुस्तक पढ़ने के लिये सिफारिश करता हूँ।

१ जनवरी १६४७ हस्ताक्षर–शार्दूलसिंह कवीश्वर

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

दो शब्द

मृत्यु लोक !

पँजाव मेंअंग्रजों का अधिकार हुये अभी बहुत समय नहीं हुआ था कि जिला लुधियाना के एक छोटे और अलग दूर ग्रम भैणीआला से एकआवाज उठी कि"पराधीनजीवनसे मृत्युअच्छी है। आ पँजाबी सावधान हो। अभी कल तू स्वन्त्र वायु मंडल में फल फूल रहा था; पर आज गुलामी ! और यह सपत सागर के उस पार से आये अंग्रेज की ....गुलामी के तौक से कँठ को सुशोभीत कर रहा है। अभी कल ही लाहोर के शाही किले पर स्वतन्त्रता का झँडा झूल रहा था, जिसके सामने बड़ेर यरोपीयन सेनापतियों के मस्तक स्वयँ झुक जाते थे, पर आज उसके स्थान परअँग्रेज का यूनियन जैक ! तेरे स्वाभिमान को चीरता हुआ तेरी अवनीत का प्रमाणित प्रविक बन रहा है"। यह आवाज भैणी आले के रेतीले टीलों में उठती हुई पँजाबी पँजाबीयों के हृदयों में प्रवेश कर गई। फलस्वरुप दास्ता में अपनत्व खोया हुआ अचेत पँजाबी सचेत हुआ। अवनति पर सचेत हो कहने लघ "मेरे शरीर में यह नवस्फूर्ति कहां से और किस तरह से आई ? मैं खोया सा था। नही जानता था कहाँ हूँ। सुध बुद्ध न थी निसाहस था। पर हद हो गई कि यह परिवर्तन ! मेरे अँगर फड़क रहे हैं, और बेताब हूँ मैं स्वतन्त्रता के लिये"। "ओ पँजाबी योद्धा तू सचमुच सजीव हो चुका है यह उस धर्मपरायण नेता की पुकार का फल है जो देवलोक से मर्त्य लोक में सँसार को सन्मार्ग बताने के लिये अवतरित हुआ है। वह स्वतन्त्रता का देवाता है दया की मूर्ति, धर्म का निःकलंक चँद्र है जो शाँति और गँभीरता में सागर समान है।

"तो फिरँगी इसे कूका क्यों कहते हैं ?" पंजाबी ने पुनः प्रश्न किया।

इसलिये कि इसकी एक कूक (पुकार) ने सुख और निर्जीव पँजाबी में जाग्रति और नवजीवन का सँचार कर दिया है। फिरंगो को अब कूक के ही स्वप्न आ रहे थे। कूके की कूक ने, उसे इस तरह बेचैन और पागल बना दिया था कि वह बहुधा आपे से बाहर हो जाता था। वह (कूका आँदोलन की बढ़ती हुई प्रगति) देख रहा था कि कूके की कूक ने समस्त पंजाब कूका बना दिया। पहिले तो एक ही कूका था (जिससे अँग्रेज़ी राज्य को भय था) अब तो लाखों ही कूके हो गये। अंग्रेजी शासन किस प्रकार चलेगा ? इसका भविष्य कैसा होगा ? यह प्रश्न फिरंगी के सामने थे। फिरंगी इस बात तक पहुँच चुका था कि यदि उसे पंजाब में शासन करना है तो कूका आँदोलन नष्ट कर डालना अँग्रेजी राज्य रक्षा के लिये अनिवार्य। है अँग्रेज इस आँदोलन से काँप रहा था। हृदय की अशांति उसे चैन से बैठने न देती थी। अतः उसने सोचा, कि "कूक" के प्रवर्तक पर यदि पहरा लगा दिया जाय तो संभव है "कूका" (आँदोलन) बन्द हो। फलतः भैणी आला (जिसे श्रद्धालु अब भैणी साहिब कहिने लगा) स्थित कूका संचालक को नज़रबन्द करके कह दिय गया कि उसका आँदोलन देश में नहीं फैलने दिया जायगा। इस दमन नीति, के विरोध में पंजाब के नगर, नगर, ग्राम, ग्राम, से सहस्रों कूके स्त्री पुरुष स्वतंत्रता के गीत गाते हुये भैणी की ओर चल पड़े। इस महान नेता को सुअवसर प्राप्त हुआ और उसने अपने सेवकों को नियमानुसार संगठित करके फिरंगी राज्य

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

के मुकाबिले के लिये समानांतर सरकार (Parallel Govt.) स्थापित कर दी।*

कूकों के इस महान पथ प्रदर्शक को सतिगुरू रामसिंहजी के नाम से पुकारा गया, और उसका चलाया हुआ आंदोलन 'कूका आँदोलन' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसके अतिरिक्त क्योंकि यह आंदोलन नाम-स्मरण पर आधारित था, अतएव इसे "नाम धारी आंदोलन" के नाम से भी पुकारा गया। इस आंदोलनका जन्म यद्यपि वैसाख मास (अप्रैल १८५७) में हो गया था जब भारतीय देश भक्त स्वतंत्रता का प्रथम महायुद्ध (विद्रोह) कर रहे थे, किंतु इसको इस प्रकार संचालित किया जाता रहा कि १८६३ ईसवी से पूर्व अँग्रेज इसे धार्मिक तथा सामाजिक आंदोलन ही समझते रहे। इसके राजनीतिक होने का पता प्रथम उस समय लगा, जब महानेता (सतिगुरू रामसिंहजो) जिला स्यालकोट का दौरा कर रहे थे और उनके संबंध में मिस्टर मैकनब, डिप्टी कमिश्नर स्यालकोट

*पंजाब को २२ भागों में विभक्त करके हर एक भाग का एक शासक नियुक्त किया गया, जिसे "सूबा" कहा गया। यह सूबे कूकों का न्याय करते थे क्योंकि कूकों को किसी कूके के विरुद्ध अँग्रेजी अदालत में न्याय के लिये जाने की आज्ञा नहीं थी। प्रत्येक तहसील में जत्थेदार और प्रत्येक ग्राम में ग्राम सरदार (पेंडू जत्थेदार) नियुक्त किये गये। धर्मशालाओं (गुरुद्वारों) में एक ग्रन्थी नियुक्त करके शिक्षा का कार्य भार उसके सुपुर्द था। डाक व्यवस्था भी अपनी स्थापित की गई जिसे उस समय के सरकारी कागजों में "कूका पोस्टल सर्विस" के नाम से दर्ज किया गया है।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

ने ५ अप्रैल १८६३ ईसवी को पंजाब गर्वनर के पास रिपोर्ट भेजी "कि रामसिंह नामक एक सिख है जिसकी अवस्था लगभग ५० वर्ष के है'। जिला स्यालकोट का दौरा कर रहा है। उसके साथ करीब २०० सिख हैं। स्त्रियों की भी काफी संख्या उसके साथ है। उसके सहस्रों ही सेवक हैं। वह अपने साथियों को बन्दूक के स्थान पर लाठी से अनुशासितकरता है और किसी भी सांसारिक कर्मचारी का आदेश नहीं मानता"

जब इस अग्रगामी नेता ने कुछ 'युग पलटाऊ' दौरे देश भर में किये तो सरकार (अँग्रेजी) ने उसके मार्ग में बाधा पहुँचाने के लिये गुरुद्वारों के पुजारियों, जागीदारों, राजाओं, महाराजाओं, इत्यादि घोर प्रतिक्रियावादियों को खड़ा करने का प्रयत्न किया। पर जिस प्रकार उमँड़ती हुई नदियां मार्ग में अनेक बाधाओं को पारकरती वेगवत बढ़ी जाती हैं उसी तरह कूका आँदोलन के सामने प्रतिक्रियावादी शक्तियों का प्रभाव न पड़ा सका।

अँग्रेजों से असहयोग योजना को सर्व प्रथम कर्मरूप में परिणत करने का सम्मान—कूका आँदोलन के इस महान नेता को प्राप्त है। जिस सत्याग्रह (सविनय अवज्ञा भङ्ग आँदोलन) के संचालक महात्मा गांधी समझे जाते हैं उसकी नींव इस अग्रगामी नेता ने १८६७ ई० में रख कर कई बार सरकारी आदेशों का एलानियां उलंघन किया। यह उस समय की बात है जब राष्ट्रीयकाँग्रेस के जन्म की किसी को स्वप्न में भी कल्पना नहीं थी और जब फिरँगी बड़ी तेजी से पंजाब पर अपना पूरा कब्जा जमाने के प्रयत्न में था। वह कूका ऐसे आंदोलन को कब सहन कर सकता था। उसनें घोर दमन नीति से

इसे दबाने का प्रयत्न किया; पर उस समय कूका भी तीव्र शक्ति वाला था, उसने फांसी चढ़ना, तोपों से उड़ाये जाना, देश निकाले का दुःख हँसते २ स्वीकार किया।* इस तरह आँदोलन दबा नहीं किन्तु आगे ही बढ़ता गया। अन्त में इस महान नेता को प्रमुख सूबों सहित गीरफतार करके इलाहाबाद के

---

*पंजाब पर अधिकार करते ही अँग्रेज सरकार ने पंजाब के समस्त नगरों में बूचड़ खाने खोल कर घर२ गोवध और गोमांस बेचने की आज़ादी दे दी। बूचड़खाने खोलने का प्रारंभ गुरू की नगरी श्रीअमृतसर से किया गया। सिखों की दूसरी लड़ाई के अन्य कारणों में एक यह भी था कि पिछली लड़ाई की जीत पर अँग्रेजी सेनाओं में गोमाँस (बीफ) बनाया गया और शान से कहा कि, जिस धरती पर गोमाँस खाने की आज्ञा नहीं थी आज वहां वही करने के योग्य होगये हैं। पंजाब को अँग्रेजी राज्य में सम्मिलित करते ही बूचड़ खाने खोलने की घोषणा इसी शेखी और गर्व को क्रियान्वित करने का प्रमाण है कि परदेसी अधिकारी जैसे भी चाहें जनता के भावों को कुचलने का अधिकार रखते हैं। इस घोषणा की नींव में यह भेद था कि मुसलमानों द्वारा गोवध करवा कर पंजाब में हिंदू मुसलिम साम्प्रदायिक प्रश्न पैदा कर दिया जावे, जिससे अँग्रेजी राज्य के पांव मजबूत हो सकें। अमृतसर बूचड़ खाना पंजाब के अन्य नगरों में बूचड़ खाना खोलने की परीक्षा थी। हिंदुओं और सिखों ने वैधानिक ढंग से विरोध में व्यापी आंदोलन किया पर १८७१ के मध्य तक सफलता प्राप्त न हो सकी। इसी बीच और कई नगरों में बूचड़ खाने खोल दिये गये। अँग्रेज की इसी नीति पर कुछ

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

किलेमें नजरबँद करदियागया जिसके परुववाली दिवारकी तरफ से गंगा यमुना जल टकटाता हुआ उस वँगले की तरफ उछल२ पहुँचने के लिये उतावला सा प्रतीत हो रहा था जिसमें कूका महा नेता अपने सूबों सहित बैठा हुआ मातृभूमी स्वतन्त्रता के तराने भूमर२ के गा रहाथा। अंग्रेज किलेमें पहुँचकर और शाही दबाव से बला "आपलोग जो पुकार रहा है आजादी, आजादी आजादी, यह वक्त का राग नहीं है। इसे मत गावो" युग पलटाऊ सतिगुरु ने गभीरता पूर्ण शब्दोंमें उत्तर दिया यह गीत हमारे वतन का नगमा है। इसे तब तक गया जायागा जब तक देश दासता के बंदनों से मुक्त नहीं होजाता।

"अगर आप नहीं मानेगा तो आप को उन सूबों के समेत देश निकाल कर काले पानी भेज दिया जायेगा" फिरँगी ने कहा मस्तानी दशा में उत्तर दिया "हम प्रतीक्षा कर रहे हैं उस समय की जब मातृभूमि को अंग्रेज की आधिनता से स्वतन्त्र कराने की कीमत में हमें देश निकाला दिया जावेगा"।

फलतः गुरु साहिबा कोसुबो सहित धारा इऐक्ट १८१८ अनुसार देश निर्वासित कर दिया गया। कूका अंदोलन को

नाम धारी सिखों का स्वाभिमान जोश में आगया उन्होंने अँग्रेजकी चालों को पंजाबी स्वाभिमान के विरुद्ध ललकारा जिससे कि उन्होंने पंजाब को बूचड़खानों के पाप से बचाने के लिये आंदोलन प्रारंभ किया जिसका मूल्य फांसी चढ़ कर देशनिकाला पाकर उन्हें चुकाना पड़ा। पर जिस अद्भुत वीरता से उन्होंने फांसी के फन्दे अपने हाथों गले में डाल कर "सत श्री अकाल" के जयघोष करते हुये मृत्यु का आलिंगन किया वह मन्सूर से भी उच्च रहा।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कुचल डालने के इरादे से भैणी साहिब की दीवारें ढाह दी गई। डेरे को नष्ट भृष्ट कर दिया गया। सब सामान (वस्त्र और नकदी) लूट खसूट कर सरकारी खज़ाने में दाखिल कर लिय गया। डेरे में रहकर सेवाकरने वाले अनेक स्त्री पुरुषों व बत बाहर निकाल दिया गया। बड़े प्रवेशद्वार पे पुलिसचौकी नियुक्त कर गई। कूकों के भैणी जाने पर प्रतिवन्ध लगा दिया गया उनके आवगमन पर पाबन्दीयाँ लगा दी गयीं। महाराज पटिया ला आदि में कूका आँदोलन दबाने में अंग्रेजों का साथ दिय और मलरकोटले में कूका बहादुरों को मौत के घाट उतारने लिये रिसाले और तोपखाने भेजे। अपने विरुद्ध और बेगा शत्रु– इस अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाता कौन तो कौन उस समय न पँडित जवाहरलाल नेहरू थे और न हिन्दुस्तान राष्टीय कांग्रेस ही। यह कांग्रेस के जन्म से तेहरा वर्ष पू सन् १८७२ ई के आरम्भ को घटना है। यदि उस समय पंडि जवाहरलाल होते वह जवाहरलाल जिनकी एक आवाज आजादहिंन्द फौज के जवानों के प्राणों को अँग्रेज के को मार्शल की फांसियों से बचाकर आजाद कराया) तो उन नगर (प्रयाग)की धरती पे त्रिवेणी तट पर स्थित किला दिल्ली के लालकिले की भांति हिन्दुस्तानी जनता के लिये राज तक यात्रा का केन्द्र बन जाता।

यदि उस समय का प्रेस और रँगमँच वर्तमान दशा होता तो सँभव था कि सतिगुरु रामसिंह जी और उनके सूबों विरुद्ध सरकार अदालत में मुकद्दमा चलाने के लिये विवश हो जाती* और जो अँत में कूका नेताओं की रिहाई प निश्चिद रूप से समान होता। पर दुर्भाग्यवश कूका पातशा

---

*अमृत बाजार पत्रिका कलकत्ता के दैनिक अँग्रेजी पत्र के सम्पादक स्वर्गीय पण्डित मोतीलालघोस ही केवल ऐसे भारतीय थे जिन्होंने अपने पत्र के कालमों में इस घोर अत्याचार के विरुद्ध कड़े शब्दों में लिखा था।

और उनके सूबों को बिना मुकदमा चलाये देशनिकाल दिया गया। ततपश्च्यात १८७२ ई: से १६२० ई: तक कूकों पर वह घोर अत्याचार और दमनचक्र चलाया गया कि जिसकी कलपना करते रोंगटे खड़े होजाते हैं।

उप्रोक्त कारणों करके "कूका आंदोलन" के गौरपपूर्ण इतिहास को जिसके द्वारा उन्होंने पँजाब में भारतीय स्वतन्त्रता की दूसरी लड़ाई उत्साह। साहस और वीरता पूर्ण लड़ी, आज से पहले जनता के सामने उपस्थिन करने में असमर्थ रहे हैं किन्तु जनता की ओर से बराबर मांग होने के कारण हमें प्रसन्नता है कि हम कूका आँदोलन का सँक्षिप्त इतिहास जनता के सामने उपस्थित करहे हैं इस इतिहास में वर्णित घटनाओं को वास्तविकतासे वर्णन करनेके अतिरिक्तरोंमाचकारी घटनाओंको अलँकृत करने से भो बचाया गया है। घटना तिथियां सरकारी रिपोर्टों से ली गयीं हैं। बहुत सी घटनायें उन सज्जनों के अधिकार पर अधारित ली गयी है, जिन्होंने यह घटनायें अपनी आँखों देखी हैं, या आंखों देखने वालों से सुनी है।

अँतमें पाठकों की सेवामें यह निवेदन करके प्रारँभिक भूमिका समाप्त की जाती है कि इस पुस्तक के नायक सतिगुरु रामसिंह जी की पदवी और उनके सूबों और सिपाहियों को स्थिति उनके उत्यत्याग और वीरता को सम्मुख रख-कर समझना चाहिये जिसका उनकी ओर से प्रमाण उपस्थित किया गया। सतिगुरु रामसिंह सँबँधी हम नामधारी अकीद पाठकों पर ठोसना नही चाहते प्रश्न यह स्पष्टी कर्ण हैं कि साम्प्रदायक पक्षपात में उनकी शान विरुद्ध शाहित्यक उदँड़ता भारतीया और प्राचीन सिख सभ्यता के प्रति आघात पूर्ण होगी।

'आलिम'

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

* गतावलोकन *

पंजाब में पंजाबियों का राज्य था। देश खुशहाल और धन-धान्यपूर्ण था। लाहौर के गढ़ पर स्वतन्त्रता की पताका फहरा रही थी, जिसे देख कर प्रत्येक पंजाबी गर्वित हो उठता था। पंजाब के सिंहासन पर पंजाब सिरमौर महाराजा रणजीतसिंह आरूढ़ थे, जिसे अंग्रेज और पठान "पंजाब केसरी" कहने पर विवश हो जाते थे। उसके दरबार में यूरोपियन सेनानी नौकरियां प्राप्त करने में गर्व समझते थे। उसके न्याययुक्त राज्यप्रबन्ध से पंजाब के समस्त दल सम्प्रदाय तथा समुदाय संतुष्ट थे। वह हिन्दू, मुसलमान और सिखों में साम्प्रदायिक विभाजन पर राजसत्ता आधारित करना महान् पाप मानता था। उनके वैभव और रौब से अपराधी चोर और डाकु अपराध छोड़ कर उसकी सैना में प्रविष्ट होगये। पंजाब में उसने राष्ट्रीय दृष्टिकोण से संयुक्त मन्त्रिमण्डल स्थापित किया था। प्रजा के सुख दुख की जाँच और छानबीन राज्य कर्मचारियों पर ही नहीं निर्भर थी किन्तु आवश्यकतानुसार वास्तविकता का पता लगाने के लिये स्वयं महाराजा भेष बदल कर

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

छानबीन करते थे। उसके राज्यकाल में गौ हत्या निषेध था। वह समझता था कि गौ हत्या निषेध धार्मिक दृष्टिकोण के अतिरिक्त मानव उन्नति के लिये लाभदायक है। बात क्या थी ? रणजीत सिंह पंजाबियों की आँखों के चन्द्रमा थे जिसकी चमक एक ओर काबुल के पठानों और दूसरी ओर अंग्रेज कर्मचारियों को विस्मित कर देती थी।

दुर्भाग्यवश उस उज्जवल चन्द्रमा को २७ जून १८३९ ई० को मृत्यु देवी ने अपने काले आँचल में सदा के लिये छिपा लिया। फलस्वरूप पंजाब के राजनैतिक रङ्गमञ्च पर वह भयानक रक्तिम नाटक खेला गया जिसके पाट राज्य के उत्तराधिकारियों के वध तथा मन्त्रिमण्डल में अनेक परिवर्तनों के रूप में अदा किये गये। नृशंसता के उस नग्न नृत्य को देखकर हृदय विस्मित हो जाता है।

महाराजा खडगसिंह, महाराजा नौनिहालसिंह और महाराजा शेरसिंह के राज्य काल, घटना चक्र की तेजी से शीघ्रता से समाप्त हो जानेके पश्चात्,'पंजाब केसरी'का अन्तिमचिन्ह और राजमाता जिन्दां के जिगर के टुकड़े महाराजा दलीपसिंह को केवल पांच वर्ष की अवस्था में राज्यसिंहासन पर बिठाया गया। 'पंजाब केसरी' के अंग्रेज मित्रों ने महाराजा रणजीतसिंह के राज्य का उत्तरदायित्व लेते हुये घोषणा की कि वह दलीप तथा उनके राज्य के संरक्षक हैं। इस विचित्र संरक्षता की आड़ में सर्वप्रथम राज्य

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

माता को पुत्र से अलग करके शेखपुर के किले में नजर बन्द कर दिया। तदुपश्चात् उसे पंजाब से निकाल कर यू० पी० के क़िला चुनार में कैद कर दिया।

२६ मार्च १८४६ की प्रभात को ७ बजे राजमहल में स्वतंत्र पंजाब का अन्तिम दरबार लगा, जिस पर बालक दलीपसिंह पिता के सिंहासन पर अन्तिम बार बैठा। समस्त दरबारियों के चेहरों पर उदासी छा रही थी। प्रत्येक दृष्टिकोण से पतन और अवनति के चिन्ह प्रगट हो रहे थे। प्रत्येक सरदार सहमा हुआ तथा शस्त्र विहीन था। थोड़ी देर में एलियट तथा सर हेनरी लारेंस के स्वागतार्थ सब लोग बाहर गये फिर आकर अपने २ स्थान पर बैठ गये। अब निम्नलिखित आशय का एक वक्तव्य फ़ारसी भाषा में पढ़ा गया

"अब पंजाब अंग्रेजी राज्य में मिलाया जाता है"। यह घोषणा सुनते ही रणबांकुरों के हृदयों पर सांप लोट गया। समस्त दर्बारी घबरा उठे और स्वतंत्रता के छिन जाने से अश्रु बह निकले। दीवान दीनानाथ जिनकी आँखों से अश्रु बह रहे थे, उन्होंने घोषणा का विरोध करते हुये कहा कि "इस समय ब्रिटिश सरकार को उदारता से काम लेना चाहिये। यह विचार-योग प्रकरण है कि नेपोलियन बोनापार्ट को पराजित करने पर फ्रांस को वास्तविक अधिकारियों के हाथ सौंपा गया था। अत-एव आज पंजाब भी इसी प्रकार महाराज दलीपसिंह को क्यों

नहीं सौंपा जाता है ?" इसके उत्तर में एलियट साहिब ने दीवान साहिब को फटकारते हुये आवेश में आकर कहा "चुप हो, नहीं तो काले पानी भेज दिया जायगा।"

अब कागज़ की एक दस्तावेज़ बालक महाराजा दलीपसिंह के सामने लायी गयी, जिसपर उस बालक महाराजा ने यह न जानते हुए कि वह पंजाब की दस्त बरदारी के प्रमाण पत्र पर सही डाल रहा है, हस्ताक्षर कर दिये। अब दरबार समाप्त हुआ। पंजाब की स्वतन्त्रता का सूर्य पराधीनता की कालिमा में छिप गया।

दरबार समाप्त होने पर अंग्रेजी तोपें गड़गड़ायीं। शाही किले पर फहराते हुये स्वतंत्रता के झण्डे को उतारकर उसके स्थान पर यूनीयन जैक झुलाया गया। अब लाहौर निवासियों ने विवश होकर कहा "हम अब स्वतन्त्र नहीं हैं, हम अंग्रेजों के गुलाम हो गये हैं। अब हमें इस वतानिवी झण्डे के नीचे पराधीनता का जीवन व्यतीत करना पड़ेगा।

इसके बाद 'पंजाब केसरी' महाराजा रणजीतसिंह के तोशे खाने का वह बहुमुल्य सामान नीलाम किया गया जिसे देखने विदेशों से प्रमुख व्यक्ति आया करते थे, इसके अतिरिक्त स्वर्ण, चाँदी व जवाहरात की सम्पत्ति पर अंग्रेजी सरकार ने अधिकार कर लिया।

२१ दिसम्बर १८४६ को लार्ड डलहौजी की योजनानुसार महाराजा दिलीपसिंह को मात्रभूमि पंजाब से जलावतन करके

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

फ़तेहपुर सीकरी पहुंचा दिया गया। तब से फिर इस अभागे राजकुमार को पंजाब दर्शन का सौभाग्य कदापि प्राप्त न हुआ। अंग्रेज संरक्षता की भी तसवीर कैसी आश्चर्यमयी है कि जिसने महाराज दिलीपसिंह को न केवल प्रिय मातृभूमि से ही प्रथक रक्खा किन्तु ८ मार्च १८५३ को उनके पिता-पितामह के उस धर्मसे भी पतित कर दियागया जिसके लिये श्री कलगी-धर पिता ने अपने चारों लड़ैते लालों का भी सहर्ष बलिदान करने में किञ्चित मात्र भी संकोच नहीं किया था। १६ अप्रैल को महाराजा को विलायत भेजने के लिये जलयान में विठा दिया गया।

पंजाब अब अंग्रेजों के आधीन था। सिख सरदारों में बहुत ने तो स्वतन्त्र युद्ध में अपनी वीरता के अद्वितीय प्रमाण देते हुये बलिदान दे दिया था और अनेक सरदार अंग्रेज़ों के आधीन नजरबन्द थे। दूसरी ओर देशद्रोही और कौम घातक गद्दारी के उपलक्ष में जागीरें और अन्य पारितोषिक प्राप्त करने में संलग्न थे। पंजाबी जनता अपने आप को परदेशी अंग्रेज़ों की परतन्त्रता में पाकर विवशता के अश्रु ढलकाती हुई बनारस व चुनारगढ़ों में बंदी देशभक्तों की ओर देख रही थी। पंजाबियों के हृदयों में यह आशा बाकी थी कि यदि नजरबन्द सरदारों को कारावास से मौका मिल जाये तो अवश्य ही वह देश के स्वतंत्र संग्राम के लिये कोई गौरवपूर्ण कार्य करेंगे और एक बार फिर पंजाब के शाही किले पर स्वतन्त्रता का झण्डा लहराता हुआ

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

दिखाई देगा, किन्तु सब आशाओं पर पानी फिर गया जब १८५७ ई०के स्वतन्त्रता संग्राम की रणभेरी में डूबी जाती अंग्रेजी राज्य की नाव की रक्षा करके तट तक पहुंचाने की नीति उन सरदारों ने कार्यरूप में परिणित की, जिनकी ओर से अंग्रेजी राज्य नष्ट भ्रष्ट करने की आशा थी। उस समय सिख सरदारों ने ब्रिटिश छलछंद में आकर अंग्रेजी पक्ष में होकर हिन्दुस्तानियों के विरुद्ध तलवार के जौहर दिखलाये। कितनी लज्जा की बात है कि जिन सरदारों ने १८४६ ई० से पूर्व अंग्रेजों के विरुद्ध पंजाब के स्वतंत्र युद्ध के अपराध में अपनी जायदादें जब्त करवाईं पर खालसाई शान को कलंकित न किया, उन्हों ही ने सात २ और आठ २ वर्ष की घोर कैद भुगतने के पश्चात अंग्रेजी राज्य के टिमटिमाते दीपक में अपने रक्त का तेल डाल कर उसे खतरे से सुरक्षित किया और फलस्वरूप उपलक्ष में जागीरें आदि प्राप्त करके अंग्रेजी राज्य भक्तों की प्रथम पंक्ति में आ खड़े हुये।

खालसा दीवान लाहौर जो १८८८ ई० में देश भर की समस्त सिंह सभाओं* का प्रतिनिधि होने की हैसियत में अपने को पन्थ मानता था इन सरदारों की करतूतों पर

---

* (फुटनोट) सिंहसभा सुसाइटी का जन्म आश्विन वदी १० सम्वत् १९२६ वि: के दिन श्री अमृतसर में संधाँ-वालिये सरदार ठाकुर सिंह की प्रधानता में हुआ (महान कोश पृष्ठ ५७६)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

लज्जित होने के स्थान गर्व करता हुआ अपने एक अभिनंदन पत्र में लिखता है कि "सिखों ने अपनी पिछली बात को भुला कर अपनी जानें बर्तानवी ताज के बदले कुर्बानी के होमकुंड में भस्मीभूत कर दीं, और इस ताज को स्थिर रखने के मंतव्य से स्पार्टा कौम के बहादुरों की तरह इस बात पर अमल करते हुये नाम पैदा किया कि "जियो या मरो"।

इसकी नियमावली पढ़ने से ज्ञात होता है कि यह आन्दोलन सिखों में अंग्रेज राज भक्ति प्रचार कराने व नामधारियों का विरोध करने के उद्देश्य से जारी किया गया था। इसके नियम अंक ६ में तख्तों (बड़े गुरुद्वारों) से बहिष्कृत सिखों के लिये सदस्य होने पर रोक लगाई गई है। यह नियम नामधारियों पर ही लागू होता था। क्योंकि नामधारियों की कूका तहरीक के विरुद्ध घृणा उत्पन्न करनेके प्रयोजन से अंग्रेज ने अपने एजेंट उन महंतो से (जो उस समय इन बड़े गुरुद्वारों पर अधिकार जमाए बैठे थे) फतवा जारी करवा दिया था कि कूके (नामधारी) सिख नहीं हैं। नियम अंक ७ में लिखा है कि "उच्च पदारूढ़ अंग्रेज बहादुर सिंह सभा के शिक्षा-विभाग के सदस्य बन सकते हैं"। नियम अंक ६ बजे में दर्ज है कि–"श्री गुरुसिंह सभा में कोई बात सरकार के विरुद्ध नहीं की जायगी"। आगे नियम अंक १० में अंग्रेजी वफादारी की प्रतीज्ञा की गई है। पूर्वोक्त समस्त उदाहरण डाक्टर जगजीत सिंह के ट्रेक्ट "सिंह सभा लाहौर" के

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

अंग्रेजी राज्य के कायम रखने के प्रयोजन से १८५७ में मारे गये सिखों की वीरता पर गर्व करते हुये यह अंग्रेज पूज्य नेता लिखते हैं "आज उन सिख रईसों को कहां ढूंढ़े जो १८५० ई० में बरतानवी ताज में हीरों की भाँति चमकते थे, और कहां हैं वह नवयुवक सिख जो १८५७ में वर्तानवी लाभों के लिये आत्म त्याग और बलिदान के लिये एकत्रित हो गये थे।'

पृष्ठ १६-१७,व नियमावली श्रीगुरुसिंह सभा अमृतसर से उद्धृत किये गये हैं। सम्वत् १९४२ मुताबिक सन् १८८६ तक देश भर में सिंह सभाओं का जाल फैला दिया गया था। कारण यह कि अंग्रेज अपने विरुद्ध कूका आन्दोलन को जो कि उन दिनों देश में क्रांतिकारी राष्ट्रीयता का प्रतिनिधि था, इस संस्था की सहायता से तहस नहस करने पर तुली हुई थी।

३०,३१ चैत्र १९४२(सं० १८८६ ई०) को समस्त सिंह सभाओं के मैम्बरों ने,लाहौर में एकत्रित होकर "खालसा दीवान"[1] की नींव डाली, जिसके सरपरस्त-लज्जा से कहना पड़ता है, उस समय के लैफ्टीनेन्ट गवर्नर पंजाब व अंग्रेज कमांडर-इन-चीफ बनाये गये। इस दीवान की नियमावलो में अंग्रेज राज भक्ति की प्रतीज्ञा को और दृढ़ किया गया जैसा कि नियम अंक २ के जिमनी अंक (च) में खालसा दीवान का उद्देश्य दरसाते हुए कहा गया है कि—"अंग्रेजी सरकार के सामने खालसा पन्थ के अधिकार प्रकट करने तथा सिखों को अंग्रेजी सरकार

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

१८५७ में सिखों की अंग्रेज भक्ति को प्रगट करते हुये यह चौधरी लिखते हैं "सिख भीषण कठिन परिक्षाओं में सफलता पूर्वक उत्तीर्ण हुये हैं।" उन्होंने १८५७ की दुखदायक और एतिहासिक घड़ी में अपने (अंग्रेज) बादशाह के लिये अपने त्याग के गौरवपूर्ण रिकार्ड पेश करते हुये वफादारी का शानदार प्रमाण उपस्थित किया।

(अंग्रेजों के लिये) यह समय बड़ा भयानक था। भारतीय सरकार उस समय ऐसे नाजुक समय से गुजर रही थी जो उसने (भारत में) स्थिर होने से लेकर तब तक नहीं देखा था। सिख

की अनगणित हरकतों से परिचित करना व सरकार अंग्रेजी की नमक हलाली, फरमा बरदारी व कृतज्ञता को भली भाँति पक्का करना सभी का मतव्य है। (सच्ची सिंह सभा लाहौर पृष्ठ ७६) यह है कि सिंह सभा व खालसा दीवान लाहौर का आरम्भिक इतिहास। इसी दीवान की गद्दी २१ सितम्बर १९०२ को चीफ खालसा दीवान लाहौर ने सँभाली। इसका मतलब यह हुआ कि सन १८७३ ई० से १९०२ तक तो खालसा दीवान लाहौर पंथ होने का दावेदार रहा। तदूपश्चात् इस सिंहासन पर चीफ खालसा दीवान आरुढ़ हुआ। खालसा दीवान लाहौर ने १६ नवम्बर १८८८ को सन्ध्या के ४ बजे वायसराय हिन्द लार्ड डफरिन की सेवा में उसके विलायत को विदा होने के अवसर पर यह अभिनंदन पत्र उपस्थित किया था।

उस समय (अंग्रेजी सरकार के लिये) मर्देमैदान् बन करके निकाले। हम उस समय के सिखों की राजभक्ति के बारे में ३१-८-१८८७ के सिविल ऐण्ड मिलिट्री गजट के परचे में प्रकाशित एक लेख से अधिक वर्णन नहीं कर सकते। उसमें लिखा है--

"यह समय बड़ा नाजुक था। जो सैना अंग्रेजी अफसरों ने कायम की और उन्होंने दृढ़ की उसने उन्हीं के विरुद्ध विद्रोह कर दिया, और यह इरादा कर लिया, कि हिन्दुस्तान से अंग्रेज नसल की जड़ें इस तरह उखाड़ डालें जिस तरह पिछले समय में परशुराम ने क्षत्री वंश के नाश करने का यत्न किया था।"

"इसलिये उन्होंने दिल्ली की ओर आक्रमण किया। जहाँ वह उस मुग़ल के नेतृत्व में एकत्रित हो गईं, जो उन्हें झूठी आशाओं और मिथ्या वचनों से प्रेरणा देता हुआ कह रहा था कि उसकी बादशाही बहाल हो जायगी।"

ऐसे समय में दृढ़ता और स्थिरता से जमे रहना मामूली बात नहीं। जबकि प्रत्येक पल यूरोपियन महिलाओं और बालिक बालिकाओं के भयानक बर्बर वध, अकथनीय यातनायें और झूठे मित्रों के भाग जाने की नई सूचनायें प्राप्त होतीं थीं और केन्द्रिय भारत के बड़े २ सेनापतियों की सेनायें विद्रोहियों से जा मिली थी, विशेषतः जब समस्त देश में अंबाले के उस

प्यार तक वीरानी बर्बादी, कत्ल व मार काट के दृश्य
देते थे।

ऐसे समय में सिख ब्रिटिश राज्य की सहायतार्थ मर्द बन कर खड़े हुए थे। इस समय सिख सरदारों की नीति का "पंजाब राजाज" के इतिहास लेखक ने बड़ी सफलतापूर्वक वर्णन किया है। इस सामयिक सेवा ने उन्हें विक्टोरिया महारानी के सर्वप्रिय और (राजभक्त) सरदारों में, सर्व प्रथम पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया [पृष्ट २३–२४]

उपरोक्त उद्धरण जिस अभिनन्दन पत्र से उद्धृत किये गये हैं उसमें निम्नलिखित प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर हैं:-

नाम	प्रतिनिधि
(१) सरदार अतर सिंह के० सी० आई० सरपरस्त खालसा दीवान	भदौड़,
(२) सरदार धर्म सिंह रईस प्रधान	घरजाख
(३) भाई जवाहर सिंह उप प्रधान	
खालसा दीवान के अन्तरंग प्रतिनिधि	
(४) भाई निक्का सिंह प्रधान	प्रतिनिधि सिंह सभा लाहौर
(५) भाई मथ्था सिंह मन्त्री	,, ,,
(६) भाई नारायन सिंह रईस बागड़िया के चौक	सिंह सभा लुधियाना
(७) भाई गजन सिंह वकील उप प्रधान	,, ,,

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

(८) भाई अमर सिंह मन्त्री	सिंह सभा लुधियाना
(६) महन्त प्रेम सिंह प्रधान	सिंह सभा स्याल कोट
(१०) सरदार हरी सिंह	,, ,,
(११) चौधरी बुध सिंह उप प्रधान	,, ,,
(१२) भाई सोहन सिंह मन्त्री	,, ,,
(१३) सरदार नरायन सिंह प्रधान	सिंह सभा फीरोज पुर
(१४) भाई उत्तम सिंह उप प्रधान	,, ,,
(१५) सरदार लैना सिंह प्रधान	सिंह सभा खुमाणों
(१६) सरदार शिवदेव सिंह प्रधान	सिंह सभा लोधरा
(१७) भाई निहाल सिंह मन्त्री	,, ,,
(१८) सरदार जीवन सिंह प्रधान	सिंह सभा तरन तारन
(१६) भाई सेवा सिंह मन्त्री	,, ,,
(२०) भाई सुचेत सिंह मन्त्री	सिंह सभा राज पुरा
(२१ भाई जता सिंह मन्त्री	सिंह सभा राज पुरा
(२२) सरदार गुलाब सिंह प्रधान	,, होशियार पुर
(२३) भाई गोपाल सिंह मन्त्री	,, ,,
(२४) भाई पालासिंह प्रधान	,, खन्ना
(२५) भाई साहिब सिंह मन्त्री	,, ,,
(२६) भाई आइया सिंह उप प्रधान	सिंह सभा लुधियाना
(२७) भाई तारा सिंह मन्त्री	,, ,,
(२८) सरदार ज्ञानसिंह मन्त्री	,, पटियाला
(२६) कुतवाल दया सिंह मन्त्री	,, ,,

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

(३० सोढी	सिंह सभा पटियाला
(३१) किशन सिंह	,, ,,
(३२) भाई अतर सिंह ज्ञानी	,, ,,
(३३) दरोगा नन्द सिंह प्रधान	,, अम्बाला
(३४) सरदार लहिणा सिंह उप प्रधान	,, ,,
(३५) भाई गुरुमुखी सिंह मन्त्री	,, ,,
(३६) सरदार हरनाम सिंह प्रधान	,, शिमला
(३७) भाई अमरसिंह मन्त्री	,, ,,
(३८) भाई सम्पूर्ण सिंह प्रधान	,, सलौदी
(३९) भाई रणजीत सिंह मन्त्री	,, डंडपूर
(४०) भाई मानसिंह मन्त्री	,, रोपड़
(४१) भाई लहिणा सिंह प्रधान	,, मोदे
(४२) महन्त ठाकुर सिंह प्रधान	,,चमकौरसाहिब
(४३) भाई अतर सिंह मैनेजर	,, जालन्धर
(४४ भाई सूबा सिंह	,, भिंडर
(४५) भाई बसंत सिंह प्रधान	,, कुइटा बिलोचिस्तान
(४६) बाबू पन्नासिंह	,, थालग्रा
(४७) प्रधान	,, अजमेर राजपूताना
(४८) प्रधान	,,नादारी, एन०डब्लू०पी०
(४९) ,,	,, सखूवर सिंह

(हस्ताक्षर) गुरुमुख सिंह मन्त्री खालसा दीवान। सिख राज्य समाप्त होने के लगातार आठ वर्ष तक सिख सरदारों की

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

अंग्रेज भक्ति और दासतापूर्ण मनोवृत्ति को जिन गौरवपूर्ण शब्दों में वर्णन किया गया है और उसके उपलक्ष में कुछ प्राप्त करने के लिये जिस तरह गिड़गिड़ाया गया, उसे जितना भी लज्जाप्रद समझा जाय थोड़ा है। अपने आपको सिखों का नेता कहने वाले यह सज्जन महाराज दिलीप सिंह को राज्य का झूठा अधिकारी घोषित करते हुये वर्णन करते हैं:—"उन्होंने (सिख सर्दारों) ने दिलीपसिंह के असत्य अधिकारों को अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह वरतानवी राज्य की छाया में कितने संतुष्ट हैं। (सिख) कौम पर इस बात का विश्वास करना चाहिये कि विद्या और अन्य साधनों की कमी होते हुये भी उन्होंने अंग्रेजी राज्य की दयालुता की उपमा की है। सिखों ने यह समझ लिया है कि वह अंग्रेजी राज्याधीन ही रह फल फूल सकते हैं और जब वे (सिख) अपनी वर्तमान दशा का मुकाबिला अपनी उस दशा से करते हैं जो सिख सरकार के आधीन थी तो वह देखते हैं कि अंग्रेज उनसे अच्छा वर्ताव करते हैं। पिछले इतिहास को एक तरफ रखते हुए, वर्तमान देशी रियासतें भी इस बात को सिद्ध कर रही हैं कि किसी रियासत में सिखों का साहस नहीं बढ़ाया गया उनसे सदा लापरवाही और घृणास्पद वर्ताव किये गये। एक छोटी झलक ही यह प्रगटकर देगी कि उच्च पदों विशेषतः सिविल में किसी सिख रियासत के भीतर सिखों को तीसरा भाग भी प्राप्त नहीं है, किन्तु अंग्रेजी राज्य में उनके साथ

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

दूसरे के बराबरी के मुकाबले में सामानता के अधिकार प्राप्त हैं, साथ ही सिविल और सेना के उच्च पद जिनके वह योग्य हैं उन्हें दिये गये हैं

"सिखों के अतिरिक्त किसी अन्य जाति को यह भीषण परिक्षायें नहीं देनी पड़ी हैं...मुगलों और पेशवाओं का कोई उत्तराधिकारी नहीं जो उन दोनों कौमों को अपने पक्ष में प्रेरित कर सके किंतु दिलीपसिंह रूसी सहायता से सिखों को स्पष्टता अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। सिख उसे झूठा अधिकारी समझते हैं वह महारानी विक्टोरिया पर मर मिटेंगे पर उस दिलीपसिंह का सम्राट की स्थिति में स्वागत् करना कदापि स्वीकार नहीं करेंगे। (पृष्ट २४)

"अंग्रेजी राज्य की अपेक्षा सिख सरकार और सिख रियासतों की निदां करते हुए उस समय के यह नामधारी सिख नेता लार्ड डफरिन को कहते हैं "यदि क्रिया पूर्वक उनकी भूख, आवश्यकतायें और त्रुटियें दूर कर दी गयीं तो वह घनाढ्य, सभ्य, बुद्धिमान, विद्वान सब संगठित होकर अंग्रेजी राज्य के सदैव तथा सबसे मजबूत, अग्रगामी राजभक्त बने रहेंगे" (पृष्ठ २५)

अभिनन्दन पत्र की उपरोक्त पंक्तियों में सिख पंथ के अपने स्वीकृत नेताओं ने महाराजा दिलीपसिंह के जिस बुलावे की ओर इशारा किया है उससे सम्बन्धित एक पत्र हम पाठकगण के सम्मुख रखते हैं जो महाराजा ने इन सिख सरदारों को नेता समझ कर लिखा था:—

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

महाराजा दिलीपसिंह का पत्र

लंदन

२५ मार्च, १८८६ ई०

प्रिय देशवासियो !

भारत में आकर रहने और बसने की मेरी इच्छा नहीं थी, पर सत्यगुरु सब के विधाता हैं। यह हम सब से अधिक शक्ति सम्पन्न हैं। मैं एक भूला हुआ प्राणी हूँ। मेरी इच्छा न होते हुये भी मैं सत्यगुरु के आदेशानुसार इंगलैंड त्याग भारत में आऊंगा और साधारण रूपमें बसूंगा। मैं सत्यगुरू की इच्छा के सामने नत मस्तक करता हूं। उनकी जो इच्छा होगी वही होगा।

प्यारे खालसा जी ! मैं अपने पूर्वजों का धर्म त्याग करके पराया धर्म ग्रहण करने की क्षमा चाहता हूं। क्योंकि मुझे जब ईसाई बनाया गया था मेरी अवस्था बहुत छोटी थी। मैं बम्बई पहुंच कर सिख धर्म ग्रहण कर लूंगा और श्री गुरु बाबा के और मैं श्री गुरु गोविंदसिंह जी महाराज की आज्ञाओं का पालन करूंगा।

मेरी बहुत इच्छा होने पर भी मैं पंजाब पहुंच कर आपको नहीं मिल सकूंगा। इसलिये पत्र लिखने पर विवश हुआ हूं। महारानी विक्टोरिया में मेरी जो धर्म-भक्ति थी मैंने उसका उचित फल पा लिया है। सत्यगुरु जी की इच्छा पूर्ण हो। श्री वाहिगुरु जी का खालसा। श्री वाहिगुरु जी की फतह।

प्यारे देश वासियो

मैं हूं आपका अपना माँस और रक्त

दलीपसिंह

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

यह पत्र पढ़कर संघ के ठेकेदार होने के मुदई टोले ने लार्ड डफरिन को लिख भेजा कि "यदि महाराजा यहाँ आ गया तो पंजाब अवश्य बिगड़ जायगा। बिफरे शेर फिर काबू न आयेंगे" यह बहाना करके वायसराय के आदेशानुसार महाराजा को अदन में रोक कर जबरन विलाइत भेज दिया।*

"महाराजा दलीपसिंह को इस सुलूक की ज्ञात न थी। इन्होंने फिर २० जून, १८८६ को अन्य देश वासियों को अपील करते हुये लिखा कि भारतीय एक पैसा मासिक व पंजाबी एक आना महीना दें, तो मैं स्वतन्त्र सम्राट की भांति रूस देश की फौजें लेकर अपना राज्य लेने आ सकता हूँ।"

सिख सरदारों का महाराजा दलीप सिंह को उत्तर—

३० अक्टूबर १८८६ को सिखों ने अधिक लंबा उत्तर लिखाः— "हम सब खालसा पंथ और गुरु[illegible] निवासी जिनसे अपनी जन्मभूमि सम्बन्धित समझते हैं तेरे उस पत्र का उत्तर देते हैं। यह जो अंग्रेजी सरकार के विद्रोही हुये हो यह बुद्धिमता की बात नहीं है। हममें से जो अल्प या अधिक बुद्धि रखता है वह तेरी सहायता का नाम भी नहीं लेगा। हमसे कोई आशा न रखना। (ट्रैक्ट सिंह सभा पृष्ठ ६१)

---

* ट्रैक्ट सिंह सभा लाहौर कृत डाक्टर जगजीत सिंह तरन-तारन पृष्ठ ६१।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

इस तरह के अंग्रेज भक्त सिखों की ओर से यद्यपि १८५७ के सिखसर्दारों व रईसों की देशविरोधी कौम घातक और सिख संस्कृति विनाशक बर्ताव की सेवाओं और सरकारी ओहदों, नौकरियाँ आदि प्राप्त करने के लालच में, यदि बेहद प्रशंसात्मक शब्द प्रयोग में लाये गये तो कौन राष्ट्रीयता का पुजारी ऐसा हो सकता है जो उनकी निर्जीवता, स्वाभिमान रहित देशों पर अफ़सोस में चार आँसू न गिराता हुआ यह न कहे कि :—
"काश यदि यह सिख सरदार उस समय+ वास्तविक कर्तव्य का पालन करते और अपनी शूरवीरता के जौहर, अंग्रेजों की सहायता के बजाय, देश स्वतन्त्र हित दिखाते हुए शहीद हो जाते तो आज उनके नाम देश और संघ की आन-शान पर मर मिटने वाले शहीदों की फेहरिस्त में होते। उनकी सन्तान आज अपने पूर्वज़ों के कारनामों पर गर्व करती और देश का मानचित्र पराधीनता के लाल रङ्ग से रहित होता।

जहाँ तक उस समय की राजनीतिक दशा का सम्बन्ध है "जत्थेबन्दी (संगठन) टूट चुकी थी। डोगरा गरदी और तेजा सिंह व लाल सिंह पालसी ने सिख कौमको स्वाभिमान रहित कर दिया था। संघ और देश के हितैषी नष्ट हो चुके थे। कौम में अपने पुनिरुद्धार का साहस बाकी न रहा था और न ही ऐसे साधन पर्याप्त थे जिनसे कौम फिर उठ सकती।" यह पंजाब के राजनीतिक अवस्था की एक झलक है। राजनीतिक रूप से

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

केवल सिखों की नहीं किन्तु समस्त पंजाब की जीवन स्फूर्ति मिट चुकी थी।

सामाजिक और धार्मिक दुर्दशा—राजनीतिक पतन के साथ देश की सामाजिक और धार्मिकदशा इतनी गिरचुकी थी कि जिसमें सिख और हिन्दू जाति मृत्यु ग्रस्त रोगी के समान हो चुकी थी। असामाजिक रसमों के अनुसार बालिकाओं का वध; और बेचना प्रचलित हो चुका था। बाल विवाह की निषिद्ध पद्धति चालू होने के कारण अल्प व दीर्घायु वाली विधवाओं की संख्या दिन प्रतिदिन प्रगतिशील हो रही थीं। विधवा विवाह पर सामाजिक प्रतिबन्ध होने के कारण सहस्रों देवियें विधवाका दुःखमय जीवन व्यतीत करने के लिये विवश होजाती थीं। जहाँ तक सिखों का सम्बन्ध है इतिहास मे पता चलता है कि:—

(१) "खालसे की राजनीतिक शक्ति छिन जाने के पश्चात सिखों पर काली घटायें छा गयी थीं।

(२) "पहली प्रथम जनगणना के समय सिखों को (विदेशी) बाहरी प्रभाव दबा रहे थे। ऐसा प्रतीत होता था कि खालसा पुनरुद्धार के लिये दोबारा नहीं उठ सकेगा। फलतः सिख नष्ट हो गये जिनकी संतान अमृत पान से वंचित रह गई"

(३) सिख धर्म और उसके नियम उस ओर शीघ्रता से बढ़ रहे थे जिस ओर सिखों को राजनैतिक शक्ति पहिले ही जा चुकी थी।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

(४) महाराजा रणजीतसिंह के समयमें अब आत्मिक उत्साह और राष्ट्रीय जोश उन्नति के शिखर पर था, उनकी गिनती जो राष्ट्रीय संगठन में सम्मिलित हुये अनुमान से अधिक थी पर पंजाब अंग्रेजों के कब्जे में आ जाने के पश्चात् सिखों ने अपनी लोक प्रियता में से बहुत कुछ खो दिया और खालसा इतना गिर का था कि फिर उठने योग्य न रहा।

(५) सिखों के राज काज लूटे जाने के बाद पंथ के ऊपर कठिनाइयों के पहाड़ टूटने शुरू हो गये। एक ओर अंग्रेजों की नीति अपना काम कर रही थी। अनेकों रईस और सरदार तबाह हो चुके और बहुतेरे अंग्रेजी सरकार से अपनी सेवाओं के उपलक्ष में पारितोषिक और जागीरें लेने में लगे हुये थे। श्री अमृतसर, अकाल तख्त साहिब, तरन-तारन आदि प्रसिद्ध गुरुद्वारे इसी सरकार के प्रबन्ध में चले गये। दूसरी ओर समय की सरकार पादरियों द्वारा सिख पर असह्य आघात कर रही थी। अनेकों दंत कथाओं द्वारा सिखों को धर्म से पतित किया जा रहा था। पंजाबियों के सतयुगी राज्य को डाकू राज्य कह कर अनेकों दोषारोपणों से बदनाम और पंथ की शान के विरुद्ध असत्य प्रचार करके सिख महल की नीवों में बारूद डाला जा रहा था। कुछ चतुरता से, कुछ को लोभ लालच से, कुछ को भय से, संक्षिप्तः प्रत्येक तरह से सिखों को पतित किया जा रहा था। सिख राज्य में हलवे मांडे के साथी सिख दिनों

में ही राम २, तोबा तोबा और ईसा मसीह के अनुयायी हो गये। इस राजनीतिक तूफान ने सिख उपवन की वसंत में ही पतझड़ ला दी। सिखों की बढ़ती संख्या घटने लगी और बहुत घट गई। (ट्रैक्ट सिंह सभा आंदोलन पृष्ट ६)

(६) "देश भाँति २ का परिवर्तन देख चुका था। सिख फौजें टूट चुकी थीं। पश्चिमी सभ्यता देश में तेजी से बढ़ रही थी और कुछ समय के लिए सिखी पर काली घटायें छा गईं थी"

(श्री सिज आन दी नामधारी मूवमेंट पृष्ठ २३)

(७) सिखों का धार्मिक और राष्ट्रीय जीवन नष्ट हो चुका था (गुरुद्वारा सुधार लहर ते सिख जाग्रति अंग्रेजी प्रोफेसर रुचि-राम साहनी लाहौर पृष्ठ ३४)

(८) "सिखों ने अपने सदाचार, मिलाप और पवित्रता को मिट्टी में मिला दिया था। उनका खानपान और वेषभूषा सिखी प्रचलन के विरुद्ध हो गई थी। चाहे वे सिखों के पुत्र थे और उनके नामकर्ण में भी "सिंह" पद विद्यमान था परन्तु वह दुराचार और अत्याचार की छुरी से गोरूप सिखी पर प्रहार करने में संकुचित नहीं होते थे। दूसरे के प्रति दुर्भावना और कुकर्म करने में प्रसन्न रहना उनमें स्वाभाविक सा हो गया था। गुरु-वाणी पढ़ना, नाम स्मरण करना उन्होंने बिलकुल छोड़ दिया था।×

×ज्ञानी ज्ञान सिंह का पंथ प्रकाश त्रितिय संस्करण विश्राम ७२

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

[९] "सिख अपने शरीरों, अपनी स्त्रियों, पुत्रों तथा पुत्रियों को बना संवार कर रखते थे। उनकी इच्छा पूरी की जाती थी। वृद्ध माता पिता यदि खाने, पीने और पहिनने की चीजें माँगते तो उन्हें अपशब्दावली में उत्तर देते हुए कहते थे कि क्या आपके लिये थैलियां गिनकर रक्खी हैं? पुरुष पर-स्त्री प्रेमी हो गये। अपनी सुन्दरियों का तिरस्कार करते थे। यह सब कागोंको मुक्ता और हंसों को चूरी भी न देने के तुल्य था। वैश्याओं को कर्ज लेकर भी विविध पाटम्बर और भूषणों से संयुक्त करते थे किंतु दुखी ब्राह्मण को सीदे [आटा] से भी निराश करते थे×

[१०] जिनके पूर्वज प्रातः काल उठकर गुरुबाणी का पाठ करते और गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन के बिना अन्न-जल ग्रहण नहीं करते थे उन्हीं की सन्तान धूप दीपादि नित्य कर्मों से विमुख हुए गुरुजी के ग्रंथ साहित्य की ओर कभी कभी ध्यान भी नहीं देते थे। उनकी असावधानी के कारण चूहे पावन ग्रन्थ काट जाते थे। सिख न जपुजी पढ़ते थे, न रहिदास वरन् पाठ करने वालों का हास्य करते हुए कहा करते थे कि "क्या परमात्मा बधिर है?"

हिंदू दुर्दशा---हिंदू और सिख धर्म के अधिकांश मूल सिद्धान्तों में समानता है। ईश्वरवाद, अवतार वाद, आवागमन और गौ रक्षा आदि के सिद्धांत दोनों में समान [Common] हैं।

× पंथ प्रकाश पृष्ठ ६३७-३८

जन्म मरण आदि समस्त संस्कारों, ऋषि मुनि, अवतार, सम्वत मास, पक्ष, तिथि, दिन, संक्रांतियों, पूर्णमा आदि पर्वों की महत्ता दोनोंमें समानहै। साहित्य और साहित्यक व्यक्तियों में अभेदता है फलतः जहांतक धार्मिक और सामाजिक रीतियोंऔर रस्मों का सम्बन्ध है; समय के परिवर्तन का प्रभाव दोनों ही धर्मों पर विभिन्न नहीं हो सकता था। हम जिस समय का वर्णन कर रहे हैं उसमें हिन्दू समाज सिख समाज से अलग नहीं रह सकता था, अतः वह भी उन्हीं कुरीतियों का सिख समाज की भाँति शिकार हो गया। पुत्री वध, विवाह में आदान प्रदान, व विधवा विवाह प्रतिबंध आदि के कारण हिन्दू समाज सिखों से अधिक दयनीय हो गया था। बाल-विवाह ने हिन्दू समाज को बहुत निर्बल कर दिया। संक्षिप्तः हिंदू और सिख दोनों समाज आपस के मेल जोल और गहरे संम्बधों के कारण समय परिवर्तन से दयनीय अवस्था को पहुंच गये थे।

महान् नेता की आवश्यकता—ऐसे भयानक काल में जनता को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता पड़ी जो सागर के टापू स्थिति रोशनी के मिनारों की भांति घातक लहरों से बचाकर सुरक्षा से तट तक पहुंचा सकता। इतिहास साक्षी है कि जब भी किसी देश या जाति पर संकटमयी अवस्था आई, तो उनके संरक्षण के निमित्त जीवन प्रदायनी व महान् ओजस्वी शक्तियों का मानव रूप में प्रादुभाव हुआ, जिन्होंने देशों व समाजों का नेतृत्व

किया है।× धार्मिक साहित्यिकारों ने इन विभूतियों को नबी, रसूल, पैगंबर, सतिगुरु और अवतार आदि पदवियों से आभूषित किया है। सिख धर्म में इस अभिप्राय के लिए "गुरू अवतार" × का प्रयोग किया गया है। ऐसे लोगों की उपस्थिति का इतिहास साची है जिन्होंने महान सुधारकों पर नाना प्रकार के आरोप लगाये, उनके प्रति अपशब्द भी न कहना अपना स्वभाव रखा है, किन्तु निरपक्ष और श्रद्धालु संसार उन सबकी परवाह न करता हुआ अपने मार्ग में अग्रसर होता रहता है।

देश और जाति की उपरोक्त दुर्दशा के समय जिस महान तथा तेजस्वी व्यक्ति ने देश कल्याण का भार उठाया उसे श्री सतिगुरु रामसिंह जी के नाम से और उनकी चलाये आन्दोलन को कूका आन्दोलन के नाम से पुकारा गया। "नामधारी" और 'सन्त खालसा' नाम भी इसी समाज के लिये प्रयोग में आये।

× गीता में है श्लोक ७-८ अध्याय ४

× जुग गरदी जब होवहे उलटे जुग किआ होइ वरतारा।
उठे गलानि जगत विच वरते पाप भ्रष्ट संसारा।
वरना वरन न भावनी खहि खहि जलन बांस अंगियारा।
निन्दा चाला वेद की समझन नहीं अज्ञान गुवार।
वेद ग्रंथ गुर हुइ है जिस लग भव जल पार उतारा।
सतिगुरु बाझ न बुझीये जिचर धरे न गुर अवतारा।
(वार भाइ गुरदास—वार १ पउड़ी १७)

संक्षिप्त जीवन

श्री सतिगुरु रामसिंह जी सम्वत् १८७२ ई० विक्रमी माघ सुदी ५-६ के मध्य की रात्रि (सन् १८१८ ई०) सुदिन वृहस्पतवार को जिला लुधियाना के एक अप्रसिद्ध ग्राम भैणी में प्रगटे। आप एक निर्धन रामगढ़िया बाबा जस्सासिंह के गृह में अवतरित हुए। आपकी माता का नाम सदकौर था। आपके अनुज बाबा बुधसिंह आप से ४ वर्ष लघु थे। आपका विवाह घरौड़ ग्राम जिला लुधियाना में माता जस्सा से हुआ जिनसे दो कन्याओं का जन्म हुआ—बीबी नन्दा और बीबी दयाकौर।

सिख सेना में—सम्वत् १८९४ (सन १८३७) से सम्वत् १९०२ [सन १८४५ ई०] तक आपने महाराजा रणजीतसिंह की सेना (नौनिहालसिंह रजमेंट) में नौकरी की।

हजरो में—सन् १८४१ ई० में जब आप अपनी पलटन के साथ किसी सरकारी कार्य के निमित्त पेशावर जा रहे थे तो मार्ग में हजरो नगर में ठहरे। वहां उन दिनों श्री गुरु बाबा बालकसिंह जी अपने अमृत मय उपदेशों द्वारा सांसारिक

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

जीवों के कल्याण में तत्पर थे। सूचना पाने पर आपने उनकी चरण शरण में जाकर नामदीक्षा प्राप्त की। फिर सरकारी कार्य के बाद आप लाहौर वापिस आ गये।

पंथिक अवनति का अनुभव :—इन्होंने सिख सेनामें रहते हुए ही यह अनुभव कर लिया कि देश पर राज्य करने वाले सिख अपने धर्म कर्म तथा सदाचार आदि कर्तव्यों से च्युत हो गए हैं उनके शारीरिक पिंजर से सिखीका अध्यात्मक पक्षी-उड़कर किसी अन्य मंडल में प्रविष्ठ हो चुका है। महाराज रणजीतसिंह के पश्चात् जो परिवर्तन हुआ उसकी भयानक तथा हृदय बेधक तस्वीर को गुरु महाराज ने अपनी आँखों से देखा था। अतः इन्होंने अनेकों बार अपने मित्रों, सेवकों और अफ-सरों को निडर हो कर कह दिया था कि सिखों में मलेच्छता उत्पन्न हो चुकने के कारण उनका राज्य अब अधिक समय तक स्थिर नहीं रह सकता।" आपने एक बार फिर हजूरो जाकर श्री गुरुबालक सिंह जी के दर्शन किये और लाहौर वापिस आ गये।

मुदकी की लड़ाई—१८ दिसम्बर १८४५ को मुदकी नामक स्थान में सिखों और फिरंगियों का प्रथम युद्ध प्रारम्भ हुआ। इस युद्ध में सैनिक सरदारों ने जो आपका अत्याधिक सत्कार करते थे, आपसे सिखों की विजय के लिये अरदास (प्रार्थना) करने को कहा, परन्तु आपने इन्कार करते हुये यह

क़हा कि "चाहे कितनी कोशिश की जावे अब सिखों की विजय की कोई सम्भावना नहीं है।"

भैणी साहिब की ओर—ईश्वर ध्यान में लवलीन रहने तथा भविष्य वाक्य उच्चारण के कारण आपको सैनिक पाबन्दियों से सादर मुक्त कर दिया गया। फलतः आप समराओं से सीधे श्री भैणी साहिब चले गए।

डेरा का निर्माण—पिता जी से मिलजुल कर वागों में कुछ समय व्यतीत करने के पश्चात् आपने भैणी आले में एक डेरा बनाया, जो केवल भारत वर्ष में ही प्रसिद्ध हुआ, किंतु लंदन स्थित इण्डिया आफिस भी इससे आतंकित हो उठा।

इसके बाद अपने मामा सरदार हरीसिंह के पुत्र सरदार खज़ान सिंह के प्रेम से कुछ समय तक फीरोज़पुर के किले में रहे जहां अपनी देख रेख में किले की मरम्मत का कुछ काम कराया और मजदूरों में नाम और बाणी का प्रवाह प्रचलित किया।

गुरु पदाधिकार—जब आप गुरु बाबा बालकसिंह जी के दर्शन करने द्वितीय बार गये तो उन्होंने आपको अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करते समय यह कहा कि "देश और क़ौम की बिगड़ी दशा को सुधारने के लिये कमर कस लो। राष्ट्रीयता का उपवन विदेशी शासन के पतझड़ ने वीरान कर दिया है। उसे

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

हरा भरा करने का भार अब आपके सर है। ठाकुर जी ! जब तक कोई देश विदेशियों के क़ब्जे में रहे, तब तक वह आत्मिक आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक उन्नति के योग्य नहीं हो सकता। इसलिये देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने की अब भारी आवश्यकता है।"

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सन्त खालसा का निर्माण

हजरो से लौटने के पश्चात् आकर सद्गुरु जी ने भैणी साहिब में एक लोहे व कपड़े की दूकान खोली। थोड़ा सा व्यापारिक कार्य करना और अधिकांश समय नाम अभ्यास और गुरुवाणी पठन में व्यतीत करना आपका नित्यकर्म था। दुकान की आय से परिवार निर्वाह और अभ्यागतों की सेवा का कर्तव्य पालन होता था। देश दुर्दशा सम्बन्धित श्री गुरुलाल सिंहजी का उपदेश और अपना अनुभव उनके नेत्रों के सामने मूर्तिमान रहता था, जिससे आप ऐसे समाज के निर्माण में चिन्तित रहा करते थे, जो देश की इस महान सेवा का भार अपने कंधों पर उठा सके, और जनता की कायापलट कर सके। उनके हृदयसागर में ऐसे आंदोलन के भाव लहरा रहे थे जो देश में फैल रही, प्रत्येक बुराई को जल-लहर के घास-फूल की भांति बहा ले जाने की सामर्थ्य रखता हो। अतएव आपने इस महान् कार्य को आरंभ करने के लिए श्री कलिगधर के समान वैसाखी का ही दिन निश्चय किया। यह वैसाखी १८५६ विक्रमी की थी और यह

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

१९१४ वि० की ।+ इस तरह श्री दशमेश पिता द्वारा खालसा पंथ की नींव रखने के पूरे १५८ वर्ष पश्चात् श्री सद्गुरु रामसिंह जी ने उस समाज की नींव रक्खी जिसे 'नामधारी पंथ','संत खालसा' कूका पंथ आदि नामों से संबोधित किया गया। नाम जपने के कारण 'नामधारी' सात्विक गुणों की बाहुल्यता के कारण 'सन्त खालसा' और आजादी का पुकार करने के दृष्टिकोण से 'कूके' आदि शब्दों का प्रयोग इनके चलन अनुकूल ही कहा जा सकता है। सर्व प्रथम आपने निम्न लिखित पांच शरीरों को दीक्षित किया उपरांत उन्हें अमृतपान कराके सिंह सजाया।

(१) काहन सिंह निहंग (२) लाभसिंह रागी (३) आत्मासिंह आलो महार, (४) नैणांसिंह और (५) शुद्धसिंह।

इन पांचो सिखों का नाम अमृत की दात बख़शने के पश्चात् निम्नलिखित सिद्धांतों के ग्रहण करने और प्रचार करने की आज्ञा दी।

+[१] आप चककलां ग्राम रियासत मालेरकोटला के निवासी थे। सिख सेना में सद्गुरु जी के साथ ही मुलाज़िम थे। सेना में ही सद्गुरु जी के चरण सेवक हो गये। मुदकी की लड़ाई के बाद आप भैणी साहिब चले गये थे। [२] आप अमृतसर के प्रसिद्ध रागी थे। एक रात्रि सोते हुए इन्हें आवाज सुनाई दी कि समय के गुरु के दर्शन करने हों तो भैणी साहिब चलो। [३] आप आलोमहार ग्राम जिला स्यालकोट के

[नामधारी सिद्धान्त]

[१] सदाचारक—मद मांस, चोरी, जारी और झूठ व व्याज का परित्याग। अनाज देकर दिये हुए से अधिक वसूल न करना।

[२] सामाजिक—पुत्री वध और विक्री, वद्दते के सम्बन्ध [विवाहिक] की पूर्णता निषद्धि।× दहेज के रूप में चीजें देने का निषेध और विधवा विवाह की स्वतन्त्रता।

[३] धार्मिक—ब्रह्म मुहूर्त्त में [प्रातःकाल] उठकर सकेशस्नान करके ईश्वर आराधना व गुरु वाणी का स्वाध्याय करना, सादी

धुरन्धर विद्वान थे। आत्मा शांति के लिये पूर्ण गुरु की खोज में श्री भैणी साहिब आये और जिस माला के मुक्ता थे उसी में पिरो दिये गये।

[४] आप का ग्राम वरिआह तहसील तरन तारन जिला अमृतसर था। गुरुदर्शन की तीव्र अभिलाषा थी। बाबा लाभसिंह जी से सूचना पाने पर भैणी साहिब गये और नदरीनदर निहाल हो गये।

[५] यह बाबाजी दुरगापूर ग्राम जलन्धन निवासी थे।

× बाल विवाह की कुरीति को रोकने के लिये सद्गुरु जी ने आज्ञा दी कि १४-१५ वर्ष से कम किसी कन्या का विवाह न किया जाये।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पोशाक धारण करनी। सीधी (गोल) दस्तार धारणकरना। उनकी माला, आसन खड़ांव व गड़आ लोहे का लोटा सदैव पास रखना शौच की शुद्धता रखना, अतिथि सत्कार, गोरक्षा, यज्ञ होम करना और पंचक कारों की मर्यादा सविधान रखना। अहिंसा व्रत का पालन करना।

(४) राजनैतिक--अंग्रेज सरकार की नकरी न करना। सरकारी स्कूलों अदालतों व विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार मुकदमें अपनी पंचायतों में तै करने; स्वदेशी वस्तुयें प्रयोग में लाना, सरकारी डाकखानों व तारोंका प्रयोग न करना व चलती रेल पर भी सफर न करना।

सर्व प्रथम इन सिखों ने सतिगुरु की आज्ञाओं का पालन बड़ी सावधानी से किया। नाम और बाणी के अभ्यास ने उनमें सुप्त वह कला जाग्रत करदी जिससे उनके अन्तरात्मामें ऐसा प्रकाश उत्पन्न हो गया। जहाँ जहाँ भी वे गये, नाम की सुगन्धि फैल गई। इनके दर्शनों के प्रभाव से दर्शक खिंचे जाते थे। इनसे गुरु जी का यश सुन लोग भैणी साहिब जाने लगे। श्री सतिगुरुजी ने भी आस-पास के गाँवों का दौरा आरम्भ कर दिया। सबसे प्रथम जिला जालन्धर के मुठड्डा कलां और धुलेता आदि गांवों का दौरा किया, फिर जिला लुधियाना में ससराला, राय पुर; गुज्जरवाल आदि गांवों में सैकड़ों नर नारियों को नाम दान देकर परमात्मा की भक्तिमें दृढ़ किया। इस इलाके में कन्य

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

वध की प्रथा बहुत प्रचलित थी। क्या हिंदू क्या सिख दहेज प्रथा के कारण कन्याओं का जन्म लेते ही वध कर डालते थे। सतिगुरु जी ने इस घोर अत्याचार के विरुद्ध बहुत जोरसे आवाज़ उठाई। फलतः बहुत से गरेवालों ने जिनमें हिन्दू और सिख दोनों ही सम्मिलित थे,इस पापसे छुटकारा पाया। रायपुर निवासी सरदार दर्वारासिंह ने सतिगुरु जी को अपने घर ले जाकर सेवा की जहां बहुत से गरेवाल सिख बने जिन्होंने निषिद्ध रसमें छोड़ दीं।

सूतर—सतिगुरु जी के सिख ढोलक और छैणों [मंज़ीरों] से प्रेम मय कीर्तन करते २ मस्त हो जाते थे। वह नाम और वाणी की तल्लीनता में तन-मन की सुधि भूल जाते थे। मस्ती की इस अवस्था को सूफी शब्दावली में "वज्द" या हाल के नाम से पुकारा जाता है, पर नामधारी सन्त खालसा पंथ में यह दशा "सूतर"नाम से प्रसिद्ध है। एक दिन श्री सतगुरू जी जब लोह गढ़ नामक ग्राम में दर्शन दे रहे थे तो नगर निवासियों ने विनय की कि "पातशाह! हमें कभी सूतर नहीं हुआ।" आज्ञा हुई। "भाई! सूतर को मिथ्या मत जानो।" तद्पश्चात् जब कभी भी उस गांव में दीवान सम्मेलन सजता ढोलक और मंजीरे की आवाज सुनते ही अनेकों को सूतर हो जाता था। कुछ मूर्च्छित होकर गिर पड़ते थे। कुछ हँसने नाचने लगते थे। लोह गढ़ को दूलो (शेख) और शोभा चमार को इस तरह का सूतर पड़ता था कि कई २ दिन तक बेसुध पड़े रहते थे।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

नाम का अमल और धौंकल सिंह—जब सतिगुरु जी रायपुर में थे तो आपके चरणों में एक अमली नशेबाज़ उपस्थित हुआ विनय की "महाराज ! मुझे १ सेर पोस्त, आध सेर भांग और आध छटांक अफीम की आवश्यकता है।" सतिगुरु जी ने उत्तर दिया कि "भाई ! हमारे पास तो केवल नाम का ही मद है, यदि आवश्यकता है, तो जाओ स्नान करके आओ।" जब वह स्नान करके आया तो सतिगुरु ने उसके कान में ऐसी फूंकें मारी कि वह मसताना हो गया, घर जा कर पोस्त घोटने वाला कूंडा तोड़ डाला, डंडा जला डाला। उपरान्त उसे खंडे का अमृत पान करा कर सिंह सजाया गया। गुरु जी ने उसका नाम धौंकल सिंह रक्खा, जो गुरु का बड़ा सिदकी सिख, वीरता और धैर्य्यता का पुतला प्रसिद्ध हुआ।

बाबा जवाहर सिंह निर्मल----बाबा जवाहरसिंह निर्मल संत बड़े महात्मा थे। सतिगुरु जी का यश सुनके दर्शनार्थ श्री भैणी साहिब पहुंचे जहाँ आपको 'सरो कद' व्यक्ति के दर्शन हुये जो गड़वा लेकर दिशा निमित्त बाहर जारहे थे। गड़वे वाले व्यक्ति ने साधू को नमस्कार किया। साधू ने सतिगुरु का पता पूछा तो उस लम्बी मूर्ति ने उत्तर दिया" महाराज आप मेरे साथ चलिये। आगे ड्योढ़ी में एक माता जी पलंग पर बैठीं बाहर की ओर देख रही थीं। उन्होंने सन्तों का चर्णस्पर्श करके पलंग पर बिठा दिया। बाबा जी को साथ लानेवाली मूर्ति

अन्दर चली गई। फिर बच्चियों ने अन्दर से आकर साधू के चरण धोए। भोजन प्रसाद जिमांया। अब साधू ने कहा कि हमें सतिगुरु जी के दर्शनाभिलाषा है। संत जी को मन्दिर में ले गये। साधू ने देखा कि जो व्यक्ति उन्हें पहिले लेकर आये थे वही अन्दर एक चबूतरे पर बैठे भजन कर रहे हैं। पता लगा कि यही सतिगुरु रामसिंह जी हैं जो हृदय भावना देखकर शौच के बहाने मुझे लेने गये थे। नौ दिनों तक सन्त नाम प्राप्ति के लिये विनय करते रहे पर सतिगुरु बचनों में टाल देते थे। आखिर दसवें दिन साधू की आशा पूरी हुई। यह बाबा जवाहरसिंह जी नामधारी पंथ प्रसिद्ध महापुरुष हुये हैं जिनका विशेष वर्णन हम आगे देंगे।

———

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

अर्द्धकुम्भी हरिद्वार

१६१८ विक्रमी १८६१ ई०

प्रथम बैसाख सवत् १६१८ विक्रमी को हरिद्वार में अर्धकुम्भी का मेला था। इन दिनों सतिगुरु जी मस्तानी दशा में विचरण करते थे। उनके पास कछहरा, शीश पर परना, छोटा साफा और चरणों में पादुका थी। मार्ग में जब आप यमुना तट पहुंचे तो एक श्याम वर्णीय वृद्धा आपके निकट आई। उसके तन पे वस्त्र नहीं थे और भूख से निढाल थी। सतिगुरु जी ने सिखों से कहा "भाई यही यमुना है जो कुछ देना हो इसे दे दो"

माई साहिब कौर—जिला अमृतसर में पधारीं। ग्राम की रहनेवाली थीं स्वाभाविकता से सतिगुरु जी से आत्मा के अजर-अमर होने की बातें करने लगीं। उन्होंने कहा "जहिये भजन किया कर"। माई ने उत्तर दिया" जब सारे संसार में ब्रह्म ही ब्रह्म है तो कौन किसका भजन करे?" "कल तेरे ब्रह्म की परीक्षा करेंगे" सतिगुरु जी ने कहा। दूसरे दिन गंगा तट पर चिता बनाई गई। माई साहिबो जिनकी गोद में ढाई वर्षीय बालक लालसिंह था उपस्थित हुईं। संगत अपार थी। माई जी चिता

पर बिटा दिया गया। देखते ही देखते चिता जलने लगी। ज्वाला प्रचण्ड हुई जिसकी लपटें लट २ करतीं आकाश मंडल जाने लगीं।

सतिगुरु जी ने झटपट अपनी काली कंबली माई पर डाल दी। अनेकों भयभीत होकर भाग गये पर सिद्की अडोल खड़े यह कौतुक देखते रहे। माता साहिबो जो दीक्षित हो चुकी थीं नाम स्मरण करती रहीं। सब लोग यह देखकर दंग रहगये। कई मन लकड़ी जलकर भस्म होगयीं पर माता व उसके बालक के एक रोयें तक में आंच न लगी। अनेक दर्शक जो यह कौतुक देख रहे थे चरणों पर आ गिरे और नाम लेकर नामधारी दल में सम्मिलित हो गये। गंगा तट के और भी अनेकों कौतुक प्रसिद्ध हैं पर सविस्तार वर्णन से संकोच किया गया है ×

×श्री सतिगुरु प्रतापसिंह जीको संवत् १९६४ म माई साहिब कौर ने अपनी जबानी यह सारी कथा सुनाई। अब माई के पौत्र सरदार हरनामसिंह पंथ में प्रसिद्ध व्यक्ति हैं।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

दीप मालिका

(सम्वत् १६१६ ई०)

सम्वत् १६१६ तदनुसार १८६२ ई० को सतगुरु सच्चे पातशाह जी दोआबे का दौरा करते हुये दीप मालिका के अवसर पर अमृतसर में पधारे। जहाँ देअन्त नर-नारियों ने आपके सदुपदेशों से शांति प्राप्त की। अनेक जीवों ने भजन किया और अमृत पान करके कूके हो गये। जिसके कान में फूँक पड़ती वह लोट-पोट हो जाता था। नगर में धूम मच गयी कि गुरु प्रगट हो गये हैं। भेषधारी पाखंडी चिन्तित हो उठे। विशेषतः गुरुद्वारों और डेरों के महंतों में बड़ा असन्तोष फैला पर उनमें से साधु जन सतिगुरु जी का दर्शन करके प्रसन्न होते थे। दरबार साहिब और अकाल बुंगे के पुजारी क्रुद्ध रहे थे। सतिगुरु जी के उपदेशों का प्रभाव जनता की रुचि को पुजारियों की ओर से हटा रहा था फलतः उनकी पूजा प्रतिष्ठा और आय में हानि आवश्यकता थी। अतएव यह लोग सतिगुरुजी के विरुद्ध अनेक प्रकार के अनिर्धारित बातें फैलाने में लगे रहते थे। पर सत्यता के सम्मुख असत्य प्रचार स्थिर नहीं रह सकता। कुछ सज्जनों के

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

विचारानुसार इस दीपमालिका के अवसर पर अकाल बुंगे के पुजारियों और सतिगुरु जी के बीच झगड़ा हुआ किन्तु इसके बारे में कोई सूक्ष्म सी बात चीत शायद हो गई हो, परन्तु विशेष झगड़ा हुआ प्रतीत नहीं होता। अमृतसर से सतिगुरु जी तरणतारण साहिब पहुंचे जहाँ से श्री हजरो साहिब जाने के विचार से वजीराबाद पहुंचे। यहाँ आपको सूचना प्राप्त हुई कि गुरुबाबा बालक सिंह जी अगहन सुदी पूर्णिमा सम्वत् १९१९ को ज्योती-ज्योत समा गये अतएव आप वापस हुये और सम्भड़-आल, चविंडा, बाजवा आदि ग्रामों में दर्शन देते हुये गिल्ल नगर में पहुंचे। इस ग्राम के बाबा जमीत सिंह जी दर्शन करके कृतार्थ हुये। इन्होंने भी सतिगुरु बालकसिंह जी से भजन पूछा, पर इस बार दर्शन करते ही मस्त हो गये और कहने लगे "पात शाह आज तक मैं आपको गुरु भाई समझता रहा पर आज आप में मुझे गुरु बालकसिंह जी की ज्योति का प्रत्यक्ष दर्शन हुआ है। उपरान्त माझे मालवे का दौरा करते हुये भैणी साहिब पहुंच गये।

—०—

१८६३ ई० तक के प्रचार का प्रभाव

सम्वत् १९१९ विक्रमी (सन् १८६३ ई०) तक सद्गुरु जी के प्रचार का ऐसा प्रभाव पड़ चुका था कि गांव-गांव व घर घर में उनके कूका आन्दोलन की चर्चा थी। सुधारक कार्यक्रम सफलता से उन्नति कर रहा था। लोग प्रचलित बुरी रस्मां को तिलांजली दे रहे थे। मदिरा, मांस, चोरी, जारी व अफीम आदि निषिद्ध वस्तुओं के सेवन को त्यागकर राक्षस वृत्ति मनुष्य देवता बन रहे थे।× विधवा विवाहों पर बहुत समय से प्रतिबन्ध चला आ रहा था जिसके कारण सहस्त्रों नवयुवतियां घर की चार दीवारियों में घुल घुलकर जीवन नष्ट करने के लिये विवश थीं किन्तु सद्गुरु जी के प्रचार और तपतेज के प्रभाव ने इन

×ज्ञानी ज्ञानसिंह जी अपने ग्रन्थ पन्थ प्रकाश में लिखते हैं कि:—'कवित्त। हुके हुडवाए रखवाये केश मोनिओं के सुधा छक थाह सिख भाग तिनैं जागयो। फैलयो यशभारी शिशा कीए ताहिं के अपारी, सिंख पन्थ विधीयो नाम रस पायगो। अफीम भंग पोस्त शराब मांस चोरी यारी ठगी तज दीए सन्त सतियुग आ गयो। विश्राम ७१ कविता ७।

दुखी देवियों के बन्धन काट दिये। यद्यपि आरंभ में इस परंपरा को मिटाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, अतः थोड़े ही समय में यह बात लोगों की समझ में आ गई कि विधवा-विवाह प्रतिबन्ध निवारण में देश अनेक प्रकार के कष्टों से बच सकता व उन्नति कर सकता है। इस सुधार का प्रभाव हिन्दुओं और सिखों पर काफी पड़ा। कन्याओं के वध और विक्री की सामाजिक बीमारी भी काफी दूर हो चुकी थी। बाल विवाह पद्धति को सद्गुरु जी ने बड़े परिश्रम से रोका। पूजा, पाठ नाम और परिवर्तन का प्रभाव दिन प्रति दिन बढ़ता गया। देश में एक ऐसा परिवर्तन हो गया जिसे देखकर जानकार लोग यह कहते थे कि सद्गुरु जी ने तो कलियुग में सतयुग लगा दिया है। किन्तु जैसे २ सतयुगी प्रभाव अधिक हो रहा था कलियुगी असर वाले लोगों में भय की वृद्धी हो रही थी। वे इस आन्दोलन के वेग को रोकना चाहते थे, किन्तु सब व्यर्थ इस समय पंजाब में कूका आन्दोलन काफी दृढ़ हो चुका था और कोई इलाका ऐसा न था जहां सद्गुरु रामसिंह और उनके नामधारी पंथ के गुण न गाए जाते हों। गांव २ में दीवान सत्सङ्ग और कीर्तन के प्रभाव से ऐसा प्रतीत होने लगा मानों अजायब घर में रखे हुए चीजों के समान निर्जीव सिखों में जीवन कला प्रवृष्ट हो गई है, और नवस्फूर्ति पाकर दूसरों को जीवन प्रदान करने में संलग्न है। उस समय वर्तमान साम्प्रदायिक पक्षपात की भाँति हिन्दू

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

और सिखों में मतभेद इतना दुखद न था। नाम तथा अमृत पाये पान करने वाले हिन्दू ही सहिजधारी सिख कहलाते थे, जिनकी रहित मर्यादा (संयम नियम) और चाल ढ़ाल विशेषतः परिवर्तित हो जाती थी। अतएव उन्हें सन्त व साधु आदि शब्दों द्वारा सम्मानित किया जाता था। संक्षिप्तः सद्गुरु रामसिंह जी के धार्मिक, सदाचारिक और सामाजिक सुधारों से अधिकांश लाभ हिंदुओं को पहुंचा जिनमें वह सिख भी सम्मिलित थे जो कहलाते तो सिख थे परन्तु न तो उन्हें सिखी भाग्य का कुछ पता था न गुरुजी के सामाजिक सिद्धान्तों से परिचित। यद्यपि सद्गुरु जी के प्रेममय सद्उपदेशों और तेजस्वी व्यक्तित्व ने मुसलमान भाइयों को भी अपनी ओर आकर्षित किया × परन्तु वह अति अल्प संख्या में इस आन्दोलन में सम्मिलित हुए।

× निम्न घटना का वर्णन मेरे साथ देश प्रसिद्ध नेता श्रीयुत सर्दार शार्दूल सिंह कवीश्वर (प्रधान आल इंडिया फार्वड ब्लाक) ने किया। पंजाब प्रान्तीय कांग्रेस के भूतपूर्व प्रधान मौलाना अब्दुल कादिर कसूरी के पिता कसूर में बड़े भारी वीर माने जाते थे। जब श्री सदगुरु रामसिंह जी अपने दौरे के दौरान कसूर में पधारे तो वह पीर साहिब के दर्शन के निमित्त उनके पास गये। वे उनके दर्शन व उपदेशों से इतने प्रभावित हुए कि उनसे दीक्षित होने के लिए प्रार्थना की और साथ ही कहा कि "आज्ञा हो तो

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

इस समय तक आप को धार्मिक और सामाजिक सुधार समझा जाता था। जिसके कारण अंग्रेजी सरकार का आपकी ओर विशेष ध्यान न था। यद्यपि उनके रहन सहन और प्रचार अनोखे ढंग से पश्चिमी सभ्यता और योरोपियन संस्कृति को काफी नुकसान पहुँचने का अंदेशा था और अंग्रेजों की दृष्टि इसकी ओर टकटकी लगाए देख रही थी किन्तु आन्दोलनके धार्मिक और सामाजिक होने के विचार से इसकी गतिविधि रोकने की विशेष आवश्यकता न समझी गई।

'लाइलाहा इल्लिह' का ही स्मरण किया करूं ? सद्गुरु जी ने कहा तुम्हारी पाटी तो पहिले ही सुन्दर लिखी हुई है अतः इसे दोबारा लिखने की आवश्यकता नहीं है। श्री कबीश्वर जी ने कहा कि उन्हें मौलाना अब्दुल कादिर ने बतलाया था कि "मेरे पिता जी कहा करते थे कि उनमें आकर्षण की शक्ति गजब की थी। उनके आत्मिक शिष्य भी कई एक मुसलमान थे जिन्होंने आप से उपदेश लेकर अपने जन्म सफल किये।"

—०—०—

'कुका' आन्दोलन

(सरकार की दृष्टि में)

सन १८६३ ई० तक 'कूका' आन्दोलन के प्रभाव का संक्षिप्त वर्णन करने के पश्चात् अब यह बताना आवश्यक प्रतीत होता है कि अप्रैल १८६३ में सरकारी अफसरों ने इस आंदोलन के बाबत् ऐसी रिपोर्ट लिखनी आरम्भ की, जिसके द्वारा इसके नेता को धार्मिक व सामाजिक समझते हुए भी प्रकट किया गया कि उनसे जनता में असन्तोष व अशांति की वृद्धि होती है और साथ ही यह कि उनकी कारवाइयोंका परिणाम राज नीतिक रूप भी धारण कर सकता है।

प्रथम रिपोर्ट—इस विषय में सर्व प्रथम रिपोर्ट मिस्टर मैकन्ब, डिप्टी कमिश्नर स्यालकोट की है, जिसमें सतिगुरु जी को राजनैतिक रूप में पेश करते हुये लिखा है कि रामसिंह नामक वृद्ध अपने २०० सेवकों सहित जिला स्यालकोट में घूम रहा है। वह अपने अनुयाइयों को बन्दूकों के स्थान पर लाठियोंसे कवायद कराता है। वह किसी अधिकारी (कर्मचारी) का आदेश नहीं मानता। बहुत सी स्त्रियाँ भी उसके साथ हैं। उसके पाँच हजार

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सेवक हैं और वह वैसाखी का मेला देखने के लिये अमृतसर जा रहा है।"

अमृतसर में वैसाखी का मेला—सरकारी रिपोर्टों के आधार पर यह पता चलता है कि सतिगुरु जी अपने सेवकों सहित ११ अप्रैल (२६ चैत्र) को अमृतसर पहुंचे तो पंजाब गवर्नर लाट साहिब के आदेशानुसार मेजर मेक एंड्रयूज डिप्टी इन्सपेक्टर जनरल लाहौर सरकल, मेजर मरसर डिप्टी कमिश्नर अमृतसर और जिला सुपरिन्टेन्डन्ट सतिगुरु जी के पास पहुंचे। उन्हें सतिगुरु जी के उद्देशों आदि का विवरण लेने का विशेष आदेश था। मेजर मरसर पर सतिगुरु जी के विद्रोह रहित वार्तालाप का गम्भीर प्रभाव पड़ा। मरसर लिखते हैं " उसके सेवक हृष्ट पुष्ट और जवान थे....उनकी बात-चीत का ढङ्ग विद्रोहात्मक न था। वह शांतिमयी और गम्भीर प्रकृति के प्रतीक होते थे। अतएव भरे मेले में उनके कार्यक्रम में हस्ताक्षेप करना उचित न समझा गया" ×

×कूका कागजात पृष्ठ ३

—०—०—

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

स्त्री जाति को अमृताधिकार

अमृतसर की वैसाखी के शुभअवसर पर नाम और अमृत प्रचार के पश्चात् सतिगुरु जी ने दोआबा और मालवा देशों का दौरा किया। इस दौरे में आपने नवीन मर्यादा प्रचलित की (१) स्त्रियोंको अमृताधिकार (२) आनन्दमर्यादाका प्रारम्भ। इसके पूर्व स्त्रियाँ अमृताधिकार से वंचित थी, किन्तु सतिगुरु रामसिंह जी इस अमूल्य देन के सम्बन्ध में स्त्री जाति का पुरुषों के समान अधिकार समझते हुए अमृत दिलाने का फैसला दिया। फलतः अनेक स्त्रियों ने अमृत पान करके जीवन सफल किया शीश पर आभूषण और शृंगार के अनेक साधनों का परित्याग किया, नित्य प्रात सकेश स्नान आरम्भ कर दिया। आरम्भ में कुछ लोगों ने विरोध भी किया परन्तु सतिगुरु जी के इष्ट वचनों से वे सन्तुष्ट हो गये। अब क्या था? सहस्रों स्त्री पुरुष नाम लेने और खन्डे का अमृत पान करने लगे जिसके प्रभाव से छोटे छोटे बालक पवित्र दात विरसे में पाकर ध्रुव वीर प्रहलाद के इतिहास को दुहराने लगे। जिन घरों में माता-पिता बालक और बालिकायें नाम और अमृत प्राप्त करें उनमें

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कलियुग कैसे रह सकता है ? वहाँ धर्म प्रविष्ठ हो जाता है और सतियुग छा जाता है। नाम, वाणी, और सत्संग प्रवाह से कलह, क्लेश से छुटकारा होकर जीवन आनन्दमयी हो जाता है। अंतकर्ण से विषय वासानाओं की जन्म जंन्मान्तरों की, कालिमा दूर हो जाती है, और सत्य, सन्तोष व दया आदि सात्विक गुण स्थानापन्न हो जाते हैं, और उपवन पुष्पों की तरह फूल जाते हैं जिससे सुगन्धि ही सुगन्धि फैल जाती है।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

आनन्द मर्यादा की स्थापना

मलवा देश का दौरा करने के बाद सद्गुरु जी ज्येष्ठ सुदि १० सम्वत् १९२० विक्रमी (२ जून १८६३ ई०) को मालवे के प्रसिद्ध नगर खोटा में पहुंचे। यहाँ पूर्व निश्चित सम्मेलन के कारण सहस्त्रों की संख्या में नर नारियां पहुंच गये थे। यहाँ सद्गुरु जी ने समाज में एक नवीन सुधार की नींव डाली। यह सुधार पुरातन विवाह पद्धति को आनन्द मर्यादा में परिवर्तित कर देने का प्रयास था। इससे पूर्व सिख पन्थ में पुरानी किस्म की ही वैदिक रीति प्रचलित थी।x

---

xसिख दृष्टिकोण से सब गुरु एक ही रूप हैं। उनमें एक ही ज्योति विद्यमान है वे स्वतन्त्र हैं। जिस रूप में जो कार्य करना चाहें करें। पांच जामों में शांतिमय आदर्श कायम रक्खा किन्तु छटमा जामे में मीरी पीरी की कृपाणें पहिन कर शांति रस के साथ २ वीर रस भी आवश्यक समझा और सिखों को संगठित करके अन्याई राज्य के विरुद्ध यह घोषणा कर दी और वह सफलता प्राप्त की जिसे शत्रु भी गौरव पूर्ण सफलता कहने लगे। सातवें - आठवें और नवें स्वरूप में माला (सिमरनी) द्वारा भक्ति प्रवाह चला दिया, परन्तु विदेशी मुगल सरकार के अत्या-

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

ब्राह्मण ही उसके कर्त्ता धरता थे जिन्होंने धीरे धीरे इस रीति को अपनी उपजीविका का प्रधान साधन बना लिया था। निर्धन सिख उनके लोभ मय ढंग से तंग आ चुके थे। सद्गुरु जी ने आज्ञा दी कि विवाह के लिये अब ब्राह्मणों का अवलम्बन लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। मान और मर्यादा वाले सिख मिलजुल कर स्वयं इस सामाजिक कार्य को कर लिया करें। इस नवीन मर्यादानुसार (जो नामधारी समाज

चारों के कारण श्री गुरुगोविन्द सिंह जी दशम् पातशाह ने सिखों को खांडे का अमृत पान कराकर उनमें ऐसी वीरता संचरित की कि चिड़ियों से बाज और गीदड़ों से सिंह बनकर देश के स्वतन्त्रा संग्राम में कूद पड़े। एकादशवें विग्रह में गुरु बाबा बालकसिंह जी ने पुनः शांतिमयी साधनों से सिखों की आत्मिक शक्ति बढ़ाने का पुरुषार्थ किया और द्वादश स्वरूप में 'सन्त खालसा' का निर्माण करते हुए 'कूकी' आन्दोलन द्वारा शक्ति-भक्ति सम्मेलन से कलियुग में सतियुग लाने का प्रयत्न किया। श्वेत वस्त्र, ऊन की माला और सीधी पगड़ी उनकी वेष-भूषा नियत की। शांतमयी साधनों से अंग्रेजी राज्य के स्थान पर अपने स्वतन्त्र राज्य की स्थापना के लिये प्रयत्न किया। तृतीय गुरु अमरदास जी के रूप में 'आनन्द' और चौथी पातशाही में लावां बाणीओंका उच्चारण किया। पर द्वादश रूपमें उसके प्रयोगीकरण के लिये आनन्द मर्यादा स्थापित की। संक्षिप्तः भिन्न २ सिद्धान्त जो गुरुओं ने भिन्न २ समयों पर दिये उन्हें एक ही

में प्रचलित है) खोटा ग्राम दीवान में ६ आनन्द कार्य विवाह संस्कार हुये। खोटा में सर्वप्रथम यह मर्यादा कार्यरूप में परिणित हुई। अतएव इसे असल मर्यादा कहा जा सकता है। धीरे २ अन्य सिख सोसाईटियों ने आनन्द मर्यादा में परिवर्तन करके अपनी २ प्रथम रीतियाँ बना लीं। फल यह हुआ कि इसी मर्यादा के आधार पर २०-१०-१६०६ ई० कौंसिल

ज्योति से प्रकाशित समझना चाहिए जिसका फल यह होगा कि किसी विग्रह में किसी सिद्धांतकी न्यूनता या अधिकता की कल्पना व्यर्थ प्रतीत होगी। अतः यह स्पष्ट है कि आनन्द मर्यादा गुरु नानक देव जी ने अपने द्वादश स्वरूप में स्थापित की जिसका एतिहासिक प्रमाण यह है कि बारहवें जामे से पूर्व किसी जामे में विवाह आनन्द मर्यादानुसार नहीं हुए सिखों की बात तो अलग रही गुरुओं और उनकी सन्तानों के विवाह सनातन पद्धति अनुसार ही हुये। प्रमाणार्थ गुरु गोविंदसिंह जी का विवाह वर्णन काफी समझना चाहिये।

जहिं सुन्दर वेदी रच राखी। गन नर नार विलोकन कांखी।
सादर सनेरे कीन बिगपन। विप्र उचारत मन्त्रन पावन॥
पूजत नव ग्रहि गणपति पास। कहहि किरत ठानहि गुरुनाथ।३६।
पून वेदी महि राख हुतासन। डारत सरपी कीन प्रकाशन
तब दुलहिन ले निकट बैठाई। यथा योग्य सम विधि करवाई ३७
बार बार फेरन संग फेरे। पाव गृहिन कीनौ तिस मेरे॥
(गुर प्रताप सूर्ज —प्रसंग विवाह दशम गुरुजी)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

में आनन्द मैरिज एक्ट पास हुआ जिसके अनुसार इस पाणि ग्रहण नीति को कानूनी शक्ति मिली।×

असली मर्यादा—प्रातः काल (ब्रह्ममुहुर्तमें "श्री आसादी वार"के कीर्तन उपरान्त श्री ग्रन्थसाहिब का प्रकाश कियाजाता है। पश्चात् कुछ दूरी पर सामने की ओर पूर्ण मर्यादानुसार हवन किया जाता है। पाँच सिंहो द्वारा गुण वाणी पठन होता है। छठवें साधु का आहुति देना और सातवें द्वारा जल के छींटे मारे जाते हैं। तद्पश्चात् विधिवत तैयार अमृत वर और कन्या दोनों को पान कराया जाता है। उपरांत भी ग्रन्थ साहिब से ४ लांवां नामक वाणी का उच्चारण होता है जिसके साथ साथ ही वर व कन्या अग्नि कुण्ड के गिर्द भांवर लेते जाते हैं। इसके बाद भी ग्रन्थ साहिब के अन्तिम श्लोक पढ़ कर पाठ सम्पूर्ण किया जाता व

× आनन्द मैरिज एक्ट महाराजा रिपुदमन सिंह जी ने ३०-१० १९०८ को वाइसराय कौंसिल में पेश किया जिस पर बहस में प्रमाण देने के लिये महाराजा पटियालाने सन्त ज्वालासिंहजी और अपने चीफ जसटिस स० बचन सिंह को भैणी साहिब भेजा। महाराजा नाभा को सद्गुरु प्रताप सिंहजी को ओर से तारदी गई और सन्त ज्वाला सिंहजी एक पत्रिका प्रमाण स्वरूप ले गये जिनका सारांश इस आशय का था "हम ७० साल से आनन्द मर्यादा कर रहे हैं।" अतएव नामधारियों की गवाही के यह एक्ट फलस्वरूप पास हुआ'

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

"आनन्द साहिब" का कीर्तन किया जा रहा या पाठ होने के पश्चात अरदास (प्रार्थना) हो कर कार्य समाप्त हो जाता है।

खोटा में इस न्यूतन मर्यादा का सबसे अधिक प्रभाव ब्राह्मण पर होना कुदरती था जो इससे पूर्व विवाह सम्बन्धित कार्यों में सिखों के सम्मानित अगुवा थे। उन्होंने विरोध में आवाज़ उठाने का यत्न किया किंतु सतिगुरु जी ने उनकी अपमान युक्त बातों को ठंडे दिल से सुना व उपदेशवाणी द्वारा उन्हें कहा "हम किसी के अधिकार छीनने का बिलकुल ख्याल नहीं रखते वरन् हम तो प्रत्येक को अपने अधिकारों पर दृढ़ता से जमे रहने का उपदेश किया करते हैं। सदाचारी और न्याय शील ब्राह्मण का हम हार्दिक सत्कार करते हैं किन्तु लोभी व्यक्ति को लोभ से छुड़ाना भी हमारा कर्तव्य है। आनन्द मर्यादा प्रचलित करके हमने सिखों का भार उन्हीं पर रख दिया है फलतः आपको नाराजगी की जगह प्रसन्न होना चाहिए।" गुरु जी के बार बार समझाने पर भी ब्राह्मण सन्तुष्ट न हुए वह क्रुद्ध होकर डिप्टी कमिश्नर के पास जाकर पुकारे कि "नये पंथ के गुरु ने हमारी जीविका छीन ली है।"

विद्रोहात्मक भाषण सम्बन्धी रिपोर्ट—ब्राह्मणों के विरोध के बाद ४ जून को खोटे के एक चोकीदार ने थाना बाघापिराना में रिपोर्ट दी कि सतिगुरु रामसिंह जी और उनके शिष्य सरकार के विरुद्ध विद्रोह पूर्ण भाषण देते हैं। इसको रिपोर्ट में लिखा था २, ३ दिन से (सतिगुरु) रामसिंह

उसके ग्राम में चार पाँच सौ सिक्खों सहित आये हैं, जिनका ढंग अनोखा है। वे विद्रोहात्मक भाषण देते हैं। वे कहते हैं कि देश पर शीघ्र ही उनका अधिपत्य हो जायगा और शीघ्र ही सवालाख शस्त्र सिख उनके साथ होंगे। वे किसानों से उनकी फसलों का पांचवां भाग कर रूप में लेंगे। वह अपने आपको अनोखे ढंग से पेश कर रहे हैं।"

सम्मेलनों (दीवानों) पर प्रतिबन्ध

चौकीदार की रिपोर्ट पर एक सार्जेंट और एक सहियोगी पुलिस सुपरिन्टेन्डन्ट खोटा भेजे गये, जिन्होंने चौकीदार की रिपोर्ट को सही जानते हुये उसकी तस्दीक कर दी। फलस्वरूप डिप्टी कमिश्नर फीरोजपुर ने पंजाब सरकार की आज्ञानुसार 'कूका' दीवान बन्द कर दिये। और सतिगुरु रामसिंह जी को सेवकों सहित थाना भैणी साहिब स उनके गांव पहुंचा देने का आदेश सुना दिया। मिस्टर टामस डिप्टी कमिश्नर फीरोजपुर ने सरकारी आदेश पालन में सतिगुरु जी को बाघा पिराणां थाने में बुलाकर पूछा कि "आपके विरुद्ध विद्रोहात्मक भाषणों की शिकायतें पहुँचीं हैं। आप इस विषय में क्या कहना चाहते हैं ?" शांति पूर्वक आपने उत्तर दिया "मैं सत्य धर्म का प्रचार करता हूँ। व्यर्थ और खर्चीली रसमों के भार से जनता को मुक्त कराना चाहता हूँ। धार्मिक और सामाजिक अवनति के कारण लोगों को दुख हो रहे हैं। मैं उन्हें दूर करने का पुरुषार्थ कर रहा हूँ। मेरा किसी से विरोध नहीं है। मैं देश और जाति

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

का शुभचिन्तक हूँ यदि ऐसा करने का नाम विद्रोह है तो मैं इसके लिये हर प्रकार का कष्ट सहन करने के लिये तैयार हूँ।" इस निर्भीक उत्तर को सुनकर डिप्टी कमिश्नर किंकर्तव्य विमूढ़ हो गया; और कुछ देर शांत रहने के पश्चात कहा कि अब आपको इस जिले में दीवान करने की आज्ञा नहीं होगी। आदेश सुनाने के बाद सतिगुरु जी को हिरासत में ले कर थाना बथाना श्री भैणी साहिब पहुँचाया गया, जहां से आप हर रोज़ चलकर २८ दिनों तक लुधियाना डिप्टी कमिश्नर के सामने पेश होते रहे।

कल्पित रिपोर्टें

१८६३ ई० के माह अप्रैल, मई और जून में पंजाब लाट के आदेशानुसार सतिगुरु जी के विरुद्ध समस्त पंजाब के अंग्रेजी और देसी अफसरों की रिपोर्टें एकत्रित की गयीं जिनसें अधिकांश को निर्मूल और कल्पित कहा जा सकता है इस सम्बन्ध में कैप्टिन मिलर (Millar) की रिपोर्ट का वर्णन अति आवश्यक जान पड़ता है जो उसने ११-६-१८६३ को मुखबिर गैंदा सिंह के सम्बन्ध में की। मिलर लिखता है कि "सतिगुरु राम सिंह जी का भेद लेने वास्ते गैंदासिंह को भैणी भेजा गया। वह वहां उस समय पहुँचा जबकि गुरू जी डेरे से कहीं बाहर गये हुये थे। गैंदासिंह बाबा साहिब सिंह के पास गया और दीक्षा प्राप्त करके कूका होने की विनय की। बाबा जी ने उसे नाम दिया और वह कूकों में शामिल हो गया। गैंदासिंह ने

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

देखा कि रात्रि को ढोल वजने के वाद ५० कूके बाबा साहिब सिंह से लाठियां लेकर २ घन्टे तक कवायद करते थे। इसके वाद गैंदासिंह ने सतिगुरु जी के दर्शनों की इच्छा प्रगट की। बाबा साहिब सिंह जी ने उन्हें सतिगुरु जी की खोज में भेजा और अपनी २ चिट्ठियां देकर कहा यह पत्र सतिगुरु जी को दे देना। गैंदासिंह पत्र लेकर जालंधर छावनी वाले मार्ग पर चलने लगा। छावनी पहुँच कर मिलर साहिब को उसने वह पत्र दे दिये। यह कप्तान मिलर की उस रिपोर्ट का सारांश है जो उन्होंने इंसपेक्टर जनरल पुलिस की मार्फत लैफ्टीनेन्ट गवर्नर पंजाव को भेजी। मिलर की रिपोर्ट में पत्रों का अनुवाद निम्नलिखित है।

पत्रिका (प्रथम)

"फतेह" गुरुगोविंद सिंह जी के हस्ताक्षर। मैं एक बढ़ई के गृह में जन्म लूँगा, और रामसिंह नाम से विख्यात हूँगा। मेरा घर यमुमा और सतलज के मध्य में होगा। मैं अपना पंथ प्रगट करूंगा। मैं फिरङ्गी को पराजित कर अपने शीश पर राज्य मुकुट धारण करके शङ्ख ध्वनि करूँगा। गायक मेरी उपमा का सा गीत गायन करेंगे। सम्वत् १९२१ (सन १८६४ ई०) को मैं बढ़ई सिंहासन पर वैठूंगा। जब मेरे साथ सवा लक्ष सिंह होंगे मैं फिरंगियों के सर काटूँगा। सवा लाख खालसे की जयकार ध्वनि सुनकर ईसाई अपनी स्त्रियों को छोड़कर देश से भाग जाँयगे। यमुना तट पर भारी संग्राम होगा। लहू रावी के जल

समान तेज रहेगा। किसी फिरंगी को जीवित न छोड़ा जायगा। सम्वत् १६२२ (सन १८६५) को देश में उपद्रव होंगे। खालसा जी का शासन हो जायगा। राजा और प्रजा सुख और शांति से रहेंगे। दिन प्रति दिन राम सिंह का राज्य बढ़ता जायेगा। यह अकाल पुरुष (ईश ईश्वर) ने लिखा है। सन १८६५ में समस्त देश पर रामसिंह का राज्य होगा। मेरे सिख अकाल पुरुष की पूजा करेंगे। अकाल पुरुष जी का वाक्य है कि यह सब कुछ हो कर रहेगा।

पत्रिका नं० २

"फतेह" उपरोक्त पत्रिका सुनाई गई। यहाँ के सिखों की प्रार्थना है कि आप जहां कहीं भी हों अपनी सूचना भेजें। हम यहाँ ही आपका दर्शन करना चाहते हैं। आप बहुत समय से यहां नहीं हैं। यहां शीघ्र ही पधारें। हम इतने दिन आपसे बिछुड़ कर नहीं रह सकते।"

पत्रिकाओं पर आलोचना

पत्रिका नं० १ पर आद्योपांत विचार करने से कपोल कल्पित जान पड़ती है। इसमें श्री कलगीधर जी की भविष्य वाणी द्वारा सिख सम्प्रदाय के समक्ष यह स्पष्ट करने का प्रयत्न किया गया है कि सतिगुरु रामसिंह श्री कलगीधर जी के अवतार हैं। इसके साथ ही साथ यह सिद्ध करने का प्रयास किया गया है कि यह भी गुरु गोबिंद सिंह जी और अकालपुरुष जी की आज्ञा है कि श्री

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

गुरु रामसिंह जी के विशेष आग्रह से फिरंगियों का वध होने के उपरांत खालसा राज बहाल होगा और उक्त गुरु महाराज राज्य सिंहासनारूढ़ होंगे। इस विषय में निम्नलिखित बातों पर विचार करना न्याय संगत है।

१—क्या गंदासिंह जी के अस्तित्व का कोई एतिहासिक प्रमाण है ?

२—क्या अहिंसावतार सतिगुरु रामसिंह जी की ओर से ऐसी पत्रिका लिखा जाने की आशा हो सकती है ?

३—क्या बाबा साहिब सिंह जी इतने भोले और अपार पक्के थे जिन्होंने एक नये व्यक्ति को ऐसी गुप्त और भेद युक्त पत्रिका दे दी, जिसे उन्हें किसी विश्वासपात्र व्यक्ति को देना उचित था ?

४—जब यह पत्रिका सतिगुरु जी की ओर से संगत को लिखी गई और द्वितीय पत्रानुसार यह संगत को पढ़कर सुना दी गई तो फिर इसे सतिगुरु जी के पास वापिस भेजने की क्या आवश्यकता पड़ी।

५—पत्रिका कप्तान मिलर ने ११ जून १८६३ ई० की रिपोर्ट में लैफ्टीनेन्ट गवर्नर पंजाब (लाट साहिब) को भेजी। अतः यह बात गम्भीर विचार का विषय है कि इससे ५ दिन पूर्व (५ या ६ जून १८६३ ई० को] सद्गुरु रामसिंह जी और बाबा साहिब सिंह जी कहाँ थे ?

जहाँ तक पहिले प्रश्न का सम्बन्ध है सरकारी रिपोर्ट के अनु-सार गैंदासिंह इस प्रकार का कूका बना हुआ प्रतीत होता है जिसे बाबासाहिब सिंह जी ने अपना विश्वास पात्र समझ कर वह भेद पूर्ण पत्रिकायें देकर गुरुजी की तरफ भेजा, जिन्हें राजनैतिक दृष्टिकोण से अत्यन्त गुप्त रखना चाहिये था, परन्तु गैंदा सिंह जिससे 'कूका' इतिहास मूलतः अनभिज्ञ है ऐसा विश्वास पात्र व्यक्ति नहीं हो सकता। हमारे पास सर्वप्रथम प्रमाणिक कूका इतिहास भाई सन्तोषी सिंह जी का हस्तलिखित उपस्थित है यदि गेंदासिंह ऐसा प्रमुख व्यक्ति होता जिसे सद्गुरु जी कीनिजी डाक ले जाने योग्य समझा जाता तो उसका नाम उसकी सेवाओं सहित हमारे इतिहास में सर्वप्रथम अवश्य लिखा होता, और साथ ही साथ सद्गुरु जी की अपने हाथ से लिखी पत्रिका ऐतिहासिक पन्नों से अलग न रहती; किन्तु पंथ के महा-प्रमाणिक इतिहास में गेंदासिंह व उसकी किसी सेवा का नाम तक न होना यह सिद्ध करने के लिये काफी है कि मुखबिर गेंदा-सिंह व पूर्वोक्त पत्रिकायें वास्तविक नहीं किन्तु बनावटी हैं।

क्या सद्गुरु जी द्वारा ऐसे पत्र लिखे जाने की संभावना भी थी या नहीं ? इस प्रयत्न को गुरुजी के उस रहितनामें के प्रकाश में विचारना आवश्यक है जिसमें उन्होंने अपने अनुयायी जन समूह के प्रति इस उपदेश पर दृढ़ होने की ताकीदकी है कि लोगों के दुर्वचनों का सहन करना यहाँ तक कि यदि कोई पीट भी दे तो आगे से बदला नहीं लेना किन्तु क्षमा कर देना ही ठीक

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

है ।× यह उपदेश १८६३ ई० के प्रारम्भ काल में ही श्री भैणी साहिब से पंजाब भर की सिख जनता के नाम लिखकर भेजा गया था । अतएव अहिंसा के इस महान प्रचारक द्वारा ऐसे हिंसा मय पत्रों का लिखा जाना कैसे प्रमाणित हो सकता है, जिनमें सिखों को उत्तेजित करते हुए अंग्रेजों को क़त्ल करने की प्रेरणा दी गई हो ?

"बाबा साहिब सिंह जी के सम्बन्ध में यह कदापि स्वीकार नहीं किया जा सकता कि वे सदगुरु जी के अति निकटवर्ती तथा सुविख्यात नीति निपुण नीतिज्ञ वदत्त पुरुष नहींथे । आगे चलकर पाठक देख सकेंगे कि कूका संगठन पूर्ण हो जाने पर आपको महिकमा डाक की जिम्मेवारी संभाली गई थी । सरकारी रिकार्ड Government recordके आधार पर सदगुरु जीने अपने बाद उन्हें उत्तराधिकारी बनाने का निश्चय किया था ।+ इसके अतिरिक्त सरकारी कर्मचारी उन्हें बड़ा चुस्त व नितिज्ञ व्यक्ति मानते थे । अतएव ऐसे नीतिवान Politicien से यह आशा करनी कि उसने सदगुरु जी के गुप्त पत्र झटपट गैंदासिंह जैसे नवीन व्यक्ति के हवाले कर दिये, बुद्धिमत्ता से दूर की बात है ।

×-"बोल कबोल सहि जान 'सभद । जे कोई मारे कुछ तांवी खिमां करनी, तुसां दा रक्षक गुरु है । रहित नावां श्री सदगुरु राम सिंह जी ।

+विरीफ अकाउंट टू दी कूक सेक्ट पन्ना २८

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

अब इस बात के सपष्टी करण की विशेष आवश्यकता नहीं प्रतीत होती, द्वितीय पत्रिका नुसार प्रथम को सदगुरु जी के पास लौटाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। यदि उस पत्रिका में यह शब्द लिखे होते कि 'यह पत्रिका संगत को सुनाकर वापिस कर दी जावे, तो इसके वापिस करने के सम्बन्ध में कुछ सोचा जा सकता है।

अन्त में हमें निर्णय करना है। कि गैंदासिंह के भैणी साहिब जाते समय सदगुरु रामसिंह जी कहां थे? इससे सही-सही बात भी स्पष्ट हो जायगी। यह पूछा जा चुका है कि मिलर ने ११ जून को लैफ्टीनेन्ट गवर्नर को रिपोट लिखीजिससे यह ज्ञात होता है कि कथित गैंदासिंह इससे ५ या ६ दिन पूर्व भेंट लेने को भेजा गया होगा। इस प्रकार उसके भैणीसाहिब पहुंचने की सम्भावना ५-६ या ७ जून १८६३ ई० तक ही की जा सकती है, परन्तु श्री सदगुरु रामसिंह जी सरकारी रिपोर्टों के अनुसार इन तिथियोंमें खोटा जिला फीरोज पूरमें थे जहाँ २ जून को पहुंचे। ४ जून कोआनन्द कार्य किये व ६ जून को असिस्टेंट पुलिस सुपरिन्टेन्डेन्ट खोटे ग्राम में गया, और ७ या ८ जून को डिप्टी कमिश्नर फीरोजपूर ने गुरुजी को वाघापुराणा के थाने में बुलाकर अपनी हिरासत में ले लिया और थाना व थाना उन्हें भैणीसाहिब पहुंचा दिया। जहाँ तक बाबा साहिबसिंह जी का सम्बन्ध है वह भी अन्य शिष्यों के साथ सदगुरु जी के दौरे में उनके संग ही होने चाहिये। विशेषतः खोट ग्राम में आयोजित

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सम्मेलन में जहाँ आनन्द मर्यादा की स्थापना निश्चित थी, वह अवश्य साथ साथ होंगे। इस मिमांसानुसार वह जून के प्रारम्भ से ही भैणी साहिब से बाहर सिद्ध होते हैं। फलतः कल्पित गैंदासिंह का उनके पास भैणी साहिब पहुंचना सर्वथा निर्मूल और असत्य सिद्ध होता है। यदि थोड़ी देर के लिये यह भी मान लिया जावे कि बाबा साहिब सिंह जी खोटा नहीं गये होंगे और उन्हें विश्वास पात्र समझ कर डेरे के प्रबन्ध के निमित्त भैणी साहिब ही छोड़ दिया गया होगा तो भी यह बात नहीं मानी जा सकती कि बाबा साहिबसिंह जो को सद्गुरु जी का पता न था, कि वह कहाँ थे। प्रत्येक रूप में गैंदा सिंह की कहानी निर्मूल व असत्य सिद्ध होती है। इसके अतिरिक्त कल्पित गैंदा सिंह सम्बन्धी कवायद की रिपोर्ट सरकारी रिपोर्टों के आधार पर ही खंडित हो जाती है। गैंदासिंह का वह बयान जिसका उल्लेख हो चुका है, जिसमें भैणी साहिब में रात्रि के समय ढोल बजाकर कवायद करने की बात है उसका सरकारी रिपोर्ट द्वारा ही अपुष्टीकरण हो जाता है। रिपोर्टानुसार 'कूकों' की कवायद सम्बन्धी गैंदासिंह की रिपोर्ट की पुष्टि नहीं हो सकी।"×

×'गैंदा सिंह रिपोर्ट्स टेवार्ड्स दी ड्रिलिंग आफ कूकाज़ हैवनाट कारबोरेटिड" ब्रीफ अकाऊंट टू दी कूका सेक्ट पृष्ठ २८ गैंदासिंह की व कूकों की कवायद बाबत सूचनाओं की पुष्टि नहीं होस की।

हजरों पर निगरानी

अटक ज़िला में हजरों 'कूकों' का प्रथम केन्द्रीय स्थान था जिससे उसका सरकार की दृष्टि में खटकना प्राकृतिक था। सरकारी कागजात से पता चलता है कि लेफ्टीनेन्ट गवर्नर पंजाब ने मिस्टर ग्रीन सुपरिन्टेन्डेन्ट पुलिस अटक को विशेष आदेश दिया कि वह हजरों से सावधान रहें और उस स्थान की कड़ी जांच रखें। और विशेषतः यह बात विचाराधीन होनी चाहिये कि रामसिंह और हजरों के कूका नेताओं में कोई ज़बानी या लिखित सम्पर्क तो नहीं चल रहा है।+ यद्यपि हजरों के बारे में सरकारी रिकार्डों में किसी ऐसी घटना का उल्लेख नहीं मिलता जो सरकारी दृष्टिकोण से आपत्ति जनक समझी जाती तो भी मिस्टर ग्रीन का पंजाब गवर्नर द्वारा बुला-कर विशेषादेश दिया जाना प्रमाणित करता है कि उस समय अंग्रेजी सरकार का हृदय× कितना त्रसित था।

विद्रोह की आशंका

समस्त देश में इस बात का बड़ा चरचा था कि १८६३ को दीपमालिका के सुअवसर पर सतिगुरु रामसिंह जी अपने 'कूकों'

×कूका कागजात पृष्ठ ६

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सहित सहस्त्रों की संख्या में सिखों के साथ अमृतसर पधारेंगे। उस समय सरकार पंजाब को, कैप्टन मैंजी, डी० एस० पी० अमृतसर की ३१-४-१८६३ की रिपोटानुसार से बहुत घबराहट हुई। रिपोर्ट में लिखा है "कि सर्दार नरैणासिंह पुलिस के एक कूके सिपाही ने यह मान लिया था कि इस दीपमालिका तक गुरु रामसिंह जी की समस्त योजनायें पूरी हो जायेंगी, जिसके अनुसार अमृतसर में विद्रोह की सम्भावना है। कारण यह कि पंजाब में उनके ४० हजार सेवक विद्रोह के लिये पूर्णता तैयार हैं और गुरु जी ने ऐलान कर दिया है कि आवश्यकता पड़ने पर वे शस्त्र भी जिनमें बन्दकें भी शामिल हैं पर्याप्त संख्या में प्राप्त कर सकेंगे। उनका डाक प्रबन्ध समस्त पंजाब में प्रचलित हो चुका है। उनकी डाक एक गांव से दूसरे गांव में बराबर पहुंचती रहती है। वह सरकारी डाकखाने से कोई सम्बन्ध नहीं रखते।*

मेजर फेरिंगटन की रिपोर्ट—मेजर फेरिंगटन कमिशनर अमृतसर ने दीवाली के अवसर पर विद्रोही शंका सन्बन्धित ३१ मई १८६३ ई० को अपनी रिपोर्ट लिखी, जिसमें लिखा था कि "सर्वसाधारण में यह बात फैली हुई है कि इस दीपावली के अवसर पर रामसिंह और उनके निश्चित ही सिखों की ओर से कोई न कोई हर्कत की बात अवश्य प्रकट होगी।

---

*कूका कागजात पृष्ठ ६

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

अमृतसर दीपमालिका सम्बन्धित ७ और २२ जून की रिपोर्टों में मिस्टर मैंज़ोज डी० एस० पी० अमृतसर ने सदगुरु जी की ओर से समस्त पंजाब के कूकों के नाम जारी किये हुए गश्तीपत्र का उल्लेख किया है जो इस प्रकार है—

[गश्ती पत्र]

"समस्त ग्रामों के सिखों, स्त्रियों और बच्चों को जो दीवान में उपस्थित हों श्री वाहिगुरु जी फतेह बुलाई बाँचनी। जो बातें मैंने आपको सिखाई हैं उनकी ओर ध्यान देना वरना आपके मुँह दो जहान में काले होंगे। जो चोरी, जारी आदि गन्दा कर्म करे, उसे दर्बार में न प्रविष्ठ होने दें। यदि बल पूर्वक आना चाहे तो गुरु जी के सम्मुख प्रार्थना करें कि वह आने योग्य ही न रहे। एकत्रित होकर वाणी का कीर्तन करें व अकाल पुरुष का यश गायन करें। किसी से भमन करें। किसी को बुरा मत कहें। तुम्हारा रक्षक गुरु है, जो तुम्हारी सहायता करेगा। मैं आपको उनकी नामवलि भेज रहा हूं जिन्होंने अपराध किये हैं। उन्हें घरों में प्रविष्ट न होने दो। जो अपनी कन्या का पैसा लेगा वह बदमाश है। बालिका बध और 'बट्टा' × रिश्वत का तबादला करने वाले को भी वैसा ही समझो। अपने बच्चों को

× यह एक सामाजिक कुरीति है जिससे लोग अपनी कन्या के तबादले में अपने पुत्र को विवाह लेते हैं। उस समय यह कुप्रथा अत्याधिक वेग में थी।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

ग्रंथ (साहिब) की वाणी अनुसार शिक्षा मिलनी चाहिये। दीप-मालिका पर असर आवे।"

रहित नाम

यह उपदेश सद्गुरु रामसिंह जी ने अपना आन्दोलन चालू करने के आरम्भ काल में ही पंजाब भर के लिये भैणी साहिब से सन १८६२ में लिखकर भेजा था। कूका सिखों में इस उपदेशा वली का रहित नाम श्री सद्गुरु रामसिंह जी के नाम से पुकारा जाता है। यह निम्नलिखित अनुसार है।

१ ओ३म् सद्गुरु प्रसाद

"लिखतुम रामसिंह और समूह खालसा जी भैणी साहिब का समस्त खालसा जो को श्री वाहिगुरु जी का खालसा श्री वाहिगुरु जी की पातह तुगाई (प्रमाण) स्वीकार करनी। रहितनामा समुह संगतार्थ लिखा भैणी से। पिछली रात्रि उठकर गड़वा (लोटा) लेकर शौच हो आना। दो बार गड़वा का (मिट्टी से) मार्जन करना। शौच वस्त्र उतार कर जाना। दातून करने के पश्चात स्नान करना। वाणी पढ़ना। यदि कंठस्थ न हो तो उसे कर लेना। समस्त माताओं व बच्चों को "जय" जाप और दोनों के हजारे शब्द× कंठ करना। रहिरास, आरती और कीर्तन सोहिला—इतनी वाणी अवश्य कण्ठ करना और स्नान किये बिना भोजन न करना। शील व सन्तोष रखना। सच्चे

×वाणी का नाम

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

गुरु का भजन आठों पहर करना। पर स्त्री, कन्या को बहिन (को अपनी कन्या व बहिन के) समान समझना। दूसरे के धन सम्बन्धी गुरु जी ने पहिले ही लिखा है 'हक पराइया ज्ञानका उस सूअर उस गाय, जो कोई भजव 'पूछ' कर ना करेगा उसका मुख दो जहान लोक प्रलोक में काला होगा। सबकी सबके दुर्वचनोंका सहन करना यदि कोई पीटे तो भी क्षमा करना आपका रक्षक गुरु है, प्रत्येक समय अपनी भलाई छिपाना, हर वक्त दीवान लगाना, हरिकीर्तन करना। चौके में चरण धोकर जाना, होम भी करना। होम के स्थान पर लिपाई करना। होम में पलास या बेर की लकड़ी डालना, फूंकना नहीं। होम की आग को पंखे से प्रचंड करना। पाँच सज्जन होम में पुस्तकों से संस्करण पढ़ें। चौपई जप, जाप, चंडी दीवार, उग्रदन्ती, चंडी चण्डी चरित्र अकाल असंतति। पष्टम मनुष्य आहुति दे। फिर सप्तम मनुष्य जल के छींटे दे। जो बुरा कर्म 'जारी या चोरी करे उसे किसी स्थान पर दीवान में प्रविष्ठ न होने देना। यदि बलशाली हो तो सब इस प्रकार का अरदास करें कि हे गुरु जी यह मनुष्य यहाँ आने योग्य ही ना रहे और मेरी बुद्धि तुच्छ है, आपनेस्वयं ही सब कुछ समझ लेना। और सबने हाथ जोड़कर परमेश्वर के आगे कहना 'हे। महाराज हमारा धर्म बना रहे" काछ+पहिने। एक पांव में पहिनकर दूसरा उतारना।

+कछहिरा जो हर एक सिंह के लिये पहिनना अति आवश्यक होता है यह पांच 'क' (कक्कों) में से एक है।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

किसी का बुरा कर्म न छुपाना। कन्या का पैसा न लेना 'वट्टा' न करना। सदा गुरु २ शब्द जपते रहना। सब दल को यह आज्ञा सुना देना कि १५-१६ वर्षीय कन्या से कम कोई अपनी कन्या का विवाह न करे। सुरा, माँस नहीं खाना पीना। गुरु का भय रखना हर दम।

इसी रहित नामे को अपनी इच्छानुसार बढ़ा घटाकर ज्ञाट साहिब के पास भेजने का मनोरथ केवल यही प्रतीत होता है, कि कैप्टन मैंज़ीज़ और मेजर फेरिंगटन अपनी रिपोर्टों को प्रमाणिक बना सकें जिनमें उन्होंने लिखा था कि १८६३ ई० की दीपमालिका को सतिगुरु रामसिंह जी और उनके सिंख अमृतसर में विद्रोह कर देंगे।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

❀ नजरबन्दी का प्रथम आदेश ❀

इस बात का उल्लेख हो चुका है कि सद्गुरु जी और उनके सेवकों को खोटा के दीवान के पश्चात् थाला व 'थाना' श्री भैणी साहिब पहुंचा दिया गया था। दूसरी ओर लैफ्टीनेंट गवर्नर पंजाब ने सरकारी कर्मचारियों को कूका आन्दोलन सम्बन्धी रिपोर्टें भेजने का आदेश दे रक्खा था। मेजर यंगहसबैंड इंस्पेक्टर जनरल पंजाब ने समस्त रिपोर्टें एकत्रित करके एक स्मृति-पत्र (Memoiandum) गवर्नर पंजाब को पेश कर दिया। उन रिपोर्टों और उस स्मृति-पत्र के आधार पर सद्गुरुजी को श्री भैणी साहिब में नज़रबन्द कर दिया गया! नज़रबन्दी के बारे में जारी हुए सरकारी आदेश का अनुवाद हम नीचे पेश करते हैं—

१–रामसिंह की सरगरमियों की सूचना सर्व प्रथम लैफ्टीनेंट को अप्रैल १८६३ में दी गई। जिनकी जाँच के लिये किसी प्रकार का कष्ट दिये बिना उनपर कड़ी निगरानी का प्रबन्ध किया गया।

२–बहुत से कर्मचारियों की ओर से पेश की गईं रिपोर्टों से यह स्पष्ट होता है कि रामसिंह सिखधर्म में सुधार का पुरुषार्थ

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कर रहे हैं और उनके उपदेश और आज्ञा पत्र न केवल हानि रहित हैं वरन लाभदायक भी हैं।

३–उनके सिख अधिक संख्या में हैं, जो नीच जत्थों में से हैं, जिनमें से कुछ पुलिस में भी देखे गये हैं।

४–रामसिंह एलानियां कहते हैं, कि वह सांसारिक राज्य की इच्छा नहीं रखते। जहाँ तक उनके प्रचार के सम्बन्ध में जांच की गई है वह विद्रोह की पुष्टि नहीं करता।

५–सत्य अथवा असत्य, उनके हस्ताक्षरित गश्तीपत्रों से उनके आन्दोलन से लाभ उठाया जा रहा है जिसमें लोक-लाभ के विरुद्ध खतरेवाली बातें हैं। उसके सिखों में से कुछ के बारे में रिपोर्ट की गई है कि वह विद्रोहात्मिक बातें करते रहते हैं जिसका निःसन्देह जनता पर यह प्रभाव पड़ रहा है कि वह अपने आपको आगामी नरेश प्रगट कर रहे हैं, जो अंग्रेजों को पंजाब से बाहर निकालने में प्रयत्नशील हैं।

६–मन्तव्य चाहे कुछ हो, उनके दीवानों और उपदेशों का प्रभाव जनता को चिन्तित करने वाला होता है और पहिले से ही पुरातन और इस नवीन पन्थ के बीच एक छोटे से झगड़े की रिपोर्ट मिल चुकी है। साथ ही यह भी निश्चित हो गया है कि दीपमालिका के अवसर पर नवीन पंथ का भारी सम्मेलन होगा, जिससे शान्ति भंग होने की आशंका होती है।

७–एक एकत्रिता जो पहिले कानून के विरुद्ध न हो बाद में कानून विरुद्ध हो सकती है।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

८–वर्तमान कार्यवाहियों से प्रकट होता है कि गुरु रामसिंहजी के सम्मेलन कानून विरुद्ध धारा के नीचे आने के कारण जिम्मेवार हैं। इस प्रकार उनपर भारतीय दंडावली की धारा १४१ लागू होती है।

९–अतएव यद्यपि किसी धार्मिक प्रश्न में सरकार हस्ताक्षेप करने का इरादा नहीं रखती, या किसी विशेष धर्म का सुधार करने के प्रयोजन से किये गये जलसों पर प्रतिबन्ध लगाना नहीं चाहती। पर जब उस धर्मानुयायियों के तरीकों से शांति विरुद्ध उत्तेजना मिले तो ऐसे सम्मेलन कानून विरुद्ध समझे जाते हैं और कानूनानुसार दण्डाधिकारी हो जाते हैं।

१०–वर्तमान दशामें रामसिंह और उनके सेवकों को ताड़ना की जाती है कि उन्हें इस आदेश का पालन करना चाहिये कि वह अमृतसर में कोई सम्मेलन न करें, उन्हें यह बात भली-भाँति समझा देना चाहिये। यद्यपि उनके दीवान स्वयं हानि रहित है तो भी सत्य या असत्य रिपोर्टों से निश्चित होता है कि वह लोगों में असन्तोष पैदा करने में सहायता करते हैं।

११–यदि इस ताड़ना के पश्चात् भी सम्मेलन (दीवान) किया गया और कोई झगड़ा हुआ तो लोक शांति भंग होने के अपराध में उन पर मुकद्दमा चलाया जायगा।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

१२-रामसिंह को हिदायत की जाती है कि वह अपने गांव में ही रहें। पुलिस उन पर निगरानी रक्खेगी और उनकी सरगर्मियों की रिपोर्ट करेगी।

३० जून १८६३ (ह) टी० डी० फारसिंव

स्थानापन्न मंत्री पंजाब सरकार

निगरानी प्रारम्भ—३ जुलाई १८६३ ई० को सतिगुरु रामसिंह जी को लुधियाना बुलवाकर उपरोक्त आदेश सुनाया गया। डिप्टी कमिश्नर लुधियाना ने आपको कहा कि बिना सरकारी आज्ञा के वह भैणी साहिब की सीमा के बाहर नहीं जा सकेंगे। इस आदेश पर सतिगुरु जी थोड़ा सा मुसकराये और भैणी साहिब वापिस चले आये।

गश्ती पत्र—नजर बन्दी का हुक्म सुनाने के पश्चात् मेजर यंग हसबैंड इंसपैक्टर जनरल पुलिस पंजाब ने सब जिलों के पुलिस डिप्टी इन्सपेक्टर जनरलों के नाम गश्ती पत्र जारी किये जिसमें लिखा गया कि वह अपने अपने हलकों में हिदायतें कर दें कि उन्हें सतिगुरु रामसिंह जी के सम्बन्ध में जो कोई सूचना मिले तो सीधे (सेक्रेटरी) मन्त्री पंजाब सरकार के पास भेज दें, और यह भी समझा दिया जावे कि विभिन्न साधनों से सूचनायें गुप्त रूप मे प्राप्त की जावे और पूर्ण रूप से गुप्त रक्खी जावें।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कूक संगठन—३ जुलाई से ही भैणी साहिब में पुलिस का एक हवलदार व एक सिपाही नियुक्त किया गया जिनका काम सतिगुरु रामसिंह के कार्यों की निगरानी करना था। गुप्तचर भी नियुक्त कर दिये गये।

सूबों का स्थापना—दौरों से अवकाश पा कर गुरु जी ने देश भर के सिखों का दृढ़-संगठन करने की योजना तैयार की। जिसके अनुसार ५ सूबे स्थापित किये गए। इनके आधीन समस्त पंजाब के सिखों को संगठित करने की आज्ञा दी गई। सरकार ने झटपट उन पाँचों को भी भैणी साहिब में नजरबन्द कर दिया। तद्पश्चात् आपने अन्य १७ सूबे स्थापित किये। उन्हें भी फौरन नजरबन्द कर दिया गया। कुछ को भैणी साहिब में कुछ को उनके ग्रामों में ही कैद कर दिया गया।

(२२ सूबों के नाम और गांव)

(१) बाबा जवाहरसिंह जी। ग्राम सोहल, जिला अमृतसर

(२) बाबा काहनसिंह जी निहँग। ग्राम चँक कलां, मलेर-कोटला राज्य

(३) बाबा सद्धासिंह जी। ग्राम सढोर, जिला अम्बाला।

(४) बाबा साहिबसिंह जी। ग्राम गंगालीपुर, जिला अमृतसर

(५) बाबा लक्खासिंह जी। ग्राम सलौद, जिला लुधियाना

यह पाँच प्रथम सूबे थे।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

(६) बाबा अरूड़ सिंह जी। ग्राम बंगाली पुर जिला अमृतसर

(७) बाबा सरमुख सिंह। ग्राम लल्लूवाला, पटियाला राज्य (जमींदार) आपका जन्म ढिलवां ग्राम नाभा राज्य में हुआ था।

(८) बाबा जमीतसिंह सुपुत्र चन्दासिंह। ग्राम गिल, जिला स्यालकोट (जमींदार)

(९) बाबा ज्ञानीसिंह। ग्राम मंडीकलां संगरूर राज्य (राजपूत)

(१०) बाबा मानसिंह सुपुत्र मक्खनसिंह। ग्राम सैदो, जिला फीरोज पुर (जमींदार)

(११) बाबा ब्रह्मसिंह सुपुत्र गुलाबसिंह। ग्राम दरयापुर, जिला करनाल (जमींदार)

(१२) बाबा भगवान सिंह। ग्राम फत्तेवाल जिला अमृतसर (आहलूवालिया)

(१३) बाबा राजासिंह। ग्राम वांडी, जिला स्यालकोट (रामगढ़िया)

(१४) बाबा हुकमसिंह सुपुत्र मेहरसिंह। ग्राम पित्थो, नाभा राज्य (जमींदार)

(१५) बाबा मलकसिंह सुपुत्र सुखसिंह। ग्राम फूलेवाल, जिला फीरोजपुर (जमींदार)

(१६) बाबा जोतासिंह सुपुत्र रतनसिंह। ग्राम डरई जिला स्यालकोट (कुम्हार)

(१७) बाबा खजानसिंह सुपुत्र मजीसिंह। ग्राम लधाणा जिला जालंधर (राम गढ़िया)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

(१८) बाबा नरैणसिंह सुपुत्र संतासिंह। ग्राम खटड़े जिला लुधियाना (राम गढ़िया)

(१६) बाबा समुंदसिंह सुपुत्र वसावासिंह। ग्राम खोटे जिला फीरोजपुर (जमींदार)

(२०) बाबा पहाड़ासिंह रईस। ग्राम मनौद जिला लुधियाना (जमींदार)

(२१) बाबा खुशहालसिंह सुपुत्र करमसिंह। ग्राम थराज जिला हिसार (जमींदार)। आप माता जीवन कौर और माता फतेह कौर के पिता थे।

(२२ बाबा गुपालसिंह सुपुत्र साहिबसिंह ग्राम रक्खड़ मरोड़ पटियाला राज्य (जमींदार)×

× कूका संगठन के बारे में प्रोफेसर रुचिराम साहनी, लाहौर; लिखते हैं कि—उन्होंने प्रत्येक जिले में एक सूबा नियुक्त किया। प्रत्येक तहसील में जत्थेदार और प्रत्येक ग्राम में एक ग्रन्थी नियत किया। प्रारम्भिक शिक्षा के लिये आश्रम खोले और जहाँ २ गये मुफ्त लंगर (भोजन शाला) जारी किया। अपने सिखों को सादा जीवन व्यतीत करने और अपने आश्रमी की सहायता करने की शिक्षा दी। आपने देखा कि पश्चम सभ्यता जीवन की सादगी और सदाचारिक शक्ति को छल से नष्ट कर रही है अत-एव पाश्चमिक सभ्यता की निंदा की और सरकारी नोकरियों और कचहरियों में जाने पर रोक लगा दी। आपके प्रचार से

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

देश को जाग्रत कर दिया। पुजारी समाज आपकी आलोचनाओं से बहुत कुछ क्रुद्ध गया। आप और आपके सिखों के लिये गुरुद्वारों में प्रविष्ट होने पर रोक लगा दी गई। गवर्नमेंट ने आपके आंदोलन को रोकने के लिये कानून का सहारा लिया (गुरु द्वारा रिफार्म मूवमेंट पृष्ट ३४)

———

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

डाक विभाग

KUKA POSTAL SERVICE

श्री सतिगुरु रामसिंहजी ने अपना डाकविभाग संगठित करके सूबा साहिब सिंह को उसका प्रधान कार्य कर्ता INCHARGE नियुक्त किया। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता से इस बात का अनुभव कर लिया था कि यदि डाक को सेंसर (जांच पड़ताल की सरकारी क्रियासे बचाना है तो उसका अद्वितीयढंग डाक विभागकी स्वतंत्र स्थापना है। यह विभाग इस योग्यता से संगठित किया गया कि कोई पत्र किसी अनधिकृत व्यक्ति के हाथ नहीं आ सकता था और समाचार भी सरकारी डाक योजना की अपेक्षा शीघ्र पहुंच जाते थे। सूचना संकेत भी नियत थे जिनका हलकारों को भी ज्ञान न होता था। केवल सूबे और जत्थेदारही उन्हें समझ सकते थे। कासिद का काम केवल इतना ही होता था कि जो संकेत या सांकेतिक शब्द डाक में उसे दिया जावे उसका बिना अर्थ पूछे ही अपने लक्षित ग्राम की ओर चल पड़े। जब वह दूसरे हरकारे तक [illegible] पहिले की बात सुनते ही आवश्यक कार्य को भी वहीं का वहीं छोड़कर आगामी पड़ाव की ओर दौड़ पड़े। इस प्रकार भिन्न २ पड़ावों से होती हुई डाक अपने निश्चित

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

स्थान पर पहुँच जाती थी। 'कूका' पोस्टल सर्विस के सम्बन्ध में सरकारी रिपोर्ट इस प्रकार है—

"कूके जिन्हें सन्त खालसा भी कहते हैं, उनका डाक विभाग निजी (प्राईवेट) है जो बड़ी होशियारी से सुसंगठत है। एक कूका जो डाक लेकर दूसरे गांव के कूके के पास पहुंचाता है वह जो भी काम करता हो वहीं रोक देता है। यदि रोटी आधी खा चुका है और आधी शेष रखी हो तो वह एक कौर भी मुँह में डाले बगैर व कोई प्रश्न पूछे बिना चिट्ठी लेकर दौड़ जाता है और आगामी पड़ाव पर पहुंचकर उसे दूसरे कूके को सौंप देता है। विशेष डाक जबानी [VERBAL] होती है जो लिखी नहीं जाती। मेजर परकिन्ज के कथनानुसार वह आम सड़क छोड़कर दूर का मार्ग लेते और कतरा कर जाते हैं।×

घर २ में रामसिंह—२२ सूबों की नजरबन्दी के पश्चात् कमिश्नर अम्बाला ने भैणी साहिब पहुंचकर सतिगुरु जी से पूछा कि 'आपको नजरबन्द किया तो आपने पांच सूबे बनाये। उसने उन पांच को भी नजरबन्द कर दिया। उपरात आपने १० और नियत किये। हमने उन्हें भी पकड़ लिया। अतएव आप यह बतलाइये कि अब आप क्या करेंगे?" सतिगुरु जी ने मस्ताना ढंग से उत्तर दिया कि "अब मैं घर-घर में रामसिंह पदा करूँगा।"

×A brief account to the Kuka sect P. 28

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

भैणी साहिब में लंगर—नज़र बंदी के दिनों भैणी साहिब में दर्शनाभिलाषियों की वड़ी भीड़ रहती थी। गुरु साहब ने अपने परिवारिक निर्वाह के लिये पहिले लोहे और कपड़े की दूकान खोली हुई थी। दूकान के लाभ से परिवार निर्वाह होता था। जो कुछ निर्वाह से अधिक होता था उसे संगतार्थ में लगा देते थे। संगत की ओर से जो माया भेंट होती थी उसके सुव्यय होने के लिये लंगर Fre Kitchan जारी किया गया। सन १८-६३ ई० से जारी यह लंगर आज तक चला आ रहा है। यह बड़ा लंगर जिसको लाह (रोटी पकाने की वड़ी लोहे की तवी) सति-गुरु जी के कर कमलों द्वारा स्थापित आज तक उसी प्रकार चालू है। लंगर के अतिरिक्त आपने एक सदाव्रत भी जारी किया हुआ था जो वरावर २४ घंटे खुला रहता था। उसका रूप यह है कि गुरुद्वारे के बड़े दर्वाजे के अन्दर ड्योढ़ी में एक वड़ी अल्मारी है जिसमें १ टोकरा प्रसाद (रोटी) और १ दाल का पात्र २४ घन्टे रक्खा रहता है। दूसरा लंगर तो रात्रि को बन्द हो जाता है पर यह रात्रि में भी खुला रहता है। रात को जो सिख प्रहरी हो उसका यह कर्तव्य है कि चाहे किसी समय भी कोई व्यक्ति आवे तो यह पूंछने के वगैर कि वह कौन हैं ? कहां से आये हैं ? और कहां जायेंगे, उसे आवश्यकतानुसार भोजन दे दिया जाये। १८६३ से आज तक यह मर्यादा चली आ रही है।

चीनी वाला सतिगुरु—नामधारी पंथ में श्री सतिगुरु राम-सिंह जी का एक विशेषण-'चीनीवाला' करके प्रसिद्ध है। जिसका

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कारण वह चीनी घोड़ी थी जो महाराज पटियाला के एक करीबी रिश्तेदार सर्दार मंगलसिंह बिशनपुर वाले ने दीक्षित होने के समय भेंट की थी। क्योंकि सतिगुरुजी प्रायः उस 'चीनी घोड़ी' का ही सवारी किया करते थे अतः संगत आपको प्रेम से 'चीनी वाला पातशाह' कहकर पुकारा करती थीं।

महाराजा पटियाला के कूका हो जाने की अफवाह—सरकारी रिकार्ड में इस बात का उल्लेख है कि सतिगुरु रामसिंह के सिखों की सख्या निर्धनों में अधिक बढ़ी किन्तु कुछ सरदार और प्रसिद्ध व्यक्ति भी इस पंथ में सम्मिलित हुए। इस कार्यालय (दफ्तर) में विभिन्न स्थानों से अफ़वाहें पहुँची हैं कि महाराजा पटियाला भी कूका हो गये हैं परन्तु यह सत्य हो या असत्य इसमें कोई सन्देह नहीं कि बिशनपुर निवासी सर्दार मंगलसिंह उनके मुख्य व अग्रगामी सिक्खों में से एक हैं, और इस सम्बन्ध में रिपोर्ट की गई है कि इस मत परिवर्तन में कोई राजनैतिक मन्तव्य है। मंगलसिंह धौलपूर और भरतपूर राज्यों के राजाओं का सम्बन्धी है और बिरादरी में वह जनरल (जरनैल) विशलेषण से प्रसिद्ध हैं वहिरामपूर निवासी सर्दार लखासिंह जागीरदार पटियाला भी उसके प्रमुख सिखों में से हैं।

प्रतिबंध हटाये गए—जब सरकार ने अनुभव किया कि सतिगुरु जी और उसके सूबों पर प्रतिबन्धोंने और भी अधिक असन्तोष और अशान्ति पैदा कर दी है तब सन १८६६ ई०

(१६२३ वि० संवत, को सर डोनेल्ड मेकनलड लैः गवर्नर पंजाब के आदेशानुसार समस्त प्रतिबंध हटा लिये गये और उन्हें स्वेच्छानुसार पूर्वक भ्रमण की आज्ञा देदी गई।×

विशेष उन्नति—प्रतिबंध हटते ही नवोत्साह से कार्य प्रारंभ हो गये समस्त पंजाब में दीवान (सम्मेलन) सजने लगे, और सहस्रों स्त्री, पुरुष व बच्चे अमृतपान कर गुरु सिखी में सम्मिलित हो गये। उस समय के इंस्पेक्टर जनरल पुलिस ने सम्वत् १८६७ में जो रिपोर्ट पंजाब सरकार को भेजी, उसके सारांश यह हैं—

(२) यद्यपि मेरी यह सम्मति कि है रामसिह के कार्यों पर अभी प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता नहीं है तो भी मैं यह उचित समझता हूं कि उनकी और उनके सूबों के कार्यों की देख रेख अवश्य करते रहना चाहिये, क्योंकि इस पंथ के भयानक विद्रोह केन्द्र बनजाने की आशंका है, अतएव कुछ समय तक इसकी गतिविधि की सावधानी से देख रेख रखने की आवश्यकता है।

(३) यद्यपि इस आंदोलन के नेता की इच्छायें और मनतव्य शांतिमय प्रतीत होते हैं पर उसके सेवकों का उसके नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास हमारे विरुद्ध हानि पहुंचाने में सुविधात्मक ढंग से प्रयोग में लाया जा सकता है।

×कूका पंथ की संक्षिप्त कथा पन्ना ३२

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

(४) कूका विरादरी की वर्तमान गणना का अनुमान असुविधा-जनक है, तो भी हम आपकी सुविधा के लिये इस वर्ष की 'कूका' पंथ बाबत प्राप्त रिपोर्टों का सारांश उपस्थित करते हैं—

'समस्त प्राप्त रिपोर्टों से यह प्रगट होता है कि कूकों की जन संख्या अधिकाधिक होती जा रही है। कप्तान हैरस के अनुसार १८६६ ई० से पूर्व अम्बाले में बहुत थोड़े से कूके थे, परंतु वाद में इस नवीन पंथ ने अम्बाले और लधोवा के परगनों के लोगों का इतना विश्वास प्राप्त कर लिया। अब पता लगा है कि १५ गाँव कूकों से पूर्णतया सम्बंधित हो चुके हैं, और अनुमानतः इन गांवों की संयुक्त जन संख्या ४००० है जो विशेषतः रामदासी बढ़ई (तरखाण) लोहार और जाट अधिक अधम जातियों पर निर्भर है। ऐसा जान पड़ता है कि शुद्धसिह और कांह (काह्न) सिह को जिला अम्वाला के सूबा पद पर नियुक्त किया गया है, पर जब कप्तान हैरस ने लिखा था वहाँ कोई सूबा नियुक्त नहीं था। जिलों में होनेवाले दीवान (सम्मेलन) छोटे होते थे किन्तु गृह रहित विहंगम साधुओं के सम्मिलित हो जाने से यह सम्मेलन सजीव हो उठते थे। ७ कूके पुलिस विभाग में थे। इस पंथ के सम्बन्ध में इस जिले के जितने अधिकृत, सम्पर्क वाले लोगों से पूछ की, तो सब के उत्तर इस पर केंद्रित थे कि यह विशुद्ध धार्मिक आंदोलन है।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सैनिक अधिकारियों का मत—

"कूका पंथ दी संखेय विधियां" का लेखक लिखता है कि हमने सीमांत पलटनों में एक पलटन के देशी अधिकारियों से इस पंथ के सम्बन्ध में उनका जो मत लिया वह इस प्रकार है—"वह सब इस पंथ के सिद्धान्तों में श्रद्धा रखते हैं। वह इस बात को मानते हैं कि सिख पंथ की प्राचीन पवित्रता का पुनरुद्धार करने और नवीन मर्यादा स्थापित कर समाज को दोष रहित करने का यह (कूका) एक पुरुषार्थ है जैसा कि ब्राह्मणों के परामर्श द्वारा विवाह की तिथि का निश्चय करना आदि। उन सर्दारों के कथानानुसार इस पन्थ का सिद्धान्त अद्वैतवाद मात्र एक ईश्वर को प्रमाणित करना है।

वह उच्चारण के सदुपदेशों से चोरी और उससे संबंधित दुष्कर्मों का बड़े जोर से निषिद्ध करते हैं। वह पंथ को केवल पहली नरोल अवस्था में पुनर्जीवित करने तथा समय समय के अनुसार सिख पन्थ को भ्रष्ट करने वाले दुष्कर्मों को दूर करने में चिन्तातुर रहते हैं। जिन सर्दारों से इन प्रयत्नों के राजनैतिक होने के बारे में बातचीत हुई उन सब ने इसके राजनैतिक होने का मत प्रगट किया।

निःसंदेह समस्त सिख और कूका अपने खालसा राज्य को पुनःस्थापित देख कर हर्षित होंगे, किन्तु मैं नहीं समझता कि इस पंथ प्रसार से हमें कोई आशंका है।×

पृष्ठ ४६-४७

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सत्याग्रह का आदर्श

सतिगुरु जी पर बड़े सम्मेलनों, मेलों और दीवानों में सम्मिलित होने की सरकारी तौर पर रोक लगी हुई थी, जिसके कारण वह किसी बड़े सम्मेलन पर नहीं जा सकते थे। परन्तु आप सन १८६६ के उस महान सम्मेलन पर जो होलियों के दिनों में आनन्दपुर में हुआ करता है बिना सरकारी आज्ञा प्राप्त किये चले गये। सरकार ने इसका कोई नोटिस तो न लिया पर यह बात बीच ही बीच घाव कर गई। सन १८६७ के त्यौहार होली पर आपने आनन्दपुर जाने का विचार किया पर इस बार उन्होंने सूबा लक्खा सिंह जी को आज्ञा प्राप्त करने के लिये लाहौर भेज दिया परन्तु सरकार ने स्वीकृति न दी, जिस पर सतिगुरु जी ने यह घोषणा कर दी " गवर्नमेंट ने आनन्दपुर जाने की आज्ञा न दी तो भी हम वहां पहुंचेंगे।" आपकी ओर से यह द्वितीय सत्याग्रह की घोषणा थी। आपका आनंदपुर जाने का दृढ़ संकल्प देखकर सरकार ने अपना ढंग कड़ा न रक्खा और आपको जाने दिया गया, किन्तु आपकी कार्यवाही पर देख रेख रखने के लिये मि० मैक ऐंडरेयूज़ डी० आई० जी० पुलिस लाहौर सर्किल को आनन्दपुर भेज दिया गया जो १०-३-१८६७ को लाहौर

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

से चलकर १७ मार्च १८६७को प्रातःकाल आनन्दपुर जपहुंचा। उसके साथ १ ए० एस० पी० पुलिस, ५० कान्सटेबिल होशियारपुर पुलिस के, १ इन्सपेक्टर और १० पुलिसमैन जालन्धर के थे। इसके अतिरिक्त शेरदिल रेजीमेंट का भूतपूर्व कमान अफसर सरदार बहादुर सरदार अतर सिंह, कुतुबशाह इन्सपेक्टर पुलिस फीरोजपुर, और फतेह खां इन्सपेक्टर पुलिस अमृतसर भी डिप्टी इन्सपेक्टर जनरल के साथ आनन्दपुर पहुंचे। १८ मार्च को मेजर परकिन्ज डिप्टी कमिश्नर होशियारपुर भी उनसे जा मिले। केवल सतगुरु रामसिंह जी के आनन्दपुर जाने की घोषणा से समस्त प्रान्तीय पुलिस सशंकित थी और ऐसा प्रतीत होता था कि मानों श्री कलगीधर पिता के समयानुसार आनन्दपुर साहिब एक वार फिर शाही सेना के घेरे में आ गया है।

सतिगुरु जी का आनन्द पुर आगमन—

सतिगुरु जी अपने सूबों और सहस्त्रों सिखों सहित १९ मार्च १८६७ को श्री आनन्दपुर की सीमा में प्रविष्ट हुये। मार्ग में ही सरकारी अफसरों के डेरे (कैंप) थे जहाँ पहुंचकर कूका सिखों ने सति श्री अकाल के जयकारों से आकाश ध्वनित कर दिया, जयकारों की ध्वनि सुनकर अफसर (कैंपों) से बाहर निकल आये। सतिगुरु जी ने अपनी दाहिनी भुजा उठाई तो सैनिक मर्यादानुसार सहस्त्रों नामधारियों का बढ़ता हुआ

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

जलूस रुक गया। मैक साहिब ने अंग्रेजी नियमानुसार टोप उतार कर सतिगुरु जी को अभिवादन किया और सूबा जवाहर सिंह सहित सतिगुरु जी को अपने खेमे के अन्दर जाकर बात चीत की —

मैक—आपका आनन्दपुर आने का अभिप्राय क्या है ?

सतिगुरु जी— केवल गुरुधाम और खालसा पंथ की जन्म-भूमि का दर्शन।

मैक—आनन्दपुर साहिब के महँतो) और पुजारियों ने आपके विरुद्ध शिकायत की है कि आप आनन्दगढ़ पर अधिपत्य जमाने के लिये आ रहें हैं।

सतिगुरु जी—(माला दिखलाकर) हमारे पास तो केवल माला ही है।

मैक—यदि आवश्यकता पड़ी तो क्या आप कूकों का सहियोग सरकार को दंगे।

सतिगुरु जी—कूकों से तो मेरा सम्बन्ध केवल ईश्वराधना का ही है।

मैक—आप गुरुद्वारे का दर्शन करने के लिये कब जाना चाहते हैं।

सतिगुरु जी—कल प्रातःकाल।

मैक अपनी रिपोर्ट में लिखता है कि "हमने उनसे सिखों के नंगे सिर (बिना पगड़ी के) शब्द (भजन) पढ़ने के (एतराज) के

बारे में प्रश्न किया तो उन्होंने उत्तर दिया कि यदि उनके सिख शब्द पढ़ें तो वह उनके लिये उत्तरदायी न होंगे क्योंकि उस समय वे अपने सब कामों से बेसुध हो जाते हैं। वह इस बात पर राजी हो गये कि उनके सिख मन्दिर में जाते समय शब्द कीर्तन नहीं करेंगे। दूसरे दिन प्रातः उनके गुरुद्वारा जाने का समय निश्चित हुआ।

सतिगुरु जी ईसा मसीह के रूप में

मैक साहिब की मेम (पत्नी) जो उस समय वहीं थी सतिगुरु जी की दिव्यमूर्ति और इष्ट वाणी से इतनी प्रभावित हुईं कि उसने कहा कि मुझे इस व्यक्ति में लार्ड क्राईस्ट (ईसा मसीह) के दर्शन हो रहे हैं।

महंत और मैक

सतिगुरु जी को मैक ने सम्मान पूर्वक विदा किया। तद्-पश्चात् आनन्दपुर साहिब के पुजारियों को लाया गया। मठाधीश हरी सिंह सर्व प्रधान थे जो गुरुद्वारा के सगढ़ के महन्त थे।

मैक—कूकों के सम्बन्ध में आपका क्या कहना है?

महँत—वह अपराधी हैं (तनखाहिये)। उनकी पगड़ी उतर जाती है। वह यहाँ उपद्रवार्थ आये हैं।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

मैक—उन्हें गुरुधाम के दर्शनों से वँचित नहीं रक्खा जा सकता। आप चिन्तित न हों। सारा प्रबन्ध सरकार स्वयं कर लेगी।

महँत—यदि कूका दरबार में गये तो तलवार चल जायगी

मैक—तलवार उठाने वाले के लिये १४ वर्ष के लिये कारा-ग्रह में वास करना होगा।

मैक की रिपोर्ट

कर्नल मैक इस मेले की रिपोर्ट में लिखते हैं "मैंने उसी दिन संध्या के समय रामसिंह के डेरे में पहुंचकर मुलाकात की। सरदार अतरसिंह के अतिरिक्त मैं अपने साथ किसी को न ले गया। रामसिंह एक शामियाने के नीचे अपने सिखों के घेरे में बैठे थे और निकटतः ५००सेवक वहाँ उपस्थित होंगे। वहाँ बिल-कुल शांति थी। उनमें अधिकांश स्त्री पुरुष सुन्दर वस्त्र पहिने थे। मैंने उनमें से किसी भी व्यक्ति को जोश में नहीं देखा। वे मुझे देखते ही झटपट अपने स्थान से उठकर आये और मुझे अभिवादन किया जो उच्च पदाधिकारियों और गुरुओं में कभी नहीं देखा गया।"

मैक के बयान पर आलोचना

सतिगुरु जी ने अपने सिंहासन से उठकर मैक को अभिवा-दन किया यह बात ढोंक से अधिक हैसियत नहीं रखती। मैक के कथन से स्पष्ट हो जाता है कि वह सतिगुरु जी के पास सायंकाल के दीवान समय पहुंचा। सतिगुरु जीका आसन ५०००

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

के लगभग सिखों से घिरा हुआ था, और वहाँ पूर्ण शांति थी। उनके सति-युगी जीवन की झलक थी। दीवान से उठकर किसी को अभिवादन की आशा जब एक सिख तक से नहीं की जा सकती है। सतिगुरु जी के संबंध में यह बात कैसे मानी जा सकती है तो अभिवादन की बात कहने के साथ ही मैक ने अपनी रिपोर्ट में यह भी तो लिखा है कि "जो उच्च पदाधिकारियों और गुरुओं में कभी देखने में नहीं आई।"--यह लेख इस बात की ओर संकेत करता है कि उसके हृदय में उसी समय यह बात बैठ गई कि उसके अभिवादन संबंधित लेख में जानकर किञ्चित मात्र भी सत्य नहीं मानेंगे। इसके अतिरिक्त मैक का कथन इस दृष्टि कोण से भी असत्य ठहरता है कि चार पाँच सौ पृष्ठों के कूका रिकार्ड में से एक भी शब्द इस प्रकार का पेश नहीं किया जा सकता जिससे यह सिद्ध हो कि सतिगुरु रामसिंह जी ने कभी किसी सरकारी अफसर को अभिवादन (सलाम) किया हो। मैक तो सतिगुरु जी की सेवा में स्वयं उपस्थित हुआ था किन्तु सरकारी रिपोर्टों के अध्ययन से स्पष्टी करण होता है कि यदि कभी किसी कार्य वश या किसी कारण सतिगुरु जी को किसी सरकारी अफसर के पास जाना भी पड़ा है तो उन्हें सतिगुरु जी ने कभी अभिवादन नहीं किया। उदाहरणार्थ हम मिस्टर मैकेन लेट कमिश्नर अम्बाला की रिपोर्ट के उदाहरण उपस्थित करते हैं--मि० मैकेनब लिखते हैं कि रामसिंह साधारण साधुओं व फकीरों की हैसियत नहीं रखता वह आपको आधी दर्जन घुड़-

सवारों के समेत मिलता है । बीसियों पैदल सेवक उसके साथ होते हैं । वह जब आपके कमरे में प्रवेश करता है तो एक सम्राट के समान अपने सूबों के मंडल में घिरा हुआ होता है ×। उक्त रिपोर्ट के अनुसार भी अधिकारियों के सम्मुख शाही ठाट रखनेवाली महान आत्मा श्री सतिगुरु रामसिंह जी का मैक जैसे पुलिस कर्मचारी को अभिवादन करना और वह भी दीवान में सउटवर—एक चेपक से अधिक सत्ता नहीं रखता।

गुरुद्वारों का दर्शन

सतिगुरु रामसिंह जी २० मार्च १८६७[७ सम्वत १९२३ वि०] को गुरुद्वारों को दर्शनार्थ चले। आगे २ अंग्रेज अफसर काफी संख्या में थे। पुलिस का प्रबन्ध था। गुरुद्वारा केशगढ़ का दर्शन करके जब सतिगुरु जी ने भेंट अर्पण की तो मठाधीश हरिसिंह ने यह कहकर अरदास करने से इन्कार कर दिया कि उसे अरदास आती नहीं। तो सतिगुरु की आज्ञानुसार बाबा ब्रह्मसिंह जी (एक कूका सूबा) अरदास की। स्वयं कड़ाह प्रसाद वितरण करके आपने फिर गुरुद्वारा तेगबहादुर जी का दर्शन किया वहां के मठाधीश ने भेंट स्वीकार करके प्रसन्नता पूर्वक अरदास की। तदपश्चात आप अपने डेरे वापिस आ गये।

पत्र व्यवहार

श्री सतिगुरु जी ने द्वितीय दिन पुजारियों को एक पत्रिका

×(मि० मैकेनब की रिपोर्ट ४-११-१८७१)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

लिखी जिसमें मठाधीश हरीसिंह के अरदास न करने का कारण पूछा तो उत्तर मिला कि—

[१] "आप अपने आपको ईश्वर प्रगट करते हैं।

[२] जब किसी को दीक्षित करते हैं तो अमृत पान नहीं कराते पर कान में गुरु मन्त्र देते हैं।

[३] जब कोई सिख बनता है तो आप उसे कहते हैं "जन्म गुरु हजरों व वासी भैणी" जबकि दूसरे सिख कहते हैं "जन्म गुरु पटना व वासी आनन्दपुर साहिब।

[४] आपके सिख उतार देते हैं।

[५] कूके मुसलमान फकीरों की तरह "हाल" खेलते हैं; इसलिये यह सिख केशों का जूड़ा नहीं करते और पगड़ी उतार देते नहीं हो सकते।*

सतिगुरू की ओर से एक और पत्र

इस पर सतिगुरु जी ने पुजारियों को एक और पत्रिका लिखी जो इस प्रकार है।

"यदि आप सिख धर्मानुसार चलाने वाले होते तो अवश्य मेरे सिद्धांतों की प्रशंसा करते। क्योंकि आप मांस भक्षण करते, मदन पान करते असत्य भाषण करते, दुष्कर्म करते

×Report Insgqctor Fazal Sqecal Reqorter Hold Air Hoshiarqur 20 3-1867

और कन्याओं का वध आदि अनेक अपराध करते हुये गुरु-वाणीसे पूर्णता विरुद्ध चलते है इसलिये कूके आपको सिख नहीं समझते। कूके अकाल पुरुष (ईश्वर) का कीर्तन करते हुये इतने बेसुध हो जाते हैं कि उन्हें अपने केशों और दस्तारों (पगड़ियों) की कुछ भी सुधि नहीं रह जाती।"

पंथ प्रवेश

इन्सपेक्टर फजल हुसैन स्पेशल रिपोर्टर होला होशयारपुर अपनी रिपोर्ट में लिखते हैं कि "सीढ़ियों में प्रताप सिंह रसौली वाला अपने पुत्र देवासिंह सहित कूका बन गया। मुखया नीरन्दर सिंह किरालीवाला मुखिया हीरासिंह सहित कूका बनने को तैयार है। प्रत्येक बात से मुझे यह मालूम होता जा रहा है कि कूका पंथ दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है जबकि दूसरे सिख कम हो रहे हैं। इसका वास्तविक कारण यह है कि कूका होने में इतना व्यय नहीं करना पड़ता जो अनिवार्य अन्य सिखों में जरूरी करना पड़ता है। इस मेले में ५० सिख कूका बने। यदि दूसरे सिख बनते तो कम से कम निहंग सिख उनसे ५०) लाभ प्राप्त करते। इस तरह कूके अच्छे रहे और मुकाबिले में दूसरे सिखों को हानि हुई। निहंगों का कूकों के शत्रु होनेका यही कारण है।

रामसिंह निर्धन व दीनजनों का रक्षक है

"रामसिंह गरीबों को अपने पास से रोटी कपड़ा दे कर उन्हें सुशिक्षा देता है फलतः अन्य पंथों के अनुयायी कूका मत ग्रहण

करते हैं। आनन्दपुर के मेले में २ दिन में कम से कम ५० कूके नये बने।

रामसिंह अवतार है

"रामसिंह प्रतिदिन ३ बार स्नान करता है। लगभग वह हर प्रकार के दुष कर्मों से पवित्र है। फलतः कूके उन्हें बहुत कुछ समझते हुये उनका आदर करते हैं। उनका विश्वास हैं कि वह सिख पन्थ नष्ट हो जाने के कारण कूका पंथ चलाने के लिये परमात्मा के भेजे हुये एक अवतार है।"

सतिगुरु जी का जलूस

"रामसिंह के साथ अपने और सूबों की सवारी के लिये ४० घोड़े थे। उनके जलूस में नकारे बजते थे। व ध्वजा फहराती थीं उनके साथ ८ सहस्त्र कूके थे।

पिता गुरू रामसिंह व ग्राम भैणी साहिब

सूबों से बारे में फजल हुसैन लिखता है कि 'मैंने अनेक बार इनके जन्मग्रामों का पता लगाने का प्रयत्न किया किंतु सफलता न हुई। इसके संबंध में मुझे हर एक ने यही उत्तर दिया कि हम कूका हुये हैं हमें अपने ग्रामों का स्मरण ही नहीं रहा। अब तो केवल इतना ही जानते हैं कि हमारा गांव भैणी साहिब और पिता सतिगुरु रामसिंह जी हैं। (रिपोर्ट इन्सपेक्टर फजल हुसैन २०-३-१८६७)

तृतीय सत्याग्रह
(दीप मालिका अमृतसर)

संवत् १६२४ वि० १० की दीपमालिका २६ अक्तूबर १८६७ को दीपावली के अवसर पर अमृतसर में बड़ा मेला लगता है जिसमें समस्त पंजाव के प्रत्येक श्रेणी और वर्ग को लोग यात्रार्थ जाते हैं। मेले से पूर्व बाबा ब्रह्मसिंह और बाबा जोतासिंह सूबों की अध्यक्षता में अनेक छोटे २ दीवान सजाये गये परन्तु दीपमालिका से पूर्व डिप्टी कमिश्नर नें यह घोषणा करदी कि "डिप्टी कमिश्नर की आज्ञा प्रयत्न किये बिना कूकों का कोई बड़ा दीवान नहीं हो सकेगा।"

इस आदेश का अर्थ केवल 'कूकों' के उस भारी दीवान (सम्मेलन') को रोकना था जिसका दीवाली में होनें की आशा थी और सरकार को आशंका थी कि सतिगुरू रामसिंह जी इस अवसर पर अमृतसर पहुंच कर अपने मन्तव्य का प्रचार किये बिना नहीं रह सकते जिसका प्रयोजन अंग्रेजी राजा को नष्ट करना है।

इस कथनानुसार कि दिल का साक्षी दिल होता है श्री भैणी साहिब में सतिगुरू ने भी यह फैसला किया कि उन्हें अमृतसर

+ Kuka Papers P.62

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पहुंच कर सर्व हितकारी प्रचार का प्रबंध करना आवश्यक है। अतएव सरकारी आज्ञा प्राप्त करने का वैधानिक प्रयत्न किया गया परन्तु सफलता प्राप्त न हो सकी। अतएव गुरू महाराज ने ऐलान करादिया कि हमें दीवाली के शुभअवसर पर अमृतसर के पवित्र गुरूधाम का दर्शन अवश्य करना है और साथ ही सम्मेलन (दीवान) भी करना है। कार्यक्रम अनुसार आप अपने सूबों सहित २५ अक्तूबर १८६७ ई० को श्री अमृतसर पहुंच गये। आनंदपुर की भांति यहां भी कार्यक्रम में कोई सरकारी हस्तक्षेप न हुआ। सतिगुरू जी का डेरा चाटीविंड दरवाजे के वाहर तरन तारन की ओर जाने वाली सड़क पर घड़यालियों के तालाब पर लगाया गया। प्रसिद्ध इतिहासकार ज्ञानी ज्ञानसिंह जी के कथनानुसार दीपमाला के समय २० हजार 'कूके' अमृतसर में एकत्रित हुए। यद्यपि प्रत्यक्षरूप से सरकार ने कूका कार्यक्रम में कोई बाधा न डाली किन्तु सरकार सतिगुरू जी को बढ़ती हुई शक्ति से शंकित अवश्य थी और साथ ही साथ बड़े गुरूद्वारों के पुजारी और मठाधीश भी भयभीत थे। क्यों कि उन्हें यह भ्रमात्मक विश्वास सा हो रहा था कि 'कूके' श्री अकाल तख्त और श्री हरिमंदिरपर आधिपत्य करलेंगे। अतएव दोनों सरकारी पुजारी कैंपो में हलचल सी मची हुई थी। सरकार की ओर से नरैणसिंह पुलिस इंसपेक्टर लाहौर को 'कूका' कैम्प की ओर ध्यान रखने के लिये नियुक्त किया गया और सतिगुरू जी को सरकारी सूचना दी गई कि वे २७ अक्तूबर की सवेरे को ७ बजे श्री दरबार

साहिब के दर्शनार्थ तैयार रहें और वह इस बात पर विशेष ध्यान रखें कि उनके साथ ५० सिखों से अधिक न जायें।

श्री अकाल बुंगा एक ऐतिहासिक गुरुद्वारा है जो श्री हरिगोविंद साहिब ने स्थापित किया था। यह श्री हरिमंदिर के पूर्णतया सामने स्थित है। उस समय देश भर के बड़े २ गुरुद्वारों पर उन पुजारियों और महंतों का प्रभुत्व था जो सरकार के हाथों में कठपुतली के समान नाचनेको तत्पर रहते थे।× सरकारी—संकेत पर उनका नृत्य करना स्वाभाविक सा हो गया था। इस बातमें किञ्चित मात्र भी संदेह नहीं है कि उससमय के ऐतिहासिक गुरुद्वारे सरकार की एजेंसियां थीं जिनमें महंतो (मठाधीशों) और पुजारियों से सरकार अपनी इच्छानुसार धार्मिक आदेश निकलवाया करती थी।

सरकार 'कूका' कार्यक्रम का मुख्य मंतव्य पंजाब में पंजाबी सरकार की पुनावृत्ति करना समझती थी। सरकारी दृष्टिकोण से प्रत्येक 'कूका' विद्रोही था और सतिगुरु जी लाखों विद्रोहियों के अद्वितीय नेता थे। हम यह पहिले कह चुके हैं कि अमृतसर में कूके अपने सतिगुरु का स्वागत करते हुऐ सरकारी आज्ञा का उल्लंघन करके आये थे। बृटिश राजनीति से

× **ESSAYS in the Sikhism By Prof. Teja Singh P.P. 125 "Ever ince the control of the Central Gurudwaras had gone into the hands of the Govt,"**

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

विज्ञ पुरुष यह बात सरलता से समझ सकते हैं कि सरकार इस प्रकार के आन्दोलन के विरुद्ध व्यक्तियों और संगठनों को प्रतिक्रियावादिता के लिये प्रोत्साहित करने में दक्ष है कि आंदोलन के विरुद्ध ऐसा मतभेदात्मक वातावरण पैदा कर दे जो उस (सरकार) की मंतव्य पूर्ति के लिये हितकर हो। इसके अतिरिक्त यह बात भी विचारणीय है जो वर्ग, व्यक्ति या संगठन इस प्रकार के आन्दोलन से हानिप्राप्त हो उन्हें उकसाकर आंदोलनकारियों के विरुद्ध लड़ा देना असम्भव नहीं है। स्वार्थी व्यक्तियों को खरीदने और प्रोत्साहित करने में विशेषतः कठिन प्रयत्न की आवश्यकता नहीं हुआ करती है।

दीपमालिका के दूसरे दिन २७-१०-१८६७ को सतिगुरुजी निश्चित कार्य क्रमानुसार श्री दर्बार साहिब की यात्रार्थ चल पड़े। यद्यपि सरकारी आदेशानुसार ५० से अधिक व्यक्ति आपके साथ नहीं जा सकते थे किंतु कूकों और दर्शकों के प्रेम-प्रवाह के सम्मुख यह प्रतिबन्ध न टिक सका। दरबार साहिब की परिक्रमा में सहस्रों सिख ढोल मंजीरों के घनगहर में हरि कीर्तन करते हुए जा रहे थे। नगर और बाहर की जनता सतिगुरुजी और उनके साथ मस्तों के जन समूहों को देखकर अति आनंदित हो रही थी। उनपर पुष्प वर्षा कर अपनी श्रद्धा प्रदर्शित कर रही थी। सतिगुरु जी ने अकाल बुंगे पहुंचकर श्रद्धानुसार भेंट अर्पित की, पर पुजारियों से वहीं पर उनकी ओरसे कुछ आलोचनात्मक कटु शब्द प्रयोग के कारण सतिगुरु जी ने दर्शनी ड्योढ़ी

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

और अकाल बुंगे के बीच स्वयं अरदास करके कड़ाह प्रसाद (जो डेरे से ही तैयार कर लाये थे) वितरण कर दिया। तदपश्चात् सतिगुरु जी हरिमंदिर गये। "दरबार के महन्तों की ओर से वहाँ इन्हें एक दसतार (पगड़ी) और एक दुशाला पेश किया गया जिसे आपने आदर सहित ले लिया। फिर आप गुरुद्वारा झंडाबुंगा साहिब गये जहाँ एक दुपट्टा और एक दस्तार भेंट की गई" (पृष्ठ ६४ सरकारी कागज)!

कूका रिकार्ड में लिखा है कि "आप २८–१०–६७ को फिर दरबार साहिब गये और कुछ समय राजा सांसीवाले सरदारों के बुंगे में आराम किया। राजा सांसी के सरदारों, सरदार शमशेर सिंह और उनके भ्राता सरदार ठाकुर सिंह ने आपके दर्शन किये और भेंट अर्पित की।

तदपश्चात हिंदू, मुसलमान और सिख रईसों ने आपके दर्शन किये। मिस्टर क्लार्क, मिस्टर सहरस, मिस्टर क्रिस्टी ए० एस० पी० ने भी दर्शनों की प्रार्थना की जो स्वीकार हुई। दीपमाला में जितने दिन आप रहे हर रोज अधिकाधिक संख्या में कूके बनते जा रहे थे। कुछ सूत्रों पर इस समय दो हजार नये बने कूकों की संख्या का अनुमान लगाया जाता है। धौलपुर और पटियाला राज्य वंशीय सरदार मंगल सिंह बिशनपुर और निम्नलिखित सूबे आपके साथ थे।

१—सतिगुरु जी (स्वयं)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

२—बाबा जस्सासिंह (सतिगुरु जी के पिता जी)
३— „ सुधसिंह सूबा जिला अम्बाला ।
४— „ साहिबसिंह जी प्रधान सूबा ।
५— „ नैणासिंह जी वरिआह जिला अमृतसर
६— „ मल्लूकसिंह जी फूलवाला जिला फीरोजपुर ।
७— „ समुंदसिंह जी फुराई वाला „ „ ।
८— „ काहनसिंह जी निहँग चक्ककलां, मलेर कोटला राज्य
९— „ खजानसिंह जी, लधाना जिला जालंधर ।
१०— „ लक्खासिंह जी सूबा, मलौद, जिला, लुधियाना ।
११—जसैतसिंह गिल्ल सूबा, मलौद, जिला, स्यालकोट ।
१२— „ जोतासिंह जी सूबा ढपई जिला स्यालकोट ।
१३— „ ब्रह्मासिंह जी सूबा दरयापूर जिला कनौज ।
१४— „ रामदास जी ब्राह्मण जगरांव ।
१५— „ लालसिंह गुमटी नाभा राज्य ।
१६— „ बसावासिंह जी सूबा गुलचेता ।
१७— „ जवाहरसिंह जी, तख्तूपुरा जिला फीरोजपुर ।
१८— „ हरिनाम सिंह जी, भिंड, जिला सिरसा
१९— „ पहाड़ासिंह जी सूबा मलौद जिला लुधियाना ।

अमृतसर की दीपावली के समागम में सतिगुरु जी के सहत्त माता जस्सा और उनकी सुपुत्री भी साथ थीं। अमृतसर के रईसों और व्यापारियों ने ७००) मूल्य की वस्तुयें आपको भेंट में दीं। वस्त्रों के बहुमूल्य १२ थान भी भेंट किये गये। आपने

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

७००) के कम्बल जरूरत मन्द लोगों में वितरित करा दिये।

स्त्री सूबा—हुकमी नामक एक नव युवती को जिसकी अवस्था २० वर्ष की है अमृतसर की स्त्रियों में कूका प्रचार के लिये सूबा नियुक्त किया गया। यह "नव युवती जिमींदार रत्नसिंह जी ग्राम वीरआह, थाना सिरहाली, जिला–अमृतसर की कन्या है, उसका कार्य स्त्रियों को सिख बनाकर कूका पन्थ में सम्मिलित करना है" (कूका पेपरज पृष्ठ ६४)।

कर्नल मैक एंडर्युज ने अपने एक मेमोरेंडम में लिखा है, "मैंने सरदार मंगलसिंह रामगढ़िया, आनरेरी मेजिस्ट्रेट,व सरबराह दरबार साहिब और अन्य कई सरदारों से पूछा कि वह रामसिंह को कैसा समझते हैं? उत्तर में सबने यही कहा कि वह उत्तम स्वभाव वाला शान्तिप्रिय पुरुष है। उसने जो कुछ पढ़ा है उसको कार्य रूपसे परिणत भी किया है। (कूका पेपरज पृष्ठ ६६)

कूकों के विरुद्ध धार्मिक आदेश—जिस प्रकार वर्तमान भारतवर्ष में केवल दो ही दल प्रमुख हैं एक सरकार और दूसरा दल कांग्रेस है उस समय भी दो ही दल प्रमुख थे–सरकार और कूका। इस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भारतवर्ष की केवल एक ही प्रतिनिधि संस्था है जिसका लक्ष भारतवर्ष को पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त करना है उस समय केवल कूका समाज ही पंजाब की राष्ट्रीय संस्था था जिसका लक्ष अपने देश में स्वराज्य की स्थापना था। जिस प्रकार आजकल कुछ

साम्प्रदायिक दल स्वार्थों के वशीभूत होकर कांग्रेस के विरुद्ध घोषणायें कर के अंग्रेजी-शासन की अवधि वृद्धि के साधन सिद्ध हो रहे हैं उसी प्रकार उस समय भी सर्दारों, जागीरदारों, मठाधीशो (महन्तों और पुजारियों) के ऐसे वर्ग थे जो कूका विरोधी धार्मिक आदेश घोषणाओं आदि से सरकार की प्रसन्नता प्राप्त करने में संलग्न थे। अतएव साम्प्रदायिक मतभेदों की आड़ में अकाल बुंगा के पुजारियों ने यह घोषणा की कि कूके "सिख गुरु द्वारों से बहिष्कृत किये जाते हैं।" इस नामधरीक धर्म-आदेश ने बड़ी सीमा तक सरकारी मन्तव्य को पूरा किया क्योंकि जिन सिखों को परदेशी राज्य की पराधीनता से मुक्त करने के लिये कूकों ने अंग्रेजों से भारी टक्कर लेकर बलीदान देना सहर्ष स्वीकार किया उनको ही कूकों से गुमराह करने की चेष्टा की गई।×

×१९१४ के देश भक्तों को यहीं से इन्हीं पुजारी वर्ग की ओर से धर्मादेश दिलवाया गया कि वह सिख नहीं है।

(अ) १९१९ में जलियांवाले बाग के सहस्त्रों निर्दोष नर-नारियों और बच्चों को मशीन गनें चलवाकर चने की भाँति भूँज डालने वाले अत्याचारी डायर को श्री दर्बार साहिब के पुजारी वर्ग की ओर से सिरोपाव [पारितोषक] दिलाया गया और साथही एक कड़ा दिया गया जिसे उसके मित्रोंने पारलीयामेंट में उदाहरण रूप में पेश करके उसके अत्याचारों को न्याय सङ्गत सिद्ध करने की चेष्टा की।

अमृतसर के बाद सतिगुरु रामसिंह जी ने समस्त पंजाब के प्रमुख गुरुद्वारों की यात्रा की। सरकार सहयोगी और सरकारी संकेत पर नाचने वाले पुजारी वर्ग ने सब स्थानों पर पत्र भेज दिये कि कूकों की अर्दास न की जावे। अतएव कहीं भी उनसे अच्छा वर्ताव न किया गया। प्रोफेसर रुचिराम साहनी ने इस सम्बन्ध में अपनी अंग्रेजी पुस्तक "गुरुद्वारा रिफार्म मूवमेंट" में यह लिखा है कि "यह कट्टर आन्दोलन व्यवहारिक × (इखलाकी) त्रुटियाँ प्रसरित होने के कारण सिखों में प्रारम्भकारी और उत्साहपूर्ण शक्ति और मनोवृत्ति में नवस्फूर्ति लाने का पुरुषार्थ था। यह आन्दोलन पुजारियों, दुराचारियों और दुष्कर्मों के विरुद्ध दृढ़ प्रयास था।

इस विषय में यही शब्द श्रीमान प्रोफेसर तेजासिंह एम० ए० खालसा कालेज अमृतसर (वर्तमान प्रिंसिपल खालसा कालेज) बम्बई ने अपनी नवीनतम रचना (Essays on sikhism) में लिखे हैं जो साहिनी की गुरुद्वारा रिफार्म मूवमेंट में लिखे हमने पूर्व पृष्ठ में दर्शाए हैं।

काबुलमिशन—सतिगुरु रामसिंह जी के राष्ट्रीय कार्यों की ख्याति इस तीव्रता से बढ़ी कि काबुल के एक अमीर के दो कुमार श्री सतिगुरु रामसिंह जी की सेवा में भैणीसाहिब पहुंचे। पंजाब सरकार जो दिन रात कूकों के सम्बन्ध में चिंतित रहा करती

×पृष्ठ ३४।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

थी आपने भरसक प्रयत्नों पर भी इस बात का पता न लगा सकी कि उस मशीन का क्या अभिप्राय था। इस कथन की पुष्टि सरकारी रिकार्डज़ में कैपटन बेली के एक लेख से होती है जिसमें लिखा है कि "उन [कूकों] की इस यात्रा से संबंधित वास्तविक मंतव्य का पता नहीं लग सका है। पर यह बात मनोरंजक है कि एक ग्रामीण बढ़ई की ख्याति का डंका वहाँ तक बज चुका है×

×कूका रिकार्ड पृष्ठ १६।

सतिगुरू जगजीत सिंघ पुसतकालय
पुसतक नं.:..........
भाखाजी ....

अनोखा विद्रोह

फरवरी १८६९ के अन्तिम दिवसों में फीरोजपुर और हिसार के ४४ कूकों का जत्था बाबा मस्तानसिंह जी थराज वालों के नेतृत्व में देश सेवा के उद्देश से भैणी साहिब जा रहा था। जब वह जिला फीरोजपुर के कुराईवाल ग्राम में थे तो दीवान बख्श डिप्टी इन्सपेक्टर पुलिस को उनके मनतव्य का पता लगाने भेजा गया। बातचीत में इस पुलिस कर्मचारी ने सतिगुरु रामसिंह जी के विरुद्ध कुछ ऐसी अनुचित शब्दावली प्रयोग की जिसे सिख सह न सके। आवेश में आकर सिखों ने उसे घोड़ी से उतार लिया और उसकी तलवार छीन ली। उसने भाग कर एक निकट स्थित गृह में शरण ली, और समय पाकर स्त्री भेष में निकल गया। फीरोजपुर पहुंचकर उसने अपने अफसरों से रिपोर्ट की, कि "कूकों के एक जत्थे ने अंग्रेजी शासनाधिपत्य स्वीकार करने से इन्कार कर दिया है और खालसा राज्य स्थापित करने की घोषणा कर दी है।" ×

इस रिपोर्ट के आधार पर मिस्टर टरटन स्मिथ डिस्ट्रिक्ट सुपरिन्टेन्डेन्ट पुलिस ने २० पैदल, १५ घुड़सवार पुलिस सिपा-

×Cuka Records Page 84

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

हियों को साथ लेकर उसी रात्रि कुरावाल की ओर धावा कर दिया। वह १ मार्च १८६६ को रात्रि के २ बजे मुक्तशर पहुंचे, जहाँ आलमशाह तहसीलदार ने मिस्टर स्मिथ को बताया कि "कूके थराज वाल में एकत्रित हो रहे हैं, और उन्होंने आत्म-समर्पण से इन्कार कर दिया है।" तदुपश्चात् यह टुकड़ी थराजवाला की ओर चल दी जहाँ वह २ बजे मध्यान्ह पहुंची। यहाँ सोढी मानसिंह और कुछ अन्य ग्राम वासियों की सहायता से मिस्टर स्मिथ ने ४४ कूके गिरफ्तार किये और उन्हें फीरोज़पुर ले आये। फीरोजपुर में मिस्टर नौक्स (Knocks) डिप्टी कमिश्नर के न्यायालय में इनके विरुद्ध विद्रोह का मुकदमा चलाया गया। सरकारी हिदायतानुसार उनको जो सजायें दी गईं उन्हें देखकर आश्चर्य होता है। जत्थे के नेता मस्तानसिंह जी को १८ मास कैद और ५०) जुर्माना हुआ। सरमुखसिंह फूलवाल को १ वर्ष की जेल और १०) जुर्माना हुआ। बचनसिंह कुराई वाला को ६ मास का कारावास, बेलीसिंह चराजवाले को १०) जुर्माना और निम्नलिखित ३७ सिखों को साफ बरी कर दिया गया।

१—अणोख सिंह	जन्डवाला।
२—अनूपसिंह	रूपेवाला।
३—बहादर सिंह	चराजवाला।
४—बेलासिंह	मराजवाला।

५—भूपसिंह	जडवाला
६—भगवान सिंह	जंडवाला
७—बुधसिंह	जंडवाला
८—भगवानसिंह	सोआहग
९—चन्दासिंह	सोथा
१०—ध्यान सिंह	लखारवाला
११—दियाल सिंह	सूंडेवाला
१२—हरि सिंह	फूलेवाला
१३—हरिनाम सिंह	कूहेवाला
१४—जै सिंह	सोथा
१५—जैमल सिंह	खूनां
१६—जमीतसिंह	सूंडवाला
१७—जीता सिंह	दूहेवाला
१८—काहन सिंह	जोग
१९—खजान सिंह	सोथा
२०—खड़क सिंह	,,
२१—लाल सिंह	,,
२२—महा सिंह	लखारवाला
२३—मान सिंह	सोथा
२४—मलूक सिंह	फूलेवाला
२५—नरैण सिंह	कुराईवाला
२६—नन्द सिंह	फूलेवाला

२७—नथा सिंह	महापदर
२८—शेरसिंह	भोले वाला
२९—साहिब सिंह	कुराई वाला
३०—सोभा सिंह	सोथा
३१—सुहेलसिंह	औलख [सिरसा]
३२—सुध सिंह	जोगा रल्ला
३३—तारा सिंह	फक्करसर
३४—अमर सिंह	सूंडे वाला
३५—अमर सिंह	गुरुसर
३६—बीर सिंह	कनार वाला
३७—वजीर सिंह	रूपाणां

नोट—यह सिख देश सेवा उत्साह में अपने घरों की जायदादें बेचकर सब कुछ साथ ही तो लेकर चल पड़े थे। अतएव इनके पास पर्याप्त रूप नकदी और चांदी, सोने के आभूषण थे, जो सब पुलिस ने छीन लिये पुलिस की रिपोर्ट केअनुसार ५०००) नकद और बहुत सा सोना चांदी लेकर सरकारी खजाने में जमा कर दिया गया।

इस मुकदमे पर साधारणतः दृष्टिपात करने से स्पष्ट हो जाता है कि इनके विरुद्ध विद्रोह करने का अपराध सिद्ध न हो सका और जो यातनायें इन को मिलीं उसका कारण थानेदार दीवान बख्श की दिली रंजिश थी। यह सब कुछ सिद्ध होने पर

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

भी सिखों के हजारों रुपयों आभूषण और माल वापिस न किया गया। यह बृटिश न्याय का विचित्र उदाहरण है।

इस असत्य रिपोर्ट से सरकार को यह लाभ हुआ कि हज़ारों रुपये नकद और हजारों का सोना चाँदी उसके खजाने में आ गया। सोढी मान सिंह को सहयोगोपलक्ष में आनरेरी मेजिस्ट्रेटी मिल गई और ग्राम वासियों को थोड़ा २ नकद इनाम दिया गया पर टरटन साहिब और उनकी टुकड़ी के सिपाही हाथ मलते ही रह गये।

उपरोक्त घटना से यह सिद्ध होता है कि उन दिनों पुलिस कूकों को बिना प्रयोजन ही सताती थी और छोटे २ दीवानों से यही अनुमान लगा लिया जाता था कि यह राज्य उलटने के लिये एकत्रित हो रहे हैं।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कूका रेजीमेन्ट काश्मीर

नवंबर १८६६ में सरकार को अपने कर्मचारियों की रिपोर्टों से पता लगा कि महाराजा काश्मीर कूकों की एक पलटन खड़ी कर रहे हैं और काश्मीर जाने वाला प्रत्येक रंगरूट सतिगुरु रामसिंह जी से प्रमाण पत्र ले कर जाता है (कूका रिकार्ड पृष्ट ६७)। १८६६ के अंतिम भाग में एक सब इंस्पेक्टर पुलिस को जम्मू भेजा गया कि वह कूका पलटन की बनावट और अंदरूनी समाचार प्राप्त करे। उसने फरवरी १८७० में वापिस आकर यह रिपोर्ट पेश की !—

"६-७ मास हुए जब हीरासिंह अम्बाला, तारासिंह किला देशराज (अमृतसर), लालसिंह पटियाला, चंदासिंह अमृतसर और लगभग ३० अन्य कूके महाराज काश्मीर के पास गये और नौकरी के लिये प्रार्थना की तो महाराजा ने वचन दिया कि वह कूका पलटन बनाने के लिये तैय्यार हैं। अतएव जम्मू नगर के बाहर उनके लिये एक छावनी बनाई गई और भर्ती शुरू हो गई। जब मैं वहां पहुंचा तो कूकों की संख्या १५० तक पहुंच चुकी थी जिनमें ७१ वहां उपस्थित

थे। हीरासिंह को कूका पलटन का कमांडर नियत किया गया था किंतु वह वहां उपस्थित नहीं थे।

नैपाल के राणा से सम्बन्ध

ग्रंथ गढ़ (अमृतसर) को किशनसिंह नाम का एक कूका सिख महाराणा नैपाल की सेना में नौकर था। राणा साहिब ने सतिगुरु जी की शोभा सुनकर किशनसिंह द्वारा भैणी साहिब को एक पत्र लिखकर भेजा जिसमें लिखा कि राणा का हृदय सतिगुरु जी के दर्शनों के लिये व्याकुल हो रहा है किंतु अनेक राजनैतिक कार्यों के कारण वह स्वयं भैणी साहिब पहुंचने में असमर्थ हैं। इसके अतिरिक्त राणा ने यह विनय की कि उन्हें अधिक दूध देने वाली भैंसों का एक जोड़ा और अच्छे खच्चरों का एक जोड़ा भेजने की कृपा की जाये। सतिगुरु जी ने अपने सेवक बाबा काहनसिंह और बाबा साहिबसिंह द्वारा भैंसों और खच्चरों के जोड़े भेजे जब बाबा काहनसिंह और साहिबसिंह नेपाल से लौटने लगे तो प्रतिरोध करते हुए भी महाराणा साहिब ने निम्नलिखित वस्तुयें सौगात के रूप में ले जाने के लिये दीं।

एक रास अश्व जिसकी लागत नेपाल में १४००) थी, स्वर्ण मुष्टिका की दो खोखरी, १ थान बानात ५० गज, कस्तूरी नापा की अठोत्री माला, १ खिलता जिसमें १ पत्रिका थी जिसके विषय

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

में राणा साहिब और सतिगुरु जी के अतिरिक्त और किसी को पता नहीं कि इसमें क्या लिखा था।

सतिगुरु जी इन वस्तुओं को लेना चाहते थे अतः पहिले से काहनसिंह आदि को समझाकर भेजा था कि महाराजा की दी हुई कोई वस्तु स्वीकार न करना। किंतु जब बाबा जी नाराज़ हुये तो बादशाह ने अपनी विवशता प्रगटकी और सतिगुरु जी ने क्षमा कर दिया। गट अश्व कुछ दिनों बाद गर्मी के कारण मर गया।

नैपाल में कूका रेजीमेन्ट

महाराणा नेपाल के विषय में यह वर्णन किया गया है कि उन्होंने नेपाल में 'कूका' रेजीमेंट के विषय में सतिगुरु रामसिंह जी से प्रार्थना की और साथ ही यह भी कह भेजा कि वह स्वयं नैपाल पधारें किंतु सतिगुरु जी ने दोनों प्रार्थनायें अस्वीकार कर दीं। इस सम्बन्ध में सरकारी रिकार्ड यह है कि कूकों में यह क्या प्रसिद्ध है कि महाराणा ने रामसिंह को लिखा और कहला भेजा कि वह नेपाल में कूका पलटन के लिए कुछ आदमी भेजें जिसके उत्तर में रामसिंह ने कहा+ "मैं अभी कोई कूका नहीं भेज सकता और ना ही स्वयं आ सकता हूं पर यह तोहफे स्वीकार करता हूं।" इन तोहफों के बारे में सरकारी

+ Kuka Papers 94-

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

समझ के अनुसार यह विवरण है कि "रामसिंह ने अपना असर ताजा रखने के लिये अपना दूत नेपाल के महाराणा के पास भेजने का अनुष्ठान किया। लाहौर के सुप्रिंटेंडेंट का बयान है कि महाराणा को तोहफे पेश करने के लिए भैणी से अभी भगवान-सिंह (१००) लेकर लाहौर आया है कि १ जोड़ा भैंस और १ जोड़ा खच्चर खरीदे"×

दीवान बूटासिंह आफताब प्रेस

दीवान बूटासिंह आफताब प्रेस लाहौर के मालिक थे। सर्व प्रथम श्री सतिगुरु रामसिंह जी ने ही श्री गुंथ साहिब प्रकाशित कराये थे जो आफताब प्रेस में दीवान बूटासिंह जी ने ही छापे थे। अतएव इनके पास कूके अधिकतर आया जाया करते थे। सरकारी रिकार्ड में दीवान साहिब को कूकों का उत्साही कार्य-कर्ता लिखते हुए वर्णन किया गया है कि "कूका पंथ का एक उत्साही हितु दीवान बूटासिंह है जो लाहौर की आफताब प्रेस का मालिक है, इस पंथ के महँत और सूबे बराबर उसके साथ हैं और समस्त महत्वपूर्ण कार्यों में उसकी राय ली जाती है। वह ब्रिटिश राज्य के शुभचिंतकों की गति विधि को कदापि सहा नहीं सकता।+

× Kuka Papers PP. 93

+ Kuka Papers PP. 94

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कूकों के सैनिक उत्साह के सम्बन्ध में कर्नल हटिदान सनसी एस० आई इंस्पेक्टर जेनरल पुलिस पंजाब ३० जनवरी १८७१ की रिपोर्ट में इस प्रकार लिखते हैं "गत वर्ष में कूकों का नवोत्साह अपने सिखों के हिंदुस्तानी राजाओं की सेनाओं में भर्ती करने का प्रतीत होता है, +इन भर्तियोंके बारे सतर्कता से प्रबंध करने की आवश्यकता है, शांति या युद्ध, किसी समय भी यह कार्य किसी सरकार के लिये भी लाभदायक नहीं है । एक धार्मिक नेता को यह अवकाश दिया जाये कि उसके अनुयायी फौजों में भरती हो सकें ताकि वहाँ से उनका अध्यात्मिक गुरु अपने राजनैतिक लक्ष्य प्राप्ति के लिये जिस ओर चाहे लेजा सकें ।"+

×Kuka Papers PP, 95

+Kuka Papers PP, 96

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

अमृतसर हत्याकांड

पंजाबही नहीं वरन् समस्तभारत खेतीबाड़ी पर जीवननिर्वाह करता है, अतएव इसे कृषि प्रधान देश कहा जाता है। कृषि और गऊ में जो घनिष्ठता है उसकी व्याख्या की आवश्यकता नहीं। यह देश अधिकतर गऊ पर ही आधारित है। तभी तो भारतवर्ष में गौरक्षा धर्म का प्रधान अंग माना जाता है। कोटानुकोट भारतीय जन समूह गाय को गौमाता कह कर सम्मानित करते हैं। ऋषि काल में सहस्त्रों वाटिकाओं और आश्रमों में गौपालन होता था। एक २ आश्रममें सहस्त्रों गायें हुआ करतींथीं। प्रत्येक गौ आश्रम को गौत्र कहा करते थे और प्रत्येक गौत्र का नाम उसके मालिक से संबंधित हुआ करता था। भारतीय अनेक गोत्रों का प्रारम्भ ही गौरक्षा से होता है। गायों के ही कारण देश में दूध और घी की नदियां बहती थीं। संतान बलिष्ठ और रोग रहित होती थीं। भीष्म पितामा, भीम अर्जुन जैसे वीर होते थे। किंतु परदेसी शासन काल में गौ वध प्रारम्भ हुआ जिसे—

(१) गुरु नानकदेव जी और उनके उत्तराधिकारियों ने रोकने का पूरा प्रयत्न किया। यही कारण है कि गुरुओं के संसार में आगमन का कारण गौ और निर्धन की रक्षा करना कहा गया

है, । दसवें पिता श्री गुरु गोविंदसिंह जी ने आदि शक्ति की इस प्रार्थना में गाय को और भी महान् कर दिया है जिसमें आप ने कहा है कि" हे शक्ति ! मेरी यह आशा पूरी हो कि संसार में गऊओं का कष्ट मिट जाय जिससे भारी दुख निवृति हो ।÷

महाराजा रणजीतसिंह जी को शाह शुजाउलमुल्क और अंग्रेजों ने यह लिखित वचन दिया हुआ था कि जब उनकी सैनायें में पंजाब से होकर निकलें तो वह गऊ बध कदापि न करेंगे ।

महाराजा साहिब के स्वर्गारोहण के पश्चात् जब महाराज दलीपसिंह जी के नाम से कौंसिल आफ़ रीजेंसी राज्य करती थी तो सर्व प्रथम रेजीडेंट सर जान लारेंस के अपने हस्ताक्षर में ताम्र पत्र पर यह आदेश श्री दरबार साहिब के [अमृतसर] बाहरी द्वार पर लटकाया गया था कि "अमृतसर में गऊ बध नहीं होगा ।" ※

×(१) मारन गऊ गरीब नूं धरती ऊपर पाप विथारा (वारें-भाई गुरुदास)

(२) यही आश पूरन करो तुम हमारी, मिटे कष्ट गऊअन छुटै खेद भारी (दशम ग्रंथ)

(३) अहदहनामा महाराजा रणजीतसिंह स०१६३७ वि०

※**Cows Are not to be killed in Amritsar John Lawrance 24-3-1846**

परन्तु मार्च १८४७ के अन्त में जब पंजाब के अंग्रेजी राज्याधीन होने की घोषणा की गई तो सरकार ने पहिला कदम जो उठाया वह यह था कि बूचड़खाने खोलने का आदेश जारी किया। ईस्ट इन्डिया कम्पनी के बोर्ड आफ एडमिनिसट्रेशन की आज्ञानुसार गवर्नर जनरल हिंद ने ५ मई १८४६ को यह घोषणा की।

"अब से किसी को भी अपने कार्यों द्वारा अपने पड़ौसी के उन रिवाजों में हस्ताक्षेप करने की आज्ञा न होगी जिन पर उनके धर्म में प्रतिबन्ध नहीं है।"+

इसके अतिरिक्त प्रत्येक नगर में बूचड़खाने जारी करने और गोमांस बेचने की खुली आज्ञा दे दी गई। सरकारी तौर से घोषणा कर दी गई कि जिस प्रतिबन्ध को पहिले जारी रक्खा गया था वह केवल सिख राजा के सम्मान को दृष्टि में रखने के कारण था। अब जबकि पंजाब अंग्रेजी राज्याधीन हो चुका है इस रोक की कोई आवश्यकता नहीं रह गई। यह आदेश पंजाबियों के ताजा घावों पर नमक छिड़कने के तुल्य था + देशों में

+Kuka file, Central Lawranee

+ यह आदेश अंग्रेजों ने यह जाहिर करने के लियेजारी किया था कि अब वह पंजाब के मालिक हैं। वह यह बात बड़े गर्व से प्रगट करना चाहते थे कि पंजाब में उन्हें परदेसी समझ कर उन पर प्रतिबन्ध था कि वह गौबध नहीं कर सकेंगे। अब उन्हीं

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

इसे पंजाबी स्वाभिमान के विरुद्ध ललकार समझा गया, पर सब विवश थे। कोई ऊँचा सांस लेने का साहस नहीं कर सकता था। पंजाब के योधा, स्वाभिमानी वीर पुरुष या तो शहीद हो चुके थे या कारागृह में वह बन्द थे! साधारण जनता में कोई जान न थी। अतएव समय ताड़ कर अंग्रेज ने उपरोक्त आदेश का प्रयोगी करण गुरु की नगरी श्री अमृतसर से ही प्रारम्भ किया। लाहोरी दरवाजे के बाहर एक बूचड़खाना जारी किया गया। और बूचड़ों को नगर में गो मांस ले जाकर बेचने की आज्ञा दे दी गई। फलतः नगर में अत्याधिक असन्तोष फैल गया। हिन्दुओं और सिक्खों की ओर से एजीटेशन [विरोध] किया गया। अनेक बार दंगा हुआ और मुकदमें चले। सरकारी रिकार्डों से ज्ञात होता है कि गो हत्या और गो मांस बेचने की स्वतन्त्रता के कारण कई बार हिंदू मुसलिम दंगे हुये और कई मुकदमें हाकिमों की सुनवाई के लिये पेश हुये। सरकारी रिकार्डों में जिन जिनका वर्णन है उनमें से इन चार का वर्णन आवश्यक समझते हैं।

[१] २० मई १८४९ को एम० सी० साउंडरस के सामने,

[२] ७ मई १८५६ को मिस्टर एफ० कूपर की कचहरी में,

विदेशियों ने इस देश पर अविचल रूप से अपना अधिकार स्थापित किया है। विदेशियत का प्रत्यक्षी कारण 'कूका' आंदोलन प्रवर्तक को कांटे के समान चुभता था।

[३] २८ मई १८६३ को मेजर मरसर डी० सी० के सम्मुख.

[४] नवम्बर १८६४ को मिस्टर डी मैकेनब की कचहरी में।

१८६३ में इस मामले की रिपोर्ट मेजर मरसर ने उच्चाधिकारियों को दी। २६ जून १८६३ को जुडीशीयल कमिश्नर ने नज़रसानी नम्बर १२८ का फैसला किया। इसमें मुसलमानों को पूर्व से भी अधिक सुविधायें मिल गयीं।

म्युनिस्पिल कमेटी अमृतसर में निर्णय

२८ मई १८७१ ई० को अमृतसर म्यूनिस्पिल कमेटी की बैठक इस प्रश्न पर निर्णय देने के लिये हुई कि अमृतसर बूचड़खाने का लाइसेन्स [आज्ञापत्र] भविष्य में जारी रक्खा ज़ावे या रद्द कर दिया। Mr. W. Davis ने लाइसेन्स जारी रहने पर ज़ोरदार भाषण दिया। लाइसेन्स ज़ारी रहने का प्रस्ताव अंग्रेज़ सदस्यों के इस पक्ष के समर्थकों के साथ मिल जाने पर बहुमत से स्वीकृत हो गया।

हिंदू-मुसलिम दंगा

म्यूनिस्पिल कमेटी के निर्णय का प्रभाव हिंदू और सिक्खों पर गहरा पड़ा। फलतः कुछ दिनों पश्चात् निर्जल एकादशी के मेले पर हिंदुओं ने जो अधिकतर व्यापारी व सम्पत्तिवान थे मुसलमान कुम्हारों का बहिष्कार कर दिया। अमृतसर के पुराने रिवाजों के अनुसार इस एकादशी को हिंदू शर्बत [मीठे पानी]

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

आदि की पौशालायें लगवाते थे जिनके लिये आवश्यक पात्र मुसलमान कुम्हारों से लिये जाते थे। अतएव इस एकादशी में भी उन्होंने सदा की भांति बहुत से मृतका पात्र बनाये थे; किन्तु बूचड़खाने के प्रश्न से हिन्दुओं के हृदयों में मुसलमानों के विरुद्ध जो घृणा उत्पन्न हो चुकी थी उसके फलस्वरूप हिन्दुओं ने एक भी पात्र उनसे न खरीदा। यद्यपि स्थानीय कर्मचारियों ने हिन्दू नेताओं द्वारा इस परस्परिक विरोध को दूर करने का प्रयत्न किया जिसके कारण दंगा दब गया पर अधिकारियों को यह पता लग गया कि बूचड़खाना जारी रखने पर हिन्दू जनता अत्याधिक असन्तुष्ट है।

कमिश्नर का दरबार

३ जून १८७१ को डब्लू० जी० डेविस स्थानापन्न कमिश्नर अमृतसर की ओर से टाउनहाल में एक विशाल दरबार किया गया जिसमें म्युनिस्पिल कमेटी के सब सदस्यों, प्रत्येक मुहल्ले के मुखियों, हिन्दू और मुसलमान अग्र-गामियों, यूरोपियन अधिकारियों को बुलाया गया था। जिनके सम्मुख कमिश्नर साहिब ने गो हत्या विषय पर निम्नलिखित भाषण दिया।

"आपको भली भांति विदित है कि कुछ काल से गो हत्या और गो मांस की विक्री के कारण नगर के हिन्दू और मुसलमानों में काफी खिचाव है और यत्र तत्र दंगे भी हुये हैं...।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

यह बात जानने योग्य है कि १८७४ में जब महाराजा दलीप सिंह के राज्य में शासन प्रबन्ध देशी सदस्यों की कौंसिल द्वारा जो "सिख दरबार" नाम से प्रसिद्ध थी, होता था तो गवर्नर जनरल ने आदेश निकाला था कि अमृतसर में गो हत्या पर प्रतिबन्ध है। पर जबसे पंजाब ब्रिटिश सरकारके अधीन होगया, गवर्नर जनरल ने अपने मन्त्री [सिक्रेटरी] की पत्रिका नं० १७५ तिथि २५-४ १८४९में जिसमें बोर्ड आफ एडमिनिस्ट्रेशन द्वाराजारी की गई हिदायतों को प्रमाणित करते हुए पूर्व चलित आदेशों में परिवर्तन कर दिया, व घोषणा की गई कि "अब से किसी को भी अपने कार्यों द्वारा अपने पड़ोसी के उन रिवाजों में हस्ताक्षेप करने की आज्ञा न होगी जिन पर उनके धर्म में प्रतिबन्ध नहीं है" बोर्ड आफ एडमिनिस्ट्रेशन के मन्त्री ने यह भी लिखा था कि हत्या पर प्रतिबन्ध केवल सिख राज्य के सन्मानके दृष्टि-कोण से लागू किया गया था, अतएव अब वह उठा लिया जायगा इसके अतिरिक्त प्रत्येक बड़े नगर में एक स्थान गोवध और गो मांस बेचने के लिये नियत किया जावेगा। गो मांस किसी भी परिस्थित में नगर की दुकानों में खुले तौर पर न बेचा जायगा।

उन मुसलमानों को कठोर दण्ड दिया जायगा जो आवेश में आकर अपने सहिशाली हिंदुओं के दिल दुखाने वाले दुष्कर्म करेंगे। इन आदेशों का प्रयोगी कारण सी० बी० सांडूस ने किया। नगर से दूर बाहर की तरफ एक एक बाड़ा बनवाया

गया और इस दृष्टिकोण से कि हिन्दुओं के भाव भड़क न उठें ! गो मांस नगर की अन्दर वाली दूकानों में बेचने पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। तब से अब तक यह प्रथा चली आ रही है। एक दो बार दंगे हुये पर वह प्रकाशित नियमों के अंतरगत दृढ़ता पूर्वक दबा दिये गये और अब भविष्य में भी यही प्रथा जारी रक्खी जायेगी। उचित ढंग से थोड़ा या बहुत गो मांस नगर में लाने पर कोई रोक नहीं होगी। बूचड़ों से भी वचन ले लिया गया कि वे नियमों का किसी प्रकार से उल्लंघन नहीं करेंगे।

सरदारो, रईसो, पंचों और मुहल्ले के चौधरियो ! आप अपने प्रभाव से लोगों को यह समझाइये कि वह व्यर्थ विचारों और वादविवाद को छोड़कर सरकार की निश्चित नीति के अनुसार चलें। न तो मुसलमान को आज्ञा है कि वह हिन्दुओं के कार्य में हस्ताक्षेप करें, न ही हिन्दुओं को स्वतन्त्रता है कि वह मुसलमानों के मार्ग में कंटक बनें। भविष्य में सबको मिल-जुल कर रहना चाहिये जिस तरह कि आप सब एक बड़े परिवार के सदस्यों के रूप में यहाँ बैठे हैं...

आपका मित्र होने के नाते मैं आपको यह मन्त्रणा दे रहा हूं अधिकारी होने के नाते नहीं। यह कहना मुझे उचित नहीं जान पड़ता कि कानून क्या है और उसके विरुद्ध कार्य करने वाले के लिये क्या दंड हैं।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

निष्कर्ष

अब तक हमने देखा कि—

१—पंजाब के अंग्रेजी राज्याधीन होने से पूर्व केवल अमृतसर ही नहीं किन्तु समस्त पंजाब में गो-हत्या बन्द थी।

२—पंजाब पर ब्रिटिश आधिपत्य होते ही वाईसरायेहिंद के ५-५-१८४९ की घोषणा के अनुसार न केवल अमृतसर जैसे पवित्र स्थान में किन्तु समस्त पंजाब के नगरों में बूचड़खाने बनाने और गोमांस बेचने की कानूनी तौर से स्वतन्त्रता दे दी गई।

३—अमृतसर में झटपट बूचड़खाना खोल दिया गया और नगर में गोमांस बेचने की आज्ञा दे दी गई। फल स्वरूप नगर के हिंदू और सिखों के धार्मिक भावों पर गहरा आघात पहुंचा जिससे नगर में कई वर्ष तक हिन्दू-मुस्लिम दंगे होते रहे।

४—हिन्दू और सिख की भावनाओं की ओर किंचित मात्र भी ध्यान न देते हुये २२-५-१८७१ को म्युनिसिपल कमेटी ने बूचड़खाना बहाल रखने का निर्णय कर दिया व आगामी वर्ष के लिये बूचड़ों को ठेका देना स्वीकार कर लिया जिस पर असन्तोष प्रगट करते हुए निर्जला एकादशी को हिन्दू सिख कसेरों और समस्त हिन्दू जनता ने मुसलमान कुम्हारों से घड़े न खरीदने का निर्णय कर लिया।

५—मिस्टर डेविस स्थानापन्न कमिश्नर अमृतसर ने परिस्थिति पर काबू पाने के लिये टाउनहाल अमृतसर में भारी दरबार

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

किया, जिसमें उन्होंने नगर के हिन्दू, सिख, मुसलमान रईसों, चौधरियों और म्युनिस्पल कमेटी के सदस्यों के सम्मुख उर्दू भाषा में भाषण देते हुए बूचड़ खाने खोलने व गौमांस बेचने के संबंध में सरकारी दृष्टिकोण उपस्थित करने का प्रयत्न किया। कमिश्नर के भाषण से हिन्दुओं और सिखों में यह निश्चय दृढ़ हो गया कि गोघात और गोमांस विक्री अब पुष्ठ आधार पर आधारित हो गये हैं जिसमें रुकावट डालने वालों को कानून के अन्तर्गत दंड दिया जायगा।

घंटाघर के निकट बूचड़खाना

सब से बड़ी अन्यायपूर्ण बात इन्हीं दिनों यह हुई कि नगर के मध्य में घंटाघर के खुले मैदान में एक बूचड़खाना खोला गया जिसके पूर्व की ओर श्रीदरबार साहिब (स्वर्ण मंदिर) की बाहरी की दीवार थी। इससे नगर की हिंदू सिख जनता में गहरा असंतोष फैल गया, फलतः उन्होंने तीव्र विरोध किया किंतु सब विफल हुआ।

कूकों की मन्त्रणा

गत पृष्ठों में हम यह वर्णन कर आये हैं कि कूका आंदोलन इस समय अपनी युवा व प्रौढ़ अवस्था में था। सतिगुरु रामसिंह जी और उनके सूबे देश को पराधीनता से मुक्त करने को व्याकुल हो रहे थे। जान की बाजी लगाकर वे कार्यक्षेत्र में आ चुके थे।

सरकार इस आंदोलन को कुचल डालने के प्रयत्न में संलग्न थी। अधिकांश कूकों ने वह समय देखा हुआ था जब गौवध कानून के अंतर्गत बंद था। महाराजा रणजीतसिंह की धाक से काबुल के पठान व विलायती गोरे किसी का भी साहस पंजाबकी पुण्य भूमी पर गौवध के लिये नहीं होता था। काबुल के बादशाह शुजाऊल-मुल्क और अंग्रेज प्रतिनिधियों की ओर से लिखित समझौता था कि उनकी सेनायें पंजाब में गौवध कदापि न करेंगी। कूका वीरों के एक छोटे जत्थे ने अनुभव किया कि बूचड़ खाना खोलने का सरकारी आदेश एक गहरे नश्तर के समान है जिससे यह जानने का प्रयत्न है कि सिख शरीरमें अभी स्वाभिमानी रक्त उप-स्थित है या नहीं। जब उन्होंने अपने संगठन पर विचार किया तो वह इस निर्णय पर पहुँचे कि उन्हें किसी ऐसे कार्यक्रम की सुविधा प्राप्त न हो सकेगी जिससे वह बूचड़खाना बंद करने का आंदोलन चला सकेंगे यद्यपि वह इसका जारी रहना देश हित के विरुद्ध समझ रहे थे। अस्तु उन्होंने यह निर्णय किया कि कुछ भी हो अमृतसर और पंजाब के प्रत्येक नगर से बूचड़खाने हटाने के लिये कोई योजना तैयार की जानी चाहिये और सरकार के इस चैलेंज का उत्तर अवश्य देना चाहिये। क्या सिख मर चुके हैं ? क्या अब वह जीवित नहीं ? अस्तु उन्होंने एक कार्यक्रम बनाया जिसके संबंध में वह समझते थे कि यदि वह सुचारु रूप से चलाया गया तो देश महान् पाप और कलंक से बच जायगा। गौरक्षा हो सकेगी। बैल बचेंगे, किसान आनंद से रह सकेंगे,

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

जिनकी कृपा से समस्त पंजाब में लाभ होगा। दूसरा मार्ग असफलता का है उसमें वे शहीद हो जायेंगे और देश के कल्याण के लिये जो तैयारियां सतिगुरु रामसिंह जी कर रहे हैं उससे पूर्व ही अपनी देन देते हुये इस अनित्य संसार को छोड़ देंगे।

अतएव नामधारी वीरोंका एक छोटा सा जत्था जिसमेंअधिक से अधिक १० व्यक्ति सम्मिलित थे। अपने जीवन का प्रमाण उपस्थित करने के उद्देश से गुरु की नगरी और पंजाब के अन्य नगरों में बूचड़खाने बंद करने की योजना कार्यरूप में परिणित करने के लिये अमृतसर की ओर चल पड़ा। सर्व प्रथम यह सिख लाहौरी दरवाजे वाले बूचड़खाने को देख कर दुखी हुये किंतु जब उन्होंने घंटाघर वाले मैदान में बूचड़खाना देखा तो अशांत हो उठे। उन्होंने देखा कि उड़ती हुई चीलें और गिद्ध गोमांस के लोथड़े व अस्थियाँ अमृतसर के पवित्र सरोवर में फेंक रहीं हैं। वह दिल ही दिल क्रुद्ध हो रहे थे। अंत में वह अपने एक सहयोगी मिस्त्री लहिणासिंह के घर पहुँचे जहां हवन व चंडी पाठ करने के पश्चात् अरदास की कि "हे सतिगुरु हे पातशाह! जिस लक्षपूर्ति के लिये हम कटिबद्ध हुये हैं उसमें हमे सफल होने की शक्ति प्रदान कर। इस कार्य में हमारा अपना कोई स्वार्थ नहीं है हम देश और जन लाभ को सामने रख कर इस कार्य के लिये तैयार हुये हैं। हे दीनदयाल। या तो हम सफल हों अन्यथा शहीद हों।

बूचड़खाने पर आक्रमण

तद्पश्चात् १४ और १५ जून १८७१ के मध्य की रात्रि को आक्रमण किया गया सर्वप्रथम दरबार साहिब के निकट बूचड़ों पर धावा बोला। बूचड़खाने में दाखिल होतेही पहिले उन गऊओं को मुक्त किया गया जो वध करने के लिये बंद की हुईथीं। तद्पश्चात् जो भी सामने रुकावट करने आया उसका सर धड़ से अलग करके इन वीरों ने अपनी राह ली। जब पुलिस को इस हत्या-कांड की सूचना मिली तो सन्देह में अकाल बुन्गे के पुजारी निहंग सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके अतिरिक्त नगर के कुछ हिन्दू भी पकड़े गये। अधिक समय तक जाँच होती रही। पुलिस ने निर्दोषों के चालान किये और निहंगों को (जिन्हें उन दिनों अकाली कहा जाता था) असह्य यातनायें दी गयीं जिससे विवश होकर उन्होंने निर्दोष होते हुए भी अपराध स्वीकार करलिया। संक्षिप्त रूप में यातनाओं से विवश होकर अपराध स्वीकार करने वाले निर्दोषों को मृत्यु दण्ड देकर अंग्रेजी न्याय ने अपना दिवाला निकाल दिया।

कूकों का अपराध स्वीकार करना—उधर वह वीर कूके जिन्होंने आवेश में आकर गो घातकों का वध किया था भैणी साहिब में सतिगुरु जी के चरणों में उपस्थित हुये। सतिगुरु जी ने पूछा "सिखो, अमृतसर के हत्या-कांड वाले मुकदमे का क्या परिणाम हुआ?" उत्तर दिया 'महाराज! उन्हें मृत्यु दंड

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

की आज्ञा हुई है। किन्तु दीनदयालु! आपके सम्मुख असत्य भाषण उचित नहीं है, यह हत्यायें हमने की हैं।' सतिगुरु जी ने कहा" सिखो परिश्रम किसी का हो और उसका फल कोई और भोगे-यह अनुचित है। तुरन्त अमृतसर पहुँचकर उन निर्दोषोंको मुक्त कराओ और अपने कर्म का फल स्वयं भोगो।" सिखों ने सतिगुरु जी को प्रणाम करते हुए आज्ञा पालन करने की प्रतीज्ञा की। वे अमृतसर पहुंचकर अधिकारियों के सम्मुख अपने अपराधों को स्वीकार करते हुए अपने को अपने भाग्य पर छोड़ दिया।× पहिले तो अधिकारी यह समझकर कि यह साधू परोपकार भावना से प्रेरित होकर इन्हें मुक्त कराने के लिये मृत्यु दंड अपने ऊपर ले रहे हैं, परन्तु कूका वीरों के ठीक ठीक विवरण देने व सम्पूर्ण घटना को सन्गोपाग वर्णन करने पर पुलिस ने उनके अपराधी होने पर विश्वास कर लिया जिस पर निहंगों को छोड़ दिया गया।

<u>सेशन जज के न्यायालय में</u>–२८, २६ और ३० अगस्त तक इन कूका वीरों का मुकदमा मेजर डब्लू० जी० डेविस सेशन जज; अमृतसर के न्यायालय में होता रहा जिसका निर्णय ३१ अगस्त १८७१ को निम्नलिखित रूप में सुनाया गया।

<u>४ को मृत्यु दंड</u>

१—लहिणा सिंह अमृत सर।

×गुरुद्वारा रिफार्म मूवमेंट पृष्ट ३८।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

२—फतह सिंह अमृतसर।

३—हाकम सिंह पटवारी, मोड़े, जिला अमृतसर।

४—बीहला सिंह नारली, जिला लाहौर।

३ को कालापानी

५—लहिया सिंह सुपुत्र मुस्सदा सिंह

६—लहिणा सिंह सुपुत्र बुलाका सिंह

७—सिपाही लालसिंह —इन तीनों को आजीवन कारावास का दण्ड सुनाया गया।

× × ×

८—मेहर सिंह लोपोके, जिला अमृतसर

६—झंडा सिंह ठट्टा थाना लोपोके

१०—अड़बंग सिह मरहाणां जिला अमतसर

यह तीनों मफ़ूरर घोषित किये गये जो अनेक प्रयत्नों पर भी पुलिस के चङ्गुल में न आ सके।

निर्णय की पुश्टी—भारतीय दंड विधान की धारा ३६८ के आधार पर सेशन जज ने इस निर्णय को स्वीकृति के लिये चीफ-कोर्ट लहौर को भेज दिया। जस्टिस जे कैम्बवेल और जस्टिस आर लिन्डसे ने ६ और ११ सितम्बर १८७१ को क्रमशः इस निर्णय को औचित्य प्रदान किया।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

फाँसी के तख्ते पर

दंड औचित्य निर्णय की सूचना अमृतसर के गली कूचों में विद्युत गति से पहुंच गई। प्रत्येक नर नारी की जिह्वा पर 'कूका' वीरों की उपमा के शब्द थे। वे अपना अपराध स्वीकार करना व निर्दोषों को काल के गाल से छुड़ाकर अपने बलिदान देने के लिये तत्पर हो जाना कोई साधारण बात नहीं थी। जनता पर इस आत्म समर्पण का प्रभाव अत्याधिक पड़ा। सेशन जज का निर्णय सुनने के दिन से फांसी पर झूलने वाले दिन तक प्रत्येक दिवस इन वीरों को श्री दर्बार साहिब के दर्शन करने और अपना भोजन स्वयं बनाकर खाने की सुविधा प्राप्त थी। भोजन सामग्री का प्रबन्ध सरकारी नहीं किन्तु कुछ कूकों की ओर से था × १५ सितम्बर मृत्यु आलिंगन करने का दिन था। उस सुन्दर प्रभात में कूकों ने अमृतसर के पवित्र सरोवर में स्नान किया। तदुपश्चात् कड़ाहप्रसाद बना कर तकसीम किया। ढोलक-संजीरों की आज्ञा भी प्राप्त की गई। अहा! कैसा सुन्दर दृश्य है। देश-भक्त

× 'कूका' वीरों ने वर्तमान्वी सरकार के कोष से भोजन करना स्वीकृत नहीं किया था।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com



श्री सतिगुरु रामसिंहजी की आज्ञा पर नामधारी सिंह निरपराधों को छुड़ाकर स्वयं फांसी के तख्ते पर झूल रहे हैं।

ਸਤਿਗੁਰੂ ਜਗਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁਸਤਕਾਲਯ
ਪੁਸਤਕ ਨੰ:..............
ਅਲਮਾਰੀ ....
ਸ੍ਰੀ ਭੈਣੀ ਸਾਹਿਬ

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कैसे प्रेमावेश में फांसी चढ़ने जारहे हैं। एक सिंह ने अपनी ग्रीवा में ढोलक लटकाई। दूसरों ने मंजीरे लिये। झूम २ कर कीर्तन करते हुए यह फांसी घर की ओर जा रहे हैं। दर्शकों की यह भीड़ विस्मित है "क्या ? यह सिख आज फांसी पर चढ़ेंगे। यह तो ऐसे अचिन्त हैं मानों इन्हें मृत्यु की सुधि ही नहीं।.... तो क्या यह किसी शादी पर जा रहे हैं।" हाँ ! देश भक्त आज मृत्यु वधू को वरने जा रहे हैं तभी तो अत्यन्त प्रसन्न हो फूले नहीं समाते। मंजीठा रोड के किनारे एक बट वृक्ष पर जहाँ अब सिविल अस्पताल है उन्हें फांसी लटकाने का प्रबन्ध था। शूरवीरों का जलूस वहीं पहुंच रहा है। दर्शकों की भारी भीड़ है। इन बहादुरों को जब अफसर इंचार्ज की ओर से आदेश हुआ कि जो कुछ कहना चाहते हो कहें, तो उन्होंने केवल दो माँगें कीं। [१] हमें ताँत की डोरी से फांसी न दी जावे [२] फाँसी की रस्सी हम स्वयं अपने गलों में डालेंगे। दोनों माँगे स्वीकृत हुई। तांत के स्थान रेशम की रस्सियाँ मँगवाई गयीं। सिंहों ने चीनी वाले पातशाह के चरणाबिन्दों का ध्यान करके अरदास की, और उत्साहपूर्ण हो सति श्री अकाल के नारों की गूँज में शहीद हो गये। जनता उस समय यही कह रही थी कि वतन के शहीद अपने जीवन का प्रमाण फाँसी के झूले पर झूल झूल दिया करते हैं।

शहीद की मां—शहीद हाकम सिंह अपनी विधवा मां का इकलौता पुत्र था। माँ ने पुत्र के दाह संस्कार के लिये अपनी अटारी में लगी हुई धन्नियाँ आदि एकत्रित करके अपने

ग्राम से लाई थी। अतः उसने चारों शहीदों के मृतक शरीर को अमृतसर के पवित्र जल से स्नान कराके गुरुवाणी गाते हुए दाह संस्कार किया।

किसी ने शोकमयी शब्दों से माँ को कहा "मां पुत्र के लिये क्या कहा जाय?" मां ने प्रसन्न चित्त मधुर मुस्कान में कहा, "मैं आज भाग्यशाली हूं, क्योंकि मेरे पुत्र नेगऊ, गरीब तथा देश की स्वतन्त्रार्थ चीनी वाले पातशाह के आदेशानुसार अपने प्राणों का बलिदान दिया है।"

देश भर की जनता में इस अनोखे बलिदान का इतना प्रभाव पड़ा कि सब कह उठे,"जननी जने तो भक्त जन कै दाता कै शूर। नहीं तो जननी बांझ रहु काहि गवावहि नूर।" सतिगुरु राम-सिंह जी की यह बात अधिकाधिक महत्वपूर्ण समझी गई थी, कि आपने इस घटना से न केवल निर्दोषों को कांज ग्रास से मुक्त कराकर अपने सिखों को उनके स्थान पर भेजा। वरन् उन निहँगों को जिन्होंने १८६७ ई० की दीपमालिका में अकाल सख्त में चनकी भेंट की अरदास न की थी, उन्हें मृत्यु मुख से निकाल कर वाणी के इस वाक्य को प्रत्यक्ष मूर्तिमान किया कि "कबीर बुरे दा भला कर, गुस्सा मन न हंडाय।" (श्लोक कबीर)

अन्य इतिहासकारों का मत

अमृतसर के कूका बलिदान सम्बन्धी कुछ एक अन्य मतावलम्बी इतिहासकारों का मत निम्नलिखित शब्दों में उद्धृत किया जाता है—

१—गुरुद्वारा रिफार्म मूवमेंट एँड दी सिख अवेकनिंग **Gurdwara Reform and the Sikh Awakening By Prof. Ruchi Ram Sahni of *Lahore*** नाम की अंग्रेजी पुस्तक में लिखा है कि—

"संयोगवश कुछ नामधारी लाहोरी दर्वाजा (अमृतसर)से जा रहे थे। जहाँ पुरातन परम्परा और सर जान लारेंस के आदेश ("कि अमृतसर में गोहत्या नहीं होगी") के विरुद्ध बूचड़खाना खोला गया था; और उन्होंने यह अफवाह भी सुनी कि इस पवित्रस्थान में बूचड़ों की ४ दुकानें और खुलने वाली हैं। जिससे हिन्दू और सिख नागरिकों में अत्यन्त असन्तोष फैला हुआ है। नामधारी जो गोहत्या के कट्टर विरोधी थे सोच विचार के पश्चात् नगर में प्रविष्ठ हुए और बूचड़ों पर काल के समान टूट पड़े। हत्याकांड करने के पश्चात् सकुशल निकल गये।"

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

बाबा राम सिंह को जब यह सूचना मिली, तो उन्होंने उन सिखों को बुलाकर कहा कि "हत्यायें आपने की और गिरफ्तार हुए हैं निर्दोष सिंह–यह बात अनुचित है। अतः जाओ न्यायालय में जाकर अपना दोष स्वीकार करो ताकि निर्दोष व्यक्ति मुक्त कर दिये जायँ।" इस आदेशानुसार वे वहाँ पहुँचे, और अधिकृत व्यक्तियों के सम्मुख सम्पूर्ण परिस्थिति स्पष्ट करदी। उन्होंने फाँसी के साथ अपने आपको विधाता के हाथ में छोड़ दिया। (पृष्ठ २८५).

(२) तारीख़-पंजाब (उर्दू) में स्वर्गीय भाई परमानन्द जो गत M.L.A (केन्द्रीय) ने लिखा है कि-

"१८७१ में कुछ उत्साहयुक्त केशधारी सिखों को इस बात से बहुत असन्तोष था कि अमृतसर के तीर्थ स्थान पर गो वध क्यों किया जाता है। अतएव एक रात्रि में उन्होंने पहुँचकर कसाइयों को वधकर डाला। नगर में वावेला सा मच गया।

वहाँ के रईसों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया कि यह हत्याकांड उनके ही गुप्त कार्य का परिणाम है। हत्या करने वालों ने बाबा रामसिंह को इस घटना की सूचना दी। तो बाबा जी ने कहा कि अपराध उन्होंने किया और निर्दोष अपराधी ठहराये जा रहे हैं। उनका यह कर्तव्य है कि वह अदालत में जाकर अपने अपराध मान लें। इस पर उन्होंने अपने आप को समर्पित कर दिया। फल स्वरूप उनपर मुकदमा चलाकर उन्हें फाँसी दी गई।" (पृष्ठ ५६१)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

(३) भारत में अंग्रेजी राज्य के लेखक पंडित सुन्दर लाल जी द्वारा लिखित पुस्तक (पृष्ठ ७०१ से ७११ तक) में "इतिहास का एक भूला हुआ पृष्ठ", शीर्षक से प्रकाशित लेख के अनुसार "अमृतसर में जहाँ आजकल घन्टाघर है वहाँ उस समय खुला मैदान था। नवीन सरकार ने वहाँ बूचड़खाना खुलवाया। जनता ने विरोध किया, पर कोई ध्यान न दिया गया। इस पर कुछ नामधारी सिखों ने कुछ कसाइयों को मार कर उनसे बलपूर्वक गऊओं को छुड़ा लिया और स्वयं नगर से भाग गये। नगर के कुछ अन्य हिन्दू और सिख पकड़ लिये गये। पुलिस ने उन्हें यातनायें देकर उनसे अपराध मनवा लिया। जब गुरु रामसिंह को ज्ञात हुआ कि यह हत्याकांड उनके कुछ सिखों ने किया है तो उन्हें बुलाकर यह आदेश दिया "आप लोग स्वयं जा पुलिस के सम्मुख अपराध स्वीकार करो।" अतः निर्दोषों को छुड़ाकर उन्होंने ऐसा ही किया। यह लोग फाँसी पर लटकाये गये और अन्य निर्दोष छोड़ दिये गये। (पृष्ठ ७०४ जून १९४९)

(४) सीगीज आन दी नामधारी सम्प्रदाय में लिखा है।

कुछ दिन परामर्श के पश्चात् उन्होंने निश्चय किया कि इस पवित्र स्थान को अपने प्राणों की आहुति देकर भी इस भयंकर बुराई से बचाना है। १४ जून को रात को उन्होंने बूचड़खाने पर आक्रमण कर दिया। इस आक्रमण को बहुत नाजुक और मह-

त्वपूर्ण समझा गया। सरकारी अफसरों ने अपनी शक्ति इस काँड की खोज में लगा दी। अपराधियों की गिरफ्तारी में सहायता देने वालों या उनके सम्बन्ध में सूचना देने वालों को १०००)का पारितोषक देने की घोषणा की गई। सर्वश्रेष्ठ अधिकारी मिस्टर क्रिस्टी (Christi) जो बड़ा तजुर्बेकार और योग्य था, जिसे अपराधियों का पता लगाने की दक्षता में ख्याति प्राप्त थी, इस मुकदमे की छान-बीन के लिये नियुक्त किया गया।....

पुलिस छान बीन का इतिहास प्रायः उस कार्यवाही का वास्तविक चित्र है जो इन शांति रक्षकों की ओर से उन्नति (Promotion) प्राप्त करने में की जाती है। २९ जुलाई से पूर्व अनेक व्यक्तियों के अतिरिक्त १३ निहँगो या अकालियों को जो इस अपराध से किसी प्रकार भी संबंधित न थे, उन्हें अपराध स्वीकार करने के लिये बहुत कष्ट दिया गया। (मजमउल बहिरीन—उर्दू साप्ताहिक २२–७ १८७१ पृष्ट १२)। उनमें से तीन अपराधियों को कल्पित षड़यन्त्रों को प्रकट(supposed conspiracy)करने में रिहा किया गया। जब शेष दसका मुकदमा मेजर डेविस (कमिश्नर और शेशन जज) के सामने गया तो इस मुकदमे में उपस्थित शहादत पूर्णतता निर्मूल थी,पुलिस की ओर से इतने कष्ट दिये गये कि इन्होंने स्पष्टता स्वीकार कर लिया कि वास्तविक दोषी वही है। (पृष्ठ ५० से ५३ तक)। सेशन जज ने उन निहंगों को मृत्यु दंड दिया जिन्होंने पुलिस द्वारा कठिनाइयों से पीड़ित होकर अपराध स्वीकार किया था; किन्तु मुकदमे का

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

असली सुराग़ उस समय तक नै लग सका जब तक बाबा रामसिंह के आदेशानुसार असल अपराधियों ने आत्म समर्पण न कर दिया। सच्चे बयान लिखने पर मुकदमे की सुनवाई पुनः हुई और जिन निर्दोषों को दंड दिया गया था उन्हें मुक्त किया गया और वास्तविक अपराधियों में से ४ को फाँसी और ३ को काले पानी का दन्ड दिया गया। (सरकारी घोशणां नं० १०६० तिथि १०-६-१८७१)

"इन शहीदों ने अन्तिम समय में जो वीरता दिखाई उसने उनके साथियों (कूका सिखों) के धार्मिक गर्व में उन्नति कर दी।"

उत्तरदायित्व किस पर ?

बूचड़ हत्याकांड के उत्तरदायित्व पर भारत सरकार की कूका फ़ाइल में मेजर बिर्च (Major Bairch) डिप्टी कमिश्नर अमृतसर को लिखी गई पत्रिका नं० ४२३ तिथि १-७-७१ महत्वपूर्ण है। बिर्च साहिब लिखते हैं कि मैं कुछ उन घटनाओं की चर्चा करना अपना कर्तव्य समझता हूं जिन्होंने प्रत्यक्ष रूप में इस अपराध को जन्म दिया।

(१) आरम्भ में निहँगों की ओर से धमकी दी गई थी, जिसकी रिपोर्ट में ८ मई वाले पत्र में की थी। ५ मई को बूचड़-खाने की रक्षा के लिये १ पुलिस गार्ड नियुक्त की गई जो ३१ मई को हटा ली गई। मेरे मतानुसार यह हमारी भूल थी।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

(२) २ जून को एक अपील में बूचड़ों की रिहाई का आदेश सुनाया गया जिसने हिन्दुओं को अपराध करने के लिये अनेक कारण उत्पन्न कर दिये। निश्चित रूप से इस बात से वे क्रुद्ध हो गये। क्योंकि कानून अनुसार माँग समझाने की उनकी आशाओं पर पानी फिर गया।

(३) कई कारणों से गत वर्षों से अत्यधिक गो घात हुआ इससे निःसंदेह अनेक अच्छे और माननीय हिन्दू दुखी हुये, और उनके दुखे हुये भावों की उन लोगों ने किञ्चित मात्र भी परवाह न की जिन्हें गो मांस से आर्थिक लाभ हो रहा था। मैंने पूर्व ही यह समित पेश की थी, मैंने पहिले इसी बात को सम्मुख रक्खा था जिसने व्यक्तिगत रूप में मुझे बूचड़ों को दन्ड देने के लिये प्रेरित किया था।

(४) सरकारी कार्यवाहियों का फल प्रायः हिन्दुओं के विरूद्ध होता था।

इस मामले में हिन्दू जनता ने अपने आपको असफल पाया फलतः उन्होंने अपनी असन्तुष्टता के कारण बदला लेने का निर्णय किया। विरच साहिब ने अपने इस पत्र में जिस स्पष्टता से परिस्थिति का वर्णन किया है, वह प्रशंसनीय है; किन्तु जहां जहां उसने अपनी भूल मानी वहां बूचड़ों को दोषी ठहराने का प्रयत्न भी किया, परन्तु यह बात दृष्टि से ओझल नहीं की जासकती कि इस अपराध की जन्मदाता स्वयं सरकार थी। क्योंकि बूचड़

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

खाना खोलने और गोमांस बेचने की सरकारी घोषणा के प्रणाम रूप में ही यह सब झगड़े हुए। बूचड़ खानों और गोमांस बिक्री के विरुद्ध हिन्दूओं द्वारा जोरदार आन्दोलन की किंचित मात्र भी परवाह न करते हुये कमिश्नर साहिब ने इस बात पर जोर दिया कि बूचड़खाने चालू रक्खे जावें। २२ मई १८७१ को म्यूनिसिपल कमेटी ने बूचड़खाने जारी रखने के पक्ष में प्रस्ताव द्वारा प्रचंड ज्वाला में तेल डालने का काम किया। इन सब बातों की मिमांसा से यह स्पष्ट हो जाता है कि नामधारी वीरों ने बूचड़खाने पर आक्रमण करने का निश्चय तभी किया जब उन्हें विश्वास हो गया कि इसके रोकने के शांतिपूर्ण व कानूनी प्रयास सबके सब विफल होचुके हैं। अतएव उन्होंने तो गुरुगोविंद सिंह जी के इस वाक्य पर अमल किया कि जब सब साधन निष्फल हो जावें तो कृपाण उठाना उचित है—"चूँ कार अज़ हमह हीलते दर गुज़श्त। हलालस्त बुर्दन व शमशीर दस्त।" (ज़फ़रनामा) अतएव उन बहादुरों ने सरकारी अफसरों द्वारा धार्मिक बातों में प्रत्यक्ष हस्ताक्षेप तथा देश की दुर्दशा के सम्मुख अपना कर्तव्य देखकर कार्यक्रम निश्चित किया जिसमें यदि सफलता होती तो पंजाब ही नहीं किन्तु समस्त देश इस पापमय कलंक से मुक्त हो जाता।

अतएव जहां तक उत्तरदायित्व का प्रश्न है सरकार स्वयं इसकी जिम्मेदार है, क्योंकि सब परिस्थितियां उसकी नीति द्वारा

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

हीं उत्पन्न हुईं जिसकी घोषणा करके उसने पंजाब को गोमांस की मंडी बनाने का प्रयत्न किया।

क्या इस हत्या कांड में सतिगुरु जी का भी हाथ था?— उपरोक्त मुकदमें में हत्या करने वाले के सम्बन्ध में सरकारी रिकार्ड में एक आश्चर्यजनक कथा लिखी मिलती है, जिसे नामधारियों के विरोधी भाइयों ने अभी २ ही प्रगट किया है। कथा यह है, कि "रायकोट बूचड़बध में जो अमृतसर हत्याकांड के ठीक एक मास पश्चात् हुआ था, जब नामधारी वीरों को फाँसी के दंड सुनाये गये जिनकी कोर्ट द्वारा पुष्टि हो चुकी थी, तो दंड प्राप्त अपराधियों में से गुलाबसिंह नाम के व्यक्ति ने जज से कहा कि यदि उसकी प्राण रक्षा की जावे तो वह अमृतसर का समाचार ठीक २ बता सकता है, क्योंकि वह स्वयं हत्या करने वालों के साथ था। अतएव उसे अमृतसर लाया गया जहाँ उसने सब समाचार बताये जिससे दोषियों का पता लगाया गया।" यह कथा पूर्णता असत्य है और इस दृष्टिकोण से घड़ी हुई ज्ञात होती है जिससे कूका वीरों के उस उत्साह पर परदा डाला जा सके जिससे प्रभावित होकर उन्होंने अपने सतिगुरु जी की आज्ञानुसार अपने दोष स्वीकार किये उन्होंने फांसी की रस्सियां अपने गलों में डालकर अपने शीश बलिदान कर दिये, और उन निर्दोषों को मुक्त कराके प्राण दान दिया। जिन्हें न्यायालय ने अपराधी मानकर प्राण दंड की घोषणा कर दी थी। इसके अतिरिक्त इस कथा की

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

बनावट का यह भी प्रयोजन जान पड़ता है कि सतिगुरु रामसिंह जी को उस श्रेय(credit)से वंचित रखा जाय जिसका जनता की ओर से उन्हें प्राप्त होना अनिवार्य था। इन प्रयोजनों को सम्मुख रखकर पुलिस की ओर से अनेक गाथाओं का प्रसिद्ध कर देना आश्चर्यजनक बात नहीं है। इसका प्रमाण इसी मुकदमें की मिसल में मिल चुका है। हम पहिले वर्णन कर चुके हैं कि मिस्टर क्रिस्टी जैसे सुयोग व्यक्ति के नेतृत्व में १२ निहंगों और कुछ निर्दोषों के विरुद्ध गवाहियों पर आधारित मुकदमा चलाकर उन्हें मृत्यु दण्ड दिलाया गया। अतएव सरकारी रिकार्ड और इस्तगासों की कल्पित व अघटित घटनाओं की असत्यता प्रगट करने की अधिक आवश्यकता नहीं है और न ही हमें सरकारी कूका रिकार्ड में इस प्रकार की कहानियां देखकर आश्चर्य होता है। इस बारे में पहिले बतलाया जा चुका है कि अनेक इतिहासकारों ने यह प्रमाणित किया है, कि शहीद सिखों को अमृतसर जाकर अपराध स्वीकार करने का आदेश सतिगुरू रामसिंह जी ने दिया, व उसके ही प्रभाव से उन्होंने ऐसा किया। अब हम कुछ उदाहरण देकर इस विवाद को समाप्त करते हैं।

१—प्रोफेसर तेजासिंह खालसा कालेज अमृतसर (वर्तमान प्रिन्सपल खालसा कालेज बम्बई) अपनी अंग्रेजी पुस्तक 'ऐसेज़ आन सिखीज्म' में लिखते हैं कि "एक कातिल जो इस्तगासे की मार से बच गया था (भाव यह कि न्यायालय ने उसे बरी कर दिया था।) वह बाबा रामसिंह जी के प्रभाव में आ गया व

तुरन्त केशरा उनके पास पहुँचा। उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए दण्ड का स्वागत किया। १८७१ की गर्मियों में कुछ नामधारी अमृतसर के लाहौरी द्वार से गुजर रहे थे जहाँ जान लारेंस के आदेश से प्राचीन परम्परा के विरुद्ध बूचड़खाना खोला गया था। नगर में यह अफवाह भी जबरदस्त ढंग से फैल रही थी कि बूचड़ों की चार दुकानें और खुलने वाली हैं। हिन्दुओं और सिखों में घोर असन्तोष फैला हुआ था। नामधारी जो गोवध के कट्टर विरोधी थे विचारोपरांत नगर में प्रविष्ट हुए और बूचड़ों पर सफल आक्रमण के पश्चात् बचकर निकल गये। बाबा रामसिंह को पता लगा तो उन्होंने कहा कि हत्यायें आपने की हैं और निर्दोष निहंग पकड़े गये हैं। न्यायालय जाकर अपना अपराध स्वीकार करो ताकि वे निर्दोष मुक्त किये जा सकें।" वह गये और अधिकारियों के सम्मुख अपना अपराध स्वीकार कर अपने को भाग्य पर छोड़ दिया।" (पृष्ठ १२२-२३)

७—सरदार तारासिंहजी अपनी थीसिज 'ग्रान दी नामधारी मूवमेंट' नाम की अंग्रेजी पुस्तक में लिखते हैं कि "अमृतसर कांड के अपराधियों के विषय में यह कल्पना करली गई है कि उनका पता रायकोट कांड के मुकदमे से चला किन्तु इस सत्य को दृष्टि अगोचर नहीं किया जा सकता, असली अपराधियों ने स्वयं अपना आत्म-समर्पण करके अपराध स्वीकार न कर लिया, उस समय तक किसी को सन्देह तक न था कि निहंग व अकाली जिन्हें मृत्यु दण्ड दिया जा रहा था, बिल्कुल निर्दोष थे (पृष्ठ ५६)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

रायकोट कांड

रायकोट जिला लुधियाना में एक प्रसिद्ध कस्बा है यह लुधियाना से सड़क के रास्ते २८ मील दूर है। इस स्थान का सिख इतिहास से घनिष्ठ सम्बन्ध है। माछीवाड़ा से लखीवन की ओर जाते हुए गुरुगोविन्द सिंह जी ने यहाँ विश्राम किया था। इस ग्राम के ग्रामाधीश रायकल्ला ने गुरु जी की सप्रेम सेवा की। सतिगुरु जी की आज्ञानुसार उसने माही नामक दूत को सिंद भेजकर उनके छोटे साहिबज़ादों और माता गुजरी जी के बलिदानों की सूचना मंगाई। रायसाहब की सेवा से प्रसन्न होकर गुरुजी ने अपनी तलवार और एक गड़वा (लोटा) उन्हें दे दिया। गड़वा सुन्दर और गंगा सागर की भांति था। उसमें विचित्रता थी कि उसके अत्याधिक छोटे २ छेदों से मट्टी और बालू के कण तो निकल जाते थे पर जल नहीं निकलता था। इस स्मृति में सिखों का एक गुरुद्वारा वहां स्थापित है।

अमृतसर की बूचड़ हत्या के २०–२५ दिन बाद कूका सिखों का एक जत्था भैणी साहिब जाते हुए यहां से निकला। यहां गुरुद्वारे के निकट पड़े हुये मांस के लोथड़ों व हड्डियों को देखकर उन्होंने पुजारियों से पूछा तो उन्होंने बताया कि, "गुरुद्वारा

साहिब के कुछ ही निकट वह बूचड़खाना है जहां नित्य प्रति गो बध होता है, जिससे हम बहुत दुखी हैं। चीलें और गिद्ध आदि गोमांस के टुकड़े लाकर गुरुद्वारे के निकट डाल जाती हैं। हमारे विचार से यह हमारे पापों का अभिशाप है। भाई साहब अब हमारे जीने से कोई लाभ नहीं है, "पुजारियों की यह व्यथा सुनकर उनके नेत्र क्रोध से लाल हो गये किन्तु उस समय उन्होंने इतना ही कहा, "अच्छा गुरु भली करेंगे" फिर वह जत्था यहां से चलकर ताजपुर पहुंचा, और रात्रि वहीं व्यतीत की। इस स्थान पर उन्होंने निर्णय किया कि गोरक्षा और गुरुद्वारे की पवित्रता की पुनार्वृति के लिये बूचड़ों का सफाया कर डाला जाय। अतएव इस निर्णयानुसार नाभा राज्य के सन्तमंगल सिंह संतगुरुमुख सिंह और संत निहाल सिंह जी ने अरदास करके १५ जुलाई को रात के ११ बजे रायकोट के बूचड़ों पर धावा बोल दिया और उन्हें मारकर साफ बचकर निकल गये।

यह घटना अमृतसर कांड के एक मास पश्चात् की है। अपराधियों का पता लगाने के लिये सरकार की ओर से १०००) का पुरस्कार घोषित हुआ। इस लालच में आकर छीनीवाल के दल्लू और मदाणा के गुलाबू ने पुलिस को सूचना देकर असली अपराधियों के साथ निर्दोष संत सूबा ज्ञानसिंह जी नाईवाल वालों को भी गिरफ्तार करा दिया। प्रथम तीन अभियुक्तों ने अपने

अपराधों को स्वीकार करते हुये कहा कि सूबा ज्ञान सिंह और रतन सिंह उनके साथ सम्मिलित नहीं थे। पुलिस के सूचना देने वाले व्यक्तियों को साक्षी बना कर पाँचों व्यक्तियों का चालान कर दिया गया। साक्षियों से ऐसे बयान दिलाये गये जिससे पाँचों अभियुक्त दोषी ठहराये जा सकें।

न्यायालय में कार्यवाही समाप्त होने पर मामला जे० डब्लू० मैकनब (J. W. Mackennob) कमिश्नर व सेशन जज अम्बाला की अदालत आया, जहां भारतीय दंड विधान की धारा ३०२ के आधार पर सन्त मस्तानसिंह, मंगल सिंह और गुरुसिंह जी को २७-७-१८७१ को फांसी की सजा सुनाई गई। दल्लू और गुलाब जो नामधारी बेश भूश में उपस्थित किये गये थे क्षमा किया गया। पुनः पुनः दन्ड की पुष्टि के लिये मिसल चीफ कोर्ट लाहौर में भेजी गई; जहाँ जस्टिस बोलोनुइस और एस कैम्पबेल ने १-८-१८७१ को दंड की तस्दीक कर दी। फलस्वरूप उन्हें ५-८-१८७१ को बसीआं की कोठी के निकट एक वृक्ष में से लटका कर फाँसी दी गई।

ज्ञानीसिंह जी और रतनसिंह नाईवाल को धारा १०६-३०२ (इयानते कत्ल के जुर्म में) में २६-१०-७१ को फाँसी का हुक्म सुनाया गया जिनकी चीफ कोर्ट द्वारा स्वीकृति मिलने पर उन्हें जिला जेल लुधियाना में २६-११-७१ को फाँसी पर चढ़ा दिया गया।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

मैकनब की रिपोर्ट (Mackanob Report)—जे० डब्लू० मैकनब स्थानापन्न डिप्टी कमिश्नर अम्बाला को सरकार आदेश मिला कि सतिगुरु रामसिंह और कूका आंदोलन के सम्बन्ध में छान बीन करके अपनी रिपोर्ट पेश करें और यह सूचना दें कि कूका आंदोलन का मुख्य कर्तव्य क्या है ?

मैकनब ने ४-११-७१ को एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की जिसका सारांश हम निम्नलिखित रूप में उपस्थित करना आवश्यक समझते हैं। मैकनब साहिब लिखते हैं —

"सितम्बर १८६७-६८ पुलिस के केन्द्रीय कार्यालय की ओर से जो रिपोर्टें प्रकाशित हुई हैं उनके आधार पर इस पन्थ के प्रारम्भिक संगठन के सम्बन्ध में अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं है। केन्द्रीय कार्यालय पुलिस और जनरल टेलर और मध्य जो पत्र व्यवहार होता रहा है यह जनरल टेलर के सरकारी दृष्टिकोण दोनों को प्रदर्शित करता है। उस पत्र व्यवहार में उपस्थित युक्तियों ने मेरे इस मत को पुष्ट कर दिया है कि इस पन्थ के नेता के अनुष्ठान प्रारम्भ में चाहे जो कुछ भी हों परन्तु अब तो उसका लक्ष्य राजनैतिक है। पुराने कागजों से मुझे यह पता लगा था कि रामसिंह को सन्त स्वरूप गुरु नानक जी का अवतार समझा जाता था पर अब उन्हें योद्धा गुरुगोविंद जी का रूप माना जाता है।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

उपरोक्त रिपोर्टों में कूका आंदोलन में सरदार मंगल सिंह बिशनपुरा (पटियाला) के अतिरिक्त किसी के भी सम्मिलित होने का उल्लेख नहीं था, पर अब उस हैसियत के अनेक सिख सरदार इस पन्थ में सम्मिलित हो रहे हैं। उदाहरणार्थ खुमाणों (पटियाला राज्य) के सरदार जो भैणी से दूर नहीं हैं, सरदार गुरुदत्तसिंह नाईवाल (पटियाला राज्य) सरदार वीरसिंह दयालगढ़ अपने भाई के तीन पुत्रों समेत सरदार गुरु सरन सिंह मुस्तफाबाद, जागीरदार हीरासिंह सढौरा जो जम्मू राज्य के सेनाध्यक्ष होकर कूका पलटन संगठनार्थ गये थे, भाई वेदा सिंह आनरेरी मजिस्ट्रेट सुहाना, सरदार जैमलसिंह और सरदार दलीप सिंह कलसिया।

जिला अम्बाला उच्चश्रेणी के सिख कुटुम्बों से भरपूर है। घुड़ सवारों के थोड़े से खानदान जो जागीरदार परन्तु उपजीविका के प्रत्यक्ष साधनों से रहित हैं, यद्यपि माझे के सिक्खों की भांति रण कुशल नहीं हैं पर खालसा राज्य वापिस लाने के लिये जनता में नवोत्साह पैदा कर रहे हैं। उनमें इस (कूका मनौविज्ञान) के उतपन्न होने की सम्भावना है। गत वर्ष से एक वर्ष पूर्व कहा गया था कि रामसिंह महाराज काश्मीर के वास्ते एक कूका पलटन भर्ती कर रहा है।प्रत्येक दशा में यह तय किया गया और लगभग ३०० आदमी हीरासिंह के नेतृत्व में जम्मू में एकत्रित किये गये। यह सेना बाद में तोड़ दी गई।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

राणा नैपाल से सन्धि—

गत वर्ष सूबा बीरसिंह और मानसिंह नेपाल युवराज को तोहफे देने के उद्देश्य से गये थे।+

इस सम्प्रदाय को इसके राजनैतिक लक्ष प्राप्ति से रोकने के लिये दृढ़ प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। यह सम्प्रदाय अपने समाज को जिलों में संगठित कर रहा है, प्रत्येक जिले में अपने अधिकारी और प्रतिनिधि नियुक्त करता है। लखनऊ, हैदराबाद या जहां भी सिखों का पता लगे, अपने दूत भेजकर बड़ी सावधानी से अपने सिद्धाँतों के प्रचार का प्रबन्ध करता है, और सिख धर्म के विरुद्ध समस्त बातों का परित्याग दृढ़ता से करता है।

सतिगुरु सम्राट रूप में—

प्रत्येक बात इस ओर संकेत करती है कि रामसिंह साधारण साधुओं की हैसियत नहीं रखता। वह आपको आधे दर्जन घुड़सवारों सहित मिलता है। बीसों ही व्यक्ति पैदल उसके साथ होते हैं वह अपने दरबारियों के मंडल में घिरा हुआ आपके

+ मकेन्ज़ का यह लेख कि सूबा बीर सिंह और मानसिंह नेपाल भेजे गये थे गलत है, क्योंकि सतिगुरु जी ने राणा नैपाल के प्रार्थना करने पर सूबा काहनसिंह व बाबा साहिब सिंह जी को नैपाल की ओर भेजा था।

कमरे में एक सम्राट की शान से प्रवेश करता है यह और उनके साथी श्वेत वस्त्र धारण करते हैं।

उनमें व्यभिचार और वेश्या गमन का घोर निषेध है और उनके मौलिक सिद्धांतों में यह एक प्रमुख सिद्धांत है।

सूबा ज्ञानीसिंह जब एक ग्राम से दूसरे गांव जाता है या जाने के सम्बन्ध में बातचीत करता है तो वह प्रगट करता है कि वह कूकों के झगड़े निपटाने के लिये गया था। वास्तव में वह एक न्यायधीश व नेता है न कि धार्मिक व्यक्ति।

मैंने देखा है कि सूबे युवक हैं जो निडर प्रतीत होते हैं। कुछ कूकों के अतिरिक्त मिस्टर सी० पी० ऐलीयेट मतानुसार सब अपने पवित्र आचरण के कारण प्रसिद्ध हैं। उपरोक्त मिमांसा द्वारा मेरा यह विचार है कि प्रारम्भ में यह आंदोलन किसी भी प्रकार का रहा हो पर अब निःसन्देह यह राजनैतिक होगया है।

सतिगुरू जी का दृढ़ आचरण—

अब मैंने यह प्रदर्शित किया है कि रामसिंह चतुर व्यक्तियों के हाथों की कठपुतली नहीं है उसके स्वभाव और ठाठ बाट के सम्बन्ध में मैं बता ही चुका हूं। जिसने भी रामसिंह को देखा है या उसके साथ वार्तालाप किया है उस पर उसकी तीक्षण बुद्धि, नियमक दृढ़ता तथा उच्चारण का प्रभाव अवश्य पड़ा होगा। अपने आप पर नियन्त्रण रखने वाले यह दिव्य गुण किसी

साधारण नेता में नहीं हो सकते।.... वह एक समय में केवल एक ही व्यक्ति से बात चीत करने में बड़े पाबन्द थे जनता सूबों पर नहीं किन्तु उसपर पूरा विश्वास करती है।

दीवान बूटासिंह व। 'कूका' साहित्य—

प्रत्येक कूका जो कुछ पढ़ सकता है, उसके पास लाहौर के दरबार बूटासिंह के आफताब प्रेस द्वारा मुद्रित एक पुस्तक होती है, जो ग्रन्थ की उन समस्त वाणियों से भरपूर है जो युद्ध को प्रोत्साहित करने वाली हैं। वह गुरुगोविन्द जी के ग्रन्थ में से चन्डी और उग्रदन्त का पाठ है! इसके अतिरिक्त कूका साहित्य में तीन पुस्तक और भी हैं। "सौ साखी," यह एक पुरानी पोथी की भाँति है जिसमें रामसिंह और उनके पिता आदि के नामों का उल्लेख है। पर वास्तव में यह पुस्तक नवीन है। दूसरी पुस्तक "आजिते रंधावे दी गोष्टि" है। यह भी प्रथम पुस्तक कीभांति है। तृतीय पुस्तक "करनी नामा" है। यह भी भविष्य वाक्य की भांति है उसमें लिखा है कि खालसा किस प्रकार अंग्रेजों को दिल्ली से निकाल कर दिल्ली पर विजय प्राप्त करेगा।

इन्सपेक्टर अहमद अली के कथानुसार यह तीनों पुस्तकें अमृतसर के कातिल (शहीद) बीहलासिंह (बारली) के ग्रह से बरामद करके मिस्टर टर्टन स्मिथ को दी गयीं जिन्होंने इनका

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

अनुवाद किया था। यह तीनों पुस्तक (सौसाखी, अजिता की गोष्ठि, व वर्जी नामा चण्डी व उ प्रदान्त सहित) जो कूकों के पास हैं पूर्णतः विद्रोहात्मक है। इनमें से बीहला सिंह के घर से बरामद होनेवाली पुस्तकें हस्तलिखित हैं।

कूके अंग्रेज के दुश्मन हैं—

रामसिंह के विरुद्ध राजनैतिक मुकदमा इस प्रकार है, कि यह एक ऐसे पन्थ का वास्तविक अद्वितीय नेता है, जो अपने स्वभावानुसार खालसा राज्य की पुर्नस्थापना स्थापना की धुन में संलग्न होने के कारण वर्त्तमानिधा का शत्रु है। वह इस समाज का अद्वितीय शासन कर्ता है, जिसने पंजाब के समस्त बूचड़ों का वध कर डालने की योजना बना रक्खी है। मैं समझता हूं कि बूचड़ों की हत्या जो कि अंग्रेजी सरकार के आदेशानुसार व्यापार कर रहे थे, अंग्रेजी शासन के साथ सीधी टक्कर है। अतएव देश में शांति और सुरक्षा स्थिर रखने के दृष्टि कोण से रामसिंह को किसी ऐसे स्थान में जलावतन कर कर दिया जाय जहां उसके सिख उससे कदापि मेल न कर सकें। उसके सूबों को अपने अपने स्थान पर नजर बन्द करके उसके दीवान बंद कर देने चाहियें।

मेरा पक्का मत है कि रामसिंह को जीवन पर्यंत काले पानी भेज दिया जाय। यदि न्यायालय में उनके विरुद्ध मुकदमा न चलाया जा सके तो १८६१ ई० के एक्ट ३ के आधीन कार्रवाई

होनी उचित है, और यह कार्यवाई फौजों के दिल्ली रवाना होने से पूर्व हो जानी चाहिये। मेरा विचार है कि वह युद्ध करने का विचार नहीं करेगा। और साधारण समन भेजने पर उपस्थित हो जाएगा, किन्तु फिर भी लुधियाना में पुलिस का दृढ़ प्रवन्ध कर लेना चाहिये और जालन्धर में सेनाएं तैयार रखनी चाहिये चूंकि लाहौर के छापे खानों में दीवान बूटासिंह का बड़ा प्रभाव है, अतएव इस पत्र का छपवाना उचित न होगा।

रिपोर्ट का सार—

मैकेनन की रिपोर्ट से यह ज्ञात होता है कि कूका आंदोलन इस समय पूरे जोबन पर था और इसके नेता सतिगुरु रामसिंह जी को देश में श्री गुरु नानकदेव और श्री कलगीधर दशम पातशाह जी का अवतार प्रकाशित किया जाता था। उनकी दलबन्दी राजनैतिक ढंग की व बड़ी दृढ़ थी। पंजाब में ही नहीं किन्तु हिन्दुस्तान के दूसरे सूबों में सिक्खों को जत्थे बन्द करके 'कूका सिद्धांतों' का प्रचार जारी किया गया था। कूका जत्थेबन्दी में बड़े बड़े जागीर दार, रईस और सरदार सम्मिलित हो चुके थे। दूसरी ओर इस जत्थे बन्दी का सम्बन्ध हिन्दुस्तानी राजाओं से दृढ़ हो चुका था। काश्मीर में एक विशुद्ध 'कूका' पलटन खड़ी हो चुकी थी, और नैपाल का महाराणा कूका रेजीमेंट संगठित करने का इरादा रखता था।

उनके सूबे नव युवक निडर और अपने सिद्धाँतों में परिपक्व थे। सतिगुरु रामसिंह जी साधारण साधुओं की भांति नहीं थे, किंतु उनका ठाट बाट शाहाना था, और वह अंग्रेज अफसरों से मुलाकात भेंट करते समय ऐसे जान पड़ते थे कि मानों एक सम्राट अपने दरबारियों सहित उनके कैंप में प्रविष्ट हो रहा है। उनका जीवन उद्देश्य पंजाब को अंग्रेजों की आधीनता से स्वतन्त्र करना था। अतएव कूका पन्थ ब्रिटिश राज्य का शत्रु था। मैकेनब के मतानुसार अमृतसर और रायकोट बूचड़ हत्या-कांड न केवल उनकी जानकारी वरन् उनकी गुप्त योजना के अनुसार हुये थे। वह सतिगुरु जी को चालाक व्यक्तियों की कठ-पुतली नहीं मानता और वह बात मानता है कि जिन्होंने भी उनसे बातचीत की है वह उनकी बुद्धिमता, उच्चारण और दृढ़ता से प्रभावित हुये बिना नहीं रहते थे। मैकेनब के कथनानुसार उपरोक्त योग्यतायें किसी विशुद्ध धार्मिक और साधारण नेता में नहीं हो सकती। इस प्रकार वह अंग्रेज अफसर उन्हें असाधारण शक्तिवान और गुणवान स्वीकार करता हुआ यह आशंका करता है कि उनसे अंग्रेजी शासन को भारी भय है और उनका कूका आंदोलन अंग्रेजी राज्य को उखाड़ फेंकने की शक्ति रखता है। अतएव सतिगुरु रामसिंह और उनके कूका आंदोलन से अंग्रेजी राज्य को सुरक्षित रखने के लिये वह अपनी राय जाहिर करता है कि उन पर अदालत में मुकदमा चला

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कर उन्हें जीवन पर्यन्त देश निर्वासित कर दिया जाए। सूबों को उनके ग्रामों में ही नजरबन्द कर दिया जाय और कूका (दीवान) सम्मेलन बन्द कर दिये जांय। यदि सतिगुरु जी पर मुक़दमा न चलाया जा सके तो उन्हें १८१८ ई० के स्पष्ट ३ के अन्तर्गत नजरबन्द कर दिया जाय। मैकेनव के मतानुसार ऐसा करने से ही अंग्रेजी राज्य सुरक्षित रह सकता था अन्यथा नहीं।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

मुरंडे, अमृतसर और रायकोट की घटनाओं के अपराध में सिखों के बलिदान के कारण जनता में बहुत जोश था। विशेषतः सूबा ज्ञानीसिंह और रतनसिंह को निर्दोष फांसी चढ़ाये जाने पर सार्वजनिक दुख प्रगट किया जा रहा था। ११ जनवरी को लोहड़ी (त्यौहार) और १२ को माघ की संक्राति थी। माघी वाले दिन मेले की समाप्ति के बाद जनता अपने २ स्थानों को लौट रही थी

श्री अकाल बुंगे के सिखों की एकत्रता—

श्री अकाल बुंगा भणी साहिब के डेरे से बाहर दक्षिण दिशा में कोई १०० कदम की दूरी पर एक स्थान है। जहां सतिगुरु रामसिंह जी एकांत में बैठ कर भजन किया करते थे। यहां सरदार हीरासिंह और सरदार लहिणासिंह की अध्यक्षता में कुछ सिख मलेरकोटले में गौहत्या और ज्ञानीसिंह और व रतनसिंह निर्दोषों को फांसी दिये जाने पर विचार कर रहे थे। उन्होंने यह निश्चय किया कि गौरक्षा के लिये और गुरु मुखसिंह के बदले के लिये मलेर कोटले पर भयँकर धावा कर दिया जाय और सफलता प्राप्त करने के लिये मलोद के सरदार से अस्त्र शस्त्र प्राप्त किये जाँय। हडियाना(पटियालाराज्य)और दिन्तुपुरा (मालेर कोटला राज्य) की वीरांगणायें इन्दुकौर और खेमकौर अपने हाथों में बलिदान प्रतीक ध्वजा लिये बलिदानों के लिये पुकार कर रही थीं कि "जिन सिखों को धर्मपर अपने २ शीश न्यौछावर करने हैं वे तैयार हो उठें"। रीठे की छाल रगड़ कर ठंडाई तैयार की गई। जो भी शहीदी

मालेर कोटला वलिदान की रोमांचकारी फिल्म में अग्नि से होली खेलने 'कूक' वीरों के वृत्तान्त से सम्भवतः ही यह ज्ञात हो सकता है कि जिस सतिगुरु रामसिंह जी ने खालसा पंथ के निर्जीव शरीर में नवजीवन का संचालन किया था उसने अपने देश को अंग्रेजों जैसे दृढ़ विदेशी राज्य के विरूद्ध स्वतंत्रता की रणभूमि में युद्ध करने वाले किस गज़ब के योधा उत्पन्न किये थे ?

इस हृदय विदारक घटना के वर्णन करने से पूर्व उन घटनाओं का वर्णन करना आवश्यक प्रतीत होता है जिनसे इसका जन्म हुआ हमारी राय में इसके निम्न लिखित ही कारण थे—

(१) अमृतसर और रायकोट की घटनाओं के उपलक्ष में 'कूक' वीरों को मृत्यु व आजीवन कारावास के दंड।

(२) मुरंडा गौवध रोकने के कारण नामधारियों को कठोर दंड।

(३) निर्दोष सूबा ग्यानीसिंह व संत रतनसिंह नाईवाल को २६-११-१८७१ को लुधियाना डिस्ट्रिक्ट जेल में फांसी पर लटकाया जाना।

(४) मलेर कोटला वन में स्वतन्त्रता से विचरण करने वाली राम गऊओं की हत्या।

(५) मलेर कोटलामें गौरक्षा के लिये वहाँ के हिंदुओं की सरदार हारासिंह जो सेक्रेट्री के पास कारूणिक पुकार।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

(६) फरवाही ग्राम (मलेर कोटला राज्य) के नंबरदार के सामने मलेर कोटला कोतवाली में एक बैल का वध किया जाना।

उपरोक्त कारणों में केवल अन्तिम का ही सपष्टी करण आवश्यक है, जिसने उपरोक्त कारणों की दबी हुई चिनगारियों को फूंक मार कर प्रचंड कर दिया। यह घटना इस प्रकार है। फरवाही (मलेर कोटला राज्य) का एक नंबरदार गुरमुख सिंह सरकारी लगान अदा करने कोटला जा रहा था। वहां उसने एक व्यक्ति को बैल पर शलगम लादे और स्वयं भी उसी पर सवार जाते देखा। गुरमुख सिंह ने उसको बैलपर दया करने की विनय की। जिसपर उसने अपशब्द कहे और शोर मचाकर अन्य लोगों को भी वहां एकत्र कर लिया। वह गुरमुखसिंह को पकड़कर लेगये। कोतवाल ने यह निर्णय किया कि वह बैल उस सिख के सामने जिबह कर दिया जाय व गुरमुख सिंह को भी खूब पीटने के उपरान्त कोतवाली से बाहर निकाल दिया यह बेचारा मालगुजारी जमा किये बिना ही भैणी साहिब पहुँच गया।

मेला माता जस्सां—

सतिगुरुजी की धर्मपत्नि माता जस्सां का देहांत नवंबर १८७१ में हो चुका था। उनके निमित्त श्री ग्रंथ साहिब के १०१ पाठों की समाप्ति के समय भैणी साहिब में ११, १२ जनवरी १८७२ई० (२९ पौष व माघ संवत् १९२८) को मेला होना निश्चित था।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

ਸਤਿਗੁਰੂ ਜਗਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁਸਤਕਾਲਯ
ਪੁਸਤਕ ਨੰ:..........
ਅਲਮਾਰੀ..........

असली शहीद

मालेर कोटले का महान बलिदान

मालेर कोटले के उस मैदान को आज कल कूका रक्कड़ के नाम से पुकारा जाता है। असली 'कूका' वीरों के महान् बलिदान का इतिहास महान् गौरव का एक विख्यात कांड है। यह कांड निसंदेह कूका शहीदों के रक्त से लिखा गया है। इसे श्री सतिगुरु रामसिंह जी व उनके वचन पर मर मिटनेवाले कूकों की आहुतियों का श्री गणेश समझना चाहिये। ऐसी घटनाएं ही राष्ट्रों के भाग्य परिवर्तन का कारण हुआ करती हैं। इस सत्य से कोई निष्पक्ष सज्जन इन्कार नहीं कर सकता कि देश स्वतंत्रतार्थ खेले गए इसी खूनी ड्रामा में यदि सिखों के पूजित तख्त, व उसके साथ ही बड़े गुरुद्वारे का पुजारी व महंत समाज 'कूका' आंदोलन के विरुद्ध अंग्रेज के पक्ष में नृत्य न करता तो समस्त भारत का नहीं तो पंजाब का मान चित्र तो अंग्रेज आधीनता की लालकीर से अवश्य रहित होता, और आज से लगभग अर्ध शताब्दि पूर्व ही लाहौर के शाही किला पर स्वतंत्रता की पताका लहिराई होती।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

दलमें सम्मिलित होना चाहता है उसे रीठा वाटर का अमृत पान करा कर एक ओर बिठा लिया जाता था।

थानेदार की प्रार्थना—

१३ जनवरी की प्रभात हुई, और सरफ़राज़खां डिप्टी इंस्पेक्टर पुलिस भैणी साहिब पहुंच गया। उसने सतिगुरु जी से सिखों को अपने २ ग्रामों को वापिस जाने के लिये प्रार्थना की। सतिगुरु जी ने इस कार्य के लिये सूबा साहिब सिंह जी को भेजा पर वह न माने। अब सतिगुरु जी स्वयं पहुंचे और सब से अपने २ घर लौट जाने को कहा। इस पर सरदार हीरासिंह जी ने प्रार्थना की कि उन्हें श्री तेग बहादुर जी ने दर्शन देकर आज्ञा दी है कि मलेर कोटला पहुंच कर गोरक्षा के लिये अपने बलिदान दो। सतिगुरु जी ने कहा यदि एक वर्ष के लिये और ठहर जाते तो आज जो काम आप तलवार से करना चाहते हैं वह बिना शस्त्र प्रहार के पूरा हो जाता। तेग बहादुर जी की आज्ञा का मैं भी उलंघन नहीं कर सकता।

अब सर्दार हीरासिंह जी ने सतिगुरु के चरणों में विनय की "हे गरीब नवाज ? किसे पता है कि इन वीरों में से किसने वापिस आकर भैणी साहिब का दर्शन करना है, अतएव आज आपके पावन कर कमलों से भोजन छकने की अभिलाषा है।" सतिगुरु जी ने सूबा लक्खासिंह जी को लंगर तैयार करने का आदेश दिया। लंगर तैयार हुआ और सच्चे पातशाह जी ने अपने हाथों

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

से अपने लाडले मस्तानों को प्रसाद छकाया। इस समय सतिगुरु जी वात्सल्य प्रेम की मूर्ति जान पड़ते थे। मस्ताने प्रसाद चखने के बाद अकाल बुंगे पहुंचे अब तक उनकी संख्या २५० तक पहुंच चुकी थी। श्री हीरासिंह जी ने अकाल बुंगे के द्वार से बाहर निकल कर अपनी तलवार से धरती पर एक लम्बी रेखा खींची और गम्भीर ओजमयी ललकार में कहा, "जिसने शीश देना है वह इस रेखा के पार आ जायँ।" दूसरी ओर कुछ सिखों ने नारा लगाया कि 'धर्म का जहाज तैयार है आओ, यदि कोई सवार होना चाहता है।" २५० में से १४० सिंहों ने रेखा पार की। इनमें से दो सिंह उत्तम सिंह और चढ़तसिंह रूड़का जिला लुधियाना के थे जो धर्म जहाज को तैयारी का नारा सुनकर भोजन शाला में काम करते हुए मध्य से दौड़कर अकाल बुंगे पहुंचे थे।

धर्म युद्ध के लिए प्रार्थना----

अब सर्दार हीरासिंह जी ने धर्म युद्ध के लिये कमरें कस लेने की अरदास की और विदा लेते समय सतिगुरु से पूछा, "पातशाह पहिला पड़ाव कहां करें ?" सतिगुरु जी ने उत्तर दिया "रब्ब ही रब्ब" इसका अर्थ रब्बों ग्राम समझा गया।

२ माघ (१३-१-१८७२) को दिन के २ बजे इन्होंने मलेर-कोटले के लिये प्रस्थान किया। वे रात्रि के १० बजे रब्बों पहुंचे। ग्राम से बाहर एक कूप पर डेरा लगाया। १३ जनवरी की रात और

१४ की दोपहर तक यहाँ ही रहे। सरकारी बयानों के अनुसार इस समय तक उनकी संख्या अधिक से अधिक १२५ थी।

बाबा लक्खासिंह जी की गिरफ्तारी—

यद्यपि सिंहों के प्रस्थान के समय डिप्टी इंस्पेक्टर सरफराज वहीं था और समस्त समाचार उसने अपनी आँखों से देखे थे और सतिगुरु जी ने भी उसे कह दिया था कि मस्ताने उनके नियंत्रण से बाहर हो गये हैं, तद्यपि सतिगुरु जी ने बाबा लक्खासिंह को आज्ञा दी कि वह लुधियाना से डिप्टी कमिश्नर को सूचना दे दें कि मस्ताने अपने आवेश में मलेर कोटला जा रहे हैं। थानेदार को उनकी ओर से समय पर सूचना दी गई पर उसने उनके रोकने का कोई प्रबन्ध न किया, अतएव अब पुनः सूचना दी जाती है कि यदि सरकार चाहे तो उन्हें रोक ले। बाबा लक्खासिंह जी ने आज्ञानुसार लुधियाना पहुंचकर डिप्टी कमिश्नर से सब वार्ता कह दी। जिसका परिणाम यह हुआ कि बाबा जी को उसी समय गिरफ्तार करके हवालात में बन्द कर दिया गया।

सरफराज खां थानेदार ने १३-१-१८७२ को रात के ८ बजे डिप्टी कमिश्नर लुधियाना के पास पहुंचकर अपनी हस्त लिखित रिपोर्ट पेश की और जबानी भी सब सूचना दी। डिप्टी कमिश्नर ने जींद और मलेर कोटला राज्यों के वकीलों को बुलाकर सूचना दी, कि वह तैयार हो जांय क्योंकि 'कूके' उन पर आक्रमण करने वाले हैं।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

मलौद को प्रस्थान—

एक बार मलोद के सरदार बदन सिंह ने सतिगुरु जी से भैणी साहिब में प्रार्थना की थी कि "मुझे आप कोई सेवा दें।" "निकट बैठे सरदार हीरा सिंह जी ने उत्तर दिया था कि अच्छा आवश्यकता पड़ेगी तो आपको सेवा दी जायगी।" यह वचन सरदार हीरा सिंह जी को याद थे। उन्होंने विचार किया मन्नेर कोटला पर आक्रमण करने के पूर्व उन्हें घोड़ों और शस्त्रों की आवश्यकता है। जिन्हें मलौद के सर्दार से प्राप्त करना चाहिये। यह प्रस्ताव सबने पसन्द किया और दो पहर के बाद १४-१-७२ को मलोद की ओर चल पड़े। पश्चात् दोपहर वह मलोद की ओर चल पड़े। वह संध्या समय मलोद दुर्ग में पहुंचे, और सर्दार को वचन का पुनर्स्मरण कराते हुये उन्हें अपना प्रयोजन बताया। सरदार कुछ घबरा से गये इन्होंने घोड़े और शस्त्र देने से इन्कार कर दिया। सरदार हीरा सिंह ने कहा, "कि चाहे आप न मानें पर हम तो रिक्त नहीं लौटेंगे।" पुनः उन्होंने इच्छा नुसार घोड़े और शस्त्र के लिये यह देखकर सरदार के नौकरों ने शोर मचाया जिसे सुनकर नगर के बहुत से लोग उन्हें डाकू समझकर मुकाबिले के लिये आ डटे। गढ़ के द्वार पर दोनों दलों में मुकाबिला हुआ! सिंह ग्राम वासियों को मारना नहीं चाहते थे पर अपनी रक्षा करते हुए उनके हाथों से दो मारे गये और दो बुरी तरह घायल हुये। उनके दो साथी भी मारे गये और चार बहुत जख्मी होने के कारण साथियों के साथ न जा सके वे वहीं पकड़े गये।

— -

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

मलेर कोटला पर आक्रमण—मलौद से मलेर कोटला केवल ६ मील की दूरी पर है। राज्याधिकारियों को १४ जनवरी की रात को ही सूचना पहुंच चुकी थी, जिसमें उन्होंने कूकों से रण मण्डने के लिये पूरा प्रबन्ध कर रक्खा था। इसके अतिरिक्त उन्हें पड़ोसी राज्यों की ओर से भी पुलिस और फौज की सहायता प्राप्त हो चुकी थी। कूका सिंहों ने ४ माघ (१५ जनवरी) को प्रातःकाल ७ बजे मलेर कोटले के चिड़ीमार मुहल्ले पर आक्रमण किया। यहां गोघातकों की प्रयाप्त संख्या थी। सूचना मिलते ही पुलिस, वहां के लोग और फौज, सिंहों के सम्मुख आ डटे। सिंहों के मुकाबिले में ६-१० गुना शत्रुदल था जो तलवारों व बंदूकों आदि से लैस था।

पर बहादुर कूका भी घर से ही सरों पर कफ़न बांध कर चले थे। बड़ा घमसान का युद्ध हुआ। सिंहों ने वीरता का वह परिचय दिया कि केवल लाठीयों और फरशों से ही शत्रुदल में भगदड़ मचा दी। अब कुछ अवकाश पाकर अपने घायल साथियों को संभालने लगे, तो राज्यदल ने पुनः आक्रमण किया सिंहों ने प्रति आक्रमण करके उन्हें फिर भगा दिया किंतु तृतीय बार जब वे पुनः संगठित होकर आये तो सिंहों ने उनके ऐसे दांत खट्टे किये कि उन्होंने फिर आक्रमण करने का साहस न किया। दोनों दलों को जो हानि हुई वह इस प्रकार है।

सिंह—७ शहीद २ घायल

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

विरुद्ध पक्ष के–८ मरे, अधिक घायल ४, मामूली घायल ६★ मरने वालों में वह कोतवाल भी था जिसने गुरमुख सिंह के सम्मुख बैल का बध कराया था।

अब जब सिंहों ने देखा कि कोई सन्मुख नहीं रह गया तो उन्होंने बड़े धैर्य से अपने घायलों को उठाया और कोटले से बाहर को चल पड़े।

द्वंद-युद्ध—मलेर कोटले का एक शूरवीर व मान्य योद्धा समुँदखां पठान उस समय कोटले में उपस्थित था। अभी सिंह निकले ही थे कि वह भी कोटले पहुँच गया। तो युद्ध वर्णन सुनकर वह आवेश में आया और अपने कुछ साथियों को साथ लेकर यह कहा "चलो देखें कूकों की वीरता"। उसने कुछ पठानों को साथ लेकर सिंहों का पीछा किया। कोटले से ३-४ कोस दूर भूतन वाले थेह (टीले) के पास सिंह चले आ रहे थे। समुँद खां घोड़े पर सवार था। उसने ललकार कर कहा "सिंहों! खड़े हो जाओ, किधर जा रहे हो। कहां है हीरा सिंह? मेरे सम्मुख तो आये" सरदार हीरा सिंह जी भी घोड़े पर सवार थे। घोड़ा छेड़ा और ललकार कर समुंद खा के सन्मुख आकर

★यह संख्या डाक्टर जान्सन एम० डी० सिविल सर्जन लुधियाना की रिपोर्ट १५ जनवरी १८७२ के अनुसार है, कूका घायलों में ७ उनकी संख्या है जो रण भूमि में ही रह गये और २६ घायलों को सिंह उठा कर ले गए थे, (कूका आउट बरेक)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कहा "सावधान हो जा पटान ! फिर न कहना कि पता नहीं लगा प्रथम प्रहार कर लो." सुनते ही पठान ने फुरती से सर्दार के सर पर तलवार का प्रहार किया। सर्दार के पास ढाल नहीं थी। अपना बायां हाथ रक्षार्थ उठा दिया जिससे सर तो बच गया पर कलाई कट गई जिसके कटते ही सर्दार जी ने समुंद खां पर तलवार का ऐसा सफल प्रहार किया कि पठान का सर धड़ से कट कर पृथवी पर जा पड़ा। पटान की यह दशा देखही उसके दूसरे साथी तोबा २ करके वापिस भागे, और घूम कर ही पीछे देखने का साहस भी न किया।

धोखे से गिरफ्तारियां—सब सिंह सर्दार हीरासिंह जी के नेतृत्व में रड़ ग्राम (पटियाला राज्य) के निकट पहुँचे और वहीं डेरा लगा दिया एक कराह (लोह पात्र) में तेल डाल कर उसे खूब औटाया गया जिसमें सर्दार हीरा सिंह जी ने अपनी कटी हुई कलाई डाल कर उसका रक्त बंद किया। अब सर्दार जी ने कहा कि जितने कार्य की उन्हें आज्ञा थी वह समाप्त हो चुका है। अब वह कुछ और नही करना चाहते। हां कार्य परिणाम भुगतने की प्रतीक्षा में अवश्य हैं ताकि ऐसा न हो कि उनके स्थान पर निर्दोष मारे जांए। अतएव जो जाना चाहते हों वे सहर्ष जा सकते हैं और जो बलिदान देना चाहें वह डटे रहें। यह सुनकर कुछ तो चले गये, किंतु अधिकांश व्यक्तियों ने अपना २ बलिदान देना स्वीकार किया। ऐसे योद्धाओं की संख्या ६८ थी।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कुछ समय पश्चात शेरपुर का थानेदार उत्तमसिंह नामधारी वेषभूषा में इनके पास आया, और सनम्र प्रीति भोजन करने की प्रार्थना की। सर्दार हीरासिंह जी उसके कपट को समझ तो गये, किंतु उन्हों ने अपना मार्ग शीघ्र तै करने के उद्देश से निमंत्रण स्वीकार कर लिया। थानेदार उन्हें घर ले गया और उन सब को गिरफ़तार करवा दिया। नियाज़अली नाईब नाजम पटियाला राज्य ने इन ६८ राष्ट्रीय योद्धाओं को अमरगढ़ के किले में बंद कर दिया। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार इनमें से ६ घायल थे।

रियासतों की गद्दारी—१७ जनवरी (६ माघ) तक नाभा, पटियाला और जींद आदि राज्यों की तोपें और सैनिक टुकड़ियां मलेरकोटला पहुँच गयी थीं। इसकी पुष्टि करना डिप्टी कमिश्नर कावन की उस तार से होता है जो उसने ग्रहमन्त्री (होम सेक्रेटरी) कलकत्ता को भेजी थी। उसमें लिखा था कि "शांति स्थापित हो गई है। १०० कूका मारे गये हैं। पटियाला, नाभा और जींद भारी सहायता दे रहे हैं।

कूकों के मुकाबिले में तोपखाने और रिसाले—मि० कावन डिपटी कमिश्नर लुधियांना १६ जनवरी (५ माघ) को कोटला पहुंच चुका था। उसने १५ तारीख को ही कमिश्नर अम्बाला को तार द्वारा सूचित कर दिया था कि ५०० कूकों ने मलेर

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कोटला पर आक्रमण कर दिया है आप शीघ्र ही सेना का प्रबंध करें।★

लैफ़टीनण्ट गवर्नर पंजाब से आदेशानुसार निम्न लिखित सेनायें और तोपखाने जनरल टिटलर की कमान में मलेर कोटला भेजे गए :--

गोरखा पलटन-फर्स्ट १ भाग रजमट नं: ७२ का १ खच्चर पात्री तोपखाना	दिल्ली और अम्बाला से

१२ बंगाल कैवेलरी यह सब मालेर कोटला के लिये किया गया। भय था कि कहीं लुधियाने के गढ़ पर कूका अधिपत्य न जमालें, अतएव गढ़ रक्षार्थ ५४ नम्बर पैदल की ३ कम्पनिआं और शाही तोपखाने की आधी बैटरी, जलन्धर से भेजी गई।

पटियाला नरेश की सहायता—महिन्दर सिंह पटियाला नरेश कूकों के इतने विरुद्ध थे कि वह सदा कूकों के विरुद्ध सरकार की सहायता करने में उद्दत रहता था उधारणार्थ देखो उसकी ओर से पंजाब सरकार के मन्त्री को भेजी हुई तार तिथि १६-१-१८७२ जिससे हमारे उपरोक्त कथन की पुष्टि होती है। ⓘ तार में लिखा है कि:--

"२०० ऊंट और १० हाथी इस समय मेरी राजधानी में उपस्थित हैं उनके बारे में आदेश देता हूं कि वह एकदम

★Kuka out-break P. 7 कुकआउट ब्रेक पृ० ७।

ⓘKuka out break P 9 कुकआउट ब्रेक पृ० ९।

खन्ना (Khanna) भेजी दी जांय। बसी के नवाब नाज़िम को आदेश दिया गया है, कि जितने ऊंटों और गाड़ियों की आवश्यकता हो बिना ढील के भेजदे। नाभा राज्य को सारे मामले की सूचना भेजदी गई।"

मलेर कोटला के मैदान में—१०, जनवरी (५ माघ) को ही नियाज़अली नायब नाज़िम गिरफ्तार किये हुए कूकों को लेकर मलेर कोटला पहुँच गया राज्योंकी सहायता फौजों, रिसालों और तोपखानों के रूप में उपस्थित थी जालन्धर, दिल्ली और अंबाले से आने वाली सेनाओंकी प्रतीक्षा थी।

१७ जनवरी का दिवस है जब कि कूका योद्धाओं के भाग्य का निर्णय है। कूकों को मालेर कोटला के जमालपुर गांव के निकट एक रक्कड़में लेजाया गया जो आज भी 'ककोंका रक्कड़' के नाम से प्रसिद्ध है। वहां एक ओर कतार में कूकों को खड़ा किया गया, दूसरी ओर रिसाले, फौजें और उनके सरदार अस्त्र शस्त्र सजे हुए खड़े हैं। कावन की आज्ञानुसार एक ओर ७ तोपें मोर्चे पर लगा दी गईं ★ कावन ने सिहों को अपनी सफाई देने का कोई अवसर नहीं दिया। और उन्हें तोपों से उड़ा देने की घोषणा कर दी। यद्यपि उसे ऐसा करने का अधिकार न था और

★ हिन्द सरकार की कूका फाइल में लिखा है कि महाराजा पटियाला, नाभा व जींद की ओर से कूकों को दण्ड देने के निमित्त ३ तोपें भेजी गई थीं।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

फिर कमिशनर अंबाला ने भी कूकों के मृत्यु दण्ड को रोकते हुए लिखा कि स्वयं घटनास्थल पर आ रहे हैं, अतएव उनके आने से पहिले मृत्युदण्ड न दिया जावे। पर कावन ने दोनों बातों की अवहेलना की और सिंहो को तोपों से उड़ाने के लिए तय्यार होगया। इधर देशभक्त कूके भी तोपों को देखकर मुस्करा रहे थे। सहस्त्रों की संख्या में दर्शक भी कूकों की निर्भयता से प्रभावित थे। कावन अपनी पत्नी सहित कुर्सी पर बैठा था। सरकारी कागज़ों में लिखा है कि कूकों की तोपों के मुंह पर बांध कर उड़ा दिया गया परन्तु यह पूर्णतः निर्मूल बात है।

क्योंकि माता इंदुकौर और खेमकौर ने जो आक्रमण और गिरफ्तारी के समय सिंहों के साथ ही थीं जिन्हें कावन ने जबरदस्ती छोड़ दिया था उन्होंने सिंहों का यह अदभुत बलिदान स्वयं देखा था। बयान किया था, कि सिंहों ने तोपों के मुंह पर बांधे जाने से इन्कार कर दिया और वह उमंग में एक दूसरे के आगे बढ़ २ कर तोपों के मुंह के सामने जा कर खड़े होते थे। आदेश था कि तोप की ओर पीठ करके खड़े हो परन्तु उन्होंने यह कह कर ऐसा करने से इन्कार किया कि शूरवीर सिख पीठ में नहीं किंतु छाती पर गोले सह कर प्रसन्न होते हैं। मृत्यु को पीठ देना कायरता है।

उस समय के दृश्य से इस प्रकार प्रतीत होता था कि मातृ भूमि के सितारे कूका वीर गोवध को रोकने व मातृ भूमि के

चरणों में अंग्रेज अधीनता की जंजीरें काटने के अभिप्राय से बलिदान देने को उत्सुक हो रहे हैं।

फायर का हुक्म—कावन ने ७ मस्तानों को तोपों के सामने खड़ा होने का आदेश दिया प्रथम जत्थे में सर्दार हीरा सिंह और सर्दार लहिणांसिंह भी थे। तोपची ने तीन बार पलीता लगाया पर तोप न चल सकी। सर्दार हीरा सिंह जी ने कहा—"कावन! तुम्हारा कानून देखना था। अब मेरे सतिगुरु जी की आज्ञा मिल गई है। चलाओ तोप" तोपची ने फायर किया। अब क्या था, मस्ताने सिंहो के भौतिक शरीर क्षणमात्र में छिन्न भिन्न होकर आकाश परमाणुओं में लीन हो गये। अपनी अपनी टोली में माईयों के लाल आगे बढ़ बढ़ कर जयध्वनि करते हुए यह गीत गाते थे "बिल्लियां देर न ला पए मेरा साथ जांदा है" ४६ सिंह शहीद हो गये। माता खेम कौर के इकलौते पुत्र बिशन सिंह की बारी आई। इसकी अवस्था केवल १२ वर्ष की थी।

अद्वितीय बलिदान--इसकी भोली भाली सूरत और बाल्यवस्था देख कर कावन की पत्नी ने कहा कि मेरे प्रिय "इसे क्षमा किया जाय"

"ऐसा हो सकता है यदि वह कह दे कि वह सतिगुरु राम सिंह का सिख नहीं है"—कावन ने उत्तर दिया। इस उत्तर को सुनते ही वह बालक आवेश में आगया और उछल कर झपटते

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com



आजादी के वीर नामधारी सिंह जी बिना मुकद्दमा चलाये तोपों से उड़ाए जा रहे हैं।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

ही उसने कावन की दाढ़ी पकड़ ली और झटका देकर उसे पृथ्वी पर गिराते हुए कहा "चिल्लिया ! फेर कहेंगा कि बिशन सिंह सतिगुरु रामसिंह जी सिख नहीं है ।

बहादुर बिशन सिंह ने तब तक कावन की डाढ़ी न छोड़ी, जब तक पास खड़े हुए अहलकारों ने अपनी तेज तलवारों से उस बालक के टुकड़े न कर डाले। माता खेमकौर और इन्दु कौर ने अत्याधिक अनुरोध किया कि उन्हें भी शहीद वीरों की भांति तोपों से उड़ा दिया जाय, किंतु सब विफल हुआ। कावन ने उन्हें कमान अफ़सर पटियाला फौज को सौंप दिया जिसने उन्हें पटियाला राज्य की सीमा के अंदर लेजा कर छोड़ दिया।

कावन ने १७-जनवरी को कमिश्नर अंबाला को अपने एक पत्र में लिखा कि २ स्त्रियाँ पटियाला राज्य की रहने वाली थीं। मैंने उन्हें पटियाला ले जाने के लिए कमान अफसर पटियाला फ़ौज को सौंप दिया हैं। विद्रोहियों में से ४६ अभियुक्तों को आज दोपहर परेड गराऊंड कोटला में पटियाला, नाभा और जींद राज्यों की पलटनों की उपस्थित में, तोपों से उड़ा दिया गया। मेरा विचार ५० को उड़ाने और शेष १६ को दूसरे दिन फाँसी देने के लिये मलौद भेजने का था। प्रंतु एक व्यक्ति ने गार्ड से बच कर मुझ पर एक भयानक आक्रमण कर दिया और मेरी दाढ़ी पकड़ कर मेरा गला घोटने का प्रयास किया। मैंने बड़ी कठिनाई से अपने आप को मुक्त कराया, मानों वह मनुष्य अत्यत शक्तिशाली था। तब पश्चात उसने मेरे निकट खड़े

रियासती अफसरों पर भी भयानक आक्रमण किया, फलस्वरूप उन अफसरों ने अपनी तलवारें खींच कर उसको टुकड़े २ कर दिया *

फारसिथ का पत्र—यहां यह स्मरण रखना आवश्यक है कि जब कावन सिहों को तोप से उड़ा रहा था और सात व्यक्तियों का अंतिम जत्था तोपों के सामने खड़ा था, तो उसे कमिशनर फारसिथ को एक पत्र मिला जिसमें लिखा था कि मैं स्वयं घटनास्थल पर पहुँच रहा हूं। मेरे आने से पूर्व किसी विद्रोही को मृत्यु दंड न देना किंतु उनका मुकद्दमा सुनना" कावन ने पत्र पढ़ कर जेब में डाल लिया और उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना करते हुए काररवाई जारी रक्खी। और सात व्यक्तियों के इस अंतिम जत्थे को भी तोपों का निशान बना दिया, जो सरकारी बयानों के ही अनुसार कमिश्नर के आदेश पालन से बच सकता था।(।)

जब फारसिथ को इस बात की सूचना मिली कि कावन ने उसके आदेश की अवहेलना करते हुए सिखों को तोपों से उड़वा देने की काररवाई कर डाली है तो उसने इस कानून विरुद्ध, बर्बर कार्य की तसदीक इस दृष्टिकोण से कर दी कि कहीं

---

* कूका आऊट ब्रेक प्रष्ठ २९

(Kuka Outbreak PP. 29)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

अफसरों के मतभेद से देशवासी लाभ न उठा सकें। इस सम्बंध में फारसिथ ने अपनी हस्तलिखित जीवनी अध्याय तृतीय में यह लिखा है—"मैंने लुधियाना से लिखित आदेश भेजा कि जब तक मैं सम्मिलित न हो जांऊ वह विद्रोहियों का मुकद्दमा ही करे उन्हें मृत्यु दंड न दे। किंतु कावन ने कानून अपने हाथ में ले लिया और मेरे पत्र को अपने जेब में डाल कर उसे कार्य रूप में लागू करने से इन्कार करते हुये अभियुक्तों को मौत के घाट उतार दिया। जब मैं ने वह सुना तो मैं चिंतित हो उठा और किंकर्तव्य विमूढ़ हो गया कि यदि मैं उसके कार्य का विरोध करता हूँ तो उससे यह प्रगट होता है कि अफसरों में मतभेद है जिससे इस देश केलोग लाभ उठा सकेंगे......अतएव मैंने यह निर्णय किया कि कावन के कार्य का उत्तरदायित्व अपने कंधों पर ले लूं। मैं ने उन्हें एक पत्र लिख दिया जिसमें घटना के अनुसार उनकी काररवाई का समर्थन कर दिया।*

---

*इस पत्र से भी यह सिद्ध होता है कि कावन ने पत्र पाने से पूर्व किसी को भी तोप से नहीं उड़ाया था ।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

देश निकाला

कमिश्नर के आदेशानुसार कर्नल वेली सतिगुरु रामसिंह जी की गिफतारी के लिये लुधियाने से चल पड़े। पर साहनेवाल नामक स्थान पर उसे पता लगा कि गुलाबसिं. डिप्टी इंस्पेक्टर पुलिस कर्मचारियों सहित उस से पूर्व भैणी साहिब जा चुका है। इसलिये उसकी प्रतीक्षा में कर्नल वेली साहनेवाल में ही ठहर गया। गुलाबसिंह ने भैणी साहिब के बाहर से ही सतिगुरु जी को सरकार द्वारा लुधियाना बुलाये जाने का संदेश भेजा। सुनते ही सतिगुरु जी ने कहा "हम जिस समय की प्रतीक्षा कर रहे थे वह आ गया है।" हजूर ने काली कंबली को अपने तन पर धारण कर लिया जो कुछ दिन पूर्व भाई करमों ने भेंट रूप में अर्पण की थी और सतिगुरु जी ने कहा था करमो! ले आई है देश निकाले का सामान ?" शीश पर भी काली कमली सजा ली। सिंहों ने विनय की "महाराज! चीनी, सुर्खी * या चंपी में से कौन सी घोड़ी लावें ?" "इन्हें बंधी रहने दो। आज मेरे लिये बैल गाड़ी तैय्यार करो" आदेश हुआ।

पिता-वात्सल्य—श्री भैणी साहिब के गुरु द्वारे के बाहर गाड़ी तैय्यार खड़ी है। काली कंबली धारण किये प्रियतम

---

* गुरू महाराज की सवारी की घोड़ियों के नाम।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com



गुरु रामसिंह जी जलावतनी के लिये लुधियाना जा रहे हैं।

जी सवार हो रहे हैं। यह कैसी मनहूस घड़ी होगी जबकि केवल पंजाब किंतु समस्त हिन्दुस्तान को सर्व प्रथम स्वतंत्रता का पाठ पढ़ाने वाले सतिगुरु काली कंबली धारण किये मात्रभूमि से प्रथक होने के लिये तैयार खड़े होंगे। यद्यपि वह पहिले ही जानते थे कि उनके महान कार्यों का फल कोई साधारण नहीं हो सकता, और वह यह भी जानते थे कि चाहे उन्हें इस पुरुषार्थ के बदले कड़े से कड़ा मूल्य क्यों न चुकाना पड़े, पर उससे देश व पंथ सजीव हो उठेगा, साथ ही भारतवर्ष में स्वतंत्रता आंदोलन की एक महान् लहर जारी हो जायगी। पादशाह गाड़ी पर सवार हैं। संगत यह हृदय विदारक दृश्य देख कर घबरा रही है। उस समय की तुलना यदि त्रेतायुग के अवतार श्री रामचन्द्र जी को बनवास जाने के साथ की जाय तो अनुचित नहीं। अन्तर केवल इतना था कि त्रेता में श्री रामचन्द्र जी के लिये बनवास के, १४ वर्ष नियत थे किन्तु कलियुग में इस क्रान्तिकारी राम के लिये देश निकाला अनिश्चित काल के लिये था।

दर्शकों के नेत्र झरनों से नीर उछल रहा था। पिता श्री बाबा जस्सासिंह जी की दशा करुणा से रूँधी हुई थी। आप ने गाड़ी की ओर देखते हुवे मर्म स्पर्शी शब्दों में कहा "महाराज! आपने त्रेतायुग में भी मेरे साथ यही किया था जो आज कर रहे हैं।" यह कहते ही बाबा जी का गला भर आया और शब्द

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

न फूट सके। नेत्रों से श्रवण मास की भांति बूंदें गिरने लगीं।

कावन उपदेश—आपके अनुज महाराज बुद्धसिंह जी थे जो कि आपकी आज्ञानुसार सतिगुरु हरीसिंह जी के नाम से प्रसिद्ध हुये। आपको चरणों से अगाध प्रेम था और उनकी आज्ञा पालन करना ही वह अपना मुख्य कर्तव्य समझते थे। उन्हें लक्षित करते हुए श्री सतिगुरु जी ने निम्नलिखित उपदेश देना आरम्भ किया:—

"भाई बुधसिंह जी! घबराओ मत। अकाल पुरुष ईश्वर की आज्ञा ऐसी ही है। प्रत्येक वस्तु का मूल्य चुकाना पड़ता है। अब मैं उस पदार्थ का मूल्य चुकाने के लिये जा रहा हूं जिसके बिना भारतवर्ष और मेरा प्यारा पंजाब दासता बंधन में जकड़ा पड़ा है। इन बंधनों को तोड़ने वाली स्वतंत्रता की रूह अब देश वासियों में फूंकी जा चुकी है। मैंने ऐसी ज्वाला प्रचंड कर दी है जो अब फूंकने से शान्त नहीं हो सकती। देश सेवा के बदले प्रत्येक कष्ट का स्वागत करूंगा। आपके सामने ही सिंह तोपों से उड़ाये जा चुके और फांसी लटकाये जा चुके हैं। भविष्य में न जाने क्या क्या होना है? मैं जा रहा हूं। सम्भव है, मेरे बाद पंथ पर संकटों के पहाड़ ढाये जांय, परन्तु आप उनमें दृढ़ रहें। संगत को धैर्य दें और देश सेवा में संलग्न रखें।"

श्री सतिगुरु हरीसिंह जी ने नम्र भाव में प्रार्थना की:—

"पातशाह! आप यहीं रहें और सेवक को इनके साथ जाने

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

की आज्ञा दें" "इस कार्य में मेरा ही जाना आवश्यक है" उत्तर मिला। यह वचन सुन कर श्री गुरु हरीसिंह जी ने महाराज जी के चरणों पर मस्तक झुकाते हुये निवेदन किया "महाराज आप अपनी कृपालुता का हाथ सदा ही इस सेवक पर रखें और वह कार्य कराने की शक्ति प्रदान करें जो आप की इच्छा अनुसार हो।"

संगत यह दृश्य देख २ विहाल हो रही थी और प्रेम लपेटे अटपटे शब्दों में कह रही थी—"प्रीतम जी ना जाओ। हमारी दशा देखिये। हमारा भविष्य कैसा होगा.........।" सतिगुरु जी ने लम्बी भुजा उठा कर जय कारा बुलाया "बोले सो निहाल। सत श्री अकाल।"

प्रस्थान——भाई गुरुदत्तसिंह जी को गाड़ी चलाने की आज्ञा हुई गाड़ी हांक दी गई। बैल चौक भरते बढ़े जा रहे हैं। ये नहीं जानते, कि जिस गाड़ी में प्रीतम जी को सदा ले जाते थे आज प्रीतम जी उस पर अन्तिम बार सवारी कर रहे हैं। उनकी लम्बी यात्रा का कुछ भी पता नहीं कि श्रीरामचन्द्र जी के कितने चौदह वर्षीय वनबास के समान लम्बी होगी। (भैणी से १ मील दूर लुधियाना समराला रोड पर स्थित एक गांव के निकट बहुत सी पुलिस और गोरखा पलटन प्रतीक्षा में थी। पातशाह इसी लशकर के साथ रात्रि पड़ते २ लुधियाना पहुँच गये।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

फारसिथ की विज्ञप्ति—कमिश्नर फारसिथ जिसने दिल्ली से लुधियाना प्रस्थान करते ही सतिगुरु रामसिंह जी को गिफ्तार करने का विचार किया था अपनी हस्तलिखित जीवनी में लिखते हैं:—"मैंने (कूकों के) नेता (सतिगुरु) रामसिंह (जी) को बंदी बनाने का आदेश (लाट साहब से) मांगा किन्तु सफल न हुआ अतएव बिना आज्ञा प्राप्त किये ही प्रस्थान करने पर विवश हो गया। मुझे अपने अन्तिम शब्दों का भली भान्ति स्मरण है, जो यह थे, "तो मैं फिर अपने निर्णयानुसार कारवाई करूंगा और आप को मेरी पुष्टि करनी ही पड़ेगी।

Autography Sir Douglas Forsyth p.p. 3

तदपश्चात मलौद और मलेरकोटला संबन्धी अपनी बर्बरता युक्त कार्यवाई का वर्णन करता हुआ फारसिथ लिखता है:—

"मेरा दूसरा काम (सतिगुरु) रामसिंह को गिफ्तार करना था। यह कार्य बड़ी सतर्कता से करने वाला था। मैंने उन्हें रात को अपने पास बुला भेजा, और आदेश कर दिया कि एक स्पेशल गाड़ी तैयार रखी जाय। मैंने बाहर एक गारद भी छिपा कर रखी हुई थी। मैंने (सतिगुरु) रामसिंह (जी) को उनके लुधियाना आते ही इस गारद को सौंप दिया और ट्रेन द्वारा दिल्ली की ओर भेज दिया। मैंने जो किया, उसकी सूचना मैंने लैफटीनैंट गवर्नर पंजाब को तार द्वारा दे दी थी और उन्होंने मेरी पुष्टी कर दी थी।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

प्रयाग दुर्ग में—७ माघ संवत १६२८ वि: (१८ जनवरी ७२) को प्रातःकाल ४ वजे सतगुरु रामसिंह जी को उनके सेवक नानुं सिंह, सूबा बक्खासिंह, सूबा साहिबसिंह और सूबा जवाहरसिंह जी सहित ५२ नंबर गोरखा की एक और गारद मिस्टर जैकसन की निगरानी में स्पेशल ट्रेन द्वारा इलाहाबाद पहुंचा दिया गया जहां उन्हें प्रयाग के किले में नजरबंद कर दिया।

सतगुरु रामसिंह जी के इलाहाबाद भेजने के पश्चात् फारसिथ ने कर्नल बेली को भैणी साहिब भेजने का आदेश दिया। बेली (७ माघ) १८ जनवरी की प्रभात को ४० गोरखा घुड़सवारों सहित भैणी साहिब पहुंचा। काहनसिंह, ब्रह्मासिंह, पहाड़ीसिंह, छुम्मासिंह, सुजानसिंह और गुपालसिंह—इन छः सूबों को बंदी बना कर लुधियाना भेज दिया गया। इनमें से प्रथम चार को स्पेशल ट्रेन से इलाहाबाद भेज दिया गया। बेली की रिपोर्ट अनुसार "भैणी साहिब में उस समय केवल १५० कूके थे। जिनमें विहंगमों (घर बाट रहित साधुओं) की प्रर्याप्त संख्या थी। उनमें कई स्त्रियां भी थीं जो चरखा चलाती और गुरुघर की सेवा करती थी। आगे चलकर बेली लिखता है कि "हमने उन्हें बाहर सड़क पर निकल आने के लिये विवश किया और यह सोचकर कि उनका भैणी के

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

निकट रहना उचित नहीं हमने उन्हें लुधियाने की ओर रवाना कर दिया ताकि हम उन्हें उनके ग्रामों में भेज सकें। ❀

डेरे की तलाशी—कर्नल बेली २०-१-२७ की रिपोर्ट में लिखता है। "अब मैंने (सतिगुरु) रामसिंह के घर की तलाशी लेना शुरू की ताकि अस्त्र शस्त्रों की खोज की जाय। तलाशी के समय आस पास के गांवों के नंबरदार भी उपस्थित थे। ३६ परशे, अनेकों चक्र, ६ गंडासे और अनेक लाठियां और खुखरियां बरामद हुयीं। न कोई आवश्यक कागज मिला न हिसाब किताब। तलाशी दो दिन चलती रही। भिन्न २ स्थानों से १५००) नकद और सोने चाँदी के आभूषण मिले। मैंने इन सब चीजों को एकत्रित कर एक पेटी में बंद करना उचित समझा। उपरोक्त वस्तुओं के अतिरिक्त बहुमूल्य दुशाले, किनारियों और बेलबूटों वाले वस्त्र प्राप्त हुये, जिन्हें मैंने बंद करके सरकारी कोष में सुरक्षित रखने के लिये लुधियाने भेज दिया।

घरों में ताले—तब मैंने घरों को ताले लगा दिये और कहा डिप्टी इंस्पेक्टर उम्रावअली के आधीन २० सिपाहियों की एक गारद नियुक्त कर दी। गुरुघर आश्रित रहने वालों को वहां से निकाल देना ही मैंने उचित समझा। कुछ व्यक्ति पशु शाला की रक्षा के लिये छोड़ दिये। पशुओं में सींग वाले

❀Kuka Out break Rport Col Bailey 20-1-1872
कूका आऊट ब्रेक रिपोर्ट कर्नल बेली २०-१-१८७२

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पशुओं, घोड़ों, और ऊंटों की संख्या २२ थी। मैंने निम्नलिखित व्यक्तियों को वहीं रहने दिया:—

(१) बाबा जस्सासिंह (सतिगुरु) रामसिंह (जी) के पिता उम्र ६० वर्ष।

(२) (महाराज बाबा) बुद्धसिंह जी अनुज (सतिगुरु) रामसिंह जी उम्र ५० वर्ष।

(३) (बीबी) नंदां (सुपुत्री सतगुरु जी) तथा तीन शिशुओं की सेवार्थ ३ मर्दों और २ स्त्रियों को भैणी (साहिब) में रहने का आदेश दिया। मैंने (सतिगुरु) रामसिंह (जी) की दुकान के मैनेजर वरियामसिंह को भी रहने दिया और साथ ही (सतिगुरु) रामसिंह (जी) के निज सेवक मक्खनसिंह को भी रहने दिया।

२ लक्ष रूपयों और अस्त्र शस्त्र के संबंध में रिपोर्ट— अपनी रिपोर्ट के अंतिम भाग में कर्नल बेली लिखता है "नंबरदारों ने मुझे सूचना दी थी कि कम से कम दो लक्ष रुपया (२०००००) और अनगणित अस्त्रशस्त्र (पर) किसी गुप्त स्थान में पड़े हैं। इन वस्तुओं की खोज तब तक नहीं की जा सकती थी जब तक भूसे का भारी गोदाम रिक्त न किया जाय, अतएव मैंने यह काम नहीं किया। ×

मन्दिरों की दुबारा तलाशी—हम पीछे लिख आये हैं

×Kuka Papers pp 185—189 (कूका रिकार्ड प्रष्ठ १८५ से १८६ तक)।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कि जब कर्नल बेली ने सब सामान लूट कर लुधियाना भेज दिया। तो उसे कहा गया कि २०००००) और बहुत से अस्त्र-शस्त्र कहीं दबे पड़े हैं। बेली ने इसकी खोज तो नहीं की किन्तु अपनी रिपोर्ट में इसका वर्णन अवश्य कर दिया। भला सरकार इस बात को कैसे छोड़ सकती थी ? उसने कावन को तार द्वारा आदेश भेजा कि झट पट सतिगुरु रामसिंह जी के घर की पूरी छानबीन की जावे, और वह धन व हथियार बरामद करने का प्रयत्न किया जाये, जिनके संबंध में कर्नल बेली डी. आई. जी लाहौर सर्किल ने लापरवाही की है। अब हम यहां उस तार का अनुवाद उपस्थित करते हैं:—

"दिल्ली २२ जनवरी १८७२—

ओर से—सैक्रेटरी पंजाब गवर्नमेंट

पास—डिप्टी कमिश्नर लुधियाना

जिस कोष और हथियारों के विषय मे लोगों ने बताया है कि दबे पड़े हैं और कर्नल बेली ने जिनकी छान बीन नहीं कि उनके प्राप्त करने के लिये राम सिंह के घरों की पूरी तलाशी ली जानी चाहिये ★

कावन ने पंजाब सरकार के इस आदेश के पालन थं मिस्टर जैकसन असिसटेंट—सुप्रिंटेंडेण्ट पुलिस को नियुक्त किया जिसनेभैणी साहब पहुँच कर सतिगुरु जी के मकानों को बहुत गहराईतक खुदवा डाला किन्तु मिला कुछ भी नहीं।

देखिये कावन का नोटः——

(१)—"तार प्राप्त होने पर मैंने मिस्टर जैकसन ए० एस० पी०

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

को नियुत किया कि भैणी जा कर राम सिंह के घरों की पूरी खोज करे।

(२) मिस्टर जैकसन ने वापिस आकर रिपोर्ट दी कि उसने पूरी खोज की है। जहां भी उसने समझा कि रुपये या हथियार दबे हैं उस स्थान को अधिक गहराई तक खोदा गया पर दोनों (खजाना और हथियार) में से एक का भी पता न लग सका।★

सतिगुरू जी के समान के बारे में एक सरकारी आदेश—श्रीसतिगुरू रामसिंह के हजारों रुपये के बहु मूल्य समान को जो कर्नल बेली ने भैणी साहिब में लूट कर लुधियाने भेज दिया था। कावन ने एक पत्र लिख कर मजिस्ट्रेट इलाहाबाद से पूछा कि सतिगुरू रामसिंह जी से पूछा जावे कि उनके रुपये व भूषण किस को सौंप दिये जांय"। इसके में उत्तर पंजाब सरकार के सक्रेटरी ने आदेश दिया कि वह पंजाब सरकार की आज्ञा के बिना किसी को न दिये जावें।

बाकी १६ भी तोपों से—ब्रटिश हाकिमों की कूटनीति का यह कैसा लज्जा जनक प्रमाण है कि जिस अफसर ने कावन को मृत्यु दंड न देने का आदेश दिया उसी ने कावन के अत्याचारों से शेष १६ अभियुक्तों को भी तोपों से उड़वा दिया। फारसीथ सतिगुरु जी को बंदी बना कर प्रयाग भेजने के पश्चात १८ जनवरी १८७२ (७माघ १९२८) की

★Note–D. C. Kawan No. 26 date 29. 1. 1872.
नोट:—डी० सी० कावन, नं० २६ तिथि २९. १. १८७२।
Kuka papers 198 (कूका पेपर्ज पृष्ठ १८९)

प्रभात समय कर्नल गफ़ और उसके रिसाले के एक दस्ते सहित कोटले पहुँच गया। मिस्टर कावन मलेर कोटिला के नाज़िम और तहसील दार की उपस्थिति १६ कूकों के विरुद्ध मुक़दमा तैयार करा के उन्हें मृत्यु दंड देने का प्रस्ताव तैयार कर चुका था। फारसिथ ने मलेर कोटिला पहुँचते ही उसके प्रस्ताव का समर्थन कर दिया फलतः शेष १६ बहादुर देश भक्तों को भी रियासती और युरोपियन कर्मचारियों के सामनें तोपों से उड़ दिया गया।❁

फारसिथ की ओर से इनामों की बांट—सिहों को तोपों से उड़ाने के पश्चात् फारसिथ ने एक दरबार किया जिसमें कावन की शिफारिश से उन गद्दारों को इनाम दिये गये जिन्होंने लगभग १०० देश भक्तों के विरूद्ध खूनी ड्रामा में सहायता की। यह इनाम कोटिला राज्य के कोष से बाँटे गये जिनका ब्यौरा इस प्रकार है :—

नियाज़ अली नायब नाज़िम पटियाला राज्य	१०००)

❁ इन १६ शहीदों के सम्बध में यह प्रसिद्ध है कि यह लोग फाँसी पर लटका दिये गये थे। पर सरकारी रिकार्ड से पता चलता है की इन्हें भी तोपों से उड़ा दिया गया था। इसकी पुष्टि इस प्रकार होती है कि पंजाब सरकार की सेक्रेटरी (सी० एम० रिवाज) ने पत्रीका नं० ७७ तिथि १४ फरवरी १८७२ की पत्रीका द्वारा फारसिथ से पूछा जिन १६ अभियुक्तों को मृत्यु दंड दिया गया था वे फाँसी पर चढ़ाये गये थे या तोप से उड़ाये गये थे उत्तर में लिखा गया कि "जिन आदमियों के बारे में पूछा गया है वे तोपों से उड़ाये गये थे"। (कूका पेपरस पृष्ठ ३३२)

राजाओं को धन्यवाद

इसके पश्चात् फारसिथ के ओर से पटियाला, नाभा, और जींद के राजाओं के नाम धन्यवाद के पत्र भेजे गये। यह पत्र उपरोक्त राजाओं के वकीलों द्वारा भेजे गये जो कोटिले की इस दुष्ट सभा में बैठे हुये थे। (कु: आ: त्रके पृष्ठ ३६—४०) मलौध में ४ घायल सिंह वंदी कर लिये गये थे उनके सम्बन्ध में कावन ने पंजाब सरकार से मृत्यु दंड देने की आज्ञा मांगी, किन्तु स्वीकृति न मिली। फारसिथ ने १८ तारीख की मलौद पहुंच कर इन चारों घायलों को काले पानी की सजा सुना दी। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि फारसिथ को पंजाब सरकार की ओर से तार द्वारा हिदायत कर दी गई थी बिना आज्ञा लेफ्टीनेंट गवर्नर पंजाब किसी को मृत्यु दंड न दिया जाय।

परंतु फारसिथ अपनी २०—१—१८७२ की रिपोर्ट में लिखता है कि इस रिपोर्ट के लिखते हुये मुझे तार मिला जिसमें मुझे हिदायत कीगई है कि जब तक गवर्नर पंजाब की स्पष्ट आज्ञा न मिले मृत्यु दण्ड देना बन्द कर दिया जाये। जो कुछ मैं पहले वर्णन कर चुका हूं उसी को फिर दोहराना चाहता हूँ। मेरे कोटला पहुँचने तक ३० आदमी थे। जिन में १६ पर मुकदमा चलाया गया और कमिश्नर के अधिकार अनुसार मैंने उन्हें मृत्यु दण्ड दिया। शेष १४ में से चार को अभी रे आजन्म कारावास का दण्ड दिया। बाकी १० को कोई सजा नहीं दी गई।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पंजाब सिंह (एक दरबारी)	३००)
बैमल सिंह (मुखबिर)	२००)
मस्तान अली	१००)
उत्तम सिंह थानेदार (जिसने धोखे से सहों को गिरफ्तार करा दिया। कुछ जमीन पटियाला राज्य की ओर से	५०)
रतन सिंह	५०)
गुलाब सिंह	५०)
प्रताप सिंह	५०)

इसकी पुष्टि संत वरियामसिंह महाराजे के बलिदान से भी होती है। यह महाराजा पटियाला के घनिष्ठ कुटम्बक सदस्यों में से थे जो छोटी आकृति का नौजवान था इसके लिये सिफारिश ठीक उस समय पहुंची थी जब कि इसे तोप के सामने खड़ा कर दिया गया था। फायर करने से पहले कावन ने तोपची के कान में यह कहा कि इस आदमी पर तोप मत चलाना तोपची ने बहाना बना कर उत्तर दिया "जनाब इसका कद छोटा है इस कारण इसकी छाती तोप के सम्मुख ठीक नहीं आती।" वीरयामसिंह ने यह सुनते ही निकट पड़ी हुई ईंटों को अपने पैरों के नीचे जोड़ा, व उन पर खड़े हो कर कंकड़ों को बटोर कर एक चढ़ा बना लिया जिस पर छाती ठोंक कर कहा कि अब तो मेरी छाती तोप केमुँह के, सामने ठीक२ बैठती है। फायर क्यों नहीं करते ? कावन ने आवेश में आकर फायर का हुक्म दे दिया। बस फायर होते ही विरयामसिंह अपने शहीद साथियों के साथ जा मिला। विरयामसिंह जी का नाम १८ जनवरी को शहीद होने वाले शहीदों में है। जिसको स्पष्ट है कीइन १६ को भी तोप से उड़ाया गया था।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

शहीद सिखों की नामावली

(१)	सरदार हीरासिंह जी (नेता)	सकरौदी	पटियाला	राज्य
(२)	,, लहिणासिंह जी (नेता)	,,	,,	,,
(३)	,, मितसिंह	,,	,,	
(४)	,, कटारसिंह	धनौला		,,
(५)	,, ध्यानसिंह	भद्दल दुहा		,,
(६)	,, रतनसिंह	,,	,,	
(७)	,, भूपसिंह	दयालगढ़	,,	,,
(८)	,, अतरसिंह	,,	,,	
(९)	,, हरनामसिंह	गिल्ल	,,	,,
(१०)	,, गुजरसिंह	हरीपूर	,,	,,
(११)	,, नन्दसिंह	हडिआला	,,	,,
(१२)	,, सन्तसिंह	,,	,,	,,
(१३)	,, कालासिंह	दयालपूर कोटला		,,
(१४)	,, परयामसिंह	मम	,,	,,
(१५)	,, बीरसिंह	,,	,,	,,
(१६)	,, नरैण सिंह	रंगीयां	,,	,,
(१७)	,, नत्थासिंह	वरनाला	पटयाला	राज्य
(१८)	,, परसिंह	गुरुबर	,,	,,

(१६) स० बयोमासिंह	बरनाला	षटयाला	राज्य	
(२०) ,, रत्न सिंह	,,	,,	,,	
(२१) ,, हरनाम सिंह	धमौट	,,	,,	
(२२) ,, सर्दारसिंह	रंड	,,	,,	
(२३) ,, नरैणसिंह	,,	,,	,,	
(२४) ,, अतरसिंह	,,	,,	,,	
(२५) ,, बिशनसिंह	,,	,,	,,	
(२६) ,, हीरासिंह	,,	,,	,,	
(२७) ,, हरनामसिंह जी	,,	,,	,,	
(२८) ,, जैमलसिंह जी	,,	,,	,,	
(२९) ,, गुरदितसिंहजी	,,	,,	,,	
(३०) सरदार शेरसिंह जी	दीवा	पटियाला	राज्य	
(३१) नम्बरदार गुरमुखसिंह	फरवाही	राज्य	मलेर	कोटला
(३२) संत भूपसिंह	,,	,,	,,	,,
(३३) ,, खड़गसिंह	,,	,,	,,	,,
(३४) ,, नरैणसिंह कूंथ	,,	,,	,,	,,
(३५) ,, ध्यानसिंह	चक कूकिआं	कोटला	राज्य	
(३६) ,, अतरसिंह	वालियां	संगर	राज्य	
(३७) ,, फतहसिंह	,,	,,	,,	
(३८) ,, ,,	खड़ग पूर	,,	,,	
(३९) ,, प्रेमसिंह	,,	,,	,,	
(४०) ,, हरनामसिंह	मण्डीकलां	,,	,,	

(४१) सरदार मोधसिंह महाराज जिला-फिरोजपूर राज्य
(४२) ,, अतरसिंह ,, ,, ,, ,,
(४३) ,, जोधसिंह ,, ,, ,, ,,
(४४) ,, निधानसिंह आदक ,, ,, ,,
(४५) ,, हरनामसिंह महाराज ,, ,, ,,
(४६) ,, जगतसिंह जी गंजी ,, ,,
(४७) ,, उतमसिंह रुड़क जिला लुधियाना
(४८) ,, चढ़तसिंह रुड़क जिला लुधियाना
(४९) ,, सुहेलसिंह लहिरा ,, ,,
(५०) ,, देवासिंह लोहगढ़ ,, ,,
(५१) ,, महगसिंह चाउ ,, ,,
(५२) ,, हजारासिंह ,, ,, ,,
(५३) ,, बीरसिंह ,, ,, ,,
(५४) ,, प्रेमसिंह पीर दा कोट ,,
(५५) ,, काहनसिंह संगोवाल ,,
(५६) ,, जीवनसिंह बल्लो ,,
(५७) ,, मींहासिंह लताला ,,
(५८) ,, गुरुमुखसिंह ,, ,,
(५९) ,, नत्थासिंह रब्बो ,,
(६०) ,, वजीर सिंह ,, ,,

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

१८ जनवरी के शहीद

(१)	संत अलबेल सिंह	वालियां	पटियाला राज्य
(२)	,, रूड़ सिंह	माजरा	,,
(३)	,, केसर सिंह	गिल्ज़ां	नाभा ,,
(४)	,, झोढा सिंह	रब्बो	जि० लुधियाना।
(५)	,, अनूप सिंह	सक्रौदी	पटियाला राज्य
(६)	,, शोभा सिंह	रब्बो	जिला लुधियाना
(७)	,, नरैण सिंह	छुन्नाबः सिंह	,, ,,
(८)	,, शामसिंह	जोगा	पटियाला राज्य
(९)	,, हीरा सिंह	पिथोकी	नाभा ,,
(१०)	,, भगत सह	कंजना	पटियाला ,,
(११)	,, हाथम सिंह	चुभाल	जि० अमृतसर
(१२)	,, वरियाम सिंह	मरहाज	,, फीरोजपुर
(१३)	,, शोभा सिंह	बछल	नाभा राज्य
(१४)	,, सुजान सिंह	रब्बों	जि० लुधियाना।
(१५)	,, बेला सिंह	,,	,, ,,
(१६)	,, जवाहर सिंह	वालीयां+	पटियाला राज्य

८० शहीद १४ जनवरी को मलौद में शहीद २

१५ ,, को कोटला युद्ध में शहीद ७

कोटला युद्ध में अन्यः १

+Kuka Outbreak P P 66. कूका अ० के पृष्ठ ९९

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

१७ जनवरी को मलेरकोटला में तोपों से उड़ाये गये	४६
१७ जनवरी को तलवार से शहीद	१
१८ जनवरी को तोपों से शहीद	१६
मलौद के ४ घायल कालेपानी से वापिस नहीं आये	४
जोड़	८०

मलौद के ४ घायलों के नाम निम्न लिखित है:—

(१) भगवान सिंह सुपुत्र रामसिंह, ग्राम नंगल, पटियाला राज्य

(२) ज्ञान सिंह सुपुत्र दल्ला सिंह ग्राम फुलेरी पटियाला राज्य

(३) थम्मन सिंह सुपुत्र अलबेलसिंह यह नंबर २ के चचा थे

(४) मेहर सिंह सुपुत्र गुलाब सिंह, ग्राम अलावलपुर जिला जालंधर

Kuka Outbreak P P66. (कूका अ० अंक पृष्ठ ६६)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पटयाला नरेशका फर्मान

१८ जनवरी १८७२ की प्रभात को सतिगुरु रामसिंह जी को स्पेशल ट्रेन द्वारा इलाहाबाद भेज दिया गया। १६ जनवरी को महाराज महिंदर सिंह पटियाला ने अपने एक फरमान द्वारा पटियाला राज्य के नामधारियों परक ठिनाइयों का भयंकर झंझापात लानेकी घोषणा कर दी। यहां उस फरमान का अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद उपस्थित किया जाता है, जो महाराज ने २०-१-१८७२ को पंजाब सरकार के मंत्री को भेजा था ।

फरमान

"ज्ञात हो कि कूका पंथ के ६८ विद्रोही जिन्होंने मलौद और मलेर कोटला के नगरों पर १४ जनवरी १८७२ को आक्रमण किया वह अमरगढ़ के नायब नाज़िम सैय्यद नियाज़ अली के प्रयत्न से बंदी कर लिये गये। और डिपटी कमिशनर लुधियाना के आदेशानुसार कोटला में तोपों से उड़ा दिये गये। यह निश्चय हो चुका है कि जिन्होंने इस विद्रोह में भाग लिया उन सब को दंड मिल चुका है किंतु उचित तथा आवश्यक पेशबंदी के विचार से पटियाला राज्य की समस्त प्रजा के वह सब मनुष्य जो इस विद्रोह से पूर्व लोहड़ी के मेले पर (सतिगुरु) रामसिंह

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com


के पास भैणी (साहिब) गये थे गिरफ्तार करके इस सुबम तक बंदी में रखने उचित हैं जब तक वह न्यायालय को इस बात का संतोष प्रद उत्तर न दें कि इन झगड़ों में उन्होंने कोई भाग नहीं लिया। इस बात का प्रबंध होना चाहिए, कि इस पंथ के व्यक्तियों को किसी स्थान पर भी गैर कानूनी ढंग से एकत्रित होने की आज्ञा न दी जायें। अतएव हजूर (महाराज) के विचारानुसार सर्दार देवासिंह चीफ जज को कहा जावे कि वह जिलों के नाज़िमों के नाम आदेश जारी करें कि जो नाम धारी इस राज्य में से लोहड़ी के मेले पर भैणी (साहिब) (सतिगुरु) रामसिंह का दर्शन करने गये थे उन्हें गिरफतार करके तब तक कारागृह में बंद रक्खे जावें जब तक वह इस बात का विश्वास न दिला दें कि उन्हों ने उपद्रव में भाग नहीं लिया। और ऐसे गांव में जहां वे रहते हैं उन्हें दूसरी आज्ञा तक नंबरदारों के आधीन नजरबंद रक्खा जावे। नंबरदार इस बात के उत्तरदायी होंवे यदि वे अपने २ गांवों में रहने वाले कूकों को गांव से बाहर जाने की आज्ञा देंगे। पुलिस को कड़ी हिदायत की जावे कि वह कूकों को कहीं भी एकत्रित न होने दें। यदि उन्हें कहीं इकठा देख लें तो झटपट गिरफतार करके क़ानून अनुसार सज़ा देने के लिये न्यायालय में भेज दिया जाये। किंतु इस बात का विचार रक्खा जाये कि उन पर अनावश्यक कठोरता न की जाये। सरकार का विचार ठीक तरह से चलने

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

वालों को यातनायें देने का नहीं है । अतएव समस्त सैनिक और सिविल अधिकारियों को आदेश समझ कर इसके अनुसार कार्य करना चाहिये । नाजिमों को भी यह आज्ञा दी जाती है, कि उन सबकी जायदाद जब्त कर ली जावें जिन्होंने मलेरकोटला और मलौद पर आक्रमण किया था। और वह कूका पंथ के अनुयाईयों को सरकार के निर्णय और मतव्य को नायब नाजिमों और थानेदारों द्वारा समझा दें। यदि वे उचित समझें तो स्वयं भी समझाने का प्रयत्न करें। इस पंथ के उन आदमियों को जिन्हें सूबा कहकर पुकारा जाता है, और जिन का सेवकों पर किसी प्रकार का भी प्रभाव है उन्हें इसी क्षण गिरफ्तार कर लें। इस फरमान की एक नकल पोलिटिकल अफसरों की सूचनार्थ मुनशीखाने में भेजनी चाहिए, और एक समाचार प्रकाशनार्थ पटियाला अखबार के कार्यालय में।"

प्रयाग के किले में नजरबंद सूबे—सतिगुरु रामसिंह जी और उनके निजी सेवक नानू सिंह के साथ, इलाहाबाद के किले में निम्नलिखित सूबे नजरबंद किये गये थे—

(१) सूबा साहिब सिंह (२) रूड़ सिंह (३) सूबा लक्खा सिंह (४) सूबा लाहन सिंह (५) सूबा जवाहरसिंह (६) सूबा ब्रह्मसिंह (७) सूबा मलूकसिंह (८) सूबा मानसिंह



श्री सतिगुरु रामसिंह जी प्रयाग के किले में नज़रबन्द ।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

(६) सूबा हुक्मां सिंह (१०) सूबा पहाड़ा सिंह (११) सर्दार मंगलसिंह बिरामपुरा (कूका आ० ग्रेक पृष्ट ५६)

बिला वारंट ग्रिफतारियां—सरकारी रिकार्ड में यह देखकर कानूनी दीवालियापन सिद्ध होता है कि सतिगुरु राम सिंह जी और उनके सूबों को तो १७ से २० जनवरी तक गिरफतार किया गया और वारंट २२ फरवरी को जारी किए गये। देखिए सरकारे हिन्द के सेक्रेटूरी की तार जो गवर्नर पंजाब को २२ फरवरी को भेजा गया उसमें लिखा है कि "राम सिंह और उनके सेवकों के वारंट डाक से इलाहाबाद भेज दिए गए हैं। ★ (कू० आ० ग्रेक पृष्ट ११)

जहां तक कानूनी कारवाई का संबंध है सरकार का कर्तव्य था कि उन पर खुले न्यायालय में मुकदमा चला कर उन्हें अपराधी सिद्ध करती जिस पर वह दंड देने में अपना पक्ष समर्थन करा सकती थी। पर ऐसा न करते हुय उसने १८१८ के रेगूलेश ३ की ओटली, थी जिसका कारण यह था कि उनके विरुद्ध अदालती कार्यवाही करने के लिये सन्तोषप्रद सबूत नहीं था।

★सरदार मंगल सिंह जी को गवर्नमेंट के बिन कहे ही महाराजा पटियाला ने गिरफतार करके बहादुर गढ़ किले में बंद कर दिया था फिर पंजाब सरकार को सौंप दिया। सरकार ने उन्हें भी सतिगुरु जी के पास प्रयाग के किले में बंद कर दिया (महाराजा महेंद्र सिंह जी की सरकार पंजाब के सेक्रेट्री के नाम २०-१-१८७२ को लिखित पत्रिका-- .. पेपर्ज पृ० ३५३)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

इसकी पुष्टि के लिए निम्नलिखित प्रमाण देखने योग्य हैं।

(१) पंजाब सरकार के सेक्रेटरी मि० हरचिसन ई: सी: वेली, सेक्रेटरी सरकार हिन्द को लिखते हैं" रामसिंह के विरुद्ध ऐसी शहादत पेश करनी कठिन होगी जिसके आधार पर न्यायालय में उन्हें दंड दिया जा सके...रामसिंह का जनप्रिय होना कूका नेता के रूप में कोरा चेक (Blank Cheque) प्राप्त कर चुका है।

(२) सेक्रेटरी पंजाब सरकार की पत्रका नः ३६४ व सितम्बर ३० सं० १८७२ की ११-१ डेमपीयर सेक्रेटरी सरकार हिन्द के नाम भेजी गई पत्रिका में लिखा है कि गर्वनर पंजब ने स्यालकोट फीरोजपुर गुजरांवाला और लुधियाना के डिपटी कमिशनरों से इस बारे में पूछ तांछ की कि कूका नेता जो इलाहाबाद के किले में बंदी हैं उन पर खुले न्यायालय में मुकद्दमा चलाया जाय या नहीं ? इस पर चारों जिलों के डिपटी कमिशनरों की ओर से निम्न लिखित उत्तर प्राप्त हुये।

स्यालकोटका डी० सी० W. Tariff "मेरे विचार में कूका बन्दियों को इलाहाबाद की खुली अदालत में लाना उचित नहीं है। यदि उन्हें वर्तमान में रहने दिया जावे और शांति के साथ रहने वाले कूकों पर सतरकता से निगरानी रक्खी जावे तो मैं

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

समझता हूं कि थोड़े ही समय में यह आंदोलन समाप्त हो जायगा और लोग इसे भूल जावेंगे। (२३ सितम्बर १८७२)।

फिरोजपुर के डिप्टी कमिश्नर:—मिस्टर बरने ने राय दी कि इस समय मुझे कूके घबड़ाये हुये मालूम होते हैं। पर यह कहना कि बंदियोंके विरुद्ध संतोषप्रद शहादतें पेश की जा सकेंगी तो मैं समझता हूं कि यह उचित होगा कि इन्हें सजा देकर कुचल डाला जाय, ताकि इस पन्थ का नाम सदाके लिये मिट सके।

गुजरांवाला—डिपटी कमिश्नर मेजर एफः ओः मिलर ने अपना मत इस प्रकार दिया "मुझे बड़ी शंका है कि २६-३० अप्रैल और २२ मई को मेरी ओर से कूकों के चलान किये गये बयान खुले न्यायालय मे स्थिर नहीं रह सकेंगे।

(२) मैं समझता हूँ कि इलाहाबाद में कूका बंदियों को खुली अदालत में लाना तभी उचित है जब सरकार को विश्वास हो कि इसका परिणाम अच्छा होगा। तो मैं अनुभव करता हूँ यदि न्यायानुसार वे छूट गये तो पक्षपाती प्रभाव पड़ेगा। इस संबंध में मेरी यह भी राय है कि कूका कृत्यों की निन्दा होते हुए भी पुराने सिख अब तक उनसे संवेदना और उनकी सहायता करने को उद्यत है।

लुधियाना—डिपटी कमिश्नर कैप्टन बीडन ने लिखा

कि "मैंने जो बयान लिये हैं वे निश्चित ही खुली अदालतों में स्थिर रहेंगे,

(२) यदि कूका सूबों के विरुद्ध शहादत संतोषप्रद समझी गई कि वह इस्तगासे से अपराध को स्थिर रख सकेगी, और उसके अनुसार उन्हें देश निकाला का निर्णय हो सकेगा, तो मेरे विचार में उन्हें खुली अदालत में लाना उचित होगा। यदि ऐसा न हो सके तो उन्हें राजनैतिक कारणों से देश-निकाला देना ठीक है। रामसिंह और कूका सूबों को जब से नजरबन्द किया है हम सुख की सांस ले रहे हैं। अतएव हमें किसी दशा में भी भूल न करना चाहिए कि ज्वलंत अग्नि के समान इन सूबों को बढ़ने की आज्ञा दे दी जावे। मेरा अपना मत यह है कि कूका आंदोलन आवश्यक नेता की अभिलाषा में आगामी १० वर्षों में अपनी मौत मरजायगा" २२ सितम्बर १८७२। (केन्द्रीय फाइल पृष्ठ १७७)

पंजाब लाट का मत--इस सम्बन्ध में मि० जेन्स मैकनब की पड़ताल के आधार पर गवर्नर पंजाब ने सेक्रेटरी सरकार हिंद को इस प्रकार लिखा "बहुत से मुकदमों में पुलिस अफसरों गावों के मुखियों और उन अन्य व्यक्तियो की गवाहियों जो कूका पंथ से सम्बन्ध नही हैं न्यायाल्य में स्थिर रह सकेंगी क्योंकि इन वर्गों को कूका आंदोलन से कोई भी संवेदना नहीं है। पर एक

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

मुकदमा जो दूर जाकर चलाया जायगा जब कि पहिले दिये बयानों को पर्याप्त समय बीत जायगा गवाहियों में भेद और बयानों की खण्डनीयता को जन्म देगा जिससे अपराधियों को विशेष लाभ हो सकेगा।

कूका नेताओं को खुली अदालत में लाने का प्रभाव गवर्नर साहिब के मतानुसार असंतोष वृद्धक होगा। निःसंदेह अपराधियों को वकीलों की कौंसलों द्वारा छुड़ाने की कोशिश की जायगी और उनके लिये चन्दा भी एकत्रित कर लिया जायगा।

" अतएव गवर्नर साहिब का मत है कि कूका नेताओं के विरुद्ध खुली अदालत में मुकदमा चलाने की अपेक्षा उचित तो यही होगा कि उन्हें १६१८ के एक्ट ३ के अंतर्गत कारवाई की जाय। (कूका रिकार्ड पृष्ठ १०८–१०६)

तत्पश्चात सरदार मंगलसिंह के अतिरिक्त अन्य नजरबंदों को सन १६१८ के एक्ट ३ के अंतर्गत देश निकाला दिया गया।

कहां कहां निर्वासित हुए

(१) श्री सतगुरु रामसिंह जी को उनके निज सेवक बाबा नानूंसिंह जी सहित दो मास पश्चात बरमा भेजा गया। सरकारी रिकार्ड से पता लगता है कि आप १६ मार्च १८७२ को रंगून के बंदर पर जलयान से उतरे और पांच महीने केन्द्रिय कारागारमें नजरबन्द रहे। तदपश्चात उन्हें छावनी में डाकखाने

वाले बंगले में रखा गया। फिर सतगुरु जी को बाबा नानूंसिंह सहित १८-१-१८८७ को अनंदा नाम की किश्ती पर सवार करके मर्गोई पहुंचा दिया गया। यहां पर २१-६-१८८० को पहुंचे और दिसम्बर १८८५ को अपने चमत्कार नीति से प्रहरियों की हिरासत से निकल गये।

सरकार ने अपने उत्तरदायित्व से बचने के लिये घोषणा कर दी फिर १६ दिसम्बर १८८५ को मर्गोई जेल में उनका देहान्त हो गया था। और ३०-१२-१८८५ प्रातः ६ बजे के लगभग टनासरम में आप की दाह क्रिया की गई। इस संबन्ध में आने वाले पृष्ठों में हम खुले विचार उपस्थित करेंगे कि सतिगुरु जी का देहान्त सरकारी एलान के अनुसार १६-१२-१८८५ को नहीं हुआ।

(२) बाबा रूढ़सिंह, मलूकसिंह और पहाड़ासिंह को बंबई प्रेजीडेंसी के किला असीरगढ़ में भेजा गया।

(३) बाबा जवाहरसिंह, लक्खासिंह और ब्रह्मासिंह जी लोअर बरमा में मौलमीन स्थान पर भेज दिये गये।

(४) बाबा मानसिंह और हुक्माँसिंह जी चुनार (यू: पी) गढ़ में डाल दिये गये।

(५) बाबा साहिबसिंह और काहनसिंह जी को अदन भेज दिया गया। +

+ केन्द्रीय सरकार का रिकार्ड पृष्ठ १०८, १०६, ११६

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सरकारी घोषणा पर विचार

सतिगुरु जी के देहांत बाबत सरकार का यह बयान कि आप २६-१२-१८८५ को मर्गोई में चल बसे निम्नलिखित आधारों पर असत्य ठहरता है।

(१) श्री सतिगुरु प्रतापसिंह अपने विशेष सेवकों सहित १९३४ ई० को स्याम गये थे। श्री हजूर की सेवा में श्री चक्रवर्ती जी के साथ लेखक भी था। बैंगकाक से लौटते समय हम पीनांग से रंगून आने वाले जलयान पर चढ़े। जलयान मार्ग में मर्गोई में ठहरा था जहां उतर कर हमने सतिगुरु जी के संबंध में छानबीन करने का प्रयत्न किया। बाहर बस्ती में रहने वाले भाई बसावासिंह नामक एक सिख ने हमें निम्नलिखित बयान दिया:—

मेरी उम्र इस समय ७० के करीब है मैं करीब २० वर्षों से यहीं रहता हूं और ग्वालों का कार्य करता हूँ। मैंने एक शतवर्षीय पूंगी (बरमी साधु) जो देवनेते से आज यहां नहीं हैं बाबा रामसिंह जी के बारे में पूछा था तो उन्होंने उत्तर दिया कि वह बड़ी शक्ति वाले पुरुष थे। उनका दर्शन करके चित्त में शान्ति आ जाती थी। पहिले उन्हें जेल में रखा गया था फिर समुद्र तट पर एक बंगले में ठहराया गया। पहिरा कड़ा नहीं था एक दिन महाराज पहरेदारों की नज़र से बच

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कर कहीं गुप्त हो गये। बड़े प्रयत्न से भी पता न लग सका। इत्तफाक से एक डोगरा कैदी अचानक मर गया उसका भी नाम रामसिंह था। सरकार ने उसकी मृत्यु से यह लाभ उठाया और कूकों का गुरु प्रसिद्ध करके उसका नासरम में दाह संसकार किया। और वहीं उनके नाम की समाधी बना दी। वास्तव में यह सब राजनैतिक धोके बाजी थी। हस्ताक्षर—बसावासिंह मर्गोई।

(२) श्री सतिगुरु रामसिंह जी का कद श्री सति हरीसिंह जी से लम्बा और भरा हुआ था। पर सरकार ने अपनी घोषणा के पश्चात जो वस्त्र सतिगुरु हरीसिंह जी को लुधियाना बुलवा कर दिये वह इतने तंग थे कि सतिगुरु हरीसिंह की नाप भी नहीं आ सकते थे। अतएव आपने उसी समय कह दिया था कि "यह वस्त्र मेरे चीनी वाले पातशाह के नहीं हैं। +

(३) सरदार आलमसिंह जी एस· डी· ओ उसका (पंजाब) ने सतिगुरु जी की मृत्यु संबंधी सरकारी घोषणा के खंडन में "सतिजुग" १५ पोष १७८६ विक्रमी में यह विज्ञप्ति प्रकाशित

+इस विषय में भी सतिगुरु हरी सिंह जी ने सरकार को यह भी कहा था कि यदि आपको सतिगुरु जी की वह पुस्तक जिस पर से आप नित्य पाठ किया करते थे व लोहे का गड़वा (लोट) ला दिया जाए तो शयद सर्कारी घोषणा पर कुछ विश्वास किया जा सके प्रंतु गवर्नमेंट वह दोनों चीजें न दे सकी।



सतगुरु राम सिंह जी को जलावतन किया जा रहा है
कलकत्ते से जहाज़ की रवानगी।

कराई कि मौलमीन (बरमा) में १८६० ई० में उन्होंने सतिगुरु रामसिंह जी के दर्शन किये थे औरआशीर्वाद स्वरूप उन्हें बड़े आदमी हो जाने का वरदान दिया था। सरदार आलम सिंह जी ने अपने बयान में सरकार को ललकारा कि वह इस विज्ञप्त का विरोध करे पर सरकार की ओर से कोई खंडन न हुआ।

(४) सरकार की विचारधीन घोषणा का खंडन सरकारी अफसरों की उन लिखतों से भी होता है जिन में अधिकांश रूप में परस्पर विरोध रखती हैं। उदहारण हम निम्नलिखित पंक्तियां उपस्थित करते हैं।

(अ) मिस्टर ई: डी: मैकलेगन हिन्दोस्थानी जन गणना रिपोर्ट १६६१ जिल्द २६ प्रष्ट १७ में सतिगुरु रामसिंह जी के देशनिकाले और मृत्यू के संबंध में इस प्रकार लिखते हैं। वह एक दम जलावतन कर दिये गये और १८८७ या १८८८ को रंगून में चल बसे।

(ब) सैयद मुहम्मद लतीफ एक्सटरा असिसटेंट कमिशनर (जुडीशयल) भी एक बहुत बड़े जिम्मेंदार सरकारी अफसर और अंगरेजी साहित्य लेखक थे। वह अपनी "पंजाब का इतहास" नामक अंगरेजी पुस्तक में लिखते हैं कि" पंथके नेता रामसिंह जी की गिरफतारी करके अलाहबाद पहुंचाया गया। वहां से वह बरमा में भेज दिऐ गऐ।

अब देखने की बात यह है कि मिस्टर मैकलेगन और सैयद

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

मुहम्मद लतीफ के कथन क तो आपस में मिलते जुलते हैं और न सरकारी घोषणा की पुष्टि करते हैं । ई: डी: मैकलेगन और जिम्मेदार अंगरेज अफसर का सतिगुरू राम सिंह जैसी राजनैतिक व्यक्ती के बारे में इतने संदेह में होना कि उन्हों ने अपने शरीर को १८८७ में त्याग दिया है और सरकारी घोषणा अनुसार मर्गोई में नहीं किन्तु रंगून में । इस बात की अकाट्य युक्ती है कि सरकारी घोषणा में किंचित मात्र भी सत्यता नहीं ।

जहां तक सैयद मुहम्मद लतीफ का संबंध है उन्हें इस बात का पता ही नहीं कि सतगुरू जी का देहांत किस नगर में कहां और किस समय हुआ ? सैयद साहिब की बाबत यह मालूम होता है कि उनको सतगुरू जी के देहांत की बाबत सरकारी घोषणा पर किंचित मात्र विश्वास नहीं हो सका नहीं तो वह अपनी पुस्तक में निश्चित तिथी अवश्य लिख देते कि सरकारी घोषणा के अनुसार वे २६-१२-६५ को मर्गोई में ज्योतीज योती समाए ।

अतएव उप्रोक्त मिमांसा से यह सिद्ध होता है कि सरकारी घोषणा में किन्चित भी सत्यता नही है ।

सतिगुरू जी के संबंध में नामधारी सिखों को पता नहीं कि कहां हैं ? पर यह तो उन्हें पक्का विश्वास है कि वे अभी जीवित हैं और एक बार पंजाब में अवश्य दर्शन देंगे ।

अंग्रेजी न्याय का नमूना

(अंग्रेज अधिकारियों को दण्ड)

मिस्टर कावन डिप्टी कमिश्नर लुधियाना को गवर्नर-जनरल इन-कौंसिल की आज्ञानुसार नौकरी से बरखास्त किया गया, पर ही उन्हें ३००) मासिक पेनशन भी दी गई।

मिस्टर फारसिथ कमिश्नर अम्बाला को डांट-फटकार के पश्चात् सूबा अवध में उसी पद और वेतन पर बदल दिया गया जहाँ फिर वह सर डगलस फारसिथ बन गया।

यदि सरकार राजनैतिक उपद्रव के आधार पर नामधारियों पर सशस्त्र-विद्रोह का दोषा रोपण करके अपने दोनों अफसरों को निर्दोष कहकर छोड़ देती और उन्हें पारितोषक व जागीरों से मालामाल कर देती तो कोई आश्चर्य न होता किन्तु उसकी ओर से इन दोनों अधिकारियों को कानून विरुद्ध बर्बर कारवाई का दोषी मानते हुए भी जो दंड दिये गये वह अंग्रेजी न्याय का लज्जा जनक नमूना उपस्थित करते हैं। इस सम्बन्ध में गवर्नर जनरल और उनकी कौंसिल के बहुत लम्बे निर्णय में निम्न-लिखित उदाहरण पेश किये जाते हैं—

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

२०—"तोपों से उड़ाने वाली कार्यवाई के समाप्त होने पर पहिले ६ या ७ आदमी तोपों से बंधे हुये थे।× मिस्टर कावन को अफसराना पत्र मिला जिसमें फारसिथ ने साफ २ आज्ञा दी थी कि कार्यवाई कानून के अनुसार की जावे। उसके शब्द यह थे:—"मैं विनय करता हूं कि आप उनके विरुद्ध झटपट मुकदमा तैयार करें और उन्हें कठोर दंड दें, जिनकी मैं स्वीकृति दे दूँगा, पर आपकी शीघ्रता करने की इच्छा के उत्तर में मैं कहता हूं कि इस मुकदमे में कार्यवाई के उस सरल ढंग को छोड़ देने की आवश्यकता नहीं है जो हमारे हाथों में है।" इस पर मिस्टर कावन का कथन है कि "मिस्टर फारसिथ की पत्रिका

×यह कहा जा चुका है कि कूका वीरों को तोपों के साथ वांधकर उड़ाने की बात निमूंल है, किंतु सत्य तो यह है कि वे दौड़ दौड़कर तोपों के आगे खड़े होते थे। इसकी पुष्टि स्वर्गीय भाई परमानन्द ऐक्स एम० एल० ए० केन्द्रीय अपने उर्दू के इतिहास-'तरीखे पंजाब' में यूं करते हैं: "वहां पर सरकार अंग्रेजी की फौज और पटियाला की इमदाद मौजूद थी। वह सब पकड़े गए और उनमें से ४६ नामधारियों को बगैर किसी मुकदमा चलाने के तोपों के सामने रखकर उड़ा दिया गया। उनमें से हर एक खुशी से दौड़ता हुआ तोप के सामने जाता था। एक अंग्रेज ने उनकी बहादुरी और कुर्बानी को देखकर कहा कि उसने उस दिन कई मसीह कुर्बान होते हुए देखे हैं।"

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पढ़ने के पश्चात् मैंने उसे करनल परकीन्ज डी० एस० पी० को दे दिया और कहा कि पहिले तो तोपोंसे बंधे हुये अभियुक्तों पर होने वाली कार्यवाइ रोकनी असम्भव है क्योंकि ऐसी कार्यवाई का प्रभाव दर्शकों पर बुरा पड़ेगा।

२१—वाइसराय-इन-कौंसिल यह अनुभव नहीं करते कि वहां खड़े दर्शकों को बिना किसी सन्तोषप्रद युक्ति दिये कार्यवाई रोकने से कोई उपहास होता। मिस्टर कावन का यह स्पष्ठ कर्तव्य था कि वह ऐसी परिस्थिति में मिस्टर फारसिथ का आदेश पालन करता जब कि ६ या ७ व्यक्तियों के प्राण खतरे में थे, और जब रोका गया काम भी कानून के विरुद्ध था। वाइसराय-इन-कौंसिल बड़े दुःख से यह कहनेकी आवश्यकता अनुभव करते हैं कि कावन ने जो कार्यवाई की वह कानून के विरुद्ध और अनावश्यक थी, क्योंकि वह जनता की किसी आवश्यकता को पूरी करने वाली नहीं थीं किन्तु उसने उन्हें बर्बरता का रंग दे दिया और वह कार्यवाई उन आज्ञाओं के विरुद्ध की गयी जो उच्चाधिकारी की ओर से दी गयी थीं।

२३—इन सब घटनाओं के आधार पर वाईसराय-इन-कौंसलि इस निर्णय के लिये विवश हैं कि मिस्टर कावन को नौकरी से बरखास्त कर दिया जावे।

२४—अब मिस्टर फारथिस के मामले पर विचार करना रह गया, जो उन्होंने मिस्टर कावन की कार्यवाई प्रमाणित करते हुये

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

उस फैसले की भी तसदीक कर दी जो मलेर कोटले के अधि-कारियों ने मिस्टर कावन से मिलकर १६ बन्दियों के विरुद्ध पास किया।

३०—वाइसराय-इन-कौंसिल निर्णय करते हैं कि फारसिथ को अम्बाले की कमिश्नरी से हटा करके किसी दूसरे सूबे में बदलते हुये किसी ऐसे पद पर लगा दिया जावे जहाँ वह देशी राज्यों के न्याय विभाग का प्रबन्ध कर्ता न हो सके।

उपरोक्त निर्णयों को पढ़कर प्रत्येक समझदार व्यक्ति आश्चर्य में पड़कर यह कहेगा कि मिस्टर कावन और फारसिथ के उस महान् अपराध के बदले जिसने बर्बर ढंगसे बिना सोचे समझे मुकदमा चलाये तोपों से उड़ा दिया गया। जो दण्ड दिये गये वह केवल देशी न्याय प्रिय अंग्रेजों की ओर से सच्चा होने और जनता की आंखों में धूल झोंकने के प्रयोजन से थे। इस संबंध में हम हेनरी कॉटन नामक अंग्रेज अफसर के शब्द उद्धरित करते हैं। सर हेनरी काटन कहते हैं—

"मैंने अपनी नौकरी में इतने भड़काने वाले भयानक दण्ड नहीं देखे और ऐसे व्यक्ति बहुत से हैं जिन्होंने मेरी तरह यह समझा हो; और यह विचार रखते हों कि सरकार हिंद का निर्णय बहुत ही नाकाफी था।"×

× दी अदर साईड आफ दी माडल चैप्टर व त्रितिय कृत ऐडवर्ड थांपसन।

× इंडियन एंड होम मैमरीज बाई सर हैनरी काटन पृष्ठ ११३

फारसिथ की अपील

पंजाबी की प्रसिद्ध कहावत है कि "बसन्त देवता घर लगे तां जाणीए।" फारसिथ को इतने अत्याचार करने के अपराध में जो साधारण सा दण्ड मिला वह उसे भी न सह सका। उसने झटपट शिमला पहुंचकर लार्ड नार्थब्रुक वाईसराय से अपील की, जिसने उसके पक्ष में अपना निर्णय दे दिया। फल स्वरूप उन्हें वैदेशिक मंत्री के पद पर नियुक्त किया और 'सर' के खिताब से सम्मानित किया गया। (फारसिथकी हस्त लिखित जीवनी अध्याय ३)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पटियाला नरेश का पत्र

नामधारी पन्थ पर ब्रिटिश सरकार की ओर से ढ़ाये गये अत्याचारों में पटियाला राज्य के सिख महाराज महेन्द्र सिंह ने जो देन दी, उसका कुछ अनुमान तो फारसिथ से लग जाता है जो १६-१-१८७२ को उसकी ओर से पटियाला राज्य में बसने वाले कूकों की नजरबंदी और उनकी सम्पत्ति जब्त करने के सम्बन्ध में था। हम इसका वर्णन कर आये हैं। अब हम जनता के सामने म० महेन्द्र सिंह का वह पत्र उपस्थित करते हैं जिसमें कूका नेताओं के विरुद्ध अत्याचारों की प्रशंसा करते हुये उसने मंत्री पंजाब सरकार को उसके कृत्यों पर संतोष प्रगट करते हुए लिखा था। पत्र का अनुवाद इस प्रकार है।

पत्र.

(पटियाला १५-२-१८७२)

हिज्ज हाईनेस महाराजा पटियाला की ओर से

सेवा में—सेक्रेट्री पंजाब सरकार

मेरे प्रिय मित्र।

आपके तार के उत्तर में विगत मास की २० वीं तिथि को मैंने जो पत्र लिखा था उसमें वचन दिया था कि लाट साहिब के

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कथनानुसार मैं कूका उपद्रवों के वास्तविक कारणों की छानबीन करके आपको बताऊँगा। अतएव मैं गवर्नर साहिब की सूचनार्थ लिख रहा हूं कि अनेक प्रमाणों से यह बात प्रमाणित है कि रामसिंह का वास्तविक मंतव्य धर्म के नामपर राज्य प्राप्त करना था। उसने अपने अपढ़ और मूढ़ सिखों में झूठा विचार फैला दिया था कि हमारा मत प्रत्येक स्थान पर फैल जायगा, और देश का राज्य शीघ्र ही हमारे हाथ में आ जायगा। उन्हें इस व्यर्थ विचार पर बड़ा भरोसा था। इसलिये उसे उनके हृदय उत्साहित करने, भड़काने और उन्हें इसी धुन में लगाये रखने में कभी भी असफलता न हुई।

(२) क्योंकि उसके सिखों की गणना जो जोश और हठधर्मी में अन्धे हो रहे थे, अब बहुत बढ़ गई थी अतएव उसे पूरी पूरी सफलता की आशा थी, और उसने उन्हें गौ हत्या विरुद्ध क्रोध और घृणा से देखने के लिये प्रेरित कर रक्खा था।

(३) यह साम्प्रदायिकता उभारने में उसका यह मंतव्य था कि जिस प्रकार १८५७ में कारतूस के उपद्रव ने भारत वर्ष में उथल-पुथल मचा दी थी उसी प्रकार इस चिनगारी से सब हिन्दू आवेश में आकर अधिकारियों के विरुद्ध उठ खड़े हों और उनके साथ राजा महाराजा और सरदार मिल जायें। उसे आशा थी कि इस गड़बड़ का परिणाम यह निकलेगा कि राष्ट्र के प्रत्येक दल

में उसका सम्मान बढ़ जायगा। इस प्रकार वह लोगों पर राज्य स्थापित कर लेगा, जिसकी उसे बहुत समय से अभिलाषा थी। यदि इतना कठिन दण्ड इतनी जल्दी न दिया जाता और रामसिंह और उनके सूबों को देश निकाल न दियाजाता तो उपद्रव को जल्दी दबाये जाने की आशा नहीं थी। और इसमें कोई सन्देह नहीं कि शांति में पहिले बहुत रुपयों और जानों की हानि होती है। यदि उन्हें थोड़ी भी सफलता हो जाती तो सारे दलों में जो इस आक्रमण को संतोष जनक दृष्टि से देख रहे थे अग्नि की भांति भड़क उठना था।

मैंने जो छानबीन की है और जो परिणाम निकाला है उसे संक्षिप्त रूप में वर्णन कर दिया है। मैं बहुत सोच विचार के पश्चात् इस परिणाम पर पहुंचा हूं। एक और बात की तरफ मैं आपका ध्यान लाना चाहता हूँ। मुझे समाचार पत्रों से पता लगा है कि स्थानीय अधिकारियों ने जो दण्ड दिये हैं, सरकार हिन्द ने उन्हें पसन्द नहीं किया। मुझे निश्चय है कि सरकारी निर्णय का लोग गलत भावार्थ निकालेंगे और विशेषता यह अन्धा सम्प्रदाय यह समझ बैठेगा कि हमारे सतिगुरु की करामात से ही ऐसा हुआ है इससे जिले के अधिकारियों और देशी राजाओं ने जो उस उपद्रव को दबाने में सुन्दर कार्यवाई की है वह व्यर्थ जायगी।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

मेरा विचार यह है कि लोगों का सरकारी भाव को गलती समझने का परिणाम सदैव बुरा निकलता है। मैं इस मामले में आपको अपने विचार बताना उचित समझता हूँ।

(ह) महेन्द्र सिंह
महाराजा पटियाला×

बाद की घटनायें

सिंह तोपों से उड़ाये गये। फाँसी लटकाये गये। काले पानी भेजे गये। सतिगुरु जी को सूबों सहित देश निर्वासित कर दिया गया। भैणी साहिब को लूटकर नकद और सारासामान सरकारी कोष में जमा कर दिया गया। एक प्रकार से भैणी साहिब को उजाड़ दिया गया। उतने पर भी सरकार का हृदय शांति न हुआ। यद्यपि नामधारी पंथ पर किये गये उपरोक्त अत्याचार अंग्रेजी अत्याचार का एक नग्न चित्र उपस्थित करते हैं, पर इसके पश्चात भी पन्थ को मिटा डालने के लिये नयी दमन नीति चली जिसकी कल्पना से हृदय कांप उठता है। वह महान कष्ट जो श्री सतिगुरु हरीसिंह जी, पूज्य माताओं और उनकी नादी बिंदी सन्तान को सहन करने पड़े दुखों की ऐसी भयानक कथा है जो अंग्रेजी अत्याचारों की बर्बता का नग्न चित्र उपस्थित करती है। इसका अधिक वर्णन तो पुस्तक के द्वितीय भाग में किया जायगा, किन्तु

× उंगलस फारसिथ हस्त लिखित जीवनी ३ अध्याय

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

यहाँ उस पर केवल विहंगम दृष्टि डालना तो आवश्यक प्रतीत होता है।

श्री भैणी साहिब के प्रवेश द्वार पर पुलिस की चौकी नियुक्त करदी गई। नाम धारियों के गुरु दर्शन करने पर भी रोक लगा दी गई। लगभग ६ वर्ष तक किसी सिख को भैणी साहिब में न आने दिया गया। तद्पश्चात् पाबन्दियों में इतनी ढील दे दी गयी कि सिख गुरुद्वारा के दर्शन तो कर सकते थे किन्तु एक समय पर दस से अधिक अन्दर नहीं जा सकते व एक दिन से अधिक ठहर न सकते थे। तद्पश्चात् वह एक महीने के अन्दर दर्शन नहीं करसकते थे। गुरुद्वारामें जाते समय और आते समय पूरी तरह प्रत्येक कूके की तलाशी होती थी। अनेक सिखों को एक दिन के दर्शन के लिये भारी कष्ट झेलना पड़ता था। पुलिस बहुत सताती थी। अनेकों को दर्शन किये बिना ही वापस लौटने पर विवश किया जाता था। जो दर्शन किये बिना न जाते थे उन्हें भांति भांति के कष्ट दिये जाते थे। किन्तु फिर भी गुरु के लाल बिना दर्शन वापिस न लौटते थे। श्री सतिगुरु हरीसिंह जी, पूजनीय माता जीवन कौर जी व माता फतहकौर जी को अपने कष्ट इतने दुखदायी नहीं प्रतीत होते थे जितने कि दर्शनार्थ आने वाले सिखों के कष्ट उन्हें दुखी करते थे। हमारी इन पूज्यनीय माताओं को भी डेरे से बाहर आते जाते समय जामा तलाशी देनी पड़ती थी। यहां यह वर्णन कर देना उचित है, कि

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

श्री सतिगुरु प्रतापसिंह, महाराज निहालसिंह और महाराज गुरु दयाल सिंह जी के जन्म इस आपत्ति काल ही में हुए और जबकि भैणी साहिब का पवित्र धाम एक प्रकार का बन्दीगृह बना हुआ था।

प्रत्येक नामधारी विद्रोही ठहरा दिया गया और उन सबको अपने २ गांवो में नजर बन्द कर दिया गया था। नगरों और गांवों की नामधारी धर्मशालाओं में सरकारी रिपोर्टर नियुक्त किये गये, जिनका कार्य कूकों के आवागमन और कार्यवाहियों के बारे में रिपोर्ट करना था। उनका पाँच से अधिक एक स्थान पर एकत्र होना समस्त पंजाब में गैर कानूनी ठहरा दिया गया। दीवान तो पूर्णता बन्द कर दिये गये। अखंड पाठ करने और कराने के अपराध में 'कूकों' को पांच से सात वर्ष तक कारावास दण्ड दिये गये। अनेकों को जुरमाने अदा करने पड़े। कुछ के तो कारागृह में ही शरीर शाँत हुए। हम इसका विस्तृत वर्णन दूसरी पुस्तक में देंगे। आनन्द कार्यों (विवाहों) पर भी प्रतिबन्ध था। जब तक सरकारी अनुमति न हो आनन्द कार्य नहीं हो सकता।

उपरोक्त पाबन्दियां इस आशंका पर लगाई गयी थीं कि कहीं यह लोग मिलजुल कर विद्रोह न कर दें। इसका प्रमाण पंजाब सरकार के मन्त्री सर लैपल ग्रिफन की नं० ३६१ तिथि २-४-७८ से मिलता है जो सरकार हिन्द के मन्त्री ऐटचिन्सन को गवर्नर

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

जनरल के यह पूछने पर लिखी गई थी कि कूकों के पुनः उठ खड़े होने के प्रतिरोध स्वरूप में क्या कार्य-क्रम निश्चय किया गया है? पत्र के दूसरे पैराग्राफ में लिखा है, कि "इस सम्बन्ध में जो सूचना प्राप्त हुई हैं वह वर्तमान रिपोर्टों, जन विश्वास, मुखबिरों के बयानों, पुलिस एजेंटों, और लाहौर, अमृतसर जालंधर व अम्बाला कमिश्नरियों के सिविल अफसरों की अनेक रिपोर्टों पर आधारित हैं। सारांश यह है कि 'कूकों' ने होली, दीपावली या बैसाखी के सम्मेलनों में या किसी अन्य उचित अवसर पर विद्रोह कर देने का प्रस्ताव निश्चत किया हुआ था। विद्रोह के लिये स्यालकोट, गुजरांवाला के जिलों, अम्बाला कमिश्नरी और सतलज पार के राज्यों में भिन्न २ समय नियत किये गये थे। जब कि इस समय यह भी प्रसिद्ध किया गया कि विद्रोह का आरम्भ अमृतसर या आनन्दपुर से किया जायगा। इससे अधिक कुछ और ठीक नहीं कहा गया। लाट साहिब के पास यह निश्चय करने के लिये प्रमाण मौजूद है कि 'कूकों' जो अपने पंथके सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिये जिस विद्रोह की योजना बना रहे हैं उन्हों ने विद्रोह प्रारम्भ करने का कोई स्थान नियत नहीं किया है, किन्तु साधारणतः वह उचित समय की बाट जोह रहे हैं।

३—गवर्नर साहिब की ओर से इस दीवाने सम्प्रदाय को विद्रोह से रोकने के लिये—जो प्रबन्ध किया गया है वह

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पर्याप्त प्रतीत होता है। राष्ट्रीय परिस्थितियों का विवरण बड़ी चतुरता से तैयार किया गया था। कुछ महीनों में कूकों ने पंजाब के सब जिलों में अपने नाम और पता ठीक ठीक बताना छोड़ दिया था। जबकि लाट साहिब इस बयान को पूर्णता स्वीकार नहीं करते क्योंकि वह समझते हैं कि अभी कूका पंजाब में पर्याप्त गणना में उपस्थित हैं जो स्वयं कूका होना स्वीकार करते हैं।

४—कूका पंथ के विशेष नेताओं को प्रान्त से निकाल दिया गया है, और जो प्रभावशाली व्यक्ति हैं उन पर कड़ी निगरानी है और उनकी गतिविधि का सावधानी से निरीक्षण किया जा रहा है ग्रामीण हलकों में ज़ैलदारों नम्बरदारों को उनके बारे में रिपोर्ट करने की आज्ञा दी गई है। वह अपने हलकों में कूकों की सर-गरमियों की रिपोर्ट किया करेंगे।

समस्त प्रान्त में 'कूके' पांच से अधिक एक समय और एक स्थान में एकत्रित नहीं हो सकते। कुल्हाड़ियां (फरसे) सामबंध लाठियाँ और अन्य अस्त्र-शस्त्र जो वैधानिक दायरे में न आते हों उन्हें पब्लिक स्थानों पर ले जाने की आज्ञा नहीं है। सारे फिरके के लिये निगरानी और रिपोर्टों का पूरा प्रबन्ध कर दिया गया है। और गवर्नर साहिब को निश्चय हो गया है कि अब छोटी से छोटी महानता वाला कोई आंदोलन ऐसा नहीं चल सकता है जिसकी सूचना सरकार को तुरन्त न मिल सके।"

सेनाओं से निकास—नामधारियों के लिये यह आदेश जारी किया गया, कि उन्हें सेना और पुलिस से निकाल दिया जावे और भविष्य में उनकी भर्ती कतई बन्द कर दी जावे। इस सम्बन्ध में पंजाब सरकार ने भारत सरकार को लिखा कि "लाट साहब कमांडर इन चीफ भी इस बात से सहमत हैं, कि कूकों को हिन्दुस्तानी सेना से खारिज किया जावे और भविष्य में उनकी भर्ती बन्द कर दी जावे × और यही कानून पुलिस के लिये भी लागू होगा। आगे लिखा है कि लाट साहब की राय में यह भी हो सकता है कि कूकों में शुभाचरण वाले व्यक्ति भी हों परन्तु तो भी वह एक ऐसे अनुशासन के आधीन हैं जो अपने नेताओं के गुप्त संधिनामों की पाबन्दी को प्रमाणित करने वाले कहे जा सकते हैं।"

अब इस कथन में संशय नहीं रह गया कि कूका पंथ का मनोरथ अंग्रेजी राज्य को उलट कर खालसा राज्य स्थापित करना है (कूका फाईल पृष्ठ ५७)

×सतिगुरु जी की आज्ञानुसार कोई कूका फौज या पुलिस की नौकरी नहीं कर सकता। सरकार ने जिनके लिये सेना और पुलिस से हटाये जाने का आदेश दिया वे ऐसे सिपाही या अफसर थे जो फौज और पुलिस में रहते हुये भी कूका आंदोलन से अत्यधिक प्रभावित थे।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com



श्री सतिगुरु जी रंगून में नज़रबन्दी की हालत में।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पूंजी पतियों के प्रार्थनापत्र--पंजाब की सिख रियासतों में पटियाला, नाभा और जींद में देशभक्त कूकों के विरुद्ध व अंग्रेजों के पक्ष में जो नाच नाचा, उसके उदाहरण गत पृष्ठों में दिये जा चुके हैं। मलेर कोटला में कूकों को मौत के घाट उतारने में जो राजनैतिक अखाड़ा रचा गया उसमें उपरोक्त तीनों रियासतों के साढ़े सात सौ सवार नौ तोपों सहित सम्मिलित थे।

अब हम पंजाब के उन सरदारों, जागीरदारों, रईसों राजाओं नवाबों, बेदियों और सोढ़ियों की ओर से सरकार हिंद को भेजे गए उन प्रार्थना पत्रों का वर्णन करना उचित समझते हैं जिनमें उन्होंने कूकों के विरुद्ध हृदयोद्गार निकालते हुये कावन और फारसिथ पर दिये गये दंड वापिस लेने और उन्हें बहाल करने की मांग की गई थी।

यह प्रार्थनापत्र जालंधर के ईसाई प्रचारक गोलकनाथ द्वारा पंजाब सरकार को पहुंचाये गये जो वास्तव में सरकार द्वारा ही लिखाये प्रतीत होते हैं। पादरी गोलकनाथ लिखते हैं "गत वर्ष मई में यहां (जालंधर में) कई नगरों व शहरों के लोग आहलवालिया विक्रम सिंह की अध्यक्षता में एकत्रित हुए। इस एकत्रता का मन्तव्य भारत सरकार से यह निवेदन करना था कि टी० डी० फारसिथ भूतपूर्व कमिश्नर व सुपरिन्टेन्डन्ट अम्बाला के मुकदमें पर (जिसमें मलेर कोटला में कूकों को उड़ाने के अभियोग में उन्हें पंजाब से अवध बदल दिया गया था) पुनः विचार किया जावे।

इस एकत्रता के अधिकांश सदस्य कूका चलन और उद्देश्यों से भली भांति ज्ञात है और वे यह भी जानते हैं कि कोटला में तोपों से उड़ाये जाने के समय तक कूकों की संख्या प्रति दिन बढ़ती ही जा रही थी। इस सूचना से उन्हें हार्दिक दुख हुआ कि जिन अफसरों ने पंजाब में अंग्रेजी राज्य समाप्त करने वाले विद्रोही सम्प्रदाय के विरुद्ध अपना कर्तव्य पूर्णता पालन किया उन्हें ही दंड दिया गया।

इस एकत्रता के अध्यक्ष की हिदायत और आज्ञानुसार मैं इस पिटीशन के साथ वे प्रार्थना पत्र भेजता हूं जो उर्दू भाषा में है, जिनपर भेजनेवालों के हस्ताक्षर हैं, जो पूर्ण रूप में इस एकत्रता से सहमत हैं। अतएव मैं प्रार्थना करता हूं कि आप इन प्रार्थना पत्रों को इस दृष्टि कोण से लाट साहिब की सेवा में उपस्थित कीजिये कि यह भारतवर्ष के बड़े लाट और उनकी कौंसिल में भेज दी जावें।

नम्बर (१)

सेवा में लाट साहिब पंजाब!

हम जो महारानी विक्टोरिया की प्रजा हैं अपनी न्यायकारी सरकार और विशेषतः लार्ड नार्थब्रुक की सेवा में सरकार हिंद की ओर से पास किये आदेश के विरुद्ध सत्कार सहित अपील करते हैं, जिससे मिस्टर कवन को मुलाजमत से अलग कर दिया

गया और कमिश्नर अम्बाला मिस्टर फासिथ को अवध भेज दिया गया है। हम प्रार्थना करते हैं कि सरकार इस आदेश को वापस ले ले। सरकार के अनुभवी अधिकारियों से यह सचाई छिपी नहीं है, कि कूका सम्प्रदाय ने कभी भी यह इच्छा प्रगट नहीं की, कि अंग्रेज अपने राज्य में सुख और शाँति से रह सकें यह उनके तरीकों से ही प्रमाणित है। वे मेलों में सम्मिलित होने के बहाने भारी संख्या में एकत्रित होते और धार्मिक झगड़े उठाते रहे हैं उन्होंने भिन्न २ स्थानों पर सशस्त्र सूबे नियुक्त किये डाक का अपना प्रबन्ध किया और निम्नलिखित ढंग से विद्रोहात्मक गीत गाये।

"खालसा जी का राज होसी ॥ उनके आगे रहे न कोसी ॥"

वे अपने सम्मेलनों में सरकार के विरुद्ध बोलते रहे। यह सब उस समय हुआ जब वे सम्मेलनों पर गये और सरकार ने उन पर निगरानी रक्खी। प्रारम्भ में उन्होंने सरकार के इरादों को बहाने से टालने की कोशिश की और आक्रमण करने के पश्चात् वे यह देखने के लिये चुप कर रहे कि सरकार की अदालती कार्यवाही उन्हें कहां तक अन्दर रख सकती हैं। एक बड़े समय तक अमृतसर के सब रईस उनके कारण संकट ग्रस्त रहे। पर अन्त में जब यह सिद्ध हो गया कि यह अभियोग कूकों पर ही है तो भी पंथ के सारे सदस्यों को बन्दी न बनाया गया। फिर उन्होंने धार्मिक भावनायें उत्पन्न करने के मन्तव्य

से गो हत्या के प्रश्न को लिया जिससे उन्होंने समझा कि प्रत्येक हिन्दू जोश में आकर उनसे मिल जायगा। इस प्रकार वे अपना उत्साह बढ़ाते रहे और सरकारी प्रबन्धकारिणी शक्ति की परीक्षा करते रहे। अतः हमारा यह मत है कि यदि उन्हें उचित दंड न दिया जाता, तो हमारी लाज, हमारी जायदादें और हमारे जीवन अमृतसर मुकदमे में फँसे लोगों से अधिक खतरे में पड़ जाते, किन्तु फारसिथ एक तजुर्बेकार अफसर था। जो लोगों के चलन से भली भाँति भिज्ञ था। वह इन आशंकाओं को अच्छी तरह समझ रहा था। और द्वितीय घटना स्थल पर उपस्थित था। उसने दोषी के जत्थों को तोपों से भून दिया। और इस प्रकार इस सम्प्रदाय से सम्बन्ध रखने वाले उन बहुत से सदस्यों के साहस तोड़ दिये जो बड़ी चाह से इस घटना के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस तरह फारसिथ ने इस चिनगारी को भयंकर ज्वाला बनने से पहले ही बुझा दिया जो पंजाब भर में फैलने वाली थी। अतः उपरोक्त बातों पर विचार करने से यह पता चलता है कि उन (फारसिथ) की ओर से यह उठाया गया कदम हमारी लज्जा बचाने का कारण बना। किन्तु उनकी सरकार के प्रति सेवाएं और जनता के प्रति अच्छा काम करने के बदले उनकी निन्दा की गई। हम उस न्यायकारी अफसर के आभारी और कृतज्ञ हैं। हम अपनी लाज के प्रश्न को एक ओर छोड़ते हुए उसकी जनता की भलाई के लिए किये गये प्रयासों के विरुद्ध लगाये गये अभियोग के सम्बन्ध में शोक

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

और शिकायत प्रगट करने की आज्ञा मांगते हैं। फारीसथने सरकार के प्रति जो पूर्व प्रशंसनीय सेवाएं की हैं उन्हें सम्मुख रखते हुए हमने अपनी अपील की स्वीकृति के लिये प्रार्थना की है। वास्तव में उस अफसर की वर्तमान सेवाओं की ओर किसी भी व्यक्ति ने भारतीय दृष्टि कोण से विचार नहीं किया और सरकार ने उन गलतियों के आधार पर पर अपना आदेश जारी कर दिया है।

हस्ताक्षर—हरनामसिंह, आलूवालिया,
बिक्रमासिंह, आलूवालिया,
सुचेत सिंह आलूवालिया
गोलक नाथ मिशनरी
४३७ अन्य जागीरदार म्यूनिस्पल
कमेटियों के सदस्य, भिन्न २
नगरों व गावों के
जेलदार व साहूकार।

(नं० २)

सेवा में लाट साहिब पंजाब।

यह स्पष्ट है कि हमारी दयालु सरकार ने बड़ी उदारता से अपनी समस्त प्रजा और विशेषता पत्रकारों को इस बात की स्वतन्त्रता दी हुई है कि यदि वे देश के राज्य प्रबन्ध में किसी न्यूनता का अनुभव करें या जनता से संबंधित सरकारी अफ-

सरों में कोई दोष देखें तो वे निडरता से अपने दृष्टिकोण और आलोचनाओं को प्रगट कर सकते हैं। साथ ही वह यह भी बता सकते हैं कि अमुक आदेश में यह कमी है और उसका यह उपाय है। पत्र सम्पादकों ने कूकों के पहिले मुकदमें में अनेक आलोचनायें कीं और चूंकि हम रईसों और सरकार भक्तों को भी पत्रकारों जैसी स्वतंत्रता प्राप्त है अतएव यह हमारा कर्तव्य है कि यदि अपने देश सम्बन्धी प्रश्न पर किसी अफसर की कमजोरी देखें तो सच्चे दिल से हम उसे सरकार तक पहुंचायें क्योंकि हमारे मता अनुसार पत्रकारों ने कूका केस के सम्बन्ध में गंभीर अलोचना की है अतएव इस विचार से एक कमेटी बनाई गई थी कि इसके सम्बन्ध सरकार की सेवा में एक पिटीशन भेजा। कमेटी के सदस्यों के नाम जिलेवार अंत में दिये हैं। यह कमेटी सर्वसमिति से इस मत पर पहुंची है कि मुकदमे में पास हुये सरकारी आदेशों पर फिर से विचार होना चाहिये। अतएव यह अपील सरकार तक अवश्य पहुंच जानी चाहिये क्योंकि देश की परिस्थित को हम दूसरे वर्गों से अधिक ठीक समझते हैं। यह बात पार्लिया-मेंट में भी पहिले से मानी हुई है। विद्रोही कूकों की भक्ति और ईश्वर-पूजा केवल एक बहाना था। हिंदुस्तानियों और पंजाब निवा-सियों का यह निश्चय है कि जब से यह सम्प्रदाय पैदा हुआ तब से ही इसका मंतव्य सँसारिक राज्य प्राप्ति था और इसके सदस्य पूर्णता राज्य भक्ति के विरुद्ध थे। उनके निःस्वार्थ साधु और

ईश्वर भक्त है होने के सम्बन्ध में किसी को विश्वास नहीं था। वे अपने मंतव्य की पुष्टि में अति प्रबल व गम्भीर युक्तियां उपस्थित करते हैं, जिनका वर्णन इसशंका से नहीं किया गया कि पिटीशन लम्बी हो जायगी, किन्तु उदाहरणार्थ एक दो का वर्णन किया जाता है।

कूका पन्थ की नीति स्वार्थ और देश पर अधिपत्य करने पर निर्भर है। वह विदेशी नशीले पदार्थों चोरी और असत्य भाषण का निषेध प्रदर्शन के निमित्त करते हैं, किन्तु वास्तव में वह ऐसे ढंग की पैरवी करते हैं जो राज्य प्रबन्ध की नीति से मिलता जुलता है। उन्होंने एक लाख कूकों के वास्ते एक सूबा और एक उप सूबा नियुक्त किया है और उचित ढंग से अफसर बनाये हैं। प्रत्येक सूबा गुरु रामसिंह को प्रतिदिन रिपोर्ट लेजाता था। यदि दुर्भाग्यवश कूका पंथ के कुछ सदस्य निर्बल हो जाते थे तो पन्थ की ओर से उनकी आर्थिक सहायता की जाती थी। भैणी साहिब में अन्न जमा करने के गोदाम बनाये गये थे और अनाज को ठीक रखने का प्रबन्ध था। वे अपने आध्यत्मिक नेताओं को 'पातशाह' कहकर पुकारते हैं कुछ समय पूर्व उन्होंने बड़े २ मेले भी इसलिए करने शुरू किये। सरकार उनके दंगों को दयालुता से देखती थी। तो उन्होंने खुली तरह से गड़बड़ मचाने की तैयारी कर दी। पहिले उन्होंने (मुसलमान और अंग्रेज ईसाइयों के अतिरिक्त) अन्य मतों के सदस्यों को अपने

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

में मिलाने की प्रेरणा की जो गो हत्या से घृणा करते थे। वह उनमें सम्मिलित हो गये। उन्होंने उनको बूचड़ वध की शिक्षा दी। सूबा ज्ञानसिंह को गुरु रामसिंह ने बूचड़ों के मारने के लिये प्रधान सेना पति बनाया था। उसने गिरफ्तारी और फाँसी चढ़ते समय यह घोषणा की थी कि उसकी मृत्यु का बदला शीघ्र ले लिया जायगा, और जनता देखेगी कि थोड़े समय तक क्या का क्या हो जाता है। उसके सेवकों ने घोषणा की कि उन्होंने उनके मृत्यु का बदला लेना निश्चित कर लिया है। यद्यपि यह प्रसिद्ध कर दिया गया था कि वह पागल हो गये हैं और रामसिंह ने उनकी इस दशा की रिपोर्ट भी कर दी थी कि उसने (गुरुराम सिंह जी) निश्चित समय के लिये समस्त कूका समाज को सूबों द्वारा इंजेक्शन (टीका) किया हुआ था, और यह सिद्ध हो चुका था। उनकी ओर से आक्रमण के लिए वह समय निश्चत किया गया था जबकि महाराजा पटियाला दिल्ली गये हुए थे। मलेर कोटला के नवाब मर जाने से रियासत अनाथ हो चुकी थी, और नाभा नरेश को सिंहासनारूढ़ हुये थोड़ा ही समय बीता था। उनकी योजना थी कि सर्व प्रथम व मलेर कोटला में शक्ति, और राज्य में घोड़े व अस्त्र शस्त्र प्राप्त करेंगे व पटियाला के डालीगढ़ पर अधिपत्य करेंगे और फिर रियासत नाभा पर अचानक आक्रमण कर देंगे। उन्होंने पहिले मलोद पर आक्रमण किया फिर मलेर कोटल पर टूट पड़े। यदि वे पकड़े न जाते तो उसके पन्थ

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com



भाई मियाँ सिंह जी सी० आई० डी० की आँखों में धूल डालकर समुद्र में तैर कर मारगोड बंगला में सत्गुरु जी के दर्शनों के लिये जंगला फांद रहे हैं।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

वाले हर तरफ से उनकी सहायतार्थ उमड़ आते परन्तु मिस्टर कावन के सुप्रबन्ध से जिसने पड़ोसी रियासतों से रिसाले इकट्ठे किये, अंग्रेजी सेना का प्रबन्ध किया और मिस्टर फारसिथ के समय पर पहुंचने से वह दबा दिये गये।

+ × ×

दोषी कूकों को मृत्युदण्ड दिया गया जब कि रियासतों में कोई ऐसा आदेश जारी न हुआ था कि दोषियों को तोपों से नहीं उड़ाया जायगा। इस प्रकार का दण्ड दूसरों के उदाहरण के लिये उपयोगी है। दण्ड का ढंग रियासती कर्मचारियों के मत से निश्चित किया गया था। जींद नरेश ने १८५४ में एक तहसीलदार के मारे जाने के बदले में २ गाँव तोपों से उड़वा दिये थे। कमिश्नर और डिप्टी कमिश्नर ने जो काम किया उसका प्रयोजन जनता की भलाई और राज्य का नाम था। विद्रोह की ऐसी परिस्थिति में जो राज्य में मुसीबत पैदा करे कानून को सम्मुख नहीं रखना चाहिये। इस सम्बन्ध में सीमा प्रान्त में पेशावर, कोहाट और डेराजात की घटनाओं की ओर ध्यान देना चाहिये जहाँ कानून का हस्तक्षेप नहीं है। १८५७ के विद्रोह में ४ या ५ रिसाले दिल्ली में दाखिल हुये थे। यदि उन्हें झटपट पकड़कर तोपों से उड़ा दिया जाता तो उन दिनों की घटनायें संभवतः इतना न फैलती जितना कि फैलीं। कूका उपद्रव भी १८५७ के विद्रोह की तरह का था, यदि उसे दबाने में जरा भी ढील की जाती तो वह भयानक रूप ग्रहण कर लेता। हम समझते हैं कि इस गड़बड़ को दबाने

के सम्बन्ध में मिस्टर फारसिथ एक जनरल की हैसियत रखता था। जो कुछ भी उन्होंने किया वह कम्पनी के कानून के विरुद्ध न था किन्तु उनकी एक भूल थी कि कानून अनुसार सदर कचहरी को इसकी रिपोर्ट नहीं भेजी, पर यह आवश्यक भी न था कि क्योंकि इस बात का डर था कि यदि जरा भी ढिलाई की जाती है तो कूकों का दल अपने भाइयों को छुड़ाने के लिए अवश्य चढ़ आता या यही उपद्रव देश के अन्य स्थानों तक फैल जाते। घटनाओं पर इस तरह के काबू पाने से कूके इतने भयभीत हो उठे जिससे यह आशा हो चली कि यह अब कभी सर न उठायेंगे। पन्थ के अनेक पुरुषों ने कूकापन से मुँह फेर लिया किन्तु मिस्टर कावन को मुअत्तल और अन्त में नौकरी से हटाया गया और मिस्टर फारसिथ की बदली कर दी गई। जिससे विज्ञप्ति अनुसार यह सब कुछ उनके गुरु के चमत्कार द्वारा हुआ। जो यद्यपि मुसीबतें और दुःख झेल रहा है पर अन्त में विजयी होगा, जैसे कि उससे पूर्व आत्मिक नेताओं की हुई थी। यह अब अपने गुरु राम सिंह को छुड़ाने के लिये चंदा कर रहे हैं और योग्य मूर्ख की तलाश में हैं।

हम ऊपर कह चुके हैं कि कूके देश पर आधिपत्य स्थापित करना चाहते थे। यदि मिस्टर कावन और फारसिथ पर लागू किये गये आदेशों को न बदला गया तो हमें शंका है कि राज्य प्रबन्ध के कमजोर हो जाने से विद्रोही फिर किसी बर्बादी के

लिये उत्साहित हो उठेंगे। यह माना कि इन दोनों अफसरों ने इस कदम के उठाने में कानून विरुद्ध गलती की किन्तु परमात्मा क्षमा करे यह उनकी ओर से स्वार्थ या पक्षपात के विचार से नहीं था।

हम (जो सरकार की प्रजा हैं) किसी दल का पक्षपात करने या अपने स्वार्थहित आगे नहीं आये किन्तु हम सादर प्रार्थना करते हैं कि सरकार इस मामले में पास किये आदेश को कैंसिल कर दे, और इस तरह हमें अपना हितू बनाये। प्रार्थना करने वाले के नाम व हस्ताक्षर पिटीशन के साथ फाइल किये गये हैं।

(नं० ३)

(सरदार बिशनसिंह रईस कलसिया की ओर से भेजा गया मत)

मिस्टर फारसिथ कमिश्नर अम्बाला और मिस्टर कावन डिप्टी कमिश्नर लुधियाना ने कूका उपद्रव और बर्बादी दबाने के लिये प्रशंसनीय कार्यवाही की है, और इस भ्रांत मूलक साम्प्रदाय को याद रखने वाली सजा दी ही है और यह इस सुव्यवस्था का परिणाम है कि हम उनके गंदे इरादों और देश पर आधिपत्य कर डालने की अभिलाषा पूरी होने की कठिनाइयों से बच गये। यद्यपि यह अफसर अपने कार्यक्षेत्र के सम्बन्ध में प्रशंसा योग्य हैं, पर दूसरी ओर उनके कार्यों की निन्दा करते हुए उन पर आदेश लागू किये गये हैं जो राज्य प्रबन्ध में गड़

बढ़ पड़ने से हमारे भय और हमारी आशंकाओं का कारण बने और जिसने इस विद्रोही दल को जो दब चुका था पुनः जीवित कर दिया है। अतएव हम यह प्रार्थना काजी मुबारिक अली के हाथ से उस कमेटी को भेजते हैं जो सरकार की सेवा में उपस्थित करने के लिये जालंधर में बनाई गई थी। हम प्रार्थना करते हैं कि मामले में पुनः विचार करके हमें आभारी बनाया जाय।

ह० बिशन सिंह रईस आजम कलासया

नं० ४

(जिला कर्नाल के २ रईसों की ओर से)

जिला कर्नाल के २ रईस जालंधर कमेटी की ओर से भेजी गई पिटीशन की पुष्टि में मिस्टर कावन और फारसिथ के दंड विरुद्ध अपना मत प्रगट करते हुये लिखते हैं कि—

"यह अफसर उस कार्यवाही सम्बन्धी सरकार की ओर से प्रशंसा के अधिकारी हैं जो उन्होंने (कूकों के कत्ल में)की। उन्होंने सब कुछ इरादे से किया। किंतु इसके विपरीत उनके कार्य पर क्रोध और निन्दा प्रगट करने वाले आदेश जारी किये गये जो कूकों को पुनः जीवित करने के कारण बने जो कि पृथ्वी से ही उठा दिये गये थे।....क्योंकि यह आदेश वापिस न होने के साथ राज्य प्रबन्ध के लाभों में कई प्रकार से हानि होने की आशंका है। अतएव हम पंजाब भर के लोगों ने जो सरकार की प्रजा हैं इस सम्बन्ध में सरकार से अपनी प्रार्थना करने के विचार से

ज़िला जालंधर में एक कमेटी बनाई थी। अतएव हम सब यह प्रार्थना पत्र सरकार की सेवा में भेजते हुए यह प्रार्थना करते हैं कि इस सम्बन्ध में पास किया गया आदेश रद्द किया जावे। यह पिटीशन भेजते हुए हम जिला कर्नाल के रईस विनय करते हैं कि हम इस विषय में जालंधर कमेटी से सहमत हैं।

हस्ताक्षर:—

नवाब शमशेर अली खाँ–इस्तमरारदार–कर्नाल

„ मुहम्मद अली खां–बहादुर रईस „

„ मेहर अली खां „ „ „

„ अकरम अली खां „ „ „

„ निजाबत अली खां „ „ „

„ करम दीन खां „ „ „

नन्दू लाल सदस्य म्युनिसिपल कमेटी कर्नाल

नरैन दास „ „ „ „

द्वारकादास साहूकार कर्नाल

जवाहर सिंह „ „

लाला मक्खनलाल सदस्य म्युनिसिपल कमेटी कर्नाल

जुगल किशोर कानूनगो कर्नाल

सैय्यद अमीर अली रईस कर्नाल

„ वजीर अली „ „

„ मुहम्मद हुसैन „ „

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सैय्यद इनायत अली रईसकरनाल

शिवदयाल सिंह सदस्य म्युनिसिपल कमेटी

रईस सैय्यद हशमत अली जमींदार

जल्लर जिला कर्नाल, भोलानाथ

महाजन रईस कर्नाल

५—(जगाधरी तहसील से)

जगा धरी तहसील से भी उपरोक्त शब्दों में ही एक प्रार्थना पत्र पेश किया गया जिसमें ७४ व्यक्तियों के हस्ताक्षर थे, जिनेमें ६ सिख २ मुसलमान, और ६६ हिन्दू थे।

६—(बूड़ियां राज्य से)

एक और प्रार्थना पत्र उपरोक्त सी ही बूड़ियां के निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा लिखी हुयी भेजी गयी।

सरदार जीवन सिंह अनरेरी मजिस्ट्रेट रईस बूड़ियाँ।

सर्दार गुरुबरूसिंह रईस दयाल गढ़।

„ हरदत्त सिंह „ „

इनके अतिरिक्त ११ अन्य हिंदुओं के हस्ताक्षर हैं।

७—श्री जगाधोली की ओर से।

ऊपरी शब्दों ... प्रार्थना पत्र है जिसपर निम्नलिखित हस्ताक्षर थे।

सर्दार प्रताप सिंह मच्छरौली, सर्दार इन्दर सिंह लाड़वा कलां सदार जै सिंह चंगोली, सरदार संतोप सिंह जागधोली, सरदार

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

फतेह सिंह जागीरदार, सरदार संत सिंह जागीरदार सरां, सरदार कृपाल सिंह, सरदार ईश्वर सिंह जागीरदार आफ सरां।

८—(जिला अम्बाला से)

उपरोक्त प्रार्थना पत्र निम्नलिखित हस्ताक्षरों से भेजी गई।

राजा भगवानसिंह मनीमाजरा, राजा हीरासिंह प्रभत, सरदार खीवन सिंह मलौहा, फतह सिंह जागीरदार, मन्नूमल चौधरी मनीमाजरा, जवाहर लाल कुराली, चूनी कुराली, १७अन्य हिन्दू और सिख।

९—(जिला होशियार पुर से)

राजा हमीदुल्ला खां राजौरी (हुशियारपुर), अमीरचन्द रईस बजवाड़ा, पंडित हरीशंकर एक्स्ट्रा असिसटेंट कमिश्नर होशियार पुर, शिव प्रसाद तहसीलदार और १४० अन्य जैलदार, नंबरदार आदि होशियारपुर।

१०—(आनन्द पुर के सोढ़ियों और बेदियों की ओर से)

उपरोक्त सब कागज आनन्दपुर के सोढ़ियों बेदियों और रईसों को एक कमेटी के सामने उपस्थित किय गये जिसमें ५०० व्यक्ति सम्मिलित थे। उन्होंने होशियारपुर अंजुमन के मत का समर्थन करते हुए सर्व सम्मत से कहा कि कूकों को दी गई सजायें न्याय युक्त थीं और यदि यह सजायें न दी जातीं तो कूके दूसरी जगह विद्रोह कर देते।

(हस्ताक्षर) बेदी सुजानसिंह, जै मल सिंह, सदस्य म्युनिसपल कमेटी लछमनदास सुपरिन्टेन्डेन्टबन्दोबस्त और परगना उनके ४० अन्य जैलदार और साहूकार आदि॥

———

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सरकारी और गैर सरकारी लेख :

(१) मिस्टर जे० डब्ल्यू० मैकेनब भूतपूर्व कमिश्नर कमिश्नरी अम्बाला ४-११-१८७१ को अपनी रिपोर्ट में श्री सतिगुरु रामसिंह जी के सम्बन्ध में इस प्रकार लिखते हैं :—

"इसके इरादे प्रारम्भ में चाहे जो कुछ हों किन्तु अब इसका लक्ष्य राजनैतिक है। वह एक ऐसे पन्थ का अगुआ और अद्वितीय नेता है जो अपने स्वभाव अनुसार खालसा राज्य को पुनः स्थापित करने के उद्देश्य रखने से अंग्रेजों का शत्रु है।" पहिले रामसिंह को सन्त रूप गुरु नानक का रूप समझा जाता था पर अब वह गुरुगोबिन्दसिंह जी का अवतार माना जाता है।

"रामसिंह साधारण साधुओं की हैसियत नहीं रखता। वह आपको आधे दर्जन सवारों सहित मिलता है जबकि बीसियों व्यक्ति उसके आगे पीछे होते हैं। वह अपने श्वेत वस्त्रधारी सूबों के झुरमुट में आपके कैम्प में सम्राट की भांति प्रविष्ट होता है।"

"रामसिंह चतुर व्यक्तियों की कठपुतली नहीं है। जिसने उसका दर्शन किया व उससे वार्तालाप किया है, वह निसन्देह उनकी वीर बुद्धि, स्थिरता, और आचरण की अडोलता से अव-

श्य प्रभावित हो गया। स्वयं निमन्त्रण के यह विशेष गुण साधारण नेताओं में नहीं हो सकते।

(२) सैयद मुहम्मद लतीफ ऐक्सट्रा असिस्टेन्ट कमिश्नर "हिस्ट्री आफ पंजाब" नामक अंग्रेजी पुस्तक में इस प्रकार लिखते हैं;—

"कूका पंथ पक्के महात्माओं का पंथ है। इनकी शिक्षा का सिद्धान्त ईश्वर भक्ति है। वह उच्च सदाचार के स्वामी हैं। उनमें विधवा का निषेध नहीं है, उनमें कन्या और बहिन के बदले रुपया लेने की पूर्णतया रोक है। वह सदाचार के जीवन की शिक्षा देते हैं। मादक वस्तुओं से दूर रहते हैं। इस पंथ के निशान उनकी माला, लाठी और सीधी बंधी हुई पगड़ी है। रामसिंह शानदार बुद्धि का व्यक्ति है, उसने शनै २ अपने सिखों में नेकी और परहेजगारी से प्रसिद्धता प्राप्त कर ली है। उसके अनुयाइयों की संख्या बहुत बढ़ गई है और साथ ही उनका प्रभाव। वे केवल धार्मिकही नहीं किन्तु सुधारकर्ता, सदाचार उपदेश और गुरु रूप की वेश भूषा में उन्होंने राजनीति के गहरे मनसूबों को आश्रय दिया। [पृष्ठ ५६४-५६४]

(३) "कूका पंथ दी संखेप विथया" नामक एक सरकारी ट्रैक्ट है जो पंजाब सरकार द्वारा उस समय प्रकाशित करा कर सिविल और सैनिक अधिकारियों में वितरित किया गया था, उसमें इस प्रकार लिखा है;—

"वह [रामसिंह] ऊंचे सदाचार का उपदेश करते हैं। असत्यता, चोरी, व्यभिचार आदि कुकर्मों का निषेध करते हैं, और उसके लिये चिंतित रहते हैं कि सिख जाति पूर्ववत दशा प्राप्त करले। वह उन बुराइयों को जो जड़ से उखाड़ डालने के लिये तैयार हैं जिन्होंने सिख पंजाब को भ्रष्ट कर डाला है। [पृष्ठ ४७]

(४) मियां अफजल हुसैन पुलिस इंस्पेक्टर जिसे कूका पंथ के सम्बन्ध में विशेष रिपोर्टर नियुक्त किया गया था। २० मार्च १८६७ की रिपोर्ट में लिखते हैं;—

"रामसिंह दरिद्रों को रोटी और कपड़ा अपने गिरह से देकर उन्हें नेकी की शिक्षा देता है ... वह नित्य प्रतिदिन तीन वार स्नान करता है, लगभग रात के दो वजे वह ग्रंथ का पाठ करता है। वह हर तरह की बुराई से रहित है। इसलिये कूके उनको बहुत कुछ समझते हुये उनका सत्कार करते हैं। उनका निश्चय है कि सिख पंथ के नष्ट भ्रष्ट हो जाने के कारण कूका पंथ की स्थापना के लिये वे परमेश्वर की ओर से भेजा गया पैगम्बर है।"

(५) राष्ट्रपति पण्डित श्री जवाहरलाल नेहरू का यह सन्देश "सतिजुग" २२ मार्च १९६४ के पृष्ठ २ पर प्रकाशित हुआ था कि—

"श्री सतिगुरु रामसिंह जी ने अपनी मातृभूमि की स्वतन्त्रता के लिये आज से ७५ वर्ष पहले जो महान् गौरवशाली परिश्रम किया था उसकी महानता से कोई भी हिन्दुस्तानी इन्कार नहीं कर सकता। कांग्रेस ने आपके दिखाये हुए रास्ते को अपना कर ही शानदार सफलतायें प्राप्त की हैं। ७५ वर्षों का समय बीत जाने पर भी वह कार्यक्रम पुराना नहीं हुआ है जिसके प्रयोग के कारण में आपने कठिनाईयाँ और दुःख सहे थे।

मुझे विश्वास है कि यदि सिख मात्र उस मार्ग पर जो आपने दिखाया था चल पड़े तो भारतीय स्वतन्त्रायुद्ध में बेहद सरगर्मी पैदा हो जाय और आश्चर्य नहीं कि सिखों की आजमाई हुई वीरता के कारण इस शानदार रवायतों वाले देश की जंजीरें बहुत जल्दी टूट जायें।"

[हस्ताक्षर] जवाहरलाल नेहरू

(६) राष्ट्रपति सुभाषचन्द्र बोस का सन्देश—

गुरू रामसिंह जी के झुलाये हुए आजादी के झण्डे के नीचे नामधारियों ने जो त्याग और बलिदान किया है उस पर देश को सदा गर्व रहेगा। अब फिर भारतीयों के देश प्रेम की परीक्षा होने वाली है पिछत्तर साल से अहिंसात्मक असहयोग आन्दोलन का अनुभव रखने वाले नामधारी सिंहों से यही आशा होगी कि वह स्वतन्त्रता का झण्डा उठाकर आगे आगे बढ़ते हुए दिखाई और देश के अन्य देशभक्तों को भी बलिदान के लिये उत्सा-

हित करें। गुरू रामसिंह जी हिन्दुस्तान में अहिंसात्मक असहयोग के सर्वप्रथम नेता हैं।

(७) सरदार शार्दूल सिंहजी कविश्वर प्रधान अखिल भारतीय फारवर्ड ब्लाक ने १९२१ में अपने एक लेख में लिखा था:—

"आजकल के असहयोग के सरदार महात्मा गांधी कहे जाते हैं। जिनके बारे में यह कहा जाता है कि महात्मा जी ने यह पाठ टालस्टाय नामक रूसी विद्वान से पढ़ा। यह बात ठीक है या गलत हमें इससे लगाव नहीं, परन्तु हिन्दी भाइयों को यह बात अवश्य समझ लेनी चाहिए कि राजनैतिक क्षेत्र में धर्म का पूरा हिस्सा देने वाला वर्तमान काल में प्रथम प्रौढ़ असहयोगी एक पंजाबी हुआ है मेरा अभिप्राय बाबा रामसिंह जी महाराज से है। सच पूछिये तो आप असहयोगियों के सरदार हैं। जब आपको सरकार की बुराई का पूरा निश्चय होगया तो आपने त्याग का प्रचार पूरे जोर से प्रारंभ कर दिया। ऐसा कहा जाता है कि बाबा जी रंगून से रूस चले गये थे यदि यह सच है तो पता नहीं बाबा जी की टालस्टाय से भेंट हुई हो और रूस ने यह मन्त्र इन्हीं से सीखा हो राजनैतिक मैदान में आज जिस बात पर अधिक जोर दिया जाता हैं, वह जीवन है पर बाबा जी से अधिक इस बत पर कौन जोर देगा? [सतजुग बसंत अंक १९२१]

(८) श्रीयुत पंडित सुन्दर लाल जी—लेखक 'भारत में अंग्रेजी राज्य' अपने एक लेख—इतिहास का एक भूला हुआ

पृष्ठ (विश्ववाणी इलाहाबाद जून १९४२ पृष्ठ ७०३) में लिखते हैं--

"नामधारी सम्प्रदाय की स्थापना करने वाला गुरु रामसिंह जी को ही मानना चाहिये। उनके उपदेशों में धर्म और राजनीति दोनों सम्मिलित थे उनकी प्रत्येक आज्ञा पालन करना प्रत्येक नामधारी का कर्तव्य है। गुरु रामसिंह जी के उपदेशों में अंग्रेजी सरकार उसकी नौकरियों न्याय शालाओं व स्कूलों आदि का उसी प्रकार बहिष्कार मिलता है जिस प्रकार १८५७ और उसके पश्चात् अधिकांश मुसलमान मौलवियों के फतवों में प्राप्त है। पता लगता है कि पंजाब की जनता पर उसका विशेष प्रभाव पड़ा।

(६) प्रसिद्ध अकाली नेता मास्टर तारा सिंह जी लिखते हैं--

जब सिख राज्य का अन्त हो गया तो सिखों को सख्ती से दबाया गया। फल स्वरूप लाखों सिख पतित हो गये थे और सिखों में उदासीनता आ गयी थी। ऐसा प्रतीत होने लगा कि सिख अन्तिम श्वांस ले रहे हैं। विद्रोह में सिखों ने अंग्रेजों का साथ दिया सिख धर्म को स्थिर रखने के लिये सिख भावनायें सिख स्वाभिमान और सिख धर्म पर अटल विश्वास होना आवश्यक है। यह बातें सिख राज के बाद बड़ी तीव्रता से घटती जा रही थीं और सिख धर्म बड़े संकट काल से गुजर रहा था।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सिख महात्मा प्रचार करते थे पर वह सिखों में नवस्फूर्ति नहीं ला सकते थे। बाबा रामसिंह जी में वह पूर्ण सिखी थी, जिसने सारे पंथ में पुनः नवोत्साह पैदा कर दिया। बाबाजी के प्रचार का यह फल हुआ कि समस्त पंजाब में सिखी स्वाभिमान की लहर दौड़ गई और हर तरफ से नाम और शब्द ध्वनि प्रध्वनित होने लगी।

(१०) माघ १९६२ के एक लेख में मास्टर जी ने लिखा था "श्री बाबा जी की पवित्र जीवनी पढ़कर मुझे निश्चय हो गया है कि सिख राज के अन्त होने के पश्चात् सिखों का झन्डा ऊँचा करने वाले महा पुरुषों में आप शिरोमणि हुये हैं। आपने सबसे पहिले सिखों की भूली हुई सिक्खी का स्मरण कराया और नाम-वाणी की लड़ी जो उनके हाथ से छूट चुकी थी--बड़े प्यार से उनके हाथ में दी। ... इस बात से मैं इन्कार नहीं कर सकता कि उन्होंने सिखों में गुरुमत चलाया और विदेशी सरकार के विरुद्ध असहयोग आंदोलन चलाकर सिखों को देश भक्ति की शिक्षा दी। अपने प्यारे देश को स्वतन्त्र देखने के अपराध में आप अपने प्रसिद्ध सूबों सहित नजरबन्द कर दिये गये और सिख स्वाभिमान के लिये उन्होंने बड़ी कुर्बानी दी--"

(११) ज्ञानी हीरा सिंह जी सम्पादक फुलवाड़ी, सतिगुरु वसन्त अंक १२ माघ के १९९५ में लिखते हैं—

"सिखराज की अन्धेरी रात्रि में, महाराजा रणजीत सिंह जी के स्वर्गारोहण के ९० वर्ष बाद आशा की एक किरण चमकी।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

यह आशा की किरण बावा रामसिंह जी थे। आपने जब अपने देश की परतन्त्रता के कारण अपने भाईयों का अपमान होता देखा, गुरुधामों में धर्म के नाम पर पाखंड देखा तो आप इसे सह न सके। आप स्वाभिमान स्वतंत्रता, धर्म और सदाचार की साक्षात मूर्ति थे। सिख राज छिन जाने और परतंत्रता में हो रहे अपमान को प्रत्येक हृदय अनुभव कर रहा था। केवल नेतृत्व की आवश्यकता थी। श्री बावा रामसहिं जी में उस समय की सिक्ख जनता ने इस दुख से छुटकारा दिलाने वाले नेतृत्व को देखा और आपके अनुयाई हो गये।

(१२) सरदार रणजीत सिंह जी ताजवर सम्पादक बबर शेर अमृतसर कूका आन्दोलन संचालक के संबन्ध में अपना मत इस प्रकार स्पष्ट करते हैं:--"दस गुरुओं ने प्रत्येक दृष्टिकोण से कौम में अज्ञान अन्धकार का विनाश करने का प्रयत्न किया। कायर और पराधीन जनता को वीर बनाकर उन्हें स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। इसी कारण वह गुरु कहलाये। इसी तरह मेरी दृष्टि में गुरु रामसिंह जी ने भी समय की आवश्यकता अनुसार पराधीन जनता को १८५७ ई० के विद्रोह (प्रथम स्वातंत्रता युद्ध) के पश्चात् स्वतंत्रता की दूसरी लड़ाई के लिये प्रेरित किया।

(१३) भाई साहिब, भाई परमानन्द जी भूतपूर्व सदस्य केन्द्रीय असेम्बली अपनी उर्दू भाषा की पुस्तक "तवारीखे पंजाब" में इस तरह लिखते हैं—

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

जब हिन्दुस्तान में गदर का जोर था, उस समय पंजाब में गुरु रामसिंह जी ने इस समाज का प्रचार प्रारंभ कर दिया था। थोड़े ही समय में इस समाज के सदस्यों की संख्या बहुत बढ़ गई। दस बारह वर्ष में पंजाब में दो लाख नामधारी हो गये। उनकी बातचीत में कोई असाधारण शक्ति काम करती थी। साधारण विचार यह था कि जिसके कान में बाबा जी का मंत्र प्रविष्ट हो जाता था वह उनका अनुयायी हो जाता था। एक समय कुछ बदमाश उनकी परीक्षा करने गये उनपर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वह भी सिक्ख हो गये।

(१४) सरदार कुशल सिंह जी पंछी ने अपनी पंजाबी पुस्तक "शहीदी जीवन" के पृष्ठ १७ व १८ में सतिगुरु रामसिंह जी के 'कूका' आन्दोलन को बावते लिखते हैं --

"पंजाब हड़प हो गया। महाराजा दलीपसिंह जी को इङ्गलैंड पहुंचा दिया गया। महारानी जिन्दा पर जो कुछ बीता वह किसी से छिपा नहीं। पंजाब को सुप्त हुए थोड़ा ही समय हुआ था। गाढ़ निद्रा आयी। फिर जाग्रति फैली। बड़ा आन्दोलन पैदा हुआ। यह 'कूका' आन्दोलन कुछ धार्मिक कुछ सामाजिक रूप में होता हुआ वह राज्य में क्रांति लाने वाला, नहीं नहीं देश भर में क्रांति लाने वाला था।"

विहंगम दृष्टि

इन लेखों और एतहासिक घटनाओं पर दृष्टिपात करने से यह बात स्पष्ट हो जाती है, कि सतिगुरु रामसिंह जी ने देश और

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पंथ का नेतृत्व ऐसे भयानक समय में किया जब राज्य पलटने के कारण परदेशी राज की कुटिल नीति ने देश में अन्धेरा ही फैला दिया था। पराधीनता के इस विकाल काल में अधिकारी अत्याचार की क्रांति से प्रजा का घात कर रहे थे। समय की परस्थिति श्री गुरुबाबा देव के इस महावाक्य के अनुसार थी—"कलयुग के राजाओं ने कसाइयों का रूप धारण करके अत्याचार की कटार धारण कर ली है। जिसके कारण धर्म मानो पंख लगाकर कहीं उड़ गया है। असत्य अमावस की कालिमा के समान प्रसर गया है। और सत्य शशि छिप चुका है। भारत माता पुकार रही है कि इस अन्धकार में जनता को सत्य मार्ग दिखाने वाला कोई नेता नहीं मिलता। ठीक इस घोर अन्धकार में नामधारी आन्दोलन के संचालक ने सत्य के प्रकाश से देश के धार्मिक सामाजिक और राजनैतिक मंडलों को वह प्रकाश प्रदान किया जो अत्याचारी कुटिल और पराधिकार लेने वाले मनुष्य के लिये महादुखदायी था किन्तु मातृभूमि के देश भक्तों ने उसमें आशा की किरणें देखीं !

सतिगुरु के रूप में

धार्मिक आदेश से पतित लाखों व्यक्तियों में जिस पुरुषार्थ शक्ति के आपने धर्मात्मा का संचार करके धर्म का पुनर्उद्धार किया। उसके प्रकाश में आपको ऐसा धार्मिक नेता माना गया जिसे समय की जनता ने ईश्वर समझकर पूजा की, जो आज

तक उसी रूपमें विद्यमान है। और तो और आपके कट्टर विरोधी अंग्रेज अफसर मिस्टर मैकेनब ने भी माना कि आपको उस समय गुरु नानक देव तथा गुरु गोविन्द सिंह जी का अवतार माना जाता था।

नेता के रूप में

सिख राज के पश्चात् अंग्रेजी राज्य की स्थापना से अनेक सामाजिक बुराइयाँ बढ़ गई थीं और दासता के बंधनों में जकड़ी हुई जनता में पराधीनता के कारण राष्ट्रीयता का अभाव सा हो चुका था। उसे दूर करने के उद्देश्य से आपने जो सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय आन्दोलन चालू किया वह सिख राज्य समाप्त होने के पश्चात् सर्व प्रथम सामाजिक सुधार तथा राजनैतिक आंदोलन था जिसके कारण आप देश के अद्वितीय सामाजिक व राजनैतिक नेता प्रमाणित होते हैं।

अद्वितीय योद्धा

जिस निडरता वीरता और उत्साह से आप राजनैतिक क्षेत्रमें अंग्रेजों के विरुद्ध लड़े जिनके विरुद्ध उस समय एक शब्द कहना भी मृत्यु को आमंत्रित करने के तुल्य समझा जाता था। आपकी निर्भिकता पर हमें विवश होना पड़ता है कि आप राजनैतिक क्षेत्र में श्री कलगीधर जी की भांति निरभय और अजीत योधा रहे।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

प्रथम नज़रबन्द

अंग्रेजी दंड प्रयोग में आप पंजाब में सर्व प्रथम व्यक्ति सिद्ध हुए हैं जिसके जनता पर प्रभाव से डरते डरते अंग्रेजी राज्य ने इन्हें भैणी साहिब में ही नजर बन्द किया था।

समानान्तर सरकार निर्माता

आपने जिस योग्यता और सुसंचालन से अपने आंदोलन की शक्ति संगठित करके राज्य में समानांतर राज्य की स्थापना की उस आधार पर आप उच्चकोटि के संगठन कर्ता और समानांतर सरकार निर्माता सिद्ध होते हैं।

सर्व प्रथम सत्याग्रह।

अंग्रेजी शासन काल में आप सर्वप्रथम अग्रगामी नेता प्रतीत होते हैं। जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जन्म से लगभग २० वर्ष पूर्व पंजाबियों को प्रयोगिक असहयोग की शिक्षा देते हुए सरकारी आदेशों की घोषणात्मक विरोधता करके सत्याग्रह का आदर्श उपस्थित किया। इस रूप में आप सत्याग्रह की ध्वजारोहण करने वाले सर्व प्रथम नेता मालूम होते हैं।

दृढ़ता के सुमेरू—उस समय राजाओं, महाराजाओं, पंजाब के बहुत से सरदारों, जागीरदारों, रईसों, और गुरुद्वारों के पुजारियों ने प्रतिक्रियात्मक ढंग से सरकार को सहयोग देकर आपके सामने कठिन और हिला देने वाली परिस्थितियां उपस्थित कीं

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

किंतु आप सुमेरू पर्वत की भांति अपने आदर्श पर दृढ़ थे। और किंचित मात्र भी पीछे नहीं हटे इससे आप दृढ़ता के सुमेरू सिद्ध होते हैं।

स्त्री सुधारक—पुरुषों के साथ साथ आपने नारी समाज को उन्नति पर भी विशेष ध्यान दिया अमृत—जिससे आप से पूर्व स्त्रियों को वंचित रक्खा जाता था सतगुरु जी ने इस प्रतिबन्ध को तोड़ दिया। और नारी समाज को भी अमृत का अधिकार प्रदान किया। इसके अतिरिक्त आपने अमृतसर जिला के दरि-आह नामक ग्राम की एक होनहार नव युवती बीबी हुकमा को स्त्रियों में धर्म प्रचार के लिए सूबों की पद्धति में सम्मलित कर लिया। यह देवी एक आदर्श व्यक्ति थी। उसको उच्च आचरण व भक्ति भाव के कारण जनता इन्हें महात्मा शब्द से संबोधित करती थी। आयु का अधिकांश भी सैणी साहिब गुरु घर की सेवा करने में व्यतीत किया। महाराजा रिपुदमन सिंह जी नाभा इन ही की प्रेरणा ही से नामधारी पन्थ के अघाल बने थे। सतगुरु रामसिंहजी के स्त्री सुधार का वह पूर्ण उदाहरण थीं। लेखक ने आपके दर्शन किये हैं।

जिस समाज वाद की आज समस्त संसार में धाक है उसका उदाहरण उपस्थित करने में सतगुरु राम सिंह जी ने उच्च आदर्श बताया आपने प्रत्येक स्थान पर मुफ्त भण्डारे (लंगर) जारी किये और आज्ञा दी कि घर बार भी बेचना पड़े तो लंगर

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

जारी रखना इसमें गरीब अमीर का किंचित मात्र भी अन्तर नहीं होता। श्री भैणी साहिब के पक्के मकान इस विचार से ही नहीं बनाये गये कि जो धन पक्के मकान बनाने में व्यय हो वही निर्धनों के भोजन पर व्यय किया जावे। आज तक नाम धारी पन्थ में यह बराबरी का आदर्श चालू है। गरीब और अमीर के विशेष अधिकारों से रहित लंगर की सुविधा प्रत्येक के लिये है एक नामधारी दूसरे नामधारी के घर इस निःसंकोच से जाता है मानों वह उसका ही घर हो। यह वही आदर्श है जिसकी नींव श्री गुरु नानक देव जी ने रक्खी थी, और सिखों का इस आदर्श से पतन देख के श्री सतगुरु रामसिंह जी ने इसका पुनः प्रचार किया।

तात्पर्य्य यह कि धर्म, समाज, व राजनीति को सतगुरु जी के महान पुरषार्थ ने चार चांद लगा दिये। बुराइयों को जड़ से उखेड़ दिया और आपने उस भयानक काल में देश, राष्ट और समाज का नेतृत्व किया जिसमें देश व राष्ट के क्षेत्र में अन्धकार ही अन्धकार छाया हुआ था।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

माता जीवनकौर के लाल

श्री सतिगुरु जी के अनुज श्री हरिसिंह जी के गृह माता जीवन कौर जी द्वारा ३ पुत्र उत्पन्न हुए जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है--

श्री सतिगुरु प्रताप सिंह जी का जन्म चैत्र बदी ३ संवत १९४६ रविवार सूर्यास्त काल में हुआ। ज्येष्ठ बदी १० सम्वत् १९६३ शनिवार सायंकाल ५ बजकर ५ मिनट पर श्री सतिगुरु हरिसिंह जी के देहान्त हो जाने पर आप उनके उत्तराधिकारी बनाये गये। आपका आनन्द कार्य विवाह गुरुसर(फिरोज पुर) के सदीर सुन्दर सिंह की सुपुत्री (माता) भूपेन्द्र कौर के साथ १३ पौष सम्वत् १९७१ विक्रमी को हुआ। आपके गृह में २ पुत्र प्रकट हुये। बाबा जगजीत सिंह जी ८ माघ सम्वत १९२० में और बाबा वीर सिंह जी महाराज २ कार्तिक १९८० विक्रमी में। श्री सतिगुरु प्रतापसिंह जी ने धार्मिक और सामाजिक सुधारों में कड़ी पाबन्दी और कटिबद्धता से नेतृत्व किया, और कर रहे हैं। राजनीति में भी आप हिस्सा ले रहे हैं। सिख सम्प्रदायों के संगठन, एकता और मैत्री आदि की स्थापना के उपलक्ष में आपने

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

कई कांफ्रेस अपने व्यय पर बुलाकर श्री गुरु नानक देव के समस्त पुण्यों को एक सूत्र में सूत्रपात करने का पुरुषार्थ किया। सिख संगतों को राष्ट्रीय काँग्रेस से संबन्धित करने में भी आपने प्रयत्न किये हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हाई कमांड के प्रत्येक सदस्य के हृदय में आपके लिये सम्मान है। राष्ट्रीय कांग्रेस के सर्व प्रथम प्रधान मन्त्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू आपका अत्याधिकारी सम्मान करते हैं। आपके हृदय में सदैव से यही लगन है कि सिख धार्मिकता में उच्च सिद्ध हों, और देश के स्वातन्त्र युद्ध में कांग्रेस के नेतृत्व में अपनी पूरी देन देकर अपने गौरवमय त्याग में चार चांद लगायें।

श्री महाराज निहाल सिंह जी श्री सतिगुरु हरिसिंहके द्वीतीय पुत्र हैं। आपका जन्म कार्तिक वदी १० सम्वत् १९४९ में हुआ। आप प्रारम्भ से ही विज्ञा और पवित्र हृदय लिये हुये थे। आपका विवाह गहोटियों (स्यालकोट) के सर्दार बाबा ध्यानसिंह और माता भाग्यवती की सुपुत्री बीबी सतवन्त कौर से आश्विन १९७१ विक्रमी को लाहौर में हुआ। बाबा ध्यानसिंह जी पत्थर वाले श्री सतिगुरु हरिसिंह जी के परम सेवकों में से थे। माता भाग्यवती वृद्धा वस्था में भी साधु संगत की सेवा अपने हाथ से करके प्रसन्न होती थीं। श्री महाराज निहाल सिंह जी के गृह में दो साहिब जादे हैं। ठाकुर शमशेरसिंह जी और महाराज बिशेशर सिंह जी। दोनों ही अंग्रेजी के विद्वान हैं। महाराज ने

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

देश स्वतन्त्रता के लिये कठिनाइयां झेलीं, आप तिरंगे के नीचे तीन बार जेल यात्रा कर चुके हैं। आप पंजाब प्रांतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से शराब बन्दी आन्दोलन १६२६ में नेता की हैसियत में धरणा देते हुए गिरफ्तार हुये थे।

महाराज गुरुदयाल सिंह जी महाराज निहालसिंह जी से छोटे थे। आप इस समय इस नश्वर संसार में नहीं हैं पर आपकी याद सदैव बनी रहेगी। आपका जन्म आश्विन १६५४ विक्रमी में हुआ। आप सात्विक वृति और सरल स्वभाव वाले थे। देश भक्ति के भाव उनमें कूट-कूटकर भरे हुये थे। देश के स्वतन्त्रता की लगन में आप नामधारी पन्थ में बहुत ऊँचे आदर्श वाले व्यक्ति थे। पंजाब प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी की कार्य कारिणी के आप सदस्य थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के १६२१ १६२२ और २३ के अधिवेशनों में आप अखिल भारतीय कांग्रेस में सम्मिलित हुए। आपका विवाह भी सरदार ध्यान सिंह जी की छोटी कन्या बीबी करतार कौर जी से हुआ। किंतु आप और राष्ट्रीय उन्नति के इतने प्रेमी थे, संसारिकता में किंचित मात्र भी ध्यान नहीं लगाते थे। उनका जीवन तपस्वी जीवन था। अंग्रेजी के प्रकांड पण्डित और उच्चकोटि के लेखक थे। यह भाषा उन्होंने प्राईवेट तौर पर प्राप्त की। नामधारी इति-हास के सम्बन्ध में आपने बहुत खोज की और कई लेख लिखे किन्तु शोक की अवस्था ने उनका साथ न दिया और पंथिक उन्नति और देश स्वतन्त्रता को दिल में लेकर ही इस संसार से

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

चल बसे। आपसे कुछ समय पश्चात् बीबी करतार कौर जी का भी देहांत हो गया।

उपसंहार

सतगुरु रामसिंह जी और कूका आंदोलन के समाचार जिन्हें इस पुस्तक में एकत्रित करने का प्रयत्न किया है। वह अभी अपूर्ण है। इस पुस्तक में नामधारी इतिहास की प्रमुख घटनाओं का संक्षिप्त वर्णन किया गया है। सतगुरु जी के परदेश जाने के पश्चात् इस पंथ पर किस प्रकार की आंधियां चलीं। पाँच सिखों की एकत्रिता पर किस प्रकार प्रतिबंध लगाया गया, श्री ग्रंथ साहिब के साधारण और अखंड पाठों के अपराध में किस किस सिख को जेल और जुर्माने का दण्ड दिया गया। भैणी साहब के दर्वाजे पर १६०२ से १६२३ तक पुलिस की चौकी बैठी रही। जिसके कारण दर्शकों को श्री सतिगुरु हरिसिंह जी और अपने गुरु स्थान के दर्शन करने में क्या क्या कठिनाईयां झेलनी पड़ीं। डेरे में रहने वालों पर क्या क्या बीती। श्री सतिगुरु हरिसिंह जी, पूज्यनीय माता जीवन कौर व फतह कौर को किन किन मुसीबतों का सामना करना पड़ा। नामधारी सिखों के आने-जाने पर अपराधी कौमों की भाँति प्रतिबंध लगाये गये। जिलावतन किये गये, सूबों पर क्या गुजरी? उन्होंने किस-किस देश की किन-किन जेलों में अपने जीवनों की अंतिम आहुतियां दे डालीं?

सतगुरु रामसिंह जी के दर्शनार्थ कौन कौन श्रद्धालु समुद्र यात्रा करके कष्ट झेलकर वर्मा गये। उनमें से किनके द्वारा उन्होंने संगत के लिये आदेश पत्र भेजे, दर्शनार्थ गये किस-किस सिख को गिरफ्तार करके सरकार ने क्या क्या दण्ड दिया। इन समस्त घटनाओं का वर्णन अभी शेष है। यह सर्व प्रथम इतिहास प्रयास है जिसके स्थम्भ अधिकाधिक गहरी छानबीन और गंभीर अनुसंधान पर आधारित हैं। हमने घटनाओं के वर्णन में अत्योक्ति से संकोच किया है ? व प्रत्येक घटना को उसके वास्तविक रूप में करने का प्रयत्न किया गया है। जितनी घटनाएं व्यक्त की गई हैं सबको प्रमाणिक वक्तव्यों व हवालों से पुष्ट किया गया है।

हमने इस पुस्तक के नायक (HERO) को उसके दिव्य गुणों, लोक हितकर कार्यों व देश के अलौकिक नेतृत्व के आधार पर सतगुरु शब्द से संबोधित किया है। इस शब्द के प्रयोग में किसी को दुखित करना हमारा मंतव्य नहीं, किन्तु गुरुवाणी और सिख इतिहास के आधार पर भी नामधारी दृष्टि कोण को उपस्थित करना ही मेरा लक्ष रहा है। अतः हमें आशा है कि यह पुस्तक सिख इतिहास में एक बड़े अभाव को पूर्ण करने में सहायक होगी। और इसे सम्प्रदायिक दृष्टि से ऊँचे उठाकर पढ़ने से विशेष लाभ प्राप्त हो सकेगा।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

पाठक अनुभव करेंगे कि यह अनुसंधान राष्ट्रीयता, देश भक्ति, त्याग और पंथ सेवा की उन भावनाओं से परिपूरित है जिसकी देश और पंथ में इससमय भी बड़ी आवश्यकता है। इस एतिहासिक रचना पर यों तो देश भर को गर्व करना आवश्यक है किन्तु सिखों के लिये तो अधिक गौरव की बात है, क्योंकि वह प्रत्येक मंच पर खड़े होकर यह कह सकते हैं कि जिस महान व्यक्ति ने निर्जीव सिख समाज को सजीव किया, जिसने भारत वर्ष में १८५७ के पश्चात् सर्व प्रथम स्वतंत्रता की ध्वजा को फहरा कर अंग्रेजी पराधीन से मुक्ति प्राप्त करने का सर्व प्रथम पुरूषार्थ किया, जिसने राजनैतिक दृष्टिकोण से असहयोगादर्श को देश के सम्मुख सर्वप्रथम रक्खा; जिसे भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के जन्म से कई वर्ष पूर्व देश निकाला मिला और १८१८ के एक्ट न०३ का शिकार होना पड़ा उसे सिख जगत ने प्रादुर्भू किया और आज सिखों को यह पंथार्थ गर्व है कि भारतवर्ष की सर्व प्रथम प्रतिनिध प्रथम प्रतिनिध संस्था भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस बड़े नेता के ही बताये मार्ग का दृढ़ता पूर्वक अनुसरण करते हुए भारत में स्वतंत्रता की स्थापना की। आज कौन जानता है कि वह प्रीतम संसार के किस कोने में अपनी मातृभूमि के दर्शनों की लालसा लिये हुए छिपा बैठा है। पर उसके त्याग का फल आज प्रत्यक्ष प्रकट हो रहा है। जहां तक उसकी सम्मानित पदवी का प्रश्न है, कोई उन्हें महा पुरुष कहे। बाबा कहे महात्मा हैं, या सतिगुरु पद द्वारा श्रद्धा भाव प्रकट करे, हम इस विवाद में पड़कर समय का

दुपयोग करना नहीं चाहते। हमारी राय में यह शब्द उसके उच्चपद पर लागू नहीं हो सकते। यह बात मत मतांत्र के भेद से उच्च होकर कि प्रत्येक विज्ञ व्यक्ति को प्रमाणित करनी पड़ेगी कि इस पुस्तक का नायक भारत माता का अद्वितीय होनहार पुत्र था जिसके जौहरने देशमें जवाहर जैसे लालऔर गांधी जैसे महात्मा पैदा किये और उसकेद्वारा प्रचलित किये सिद्धान्तोंका ही यह चमत्कार है जिनका दृढ़ता पूर्ण अनुसरण करने पर कांग्रेस ने आज स्वतंत्रता प्राप्त की व राष्ट्रीय सरकार बना सकी है।

जहां तक सम्बोधन शब्दों का प्रश्न है वह केवल श्रद्धा की न्यूनिकता का ही प्रतीक है हमारे "सतिगुरु" कहने से उस मानव विभूति की प्रतिभा में कुछ अधिक न जुड़ेगा और "बाबा" कहने में उसके सम्मान में कोई अंतर न पड़ेगा। यह ध्यान देने वाली बात है कि यदि एतिहासिक दृस्टिकोण से हम उनके बारेमें अनुसंधान करें तो अवश्य बहुमूल्य परिणाम पाजायें गे पर कसौटी यह है कि इस मानव विभूति की राष्ट्र सेवा व लोक हित में त्याग और दुख झेलने आदि का अध्यन सांप्रदायिकता से ऊपर उठकर करना आवश्यक है।

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सतिगुरू जगजीत सिंघ पुस्तकालय
पुस्तक नं.........

पुस्तकों की सूची

प्रमाणांकित पुस्तकों, बयानों व रिपोर्टों की सूची निम्न-लिखित है--

लेखक	पुस्तक नाम	भाशा
१—प्रोफेसर तेजासिंह	ऐसेज इन दी सिखिज़म	अंग्रेजी
२—सी० एच० पेन	ए शार्ट हिस्टरी आफ़ दी सिखज़	,,

(३) सरकारी ऑफ़ एकाऊँट आफ दी कूका [illegible] अंग्रेजी

(४) सर हेनरी काटन इंडियन ऐंड होम मैमोरीज़ अंग्रेजी

(५) सतिजुग बसंत अंक १९८९ बिक्रमी (पंजाबी)

(६) ,, ,, १९२१ ,, ,,

(७) ,, ,, १९९२ ,, ,,

(८) ,, ,, १९९३ ,, ,,

(९) इ० डी० मैकलेगन सैंसस रिपोर्ट १८९१ ई० (अंग्रेजी)

(१०) डाक्टर हटन ,, ,, १९३१ ई० ,,

[११] पंजी कृपाल सिंह शहादी जीवन (पंजाबी)

[१२] सैय्यद मुहम्मद लतीफ़ हिसटरी आफ़ दी पंजाब (अंग्रेजी)

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

[१३] हस्त लिखित जीवनी अगलस फारसिथ (अंग्रेजी)

[१४] कूका पेपरस (अंग्रेजी)

[१५] कूका फाइल (,,)

[१६] कूका आउट ब्रेक (अंग्रेजी) (पार्लियामेंट इंगलैंड द्वारा प्रकाशित)

[१७] गुरुद्वारा रिफ़ार्म मूवमेंट ऐन्ड सिख अवेकनिग (अंग्रेजी) क्रिति प्रोफेसर रूपी राम साहिनी

[१८] भाई परमानन्द तवारीखे पंजाब (उर्दू)

[१९] [अप्रकाशित] थीसिज आन दी नामधारी मूवमेंट [अंग्रेजी]

[२०] एडवर्ड थम्पसन, दी अदर साईड आफ दी मैडल [अंग्रेजी]

[२१] कैप्टन त्रिगले, सिख [अंग्रेजी]

[२२] ज्ञानी ज्ञान सिंह, पन्थ प्रकाश [पंजाबी]

[२३] फरमान महाराजा पटियाला, [अंग्रेजी]

[२४] वक्तव्य सरदार आलम सिंह एस० डी० ओ०, उसका [पंजाबी]

[२५] रिपोर्ट मियां फजल हुसेन, [अंग्रेजी]

[२६] ,, डैकेनक कमिश्नर अम्बाला, [अंग्रेजी]

[२७] विश्वभाषी, [हिंदी] पण्डित सुन्दर लाल जी,

[२८] डाक्टर जगजीत सिंह ट्रैक्ट सिंह सभा लाहौर, [पंजाबी]

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

[२९] केवल सिह, जीवन सार सुन्दर सिंह मजीठा[पंजाबी]
[३०] सर लेपेल ग्रिफिन, रणजीत सिंह [अंग्रेजी]
[३१] वारें भाई गुरु दास जी की, [पंजाबी]
[३२] खालसा दीवान का एड्रेस १८८८ ई० (अंग्रेजी)
[३३] महान कोष, भाई साहिब काहन सिंह, (पंजाबी]
[३४] नामधारी नित नेम, (पंजाबी)
[३५] श्री कलगीधर, दशम ग्रन्थ
[३६] सरदार प्रेम सिंह होती, रणजीत सिंह (पंजाबी)
[३७] मजमुल देरूनी, [३] उर्दू]
[३८] घोषणा पत्र नं० १०६० सरकारी, तिथि १०-११-१०७१

[इति]

————

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com

सतिगुरु पुस्तकालय
पुस्तक नं.............
अलमारी ....

मुद्रकः—नया हिन्दुस्तान प्रेस दिल्ली

Sri Satguru Jagjit Singh Ji Elibrary NamdhariElibrary@gmail.com